बैशाख कृष्ण पक्ष चतुर्दशी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

मंगलवार, 7 मई 2024
वर्ष-2, अंक-256, पृष्ठ-18
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य- 5 रुपये

# अमृत विचार

कानपुर

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



सुदूर अंतरिक्ष में आश्चर्यजनक ग्रह की खोज 18

हीरा मंडी का हीरा नकली और मंडी अश्लील 2

## एक नजर

### नीट-स्नातक प्रश्नपत्र लीक की खबरें निराधार

**ई दिल्ली।** राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने सोमवार को स्पष्ट किया कि मेडिकल प्रवेश परीक्षा 'नीट-स्नातक' में प्रश्नपत्र लीक होने का दावा करने वाली खबरें पूरी तरह से निराधार और बेबुनियाद हैं। प्रत्येक प्रश्न पत्र का हिसाब रखे जाने का दावा करते हुए एनटीए ने कहा कि सोशल मीडिया पर प्रसारित प्रश्नपत्र की कथित तस्वीरों का वास्तविक प्रश्नपत्र से कोई संबंध नहीं है। एनटीए की वरिष्ठ निदेशक साधना पाराशर ने कहा कि एनटीए के सुरक्षा प्रोटोकॉल से यह पता चला है कि सोशल मीडिया पोस्ट पूरी तरह से निराधार और बेबुनियाद हैं।

### सुप्रीम कोर्ट से उमर अंसारी को अग्रिम जमानत

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने दिवंगत गैंगस्टर-नेता मुख्तार अंसारी के बेटे उमर अंसारी को 2022 के उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव के दौरान दर्ज आदर्श आचार संहिता के कथित उल्लंघन के मामले में सोमवार को अग्रिम जमानत दे दी। न्यायमूर्ति ऋषिकेश रॉय और न्यायमूर्ति पी के मिश्रा की पीठ ने उमर अंसारी से मामले के सिलसिले में निचली अदालत में पेश होने को कहा जो जमानत पर रिहा करेगी। सुनवाई के दौरान उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता गरिमा प्रसाद ने कहा कि अंसारी मामले में निचली अदालत में पेश नहीं हो रहे हैं।

### यूपी बोर्ड : इंप्रूवमेंट परीक्षा के लिए आवेदन आज से

**लखनऊ।** यूपी बोर्ड हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षा दे चुके छात्रों के लिए इंप्रूवमेंट और कंपार्टमेंट परीक्षा के लिए आवेदन प्रक्रिया 7 मई से शुरू हो जाएगी। आवेदन की अंतिम तिथि 31 मई की रात्रि 12 बजे तक है। माध्यमिक शिक्षा परिषद ने सोमवार को आवेदन से लेकर परीक्षा तक पूरा ब्योरा जारी कर दिया है। इच्छुक छात्र-छात्राएं अपना आवेदन बोर्ड की वेबसाइट upmsp.edu.in पर जाकर कर सकते हैं।

### खेद प्रकाश

पांच मई के अंक में अमिताभ बच्चन के चित्र की जगह उनके डुप्लीकेट का चित्र प्रकाशित हो गया था। इस मानवीय चूक के लिए हम खेद व्यक्त करते हैं। - **संपादक**

## भारत के सेवा क्षेत्र की वृद्धि 14 वर्ष के उच्चतम स्तर पर

नई दिल्ली, एजेंसी

- अनुकूल आर्थिक परिस्थितियों का मिला लाभ

भारत में सेवा क्षेत्र की गतिविधियां अनुकूल आर्थिक परिस्थितियों और मजबूत मांग के दम पर अप्रैल में 14 वर्ष के उच्चतम स्तर पर पहुंच गईं। एक मासिक सर्वेक्षण में यह जानकारी दी गई है।

मौसमी रूप से समायोजित एचएसबीसी इंडिया भारत सेवा पीएमआई कारोबारी गतिविधि सूचकांक मार्च में 61.2 थी जो अप्रैल में गिरकर 60.8 हो गई। खरीद प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) की भाषा में 50 से ऊपर अंक का मतलब गतिविधियों में विस्तार से और 50 से कम अंक का आशय संकुचन से होता है। एचएसबीसी के मुख्य अर्थशास्त्री (भारत) प्रांजुल भंडारी ने कहा कि अप्रैल में भारत की सेवा गतिविधियों में थोड़ी धीमी गति से वृद्धि हुई, जिसे घरेलू मांग में उल्लेखनीय मजबूती के साथ नए ठेकों और वृद्धि का समर्थन मिला। घरेलू मांग में तेजी के अलावा, कंपनियों ने दुनिया के कई हिस्सों से नए कारोबारी लाभ का भी उल्लेख किया।

## सीआईएससीई के नतीजे : लड़कों से आगे निकलीं लड़कियां

### 10वीं, 12वीं कक्षा में उत्तीर्ण प्रतिशत बढ़ा, जारी नहीं होगी मेधा सूची

नई दिल्ली, एजेंसी

- 10वीं कक्षा : 99.31 प्रतिशत लड़के, 99.65 प्रतिशत लड़कियां सफल
- 12वीं कक्षा : 97.53 प्रतिशत लड़के, 98.92 प्रतिशत लड़कियां उत्तीर्ण

'काउंसिल फॉर द इंडियन स्कूल सर्टिफिकेट एग्जामिनेशन्स' (सीआईएससीई) की 10वीं और 12वीं कक्षा की बोर्ड परीक्षाओं के सोमवार को सुबह घोषित नतीजों में लड़कियों ने लड़कों से बाजी मारी, जबकि दोनों कक्षाओं के लिए उत्तीर्ण प्रतिशत में वृद्धि दर्ज की गई। बोर्ड ने छात्रों के बीच अस्वस्थ प्रतिस्पर्धा से बचने के लिए मेधा सूची जारी करने की प्रक्रिया इस साल से बंद कर दी है।

सीआईएससीई के एक अधिकारी ने बताया कि 99.47 प्रतिशत छात्रों ने 10वीं कक्षा की परीक्षा में सफलता हासिल की, जबकि 98.19 फीसदी छात्रों ने 12वीं कक्षा की परीक्षा पास की। पिछले साल 10वीं कक्षा के लिए पास प्रतिशत 98.94 प्रतिशत और 12वीं कक्षा के लिए 96.93 प्रतिशत दर्ज किया गया था।

सीआईएससीई के मुख्य कार्यकारी अधिकारी और सचिव जोसेफ इमैनुअल ने कहा कि 10वीं कक्षा में 99.31 प्रतिशत लड़के पास हुए, जबकि 99.65 प्रतिशत लड़कियों ने सफलता हासिल की। इसी तरह, 12वीं कक्षा में लड़कों का पास प्रतिशत 97.53 रहा, जबकि लड़कियों का पास प्रतिशत 98.92 प्रतिशत रहा। उन्होंने कहा कि हमने बोर्ड परीक्षाओं के लिए मेधा सूची जारी करने की प्रक्रिया भी इस साल से बंद कर दी है। इस कदम का उद्देश्य छात्रों के बीच अस्वस्थ प्रतिस्पर्धा से बचना है।

आईसीएसई परीक्षाएं 21 फरवरी को शुरू हुईं और 28 मार्च को 18 दिन में खत्म हुईं। आईएससी परीक्षा (12वीं कक्षा) 47 लिखित विषयों में कराई गई, जिनमें से 12 भारतीय भाषाओं, चार विदेशी भाषाओं और दो शास्त्रीय भाषाओं में थी। आईएससी परीक्षाएं 12 फरवरी को शुरू हुईं और चार अप्रैल को खत्म हुईं।

कुल 2,695 स्कूलों के अभ्यर्थी 10वीं कक्षा की परीक्षा में बैठे और 82.48 प्रतिशत (2,223) स्कूलों का उत्तीर्ण प्रतिशत 100 रहा। बारहवीं कक्षा के लिए कुल 1,366 स्कूलों के अभ्यर्थी बैठे और 66.18 प्रतिशत (904) स्कूलों का उत्तीर्ण प्रतिशत 100 रहा। दसवीं कक्षा की परीक्षा में 2.43 लाख से अधिक उम्मीदवार बैठे थे, जबकि 12वीं कक्षा की परीक्षा में 99,901 छात्र बैठे।

### विदेशी स्कूलों ने भी किया बेहतर प्रदर्शन

दसवीं कक्षा में इंडोनेशिया, सिंगापुर और दुबई के स्कूलों ने विदेश में सबसे अच्छा प्रदर्शन किया, जहां पास होने का प्रतिशत 100 रहा। बारहवीं कक्षा में सिंगापुर और दुबई के स्कूलों ने विदेश में सबसे अच्छा प्रदर्शन किया। आईसीएसई परीक्षा (10वीं कक्षा) 60 लिखित विषयों में कराई गई थी, जिनमें से 20 भारतीय भाषाओं, 13 विदेशी भाषाओं और एक शास्त्रीय भाषा में थी।

# दिल्ली के मुख्यमंत्री केजरीवाल के खिलाफ एनआईए जांच की सिफारिश

### आतंकी संगठन सिख फॉर जस्टिस से धन प्राप्त करने के आरोप में एलजी ने उठाया कदम

नई दिल्ली, एजेंसी





- आम आदमी पार्टी ने मामले को साजिश बताया, मंत्री सौरभ ने दिल्ली की सभी सीटों पर भाजपा की संभावित हार की बौखलाहट कहा

दिल्ली के उप राज्यपाल (एलजी) वीके सक्सेना ने प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन 'सिख फॉर जस्टिस' से कथित तौर पर धन प्राप्त करने के मामले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के खिलाफ एनआईए जांच की सिफारिश की है।

यह जानकारी राजभवन सूत्रों ने दी। वहीं आप नेता और दिल्ली के मंत्री सौरभ भारद्वाज ने कहा कि यह भाजपा के इशारे पर केजरीवाल के खिलाफ एक और साजिश है। क्योंकि भाजपा दिल्ली की सभी सात सीट हार रही है। भाजपा नेता लोकसभा चुनाव में हार के डर से घबराए हुए हैं।

केंद्रीय गृह सचिव को लिखे पत्र में उप राज्यपाल के सचिवालय ने कहा कि सक्सेना को शिकायत मिली थी कि केजरीवाल के नेतृत्व वाली आप को कथित तौर पर देवेन्द्र पाल भुल्लर की रिहाई के लिए चरमपंथी खालिस्तानी समूहों से 1.6 करोड़ डॉलर की वित्तीय मदद मिली थी। अमृतसर केंद्रीय कारागार में बंद भुल्लर को 1993 में दिल्ली में एक बम विस्फोट में नौ लोगों की हत्या के मामले में दोषी ठहराया गया था। उसे 25 अगस्त, 2001 को टाडा अदालत द्वारा मौत की सजा सुनाई गई थी। सुप्रीम कोर्ट द्वारा उसकी मौत की सजा को कम किए जाने के बाद से वह आजीवन कारावास की सजा काट रहा है।

सक्सेना ने कहा कि शिकायतकर्ता द्वारा दिए गए इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्यों के फॉरेंसिक परीक्षण सहित जांच की आवश्यकता है। केजरीवाल दिल्ली आबकारी नीति से जुड़े धनशोधन मामले में तिहाड़ जेल में बंद हैं।

सूत्रों ने कहा कि शिकायत खालिस्तानी आतंकवादी गुरपतवंत सिंह पन्नू द्वारा जारी किए गए एक वीडियो से संबंधित है। जिसमें उसने आरोप लगाया कि केजरीवाल के नेतृत्व वाली आप को 2014 और 2022 के बीच खालिस्तानी समूहों से 1.6 करोड़ अमेरिकी डॉलर मिले। उप राज्यपाल को दी गई शिकायत में यह भी आरोप लगाया गया है कि केजरीवाल ने 2014 में न्यूयॉर्क के गुरुद्वारा रिचमंड हिल्स में खालिस्तानी नेताओं के साथ बंद कमरे में बैठकें की थीं। केजरीवाल ने आप को पर्याप्त वित्तीय सहायता के बदले में भुल्लर की रिहाई में मदद का वादा किया था। शिकायत में कहा गया है कि सोशल मीडिया पर सिलसिलेवार पोस्ट में आप के एक पूर्व कार्यकर्ता मुनीश कुमार रायजादा ने खालिस्तानी नेताओं के साथ केजरीवाल की मुलाकात की कथित तस्वीरें साझा की थीं।

### अंतरिम जमानत देने पर विचार करेगा सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट मंगलवार को इस बात पर विचार करेगा कि मौजूदा लोकसभा चुनाव के मद्देनजर दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को अंतरिम जमानत दी जाए या नहीं। सुप्रीम कोर्ट मंगलवार को आबकारी नीति से जुड़े धन शोधन मामले में केजरीवाल की गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली उनकी याचिका पर सुनवाई करेगी। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ पहले मामले के रूप में आम आदमी पार्टी नेता की याचिका पर सुनवाई करेगी।

## रांची में ईडी का छापा, बेहिसाब नकदी और आभूषण बरामद

रांची, एजेंसी



छापे के दौरान बरामद नकदी गिनते ईडी कर्मी। ● एजेंसी

- मंत्री के निजी सचिव के घरेलू सहायक के घर की छानबीन
- 20 से 30 करोड़ की नकदी गिनने में लगाई गईं आठ मशीनें

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने सोमवार को झारखंड के मंत्री आलमगीर आलम के सचिव से कथित रूप से जुड़े एक घरेलू सहायक के परिसरों की तलाशी के दौरान 20-30 करोड़ रुपये की बेहिसाबी नकदी बरामद करने का दावा किया। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि केंद्रीय एजेंसी ने कुछ अन्य परिसरों की तलाशी में अलग से करीब तीस करोड़ रुपये नकद बरामद किए। सूत्रों द्वारा साझा किए गए वीडियो और तस्वीरों में एजेंसी के अधिकारी यहां गाड़ीखाना चौक पर एक इमारत में स्थित एक कमरे में बड़े बैग से नोटों की गड्डियां निकालते हुए दिखते हैं। इस दौरान केंद्रीय बलों के कुछ सुरक्षाकर्मी भी दिखाई देते हैं। जिस स्थान से नकदी बरामद की गई है, वहां कथित तौर पर झारखंड के ग्रामीण विकास मंत्री आलम के निजी सचिव संजीव लाल का एक घरेलू सहायक रहता है।

आलम ने संपर्क किए जाने पर कहा कि मुझे अभी तक इस संबंध में कोई आधिकारिक जानकारी नहीं प्राप्त हुई है। उन्होंने कहा कि मैं टीवी देख रहा हूं और इसमें बताया जा रहा है कि यह परिसर सरकार द्वारा मुझे मुहैया कराए गए आधिकारिक पीएस (निजी सचिव) से संबंधित है। आलम (70) कांग्रेस के नेता हैं और झारखंड विधानसभा में पाकुड़ सीट का प्रतिनिधित्व करते हैं।

ईडी के सूत्रों ने कहा कि नकदी गिनने के लिए नोट गिनने वाली आठ मशीन लगाई गई हैं, ताकि बरामद की गई रकम का पता लगाया जा सके। उन्होंने कहा कि यह राशि 20-30 करोड़ रुपये के बीच हो सकती है। सूत्रों ने कहा कि बरामद की गई नकदी में मुख्य रूप से 500 रुपये के नोट हैं और कुछ आभूषण भी बरामद किए गए हैं। सूत्रों ने बताया कि अभियान के तहत कुल छह परिसरों की तलाशी ली जा रही है और एजेंसी ने एक परिसर से 2.93 करोड़ रुपये तथा एक अन्य परिसर से 10 लाख रुपये बरामद किए हैं। उन्होंने बताया कि नकदी में मुख्य रूप से 500 रुपये के नोट हैं और कुछ आभूषण भी बरामद किए गए हैं।

### धनशोधन के मामले से जुड़ी है छापेमारी

यह छापेमारी ग्रामीण कार्य विभाग के पूर्व मुख्य अभियंता वीरेंद्र कुमार राम के खिलाफ धनशोधन के मामले से जुड़ी है, जिसे ईडी ने पिछले साल गिरफ्तार किया था। एजेंसी ने पिछले साल जारी एक बयान में आरोप लगाया था कि रांची में ग्रामीण कार्य विभाग में मुख्य अभियंता के रूप में तैनात वीरेंद्र कुमार राम ने ठेकेदारों को निविदा आवंटित करने के बदले में उनसे रिश्वत के नाम पर अवैध कमाई की थी।

## राम विरोधी हैं सपा-कांग्रेस : योगी

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव



मंच पर सीएम योगी आदित्यनाथ व प्रत्याशी साक्षी महाराज के साथ अन्य भाजपा नेता।

- भगवंतनगर की जनसभा में बोले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

**अमृत विचार :** एक समय था जब हमारे युवाओं के हाथ में तमंचा होता था और आज उनके हाथ में टैबलेट है। देश से आतंकवाद का खात्मा हो चुका है। कश्मीर चैन की नींद सो पाता है। जो राम का नहीं है वह हमारा भी नहीं हो सकता है। सपा-कांग्रेस का इतिहास रहा है राम का विरोध करना। कभी भी सपा-कांग्रेस पर विश्वास मत करना। यह बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को उन्नाव के भगवंतनगर विधानसभा क्षेत्र में जनसभा को संबोधित करते हुए कहीं।

योगी ने भगवंतनगर स्थित आरआरबीएन इंटर कॉलेज में सभा कर उन्नाव से भाजपा प्रत्याशी साक्षी महाराज के पक्ष में वोट करने की अपील की। सीएम ने पहले बक्सर स्थित सिद्धपीठ मां चंद्रिका देवी को नमन किया। इसके बाद कलम व तलवार की धनी धरती बताते हुए यहां के साहित्यकारों को नमन किया। उन्होंने कहा कि कश्मीर में 370 हटने के बाद वहां शांति हो गई है। कांग्रेस-सपा हमेशा से राम की विरोधी रही हैं। इससे पूर्व सीएम का हेलीकाप्टर क्षेत्र के हटिया मेला मैदान पर उतरा। जहां उनका स्वागत पार्टी प्रत्याशी के अलावा अन्य जनप्रतिनिधियों ने किया।

## नड्डा, मालवीय और विजयेंद्र के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज

- सोशल मीडिया पोस्ट को लेकर कांग्रेस ने की थी शिकायत

**बेंगलुरु।** भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, आईटी प्रकोष्ठ प्रमुख अमित मालवीय और कर्नाटक इकाई प्रमुख बीवाई विजयेंद्र के खिलाफ सोशल मीडिया पोस्ट को लेकर प्राथमिकी दर्ज हुई है। पुलिस ने सोमवार को बताया कि इन नेताओं पर विशेष उम्मीदवार को वोट न देने के लिए एससी/एसटी के सदस्यों को डराने-धमकाने वाले पोस्ट के संबंध में प्राथमिकी दर्ज हुई है।

कर्नाटक प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने आदर्श आचार संहिता के कथित उल्लंघन के लिए रविवार को निर्वाचन आयोग तथा पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी, जिसके बाद कार्रवाई हुई। वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि भाजपा नेताओं पर जनप्रतिनिधि और आईपीसी की धारा 505 (2) (विभिन्न वर्गों के बीच शत्रुता, घृणा को बढ़ावा देने वाला बयान देना) के तहत मामला दर्ज हुआ है। शिकायत में कर्नाटक प्रदेश भाजपा के अकाउंट से 'एक्स' पर पोस्ट वीडियो का हवाला दिया गया।

## राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी सुमनदीप ने की आत्महत्या

पटियाला, एजेंसी



- भाई-भाभी से झगड़े के बाद भाखड़ा नहर में कूदी महिला खिलाड़ी
- पिता ने पुलिस थाने में दर्ज कराई बेटे और बहू के खिलाफ शिकायत

राष्ट्रीय स्तर की हॉकी खिलाड़ी सुमनदीप कौर ने कथित तौर पर अपने भाई और भाभी से झगड़े के बाद पंजाब के भाखड़ा नहर में कूदकर अपनी इहलीला समाप्त कर ली। पुलिस ने सोमवार को बताया कि उसके पिता की शिकायत पर भाई और भाभी के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

सुमनदीप के पिता जसपाल सिंह ने पुलिस को बताया कि उनकी बेटी पंजाब यूनिवर्सिटी में एमए की पढ़ाई कर रही थी। वह अपने बेटे विक्रमजीत सिंह और उसकी पत्नी पिंकी की ओर से सुमनदीप के साथ किए गए दुर्व्यवहार से व्यथित हैं। पुलिस ने बताया कि शिकायत पर सुमनदीप के भाई को गिरफ्तार कर लिया गया है जबकि पिंकी की तलाश की जा रही है। पुलिस ने बताया कि भाखड़ा नहर से सुमनदीप का शव बरामद कर लिया है तथा मामले की जांच की जा रही है।

## सपा ने श्यामलाल पाल को बनाया नया प्रदेश अध्यक्ष



- लोकसभा चुनाव के बीच हटाए नरेश उत्तम पटेल

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी ने लोकसभा चुनाव के बीच एक बड़ा निर्णय लेते हुए नरेश उत्तम पटेल की जगह पार्टी के वरिष्ठ नेता श्यामलाल पाल को प्रदेश अध्यक्ष बनाया है। पार्टी ने इस पद पर बदलाव सात साल बाद किया है। साल 2017 में तत्कालीन प्रदेश अध्यक्ष शिवपाल यादव को हटाने के बाद नरेश उत्तम को प्रदेश अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई थी।

सपा प्रदेश अध्यक्ष की कुर्सी पर बदलाव के पीछे नरेश उत्तम पटेल का फतेहपुर सीकरी लोकसभा सीट से चुनाव लड़ना भी वजह है। ऐसे में वह अपने चुनाव पर पूरा ध्यान केन्द्रित कर सकेंगे। श्यामलाल पाल प्रयागराज के निवासी हैं। माना जा रहा है कि सपा प्रमुख अखिलेश यादव के इस फैसले के पीछे पीडीए यानि पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यकों वाले लक्ष्य को साधना है। पिछले साल ही श्यामलाल को पार्टी की प्रदेश कार्यकारिणी का उपाध्यक्ष बनाया गया था।

## मुंबई दंगा पीड़ितों को मुआवजा दे सरकार

नई दिल्ली, एजेंसी

- निर्देश लागू न करने पर सुप्रीम कोर्ट ने जताई नाराजगी

उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को महाराष्ट्र सरकार से 1992 के मुंबई दंगों में लापता हुए लोगों के परिजनों को मुआवजा देने, मामलों का निपटान सुनिश्चित करने और पुलिस सुधार जैसे अपने निर्देशों को लागू करने को कहा। न्यायमूर्ति अभय एस ओका और उज्ज्वल भुइयां की पीठ ने 4 नवंबर, 2022 के अपने फैसले में जारी निर्देशों का पालन न करने पर नाराजगी जताते हुए महाराष्ट्र के पुलिस महानिदेशक और राज्य के गृह विभाग के सचिव को न्यायमूर्ति बीएन श्रीकृष्ण आयोग की सिफारिशों पर गौर करने का निर्देश दिया और इस बारे में एक बेहतर अनुपालन रिपोर्ट दाखिल करने को कहा।

पीठ ने कहा कि राज्य सरकार 19 जुलाई, 2024 तक एक बेहतर अनुपालन रिपोर्ट दाखिल करे। इसने इस मुद्दे पर स्वतः संज्ञान वाली याचिका पर सुनवाई के लिए 26 जुलाई की तारीख निर्धारित की। पीठ ने एक पहलू पर विचार करते हुए कहा कि वर्तमान में राज्य बल में 2.30 लाख पुलिसकर्मी हैं और उनके लिए आवास इकाइयों का निर्माण करना प्रशासन का दायित्व है।

## तीसरे चरण की 10 सीटों पर मतदान आज


**लखनऊ, अमृत विचार।** प्रदेश में तीसरे चरण की 10 सीटों पर मतदान सात मई को होगा। इस चरण में कुल 100 प्रत्याशी मैदान में हैं, जिनमें आठ महिला प्रत्याशी भी शामिल हैं। एक करोड़ 89 लाख 14 हजार 788 मतदाता हैं, जिसमें एक करोड़ एक लाख 44 हजार 345 पुरुष व 87 लाख 69 हजार 696 महिला व 747 थर्ड जेंडर शामिल हैं।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि सम्भल, हाथरस (अजा), आगरा (अजा), फतेहपुर सीकरी, फिरोजाबाद, मैनपुरी, एटा, बदायूं, आंवला व बरेली लोकसभा सीटों पर मतदान होगा।

**खेती-किसानी** | पंतनगर विश्वविद्यालय की बायो कंट्रोल प्रयोगशाला ने ईजाद किए चार जैव नियंत्रक अभिकर्ता

## कीटनाशकों से नहीं अब जैव नियंत्रकों से समृद्ध होगी खेती

मृगांक मौली, पंतनगर



जैव नियंत्रण प्रयोगशाला में निर्मित चार बायो कंट्रोल एजेंट।

**अमृत विचार :** फसल में लगने वाले कीटों के लिए कीटनाशकों का प्रयोग बीती बात हो चुकी है, अब इनका नाश जीवाणु करेंगे। जीबी पंत कृषि एवं प्रोद्योगिकी विश्वविद्यालय के कृषि महाविद्यालय के पादप रोग विभाग में जैव नियंत्रण परियोजना के तहत जैव नियंत्रण प्रयोगशाला की परियोजनाधिकारी डॉ. रूपाली शर्मा के निर्देशन में वैज्ञानिकों ने चार जैव नियंत्रक अभिकर्ताओं का निर्माण किया है, जिसे पेटेंट भी करा लिया है।

जैव नियंत्रक अभिकर्ता मिट्टी में पाए जाने वाले वह सूक्ष्म फफूंद और जीवाणु हैं, जिनसे पौधों में रोग जनकों का आंशिक या पूरी तरह से विनाश किया जाता है। ये तीन प्रकार से कार्य करते हैं। इनमें परजीविता- जैव नियंत्रक रोग कारक जीव के ऊपर चिपककर उसकी बाहरी परत को कुछ प्रतिजैविक पदार्थों से गलाकर उसमें के सभी पदार्थों का उपयोग कर लेता है, जिससे वह नष्ट हो जाता है। प्रतिजैविकता -इस प्रक्रिया में जैव नियंत्रक प्रतिजैविक पदार्थ उत्पन्न करता है, जो रोग कारकों के लिए विष है। प्रतिस्पर्धा - इसमें जैव नियंत्रक वातावरण में मौजूद पोषक पदार्थों, जल व स्थान के लिए रोग कारकों से स्पर्धा करते हैं। प्रयोगशाला में चार जैव नियंत्रकों पंत बायो कंट्रोल एजेंट-1 (ट्राइकोडर्मा हारजियानम), पंत बायोकंट्रोल एजेंट-2 (स्यूडोमोनास फ्लोरीसेंस), पंत बायो कंट्रोल एजेंट-3 (ट्राइकोडर्मा हारजियानम 2) व पंत बायो कंट्रोल एजेंट-4 (स्यूडोमोनास फ्लोरीसेंस 2) का उत्पादन किया गया है।

### ऐसे करते हैं बीजों और पौधों में जैव नियंत्रकों का उपयोग

जैव नियंत्रक के 10 ग्राम पाउडर का पानी में घोल बनाकर बीजों को इसमें डाल देते हैं। बीजों को छाया में सुखाकर बुवाई कर देते हैं। पौध उपचार में पौधशाला से उखाड़कर पौध की जड़ को जैव नियंत्रक घोल में आधा घंटा डुबाते हैं। मृदा उपचार में एक किग्रा. जैव नियंत्रक एक कुंतल सड़ी खाद या कंपोस्ट में मिलाकर एक माह बाद खेत में डालते हैं।

### रोग व कीट नियंत्रण के लिए आवश्यक हैं जैव नियंत्रक

रोग व कीट नियंत्रण के लिए रसायनों के प्रयोग ने कृषि उत्पादों की गुणवत्ता कम कर दी है। पौधों में रोगकारकों के प्रति प्रतिरोधक क्षमता घट रही है। साथ ही मिट्टी के उपयोगी सूक्ष्म जीवों की संख्या में कमी आ रही है, जिससे रोगजनकों में वृद्धि हो रही है। जैव नियंत्रक एक बार मिट्टी में स्थापित हो जाता है तो यह स्वयं अपनी कार्यक्षमता बढ़ाता रहता है।

### आज का मुकाबला

दिल्ली कैपिटल्स
बनाम
राजस्थान रॉयल्स
शाम 7:30 बजे

### पर्पल कैप

| खिलाड़ी | मैच | विकेट |
|---|---|---|
| जसप्रीत बुमराह (मुंबई) | 12 | 18 |
| हर्षल पटेल (पंजाब) | 11 | 17 |
| वरुण चक्रवर्ती (केकेआर) | 11 | 16 |

### ऑरेंज कैप

| खिलाड़ी | मैच | रन |
|---|---|---|
| विराट कोहली (आरसीबी) | 11 | 542 |
| ऋतुराज गायकवाड़ (चेन्नई) | 11 | 541 |
| सुनील नारायण (केकेआर) | 11 | 461 |

## भारतीय महिला-पुरूष रिले टीम ओलंपिक के लिए क्वालीफाई

**नासाउ (बहामास), एजेंसी**

भारतीय महिला और पुरूष चार गुणा 400 मीटर रिले टीमों ने यहां सोमवार को विश्व एथलेटिक्स रिले में दूसरे दौर की हीट में दूसरे स्थान पर रहकर पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई कर लिया। रूपल चौधरी, एम आर पूवम्मा, ज्योतिका श्री दांडी और शुभा वेंकटेशन की चौकड़ी ने तीन मिनट 29.35 सेकंड का समय लेकर पहली हीट में जमैका (3:28.54) के बाद दूसरा स्थान हासिल करके पेरिस का टिकट कटाया।






भारतीय टीम रविवार को पहले दौर की क्वालीफाइंग हीट में तीन मिनट 29.74 सेकंड का समय निकालकर पांचवें स्थान पर रही थी। बाद में पुरूष टीम (मोहम्मद अनस याहया, मोहम्मद अजमल, अरोकिया राजीव और अमोल जैकब) तीन मिनट 3.23 सेकंड का समय निकालकर अमेरिका (2:59.95) के बाद दूसरे स्थान पर रही। दूसरे दौर में तीनों हीट से शीर्ष दो टीमों ने 26 जुलाई से 11 अगस्त तक होने वाले ओलंपिक खेलों के लिए क्वालीफाई किया। महिला टीम का ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करना सुखद आश्चर्य रहा।

पहले दौर में पुरूष टीम रेस पूरी नहीं कर सकी थी क्योंकि दूसरे चरण के धावक राजीव रमेश को मांसपेशी में खिंचाव के कारण बीच में ही बाहर होना पड़ा था। राजीव अरोकिया ने टीम में रमेश की जगह ली और अनस तथा अजमल के बाद तीसरा चरण दौड़े। भारतीय पुरूष टीम तीसरे स्थान पर थी जब आखिरी चरण के धावक जैकब ने अरोकिया से बेटन ली और जबर्दस्त दौड़ लगाते हुए मैक्सिको के प्रतिद्वंद्वी को पछाड़कर दूसरा स्थान हासिल किया। भारत ने चार गुणा 400 मीटर मिश्रित रिले से दूसरे दौर की हीट में नाम वापिस ले लिया क्योंकि रमेश फिट नहीं थे। उन्होंने रविवार को चार गुणा 400 मीटर मिश्रित और पुरूष दोनों वर्गों में भाग लिया था।

मिश्रित रिले का आगाज तोक्यो ओलंपिक से हुआ और भारत ने भी इसमें क्वालीफाई किया था। पहली बार लॉस एंजिलिस में 1984 खेलों में महिला चार गुणा 400 मीटर रिले की शुरूआत के बाद से भारतीय टीम आठवीं बार उतरेगी। वहीं पुरूष टीम चौथी बार भाग लेगी क्योंकि इस वर्ग की स्पर्धा 2000 सिडनी ओलंपिक से ही शुरू हुई है। अब भारत के ट्रैक और फील्ड के 19 खिलाड़ी पेरिस ओलंपिक के लिये क्वालीफाई कर चुके हैं जिनमें भालाफेंक चैंपियन नीरज चोपड़ा शामिल हैं। एथलेटिक्स की स्पर्धाएं एक अगस्त से शुरू होंगी।

## सरकार के फैसले पर ही भारतीय टीम जाएगी पाकिस्तान : शुक्ला

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने सोमवार को कहा कि सरकार की अनुमति के बाद ही भारतीय क्रिकेट टीम को पाकिस्तान में अगले वर्ष होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी के लिए भेजा जाएगा।



बीसीसीआई के उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने आज यहां कहा चैंपियन ट्रॉफी के मामले में हम वही करेंगे जो सरकार हमसे करने को कहेगी। हम अपनी टीम तभी भेजते हैं जब सरकार हमें इसकी इजाजत देती है। हम सरकार के निर्णय के अनुसार चलेंगे। आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 की मेजबानी पाकिस्तान के पास है।

# वानखेड़े में 200 पार नहीं जा सकी हैदराबाद

## मुंबई इंडियंस को मिला 174 रनों का लक्ष्य, हार्दिक और पीयूष ने लिए 3-3 विकेट

**मुंबई, एजेंसी**

वानखेड़े स्टेडियम बल्लेबाजों के लिए अनुकूल माने जाने वाली पिच पर आज फिर हैदाराबाद की टीम 200 के पार नहीं जा सकी। हैदराबाद को मुंबई के आगे जल्दी समर्पण करना पड़ा। सलामी बल्लेबाज ट्रैविस हेड की (48) और कप्तान पैट कमिंस की तबातोड़ नाबाद 35 रन की पारी की बदौलत सनराइजर्स हैदराबाद ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 55वें मैच में सोमवार मुंबई इंडियंस को जीत के लिए 174 रनों का लक्ष्य दिया है।

वानखेड़े स्टेडियम में मुंबई इंडियंस ने टॉस जीता और सनराइजर्स हैदराबाद को बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया। छठें ओवर में जसप्रीत बुमराह ने अभिषेक शर्मा आउट कर मुम्बई को पहली सफलता दिलायी। इसके बाद आईपीएल में पदार्पण करने वाले अंशुल कम्बोज ने मयंक अग्रवाल (5) को बोल्ड कर पवेलियन भेज दिया। इसके बाद हैदराबाद के विकेट लगातार अंतराल पर गिरते रहे। नितीश कुमार रेड्डी 15 गेंदों में 20 रन, हाइनरिक क्लासन (2), मार्को यानसन (17), शाहबाज अहमद (10), अब्दुल समद (3) रन बनाकर आउट हुये। ट्रैविस हेड ने 30 गेंदों में सात चौके और एक छक्का लगाते हुये सर्वाधिक (48) रनों की पारी खेली। उन्हें 11वें ओवर में पीयूष चावला ने आउट किया।


विकेट लेने के बाद खुशी मनाते मुंबई इंडियंस के खिलाड़ी। ● एजेंसी



कप्तान पैट कमिंस और सनबीर ने पारी को संभाला। कमिंस ने 17 गेंदों में दो चौके और दो छक्के लगाते हुए नाबाद 35 रनों की पारी खेली। सनबीर सिंह आठ रन बनाकर नाबाद रहे। हैदराबाद की टीम निर्धारित 20 ओवरों में आठ विकेट पर 173 रन का स्कोर खड़ा किया। मुम्बई इंडियंस की ओर से हार्दिक पांड्या और पीयुष चावला ने तीन-तीन विकेट लिये। जसप्रीत बुमराह और अंशुल कंबोज ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

**हैदराबाद 173/8** — 20 ओवर, अतिरिक्त : 14

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| ट्रैविस हेड का तिलक बो चावला | 48 | 30 | 7/1 |
| अभिषेक शर्मा का इशान बो बुमराह | 11 | 16 | 0/1 |
| मयंक अग्रावाल बो कंबोज | 5 | 6 | 1/0 |
| नितीश रेड्डी का कंबोज बो हार्दिक | 20 | 15 | 2/0 |
| हेनरिच क्लासेन बो चावला | 2 | 4 | 0/0 |
| मार्को यानसेन बो हार्दिक | 17 | 12 | 1/1 |
| शाहबाज का सूर्यकुमार बो हार्दिक | 10 | 12 | 0/0 |
| अब्दुल समद पगबाधा चावला | 3 | 4 | 0/0 |
| पैट कमिंस नाबाद | 35 | 17 | 2/2 |
| सनवीर सिंह नाबाद | 8 | 7 | 0/0 |

**गेंदबाजी :** तुषारा 4-0-42-0, कंबोज 4-0-42-1, बुमराह 4-0-23-1, हार्दिक 4-0-31-3, चावला 4-0-33-3

### अंकतालिका

| टीम | मैच | जीत | हार | अंक | रनरेट |
|---|---|---|---|---|---|
| कोलकाता | 11 | 8 | 3 | 16 | +1.453 |
| राजस्थान | 10 | 8 | 2 | 16 | +0.622 |
| चेन्नई | 11 | 6 | 5 | 12 | +0.700 |
| हैदराबाद | 10 | 6 | 4 | 12 | +0.072 |
| लखनऊ | 11 | 6 | 5 | 12 | +0.371 |
| दिल्ली | 11 | 5 | 6 | 10 | -0.442 |
| बेंगलुरु | 11 | 4 | 7 | 8 | -0.049 |
| पंजाब | 11 | 4 | 7 | 8 | -0.187 |
| गुजरात | 11 | 4 | 7 | 8 | -1.320 |
| मुंबई | 11 | 3 | 8 | 6 | -0.356 |

## कोहली सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज अलग रणनीति बनाएंगे : बाबर

**लाहौर, एजेंसी**

पाकिस्तान के सीमित ओवरों के कप्तान बाबर आजम ने कहा कि विराट कोहली भारत के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजों में से हैं और अगले महीने होने वाले टी-20 विश्वकप में उनके बल्ले पर अंकुश लगाने के लिए रणनीति जरूर बनाई जाएगी। टी20 विश्व कप अमेरिका और वेस्टइंडीज में एक जून से शुरू होगा जिसमें भारत और पाकिस्तान नौ जून को न्यूयॉर्क में आमने सामने होंगे।

प्रेस कांफ्रेंस में उनसे पूछा गया कि क्या वह शानदार फॉर्म में चल रहे कोहली के खिलाफ रणनीति बनाएंगे, इस पर उन्होंने कहा कि एक टीम के रूप में विरोधी के टीम सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों के खिलाफ रणनीति बनाई ही जाती है। हम दूसरी टीमों के सभी 11 खिलाड़ियों के खिलाफ रणनीति बनाते हैं। हमें न्यूयॉर्क के हालात के बारे में ज्यादा पता नहीं है लेकिन कोहली सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों में से एक है और हम उसके खिलाफ भी रणनीति बनाएंगे। उन्होंने उम्मीद जताई कि गैरी कर्स्टन को सफेद गेंद के प्रारूप का मुख्य कोच बनाए जाने से पाकिस्तानी टीम का प्रदर्शन ग्राफ ऊपर जाएगा। कर्स्टन को पिछले महीने दो साल के लिए पाकिस्तान का मुख्य कोच बनाया गया है। उनके कोच रहते भारत ने 2011 वनडे विश्व कप जीता था।



### वीजा मुद्दों के कारण आमिर के आयरलैंड रवान होने में विलंब

**लाहौर।** पाकिस्तान के तेज गेंदबाज मोहम्मद आमिर वीजा मुद्दों के कारण शायद मंगलवार सुबह राष्ट्रीय टीम के बाकी सदस्यों के साथ तीन मैच की टी20 शृंखला के लिए आयरलैंड रवाना नहीं हो पाएंगे। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के एक विश्वस्त सूत्र ने कह कि टीम के बाकी सदस्यों को आयरलैंड का वीजा मिल गया है लेकिन 2010 स्पॉट फिक्सिंग प्रकरण में जेल की सजा काटने के कारण आमिर के वीजा में विलंब हो रहा है।

## भारत की पहली हाईब्रिड पिच का अनावरण

**धर्मशाला।** भारत की पहली हाईब्रिड पिच का सोमवार को हिमाचल प्रदेश क्रिकेट संघ (एचपीसीए) स्टेडियम में भव्य समारोह में अनावरण किया गया। इस समारोह में आईपीएल चेयरमैन अरूण धूमल और इंग्लैंड के पूर्व क्रिकेटर तथा एसआईएस के अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट निदेशक पॉल टेलर जैसे क्रिकेट से जुड़े गणमान्य व्यक्तियों ने हिस्सा लिया। धूमल ने कहा इंग्लैंड में लाड्‌र्स और द ओवल जैसे प्रतिष्ठित स्थलों में सफलता के बाद हाईब्रिड पिचों के इस्तेमाल से भारत में क्रिकेट में क्रांति आएगी। प्राकृतिक टर्फ और कृत्रिम फाइबर से बनने वाली हाईब्रिड पिच अधिक टिकाऊ होती है। इससे मैदानकर्मियों पर पिच को तैयार करने में कम दबाव होता है और साथ ही खेलने की परिस्थितियों के स्तर को बरकरार करने में भी अधिक समस्या नहीं होती। पिच में सिर्फ पांच प्रतिशत कृत्रित फाइबर होता है जिससे यह सुनिश्चित होता है कि क्रिकेट के लिए जरूरी प्राकृतिक विशेषताओं को बचाया जा सके।



## रूबलेव ने पहली बार जीता मैड्रिड ओपन

**मैड्रिड।** बुखार के कारण रात भर सो नहीं पाने के बावजूद रूस के आंद्रे रूबलेव ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पहली बार मैड्रिड ओपन टेनिस खिताब जीत लिया। रूबलेव ने आगर एलियास्सिमे को 4-6, 7-5, 7-5 से हराया। जीत के बाद उन्होंने कहा मेरे पास शब्द नहीं है। अगर आपको पता चलेगा कि पिछले नौ दिन कैसे गुजरे हैं तो आप यकीन नहीं करेंगे कि मैं यह खिताब जीत सकता था। नोवाक जोकोविच ने चोट के कारण टूर्नामेंट से नाम वापिस ले लिया था जबकि दानिल मेदवेदेव क्वार्टर फाइनल में रिटायर हो गए थे। कार्लोस अल्काराज दाहिने हाथ में सूजन से जूझ रहे थे और राफेल नडाल जल्दी हारकर बाहर हो गए थे। इगा स्वियातेक ने पहली बार महिला वर्ग में यह खिताब जीता।



## भारतीय शतरंज इकोसिस्टम के विकास को 65 करोड़ का बजट

**नई दिल्ली, एजेंसी**

अखिल भारतीय शतरंज महासंघ (एआईसीएफ) के नवनिर्वाचित अध्यक्ष नितिन नारंग ने भारतीय शतरंज को अभूतपूर्व ऊंचाइयों तक पहुंचाने और देश में शतरंज इकोसिस्टम को विकसित करने के लिए 65 करोड़ का बजट तैयार किया है। एआईसीएफ की आम सभा में इस पर चर्चा की गई जिनका उद्देश्य पेशेवर और जमीनी स्तर के खिलाड़ियों के लिए वित्तीय और संस्थागत सहायता प्रदान करके भारतीय शतरंज इकोसिस्टम को मजबूत करना है।



राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों के लिए एआईसीएफ प्रो और एआईसीएफ पॉपुलर जैसे कार्यक्रमों का शुभारंभ, हर घर शतरंज के दृष्टिकोण को घरों में वास्तविकता प्रदान करेगा। कई प्रस्ताव जैसे शतरंज विकास निधि, सभी स्तरों पर खिलाड़ी अनुबंध और कोचिंग के साथ मजबूत वित्तीय सहायता की शुरुआत, जिला और राज्य संघों को आर्थिक रूप से समर्थन देना, विशिष्ट स्तर के प्रशिक्षण के लिए एक अत्याधुनिक एनसीए की स्थापना, विशेष रूप से भारत के लिए एआईसीएफ रेटिंग प्रणाली, अभूतपूर्व पहल के रूप में काम करेगी और आने वाले वर्षों में भारतीय शतरंज इकोसिस्टम के विकास को गति देगी।

## रॉयल्स के खिलाफ दिल्ली के लिए करो या मरो का मुकाबला

**नई दिल्ली, एजेंसी**

आईपीएल प्लेआफ की दौड़ में बने रहने के लिये दिल्ली कैपिटल्स को मंगलवार को हर हालत में राजस्थान रॉयल्स जैसी जबर्दस्त फॉर्म में चल रही टीम को हराना होगा और नजरें कप्तान ऋषभ पंत तथा जैक फ्रेसर मैकगुर्क के बल्ले पर लगी होंगी।

दिल्ली ने अभी तक 11 में से पांच मैच जीते और छह हारे हैं। बाकी तीन मैच दिल्ली को हर हालत में जीतने होंगे हालांकि उसके बाद भी उसके 16 ही अंक रहेंगे जो प्लेआफ में पहुंचने के लिए शायद काफी नहीं हों। दिल्ली शायद सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के बाद भी क्वालीफाई नहीं कर सके लेकिन पंत का भरोसा महेंद्र सिंह धोनी की उस नीति पर है कि जिस पर नियंत्रण किया जा सकता है, उसी पर किया जाए।



अरूण जेटली स्टेडियम की सपाट पिच पर पंत के लिए दोहरी चुनौती होगी। वह चाहेंगे कि खलील अहमद, ईशांत शर्मा और कुलदीप यादव जैसे उनके गेंदबाज यशस्वी जायसवाल, संजू सैमसन और रियान पराग को सस्ते में आउट कर दे लेकिन सिर्फ 60 मीटर की सीमारेखा होने से ऐसा करना कठिन होगा। अब तक तीन अर्धशतक समेत 380 रन बना चुके पंत पर एक बार फिर अच्छे प्रदर्शन का दारोमदार होगा। उनके पास ऑस्ट्रेलिया के युवा फ्रेसर मैकगुर्क जैसा आक्रामक बल्लेबाज है। ये दोनों मिलकर मैच का नक्शा पलट सकते हैं।

दिल्ली को हालांकि रॉयल्स के गेंदबाजी आक्रमण से कड़ी चुनौती मिलेगी। युजवेंद्र चहल और रविचंद्रन अश्विन को खेलना आसान नहीं होगा।

## एएसबीसी एशियाई अंडर-22 चैंपियनशिप मे पांच को स्वर्ण

**अस्ताना (कजाकिस्तान)।** पांच युवा भारतीय मुक्केबाजों ब्रिजेश टम्टा, आर्यन हुड्डा, यशवर्धन सिंह, लक्ष्मी और निशा ने सोमवार को यहां एएसबीसी एशियाई अंडर-22 और युवा मुक्केबाजी चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीते। ब्रिजेश ने पुरुषों के 48 किग्रा फाइनल में ताजिकिस्तान के मुमिनोव मुइनखोदझा को 5-0 से हराकर भारत को टूर्नामेंट का पहला स्वर्ण पदक दिलाया। आर्यन (51 किग्रा) ने किर्गिस्तान के कामिलोव जफरबेक के खिलाफ 5-0 की जीत से भारत का दबदबा जारी रखा। यशवर्धन सिंह (63.5 किग्रा) को ताजिकिस्तान के गफूरोव रुस्लान के खिलाफ 4-1 की जीत के दौरान काफी पसीना बहाना पड़ा। महिला वर्ग में निशा ने 52 किग्रा वर्ग में कजाखस्तान की ओटिनबे को हराकर स्वर्ण अपने नाम किया।



### बॉलीवुड हलचल

## हीरा मंडी का हीरा नकली और मंडी अश्लील


शारदा शुक्ला
वरिष्ठ पत्रकार

नेटफिलक्स पर संजय लीला भंसाली की नई सीरीज हीरा मंडी इस वक्त चर्चा में है। 1 मई को प्रदर्शित आठ एपिसोड वाली इस कहानी पर भंसाली की पूरी छाप है। चर्चा इसलिए भी है कि इसमें भर भर के ग्लैमर है इतना कि उसे ग्लैमर का ओवर डोज भी कहा जा सकता है। सेट्स को भव्य दिखाने के लिए एनीमेशन का इस्तेमाल भी किया गया, जो नकली समझ आ जाता है। सेक्स और गाली गलौच भरपूर मात्रा में तो है ही फूहड़ भी है। परिवार के साथ बैठकर देखने के बारे में तो सोचा ही नहीं जा सकता। तवायफों पर आधारित कहानी में बार बार उनकी तहजीब और रवायतों का महिमा मंडन किया गया है कि कोठे तहजीब सीखने की जगह हुआ करते थे पर तवायफों से भद्दे संवाद बुलवाते समय भंसाली ये बात भूल जाते हैं। हीरा मंडी की स्टारकास्ट जबरदस्त है। इसमें मनीषा कोइराला, सोनाक्षी सिन्हा, ऋचा चड्ढा, अदिति राव हैदरी, शर्मिन सहगल, संजीदा शेख, फरदीन खान, अध्ययन सुमन, शेखर सुमन, फरीदा जलाल आदि हैं। सर्वाधिक संतुलित अभिनय फरीदा जलाल का है। ऋचा चड्ढा और अदिति राव हैदरी भी प्रभावित करती हैं। बड़े शेखर से ज्यादा छोटे शेखर प्रभाव छोड़ते हैं। ताहा शाह बदूशा ने आंखों से अच्छा अभिनय किया है। माहौल है 1940 के आसपास का लाहौर। 'हीरा मंडी : द डायमंड बाजार' की मुख्य कहानी मल्लिका जान मनीषा कोइराला की कहानी है, जो हीरा मंडी की सबसे ताक़तवर तवायफ है। उनके बारे में बस यही कहा जा सकता है कि मुख्य किरदार के लालच में मनीषा कोइराला ने करियर की दूसरी पारी में छीछालेदर ही करवा ली। वह आतंक का पर्याय है। उसकी बेटी बिब्बो जान क्रांतिकारियों का साथ दे रही है। दूसरी तवायफ बेटी आलमजेब शेरो-शायरी करती है। उसका पुराना गुनाह नए तेवर में फरीदन सोनाक्षी सिन्हा बनकर लौट आता है। सोनाक्षी का अभिनय बेहद कमजोर है। कोठों पर कब्जे की जंग में आजादी की जंग का तड़का है। जो कहानी को मकसद देता है। वरना तवायफों के बारे में आज कोई क्यों जानना चाहेगा। क्यों कि ना तो कहानी असली है ना ही इतिहास। अगर कुछ है तो वो तवायफों के जेवर और नवाबों के तेवर। सिरीज देखते समय आप कहानी या पात्रों से खुद को रिलेट नहीं कर पाते। हां आजादी की जंग थोड़ा जोश जरूर भर्ती है। अमीर खुसरो का बसंत गीत सकल बन फूल रही सरसों बढ़िया है। इन कहानियों में षड्‌यंत्र है, जरूरत से ज्यादा ग्लैमर है और मोहब्बत की कशिश भी है। कहानियों के भीतर इतनी कहानियां हैं कि आप से कहानी का मुख्य सिरा ही छूटने लगता है। पूरी कहानी में भंसाली के दिमाग में पाक़ीज़ा छाई हुई है। डांस स्टेप्स, सिचुएशन्स सिनेमेटोग्राफी, कॉस्ट्यूम, संवाद अदायगी सभी पाकीजा की थर्ड कॉपी लगते हैं। जब भंसाली पाकीजा से इतने ही प्रभावित थे तो उसका भावनात्मक पहलू भी याद कर लेते। उसकी शालीनता और मोहब्बत के ऊंचे मानदंड भी याद रखते। आज तवायफों का दौर देखने वाले तो नहीं है पर पाकीजा हर सिने प्रेमी ने देखी है। कह सकते हैं कि हीरा मंडी में जो अच्छा है वो मौलिक नहीं है जो मौलिक है वो अच्छा नहीं है।



स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 14/76-एल सिविल लाइन्स, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित।
**संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी,** 0512-2548300 (कार्यालय), **ईमेल-** amritvicharkanpur@gmail.com (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

# दो घरों में आग लगने से गृहस्थी हुई राख

## आग बुझाने के प्रयास में दो लोग झुलसे, लेखपाल ने नुकसान का किया आकलन, मुआवजे की आस

संवाददाता रूरा, कानपुर देहात

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के गदनपुर गांव में संदिग्ध परिस्थितियों में आग लग गई आग ने दो घरों को अपनी चपेट में ले लिया, जिससे गृहस्थी जलकर राख हो गई। वहीं आग बुझाने में दो लोग झुलस गए।

सोमवार की सुबह करीब नौ बजे गदनपुर गांव में मंगली प्रसाद कश्यप के घर में संदिग्ध परिस्थितियों में आग लग गई। लपटें इतना तेज हो गई कि उसने पड़ोसी शिवबालक के घर को भी अपने चपेट में ले लिया। आग बढ़ती देख पड़ोसियों में हड़कंप मच गया। ग्रामीणों ने सूचना दमकल व पुलिस को दी। जब तक दमकल टीम पहुंची तब तक काफी नुकसान हो गया था। दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत से आग पर काबू पाया। आग से मंगली प्रसाद के घर में रखा दस क्विंटल भूसा, साइकिल व दस हजार रुपये जलकर राख हो गए। जबकि शिव बालक के घर में गृहस्थी का सामान व चार क्विंटल गेहूं जलकर राख हो गया। आग बुझाने में गांव के मुकेश व ओमप्रकाश झुलस गए। उन्हें उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया। सूचना पर पहुंचे लेखपाल ने बताया कि नुकसान का आकलन कर तहसीलदार को रिपोर्ट भेजी जा रही है।


आग से जला गृहस्थी का सामान। अमृत विचार


आग से झुलसे युवक को देखते लोग। अमृत विचार

## सख्ती के बाद भी गांवों में लोग जला रहे हैं कृषि अपशिष्ट

संवाददाता संदलपुर, कानपुर देहात

- एसडीएम ने जांच कर कार्रवाई की कही बात

**अमृत विचार।** प्रदूषण पर नियंत्रण के लिए एनजीटी ने आदेश जारी किया है कि किसी भी सूरत में खेतों में कृषि अपशिष्ट न जलाया जाए। लेकिन किसान मान नहीं रहे हैं और खेत में ही कृषि अपशिष्ट जला रहे हैं।

विकासखंड संदलपुर क्षेत्र के कौरू व फिरोजापुर ग्राम पंचायत में खुलेआम पराली जलाई जा रही है। जिससे खेतों में मौजूद कीट मित्र मर रहे हैं और उर्वरा शक्ति भी प्रभावित हो रही है। साथ ही वातावरण भी प्रदूषित होता है। ऐसे में किसानों को नुकसान उठाना पड़ता है और विभाग की ओर से जुर्माना भी लगाया जाता है। जिला कृषि अधिकारी डॉ. उमेश कुमार गुप्ता ने बताया कि कृषि अपशिष्ट को किसान न जलायें, उनको जलाने से बचें। सेटेलाइट के माध्यम से इसकी चौबीस घंटे निगरानी की जा रही है। शासन द्वारा भी कृषि अपशिष्ट जलाने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश जारी किए गए हैं। उन्होंने बताया कि दो एकड़ से कम क्षेत्र में फसल जलाने पर ढाई हजार रुपये जुर्माना, दो से पांच एकड़ तक पांच हजार रुपये और पांच एकड़ से अधिक क्षेत्र में 15 हजार रुपये तक के जुर्माने की वसूली की जाएगी। इस बावत एसडीएम सिकंदरा शिखा संखवार ने बताया कि कृषि अपशिष्ट जलाने की जांच कर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।


खेत में खुलेआम जलता कृषि अपशिष्ट। अमृत विचार

## आग से पांच बीघा गेहूं की फसल जली

**रूरा।** थाना क्षेत्र मुरलीपुर में अज्ञात कारणों से खेत में खड़ी गेहूं की फसल में आग लग गई, जिससे पांच बीघे गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। रसूलाबाद तहसील क्षेत्र के मुरलीपुर गांव निवासी किसान सतेंद्र सिंह सेंगर के खेत में सोमवार को अज्ञात कारणों से आग लग गई। जानकारी पर आसपास के ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग लगने से किसान की करीब पांच बीघा गेहूं की पकी फसल जलकर पूरी तरह से राख हो गई। जिससे किसान की मेहनत पर पानी फिर गया। वहीं आग लगने के बाद सूचना देने पर भी दमकल की गाड़ी मौके पर नहीं पहुंची। जिससे अधिक नुकसान हो गया वहीं ग्रामीणों ने खुद मशक्कत कर आग पर काबू पाया। मौके पर पहुंचीं लेखपाल प्रिया गुप्ता ने बताया कि फसल नुकसान का आकलन कर तहसीलदार रसूलाबाद को रिपोर्ट भेज दी गई है।


आग से जली गेहूं की फसल देखते किसान।


खोजारामपुर में खराब हैंडपंप दिखाता ग्रामीण। अमृत विचार

## बीहड़ पट्टी में अभी से गहराने लगा जल संकट

संवाददाता राजपुर कानपुर देहात

- एक-एक बाल्टी पानी के लिए हैंडपंपों पर लग रही कतार

**अमृत विचार।** गर्मी की शुरुआत होते ही जल स्तर गिरने से बीहड़ पटटी के कई गावों में पेयजल संकट गहराने लगा है। इंडियामार्का हैंडपंपों से रुक-रुक कर पानी निकल रहा है वहीं ग्रामीण हैंडपंपों पर कतार लगाकर पानी भरने को मजबूर हैं।

राजपुर ब्लाक के यमुना नदी से सटे बीहड़ पटटी के गुवार, पिचौरा, खोजारामपुर, गौरीरतन बांगर, छोलापुर में तेजी से जलस्तर गिरने से पेयजल संकट गहराने लगा है। गांवों के हैंडपंप मात्र ठूंठ बनकर रह गए हैं और जो सही भी हैं। उससे एक बाल्टी पानी निकालने के बाद पानी छोड़ जाने की समस्या बनी हुई है। बेहमई के मजरा खोजारामपुर में कुल बारह हैंडपंपों में से चार तकनीकी खराबी के कारण शोपीस बने हैं। जबकि दो हैंडपंप पानी छोड़ रहे हैं। गांव के रामखिलावन निषाद, परमू निषाद, राजेश, प्रहलाद निषाद, मुन्नी देवी, कल्लू, राजकुमारी, बबली, सियासती आदि ने बताया कि पूरे मजरे में तीन सौ से अधिक की आबादी सिर्फ चार हैंडपंप पर आश्रित है। गर्मी की शुरुआत होते ही जल स्तर गिरने लगा है। हैंडपंप पर लाइन लगाकर घंटों की मशक्कत के बाद बाल्टी भर पानी नसीब हो पा रहा है। शिकायत कई बार संबधित अधिकारियों से की जा चुकी है, लेकिन समस्या ज्यों कि त्यों बनी हुई है। इस बाबत राजपुर के एडीओ पंचायत ने बताया कि रिबोर व खराब पड़े हैंडपंपों की सूची जल निगम को भेजी जा रही है।

### एक नजर

#### पुलिस के हत्थे चढ़ा बीस हजार का इनामी बदमाश

**रसूलाबाद।** सोमवार को थाना प्रभारी मुकेश कुमार सोलंकी ने मुखबिर की सूचना पर बीस हजार रुपये के इनामी अपराधी शराफ़त निवासी दलेलपुर थाना बिल्हौर कानपुर नगर को रसूलाबाद-ककवन रोड स्थित शहबाजपुर नहर के निकट दबोच लिया। तलाशी लेने पर उसके पास से एक तमंचा व एक कारतूस बरामद किया गया है। जिसे जेल भेज दिया गया है।

#### झींझक में नौ मई को जनसभा करेंगे मुख्यमंत्री

**कानपुर देहात।** कन्नौज लोकसभा से जुड़ी जनपद की रसूलाबाद विधानसभा में आगामी 9 मई को प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जनसभा के लिए आएंगे। यह जानकारी भाजपा के जिला मीडिया प्रभारी विकास मिश्रा ने देते हुए बताया कि मुख्यमंत्री की 9 मई को झींझक में सुब्रत पाठक के समर्थन में जनसभा प्रस्तावित की गई है।

## अब परिषदीय स्कूलों के बच्चे भी पढ़ेंगे एनसीईआरटी की किताबें

कार्यालय संवाददाता कानपुर देहात

- जिले के 1925 स्कूलों में 1.52 लाख बच्चे हैं पंजीकृत

**अमृत विचार।** परिषदीय विद्यालयों में पढ़ने वाले बच्चों का शैक्षिक स्तर उठाने के लिए बेसिक शिक्षा विभाग लगातार नए-नए प्रयास कर रहा है। अब परिषदीय विद्यालयों में कक्षा एक और दो में एनसीईआरटी की किताबों से पढ़ाई करने की तैयारी की गई है। एनसीईआरटी की किताबें लागू होने पर हिंदी, अंग्रेजी और गणित विषय की अलग-अलग किताबें उपलब्ध कराई जाएंगी। जबकि अभी तक कक्षा एक में सिर्फ एक ही पुस्तक से पढ़ाई होती थी।

जिले में 1925 परिषदीय विद्यालय संचालित हैं। इनमें करीब 1.52 लाख बच्चे पंजीकृत हैं। प्राथमिक विद्यालय में कक्षा एक में अभी तक कलरव नाम से एक पुस्तक और कार्य पुस्तिका से ही बच्चों को पढ़ाया जाता रहा है। कलरव पुस्तक में ही बच्चे हिंदी, अंग्रेजी, गणित और आंशिक संस्कृत पढ़ते रहे हैं। जबकि कक्षा दो में गणित, अंग्रेजी व हिंदी की अलग-अलग किताबें मिलती थीं। इस बार कक्षा एक व दो में एनसीईआरटी की किताबों से बच्चों को पढ़ाने की तैयारी की जा रही है। एनसीईआरटी की किताबें लागू होने पर कक्षा एक में भी कलरव के स्थान पर हिंदी, गणित और अंग्रेजी विषय की अलग-अलग किताबें बच्चों को उपलब्ध कराई जाएंगी। नई पुस्तकों के साथ कार्य पुस्तिका भी बच्चों को उपलब्ध कराई जाएगी।

## गड्ढे में बाइक गिरने से युवक की मौत

**रसूलाबाद।** ट्रक से बचने के दौरान अनियंत्रित बाइक सवार गड्ढे में जा गिरे। जिससे बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई और उसके दो साथी बाल-बाल बच गए।

सोमवार की दोपहर मंगलपुर थाना क्षेत्र के बिचौली किशौरा निवासी मंगल सिंह (35) पुत्र रामकुमार अपने दो साथियों के साथ बाइक से मिंडाकुआं जा रहा था। तभी महाराजपुर जैतीपुर के बीच ट्रक से बचने में बाइक अनियंत्रित होकर गड्ढे में जा गिरी। जिससे मंगल सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए। जबकि उसके साथी राजन व अतर सिंह निवासी बिसौली किशौरा बाल-बाल बच गए। स्थानीय लोगों ने एंबुलेंस से घायल को सीएचसी रसूलाबाद भेजा। जहां डॉक्टर सौरभ शाक्य ने मंगल सिंह को मृत घोषित कर दिया। वहीं परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल रहा।

## गर्मी ने दिखाये तेवर, पारा पहुंचा 41 डिग्री पार

संवाददाता राजपुर, कानपुर देहात

- तेज धूप व गर्म हवाओं से सड़कों पर पसरा रहा सन्नाटा
- चेहरों को ढककर निकलते दिखाई दिये राहगीर

**अमृत विचार।** मौसम का तेवर कई दिनों से तल्ख बना हुआ है। तेज धूप और लू के थपेड़ों के बीच तापमान 41 डिग्री से अधिक होने से लोग पूरी तरह बेहाल हो गए। गर्म हवाओं के कारण दोपहर में सड़कों पर सन्नाटा नजर आया।

सोमवार को सुबह से चटक धूप निकलने से मौसम तल्ख हो गया। तेज धूप में गर्म हवाओं के थपेड़े चलने से लोग घरों से बाहर निकलने में कतराते रहे। दोपहर करीब एक बजे स्कूल की छुट्टी के दौरान स्कूली बच्चे धूप में चेहरे को कपड़े से ढककर धूप से बचाव करते नजर आए। इधर राहगीर भी मजबूरी में घर से निकलने पर सिर व मुंह में गमछा बांधकर निकलने को मजबूर दिखे। दिहाड़ी मजदूरी करने वाले लोगों के हाल बेहाल हो गए। तेज धूप और गर्म हवाओं में कूलर व पंखे भी गर्म हवा दे रहे हैं। इधर भीषण गर्मी में बिजली की आंख मिचौली ने लोगों की परेशानी बढ़ा दी है।

राहगीर भी बेहाल रहे और सड़क पर दोपहिया वाहनों से चलने वाले लोग भी छांव की तलाश में दिखाई दिए। बच्चे व बुजुर्ग पानी पीने के लिए हैंडपंप व फ्रीजर में पानी पीते नजर आ रहे हैं। साथ ही लोग शीतल पेय जल की दुकानों में गला तर करते रहे। चिलचिलाती धूप में एंटी रोमियो टीम की महिला पुलिस कर्मी महिलाओं को जागरूक करते दिखाई दीं।


कड़ी धूप में मुंह बांध कर निकलीं एंटी रोमियो पुलिसकर्मी की टीम।

### शरीर में पानी की मात्रा बनाए रखना जरूरी

राजपुर पीएचसी के डॉक्टर शिवकुमार का कहना है कि भीषण गर्मी व लू से बचाव के लिए सावधानी बरतना बेहद जरूरी है। बाहर निकलने से पहले अधिक से अधिक पानी पिएं। शरीर को अच्छी तरह से ढककर बाहर निकलें। ओआरएस व ग्लूकोज़ का घोल अधिक से अधिक लें। कटे रखे फलों का सेवन न करें। धूप से आने के बाद तुरंत ठंडा पानी न पिएं। बच्चों को धूप से बचाव कर पीने का पानी उबालकर बच्चों को दे। किसी प्रकार की दिक्कत होने पर डॉक्टर की सलाह अवश्य लें।

## शस्त्र बनाने वाली फैक्ट्री का भंडाफोड़, एक धरा गया

कार्यालय संवाददाता कानपुर देहात

- गजनेर पुलिस ने बने व अधबने तमंचे-रायफल, कारतूस व उपकरण किए बरामद

**अमृत विचार।** गजनेर पुलिस ने शस्त्र बनाने वाली फैक्ट्री का भंडाफोड़ करते हुए बने व अधबने तमंचे, रायफल, कारतूस समेत उपकरण बरामद किए हैं। मौके से एक आरोपी को पकड़ा गया है।

एडीजी कानपुर जोन आलोक सिंह व एसपी बीबीजीटीएस मूर्ति के निर्देशन में अपराध नियंत्रण की दिशा में घटनाओं की रोकथाम व अवैध शस्त्रों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया जा रहा है। थाना गजनेर पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि क्षेत्र में शस्त्र बनाए जाने वाली फैक्ट्री संचालित की जा रही है। जिसपर थाना प्रभारी दिलीप कुमार बिंद ने फोर्स के साथ गजनेर क्षेत्र के नहर कोठी खनपना पुलिया के पास छापेमारी कर एक आरोपी को धर दबोचा। पुलिस की पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम समीम उर्फ सलीम निवासी ग्राम भगवंतपुर थाना घाटमपुर कानपुर नगर बताया। थाना प्रभारी ने बताया कि मौके से दो बने तमंचे, दो अर्धनिर्मित तमंचे, एक अर्धनिर्मित 315 बोर रायफल, तीन कारतूस, एक 312 बोर का कारतूस व एक खोखा तथा भारी मात्रा में अवैध शस्त्र बनाने के उपकरण बरामद किए गए हैं। उन्होंने पकड़े गए आरोपी के विरुद्ध जनपद उन्नाव कोतवाली में चोरी, आपराधिक कृत्य, जनपद कानपुर नगर के सचेंडी थाने में चोरी, गृह भेदन, मारपीट, हत्या का प्रयास, डकैती की तैयारी, गैंगस्टर एक्ट, जनपद फतेहपुर के जहानाबाद में आयुध अधिनियम के मामले में दर्ज हैं। थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपी को न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेजा जाएगा।


फैक्ट्री से बरामद असलहे व उपकरण। अमृत विचार


पुलिस हिरासत में आरोपी।

## घर में अकेली वृद्धा की हत्या में दो के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

### फालोअप

- सिकंदरा क्षेत्र के फिरोजपुर गांव का मामला, पुलिस के हाथ खाली

संवाददाता सिकंदरा, कानपुर देहात

**अमृत विचार।** फिरोजपुर गांव में बुजुर्ग महिला की हत्या के मामले में परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने दूसरे दिन दो नामजद लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। अभी तक एक भी आरोपी पकड़ा नहीं गया है।

सिकंदरा थाना क्षेत्र के फिरोजपुर गांव निवासी रामदेवी (80) अपने पुत्र जयवीर के साथ रहती थी। उनका पुत्र बीते शुक्रवार को वाराणसी में नीट की परीक्षा देने गया था और वृद्धा घर पर अकेली थी। रविवार की सुबह रामबेटी का शव संदिग्ध हालत में घर के आंगन में पड़ा मिला था। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंचकर छानबीन की थी। वहीं फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य संकलित किए थे। वहीं मामले में पुलिस घटना को संदिग्ध बताती रही। लेकिन पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मृतका की बाईं ओर की पसलियां टूटकर फेफड़ों में घुसने से हुए रक्त स्त्राव से मौत होने कान, गर्दन, जांच में चोट के निशान मिलने पर हत्या की पुष्टि हुई थी। जिसके बाद पुलिस हरकत में आई। वहीं सोमवार को परिजनों की मामले में पुलिस को तहरीर दी।

### सार-संक्षेप


परिषदीय स्कूल में कन्या भोज कराते पूर्व सैनिक। अमृत विचार

#### कन्या भोज कराकर की शत-प्रतिशत मतदान की अपील

**सिकंदरा।** लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए पूर्व सैनिक ने नई पहल शुरू की है। उन्होंने गांव में कन्या भोज करते हुए लोगों से शत-प्रतिशत मतदान करने की अपील की है। महेशपुर गांव निवासी पूर्व सैनिक कप्तान सिंह ने लोगों को जागरूक करते हुए कहा कि लोकतंत्र के लिए सभी मतदाताओं को मतदान करना जरूरी है। ऐसे में सभी मतदाता निष्पक्ष तरीके से जनपद में 13 व 20 मई को होने वाले मतदान में वोट जरूर डालें। पूर्व सैनिक ने गांव स्थित प्राथमिक स्कूल में कन्या भोज कराया और सभी बच्चों को अपने अभिभावकों को मतदान में हिस्सा बनने के बावत कहा। इस मौके पर पंकज कठेरिया, जयवीर गौतम, कोटेदार रोशनी देवी, नीतू पाल समेत अन्य लोग मौजूद रहे।


संदलपुर क्षेत्र के मतदान बूथ की व्यवस्था जांचने पहुंचे चौकी प्रभारी व अन्य ।

#### संदलपुर क्षेत्र के मतदान बूथों पर जांची व्यवस्थाएं

**संदलपुर।** लोकसभा चुनाव की तैयारियों के मद्देनजर बूथों का सत्यापन किया गया। संदलपुर चौकी प्रभारी कौशल कुमार ने लोकसभा चुनाव के मद्देनजर सोमवार को मतदान की अहम कड़ी बूथों का सत्यापन किया। इस दौरान बूथों पर पेयजल, वाहन आवागमन, विद्युत, शौचालय आदि की व्यवस्था दुरस्त पाई गई। वहीं पुलिस व सुरक्षा बलों के विश्राम स्थल में भी सुविधाएं जांची गई। चौकी प्रभारी ने बताया कि कस्बे व ग्रामीण क्षेत्र के बूथों का सत्यापन कर रिपोर्ट भेजी जा रही है। इस दौरान आरक्षी प्रदीप कुमार व भूपेंद्र कुमार मौजूद रहे।

अब घर बैठे आपके जीवन की जटिल समस्याओं का 100% पक्का समाधान
फ्री सलाह
अभी फोन करें :
GURU AADIL JI
9717810465
1% विश्वास आप करें
99% विश्वास हम बनाएंगे
स्पेशलिस्ट – प्रेम विवाह, पति–पत्नी में अनबन, दुश्मनों से छुटकारा, कारोबार में रुकावट, मनचाहा प्यार, रूठे प्रेमी को मनाना, वशीकरण आदि।


पोस्टल बैलेट सुविधा केंद्र का निरीक्षण करते डीएम आलोक सिंह। अमृत विचार

## पोस्टल बैलेट केंद्र का किया निरीक्षण

**कानपुर देहात।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 को लेकर डीएम आलोक सिंह ने पोस्टल बैलट से मतदान के लिए बनाए गए सुविधा केंद्र व स्ट्रांग रूम का जायजा लिया।

सोमवार को निरीक्षण के दौरान डीएफओ एके द्विवेदी ने डीएम को बताया कि शाम तक पोस्टल वैलेट सुविधा केंद्र पर विधानसभा रसूलाबाद में सौ, सिकंदरा में 43, अकबरपुर में 123 समेत कुल 266 कार्मिकों ने मतदान किया है। डीएम ने अकबरपुर डिग्री कॉलेज में बनाए गए स्ट्रांग रूम में प्रकाश व्यवस्था, सीसीटीवी कैमरा, साफ-सफाई आदि का भी जायजा लिया। उन्होंने उपस्थित संबंधित अधिकारियों को संपूर्ण व्यवस्थाएं दुरुस्त करने के लिए निर्देशित किया। इसके पूर्व डीएम ने वेयरहाउस में चल रहे ईवीएम कमीशनिंग का भी निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। अमित कुमार व राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

**अभियान** प्रतियोगिता में अव्वल छात्र-छात्राओं को किया गया पुरस्कृत और फैलाई जागरुकता

## वोटर बिना प्रलोभन निर्भय होकर करें मतदान

संवाददाता रूरा, कानपुर देहात

**अमृत विचार।** किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना निर्भय होकर प्रत्येक वोटर को मतदान केंद्र तक ले जाकर मतदान कराएं। उक्त बात स्टेशन अधीक्षक रूरा अशोक कुमार ने मतदाता जागरूकता प्रतियोगिता कार्यक्रम में बच्चों से मजबूत लोकतंत्र के लिए शत-प्रतिशत मतदान को प्रेरित करते हुए कही।

उन्होंने कहा कि हमारे संविधान के अनुच्छेद 324 से 329 तक प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए निर्वाचन आयोग निष्पक्ष चुनाव के लिए प्रतिबद्ध है। वहीं आयोजित पोस्टर व चित्रकला प्रतियोगिता में छह विद्यालयों के 180 से ज्यादा बच्चों ने प्रतिभाग किया। मुख्य अतिथि के रूप में आए रेलवे के मुख्य वाणिज्यिक यातायात निरीक्षक ललित कुमार ने पुरस्कार वितरित करते हुए कहा कि वोटर को डराना-धमकाना या लालच देना दंडनीय अपराध है। कार्यक्रम के दौरान निबंध प्रतियोगिता में उच्च प्राथमिक विद्यालय सिठमरा की शिवानी ने प्रथम, प्रांशी ने द्वितीय व स्वाती ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। स्लोगन प्रतियोगिता में उच्च प्राथमिक विद्यालय सिठमरा की शिवानी ने प्रथम, संविलयन विद्यालय रूरा के छात्र शिव ने द्वितीय व सरस्वती शिशु मंदिर की छात्रा दीप्ति ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। चित्रकला में सरस्वती शिशु मंदिर की अन्वी यादव ने प्रथम, संविलियन विद्यालय रूरा की राजकुमारी ने द्वितीय, उच्च प्राथमिक विद्यालय सिठमरा की छात्रा शिखा व प्राथमिक विद्यालय रूरा के छात्र पार्थ भदौरिया ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम का संचालन राज्य अध्यापक पुरस्कृत शिक्षक नवीन कुमार दीक्षित ने किया। इस मौके पर गोविंद सिंह, शनेंद्र सिंह तोमर, नीलम, मंजू यादव, रेखा कटियार, विजय कटियार, संविलयन रूरा की प्रधानाध्यापक शीला शुक्ला, प्राथमिक विद्यालय रूरा की प्रधानाध्यापक नीलिमा सिंह चंदेल, सरस्वती विद्यालय रूरा के प्रधानाचार्य संतोष पाठक, ललित कुमार आदि उपस्थित रहे।


प्रतियोगिता में पुरस्कृत बच्चों के साथ रेल अधिकारी। अमृत विचार

# छात्र को यातनाएं देने वाले छह आरोपी गिरफ्तार

## हत्या का प्रयास और पॉक्सो की धारा भी लगी, मुख्य आरोपी समेत पांच अन्य की तलाश करने में जुटी पुलिस

**धरे गये**

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** ऑनलाइन गेम में हारे 20 हजार रुपये देने में देरी करने पर नीट की तैयारी करने वाले नाबालिग छात्र को यातनाएं देने के आरोपी छह दोस्तों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। दोस्तों ने ब्याज जोड़कर उससे 50 हजार रुपये की मांग की थी। उसने एतराज जताया तो आरोपियों ने उसे बंधक बनाकर बेरहमी से मारापीटा था। उसे नग्न करके गुप्तांग में डोरी से ईंट बांधकर लटका दी थी। छात्र को एलपीजी कैन से जलाने का प्रयास कर और कई यातनाएं दीं थीं।

सोमवार को पीड़ित छात्र की भाभी काकादेव थाने पहुंची और आरोप लगाया कि उनके देवर को दस दिन तक 11 दोस्तों ने बंधक बनाकर यातनाएं दीं। डीसीपी सेंट्रल आरएस गौतम ने बताया कि पीड़ित छात्र इटावा जिले के थाना लवेदी का रहने वाला है। इंटर की परीक्षा पास करने के बाद वह नीट की तैयारी करने के लिए काकादेव कोचिंग मंडी आया था। आरोपी दोस्त भी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे हैं। डीसीपी के अनुसार वह ऑनलाइन गेम एबीयेटर में 20 हजार रुपये हारा। आरोपी दोस्त ब्याज जोड़कर उससे 50 हजार रुपए मांग रहे थे। विरोध किया तो छात्र से हैवानियत की। पकड़े गए छात्रों ने बताया कि वायरल वीडियो 20 अप्रैल का है। रुपये देने में देरी की तो छात्र को अपने कमरे में उठा ले गए। इसके बाद बंधक बनाकर नग्न करके बेरहमी से पीटा, गुप्तांग में डोरी से ईंट लटका दी और आग से जलाने का प्रयास किया। आरोपियों ने नाबालिग छात्र से उठक-बैठक कराई। इस सब का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया था। डीसीपी ने बताया कि वीडियो वायरल होने के बाद आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए तीन टीमें गठित की गई थीं। आरोपियों पर हत्या का प्रयास, पॉक्सो, बलवा, निर्वस्त्र करने, जलाने, बंधक, मारपीट, गालीगलौज, आईटी एक्ट समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है।

डीसीपी सेंट्रल ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपियों में काकादेव के रानीगंज एन ब्लॉक निवासी तनय चौरसिया, महोबा के थाना कोतवाली ग्राम श्रीनगर हाल पता आरएस पुरम काकादेव निवासी अभिषेक कुमार वर्मा, सिद्धार्थनगर के थाना बांसी ग्राम भिटिया लारा हाल पता आरएसपुरम काकादेव निवासी योगेश विश्वकर्मा, जौनपुर के खालिसपुर ग्राम दडवा हाल पता शास्त्री नगर काकादेव निवासी संजीव कुमार यादव, इटावा के थाना बकेवर ग्राम लखना निवासी हरगोविंद तिवारी उर्फ केशव तिवारी और इटावा के सोनवर्षा निवासी शिवा त्रिपाठी को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि उक्त छह आरोपियों ने घटना कबूली है। इस प्रकरण में अन्य साक्ष्य के आधार पर अभियुक्त अभिषेक कुमार वर्मा का नाम प्रकाश में आते ही घातक हथियारों का उपयोग करना, जबरन वसूली करने धारा में बढ़ोतरी की गई है। सभी आरोपियों को न्यायालय के समक्ष पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया। उन्होंने बताया कि मुख्य आरोपी समेत अन्य पांच आरोपी फरार हैं। उनकी तलाश में टीमें गठित की गई हैं।



छात्र को यातनाएं देने वाले आरोपी। अमृत विचार

**गिरफ्तार करने वाली टीम**

डीसीपी ने बताया कि आरोपियों को गिरफ्तार करने वाली टीम में काकादेव निरीक्षक राजेंद्र कांत शुक्ला, सर्विलांस सेल के उपनि. लवकुश मिश्रा, सुनीत शर्मा, पांडु नगर चौकी प्रभारी राहुल शुक्ला, चौकी प्रभारी सर्वोदय नगर सुरेन्द्र नारायण शुक्ला, उपनि रईस अहमद, उमाकान्त, हेड कां अनिल प्रकाश, ललित किशोर, कां आमोद कुमार, विष्णु कुमार शामिल रहे।

# दो हिस्सों में बच्चेदानी लेप्रोस्कोप से सुरक्षित

**कानपुर।** इटावा निवासी 39 वर्षीय महिला दो बार गर्भपात होने के कारण मां नहीं बन पा रही थी। सरकारी व प्राइवेट अस्पतालों में इलाज कराया, लेकिन सफलता नहीं मिली। महिला करीब दो माह पहले जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज के स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग की ओपीडी में पहुंची। डॉक्टरों ने उसका सफल ऑपरेशन किया।

स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ. उरूज ने बताया कि जांच में महिला की बच्चेदानी दो हिस्सों में बंटी मिली। इस कारण मां बनने में दिक्कत आ रही थी, जिसे सेप्टा बोलते हैं। तीन मई को डॉ.उरूज जहां ने डॉ.दीप्ति पाठक, डॉ.प्रीति, एनेस्थिया की डॉ.स्वाति व दीपक समेत टीम के साथ मिलकर लेप्रोस्कोप विधि से महिला का ऑपरेशन किया। डॉ.उरूज ने बताया कि ऑपरेशन के बाद दो हिस्सों में बंटी बच्चेदानी को फिर से एक कर दिया है। महिला के ओवरी में पीआरपी भी डाला गया है। ताकि मां बनने में महिला को दिक्कत न हो सके।

# अधेड़ की हत्या में मुख्य आरोपी समेत दो गिरफ्तार

संवाददाता रूरा, कानपुर देहात

**अमृत विचार।** नौरंगा लालपुर गांव में रविवार की सुबह नाली से पानी निकासी के विवाद में अधेड़ की ईंट-पत्थर व फावड़ा मारकर हत्या के मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपी समेत दो को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों को निशानदेही पर पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त फावड़ा भी बरामद कर लिया।

बता दें कि रूरा थाना क्षेत्र के नौरंगा लालपुर गांव निवासी देवेंद्र उर्फ ठाकुर यादव (55) का पड़ोस के चंद्रभान उर्फ करोडे से नाली से पानी निकासी को लेकर विवाद था। आरोप है कि पड़ोसियों ने नाली बंद कर दी थी। रविवार की सुबह देवेंद्र नाली खोलने गए तो चंद्रभान व उनके परिजनों ने ईंट पत्थर व फावड़े से हमला कर दिया। इससे देवेंद्र उर्फ ठाकुर यादव की मौके पर ही मौत हो गई। शोर-शराबा सुनकर मोहल्ले के लोग दौड़े तो हमलावर घटनास्थल से भाग गए थे। सूचना पर सीओ तनु उपाध्याय व थाना प्रभारी ने छानबीन की थी और फॉरेंसिक टीम ने साक्ष्य संकलित किए थे। पुलिस ने तहरीर पर चंद्रभान, अरविंद, रीना व मिथलेश के खिलाफ हत्या समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर तलाश शुरू की थी। रूरा थाना प्रभारी शिवनारायण सिंह ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर सोमवार को हत्यारोपी चंद्रभान उर्फ करोडे व रीना को क्षेत्र के तिगाईं बंबा भिखनापुर के पास गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों को न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेजा गया है।



हिरासत में हत्यारोपी व बरामद फावड़ा।

- नौरंगा लालपुर में नाली से पानी निकासी के विवाद में हत्या का मामला

# खेत में कटे पड़े गेहूं में लगी आग

**रसूलाबाद।** सोमवार को दोपहर के बाद सत्येंद्र सिंह सेंगर के पांच बीघा खेत में कटे पड़े गेहूं में अज्ञात कारण से आग लग गई। राहगीरों ने खेत मालिक को सूचना दी। ग्रामीणों ने आग बुझाने का बाल्टियों से प्रयास किया। लेकिन पूरा खेत जलने के बाद आग स्वयं बुझ गई। खेत मालिक ने तहसीलदार और लेखपाल को सूचना दी। अनुमान लगाया जाता है कि लगभग 70,000 रुपये का नुकसान हुआ है।

# फार्मासिस्ट के बिना ही चल रहे हैं तमाम मेडिकल स्टोर

कार्यालय संवाददाता कानपुर देहात

**अमृत विचार।** जिले के अधिकांश मेडिकल स्टोर बगैर फार्मासिस्ट के ही संचालित किए जा रहे हैं। कई मेडिकल स्टोर तो ऐसे हैं, जिन्होंने अपने यहां फार्मासिस्ट की नियुक्ति तो दिखा रखी है, लेकिन वह कभी मौजूद नहीं मिलते हैं।

ड्रग अधिनियम के मुताबिक कोई भी मेडिकल स्टोर बगैर फार्मासिस्ट के नहीं चलाया जा सकता। नए लाइसेंस लेने के लिए तो सबसे पहले फार्मासिस्ट होने की जानकारी अनिवार्य रूप से दी जाती है। लेकिन ड्रग विभाग की अनदेखी के चलते जिले में अधिकांश मेडिकल स्टोर बिना फार्मासिस्ट के ही संचालित किए जा रहे हैं। ऐसे मेडिकल स्टोरों की संख्या देहात क्षेत्र में सबसे अधिक देखने को मिल रही है। बिना किसी लाइसेंस के भी गांव कूचों में मेडिकल स्टोर संचालित हैं। इनके खिलाफ कभी कोई कार्रवाई नहीं की जाती है। इस बावत औषधि निरीक्षक अजय कुमार संतोषी का कहना है कि कोई भी मेडिकल बगैर फार्मासिस्ट के नहीं चल सकता। अगर कोई मेडिकल स्टोर संचालक ऐसा कर रहा है तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

**दवा देने के लिए फार्मासिस्ट का होना जरूरी**

मेडिकल स्टोर पर दवा देने वाला फार्मासिस्ट होना जरूरी है, लेकिन जिले में स्थिति इसके विपरीत है। यहां पचास फीसदी संचालक ऐसे है जिन्होंने डिग्री लगाकर लाइसेंस तो ले लिया है, लेकिन मेडिकल स्टोर का संचालन कोई अन्य व्यक्ति करता आ रहा है। इसके लिए डिग्री धारक साल में एकमुश्त रकम संचालक से लेने का काम करते आ रहे हैं। दूसरी ओर विभाग का दावा यह भी है कि हर मेडिकल पर फार्मासिस्ट ही बैठता है और बैठना भी चाहिए, लेकिन जमीनी हकीकत यहां कुछ अलग ही है।

# बदहाल पड़ा है छत्रपति शिवाजी गेस्ट हाउस



गेस्ट हाउस परिसर में बंधे मवेशी। अमृत विचार



गेस्ट हाउस में खड़े लोगों के वाहन। अमृत विचार

संवाददाता सिकंदरा, कानपुर देहात

**अमृत विचार।** नगर पंचायत सिकंदरा का इकलौता छत्रपति शिवाजी गेस्ट हाउस देखरेख के अभाव में बदहाल हो रहा है। करीब बीस वर्ष पुराने गेस्ट हाउस के जीर्णोद्धार के लिए शासन से करीब चार वर्ष पहले एक करोड़ बीस लाख रुपये स्वीकृत किए गए थे। जिसमे करीब 60 से 70 लाख रुपये ठेकेदार भुगतान भी ले चुका है।

सिकंदरा नगर पंचायत के इकलौते छत्रपति शिवाजी गेस्ट हाउस का निर्माण कार्य करीब बीस वर्ष पूर्व में हुआ था। वर्ष 2018 में गेस्ट हाउस में शासन द्वारा जीर्णोद्धार के लिए लगभग एक करोड़ बीस लाख रुपये की धनराशि दी गई थी। दो बार में टेंडर होने के बाद ठेकेदार ने मरम्मतीकरण कराया। उस दौरान ग्रामीणों ने मरम्मत में घटिया सामग्री का प्रयोग करने का आरोप भी लगाया था। जिसके बाद से अभी गेस्ट हाउस को हैंडओवर भी नहीं किया गया है और वह टूट-फूट कर कबाड़ खाने में तब्दील हो गया है। गेस्टहाउस के चारों ओर गंदगी फैली हुई है। साथ ही गेस्ट हाउस का पूरा जीर्णोद्धार भी अधर में लटका हुआ है। गेस्ट हाउस के टीनसेड के नीचे लोगों ने वाहनों की पार्किंग बना रखी है।

सिकंदरा कस्बा निवासी रशीद ने बताया कि लगभग चार वर्ष पूर्व गेस्ट हाउस में काम हो रहा था, लेकिन बाद में बंद हो गया। पूर्व में जो काम किया गया था। वह भी धीरे-धीरे खंडहर में तब्दील होता दिखाई पड़ रहा है। मौजूदा समय में गेस्ट हाउस भैंसों के तबेला के रूप में तब्दील हो गया है और लोग वहां मवेशी बांध रहे हैं।

- चार साल पहले स्वीकृत हुए थे 1.20 करोड़ रुपये, ठेकेदार भी ले चुका है लाखों का भुगतान

> सिकंदरा नगर पंचायत में तैनाती से पहले छत्रपति शिवाजी गेस्ट हाउस में जीर्णोद्धार के कार्य के लिए ठेकेदार को कुछ पैसों का भुगतान कर दिया गया था। लेकिन ठेकेदार द्वारा अभी तक गेस्ट हाउस का काम पूरा नहीं कराया गया है। पिछला कराया गया कार्य भी टूट कर खराब हो गया।
> 
> –शालिनी त्रिपाठी अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत सिकंदरा


# शार्ट सर्किट से जला मेडिकल स्टोर

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** नौबस्ता थानाक्षेत्र के तुलसियापुर रोड गल्लामंडी के पास मेडिकल स्टोर में भीषण आग लग गई। शटर बंद दुकान के अंदर से धुआं और लपटें निकलने लगीं। दमकल कर्मियों ने शटर तोड़कर आग पर काबू पा लिया।

मुख्य अग्निशमन अधिकारी दीपक शर्मा ने बताया कि तुलसीयापुर मोड़ पर सुदेश कुमार निवासी सागर पुरी थाना सेन पश्चिम पारा का कृष्णा जरनल एंड मेडिकल स्टोर है। जिसमें शार्ट सर्किट से आग लग गई थी। कोई जनहानि नहीं है, लेकिन लाखों का नुकसान हो गया। इसी प्रकार जूही यार्ड में कोयला लदी बोगी में आग की सूचना पर फायर स्टेशन किदवई नगर से दमकल की गाड़ी मौके पर पहुंची और आग बुझा दी। लोगों का कहना था कि पिछले तीन दिन से यार्ड में कोयले में आग लगने की घटना हो रही है।

सचेंडी थानाक्षेत्र में चकरपुर मंडी के पास ट्रक में भीषण आग लग गई। चालक और क्लीनर ने कूदकर अपनी जान बचाई। दमकल ने आग को बुझा दिया। वहीं रेउना थानाक्षेत्र में ग्राम सरइयां के रहने वाले राजाबाबू के घर में भूसे के ढेर में आग लग गई। दमकल ने आग पर काबू पा लिया।



आग लगने की वजह से जलीं दवाएं व रैक। अमृत विचार

# अवैध संबंध का विरोध करने पर मारा ब्लेड

**कानपुर।** चकेरी थानाक्षेत्र के सनिगवां इलाके में एक युवक ने पत्नी से उसके अवैध संबंध होने का विरोध किया तो पत्नी ने उस पर ब्लेड से हमला कर दिया। सनिगवां निवासी श्रमिक के अनुसार उनकी पत्नी का पिछले एक वर्ष से पास के इलाके में रहने वाले राज मिस्त्री से अवैध संबंध हैं। जिस पर उन्होंने कई बार पहले विरोध किया तो आरोपी समेत उसकी पत्नी ने हत्या कर देने की धमकी दी। पीड़ित ने बताया कि रविवार की रात को वह घर लौटे तो पत्नी ने अभद्रता करना शुरू कर दिया। पत्नी ने ब्लेड से पीड़ित की गर्दन, सीने और हाथ में कई वार कर दिए। जिससे युवक लहूलुहान हो गया। प्रभारी निरीक्षक अशोक कुमार दुबे ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

# अनवरगंज- मंधना रेलवे लाइन का मुद्दा उठाया

**कानपुर।** सोमवार को भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के तत्वाधान मे होटल सेलिब्रेशन, गुमटी में विशाल व्यापारी सम्मलेन हुआ।

इस दौरान अनवरगंज मंधना रेलवे लाइन को हटाकर एलीवेटेड ट्रेक बनाने का मामला व्यापारियों ने उठाया और कहा कि चुनाव के बाद इसके बनाने की मांग की जाएगी। सम्मलेन मे जीएसटी व फ़ूड विभाग सहित अन्य विभागों मे व्यापारियों की समस्याओ का निस्तारण पर भी चर्चा हुई। मुख्य अतिथि संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष व व्यापारी कल्याण बोर्ड, उप्र सरकार के अध्यक्ष रविकांत गर्ग ने व्यापारियों से भाजपा के पक्ष मे वोट डालने की अपील की। सम्मलेन मे कानपुर लोकसभा प्रत्याशी रमेश अवस्थी का भी स्वागत किया गया। सम्मलेन मे मुख्य वक्ता भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश वरिष्ठ महामंत्री ज्ञानेश मिश्र ने कहा कि भारत सरकार के रेल मंत्रालय ने कानपुर की सबसे बड़ी विकराल समस्या अनवर गंज से मंधना रेलवे लाइन हटाकर एलीवेटेड ट्रेक बनाने की स्वीकृति दे दी है। इस दौरान गुरुज़िन्दर सिंह, मनीष गुप्ता सलोने, विजय गुप्ता गोरे, श्याम शुक्ला, महेश सोनी, आशीष मिश्र, राजकुमार भगतानी, सचिन त्रिवेदी, संजय मिश्र आदि रहे।

- व्यापारी सम्मलेन में की गई चर्चा

**विश्व अस्थमा दिवस पर विशेष** — लक्षण के आधार पर जांच करना जरूरी, लोगों की लापरवाही बनाती है उन्हें अस्थमा रोगी

# सीने से सीटी की आवाज, खांसी-छींक को न करें नजरअंदाज

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** लंबे समय से आपको खांसी या छींक आने की समस्या बनी है और सांस लेने पर सीने में सीटी जैसी आवाज आ रही तो सावधान रहने की जरूरत है। यह लक्षण अस्थमा (दमा) के हो सकते हैं, जो सांस की गंभीर बीमारियों में से एक है। इन लक्षणों को नजरअंदाज न कर तत्काल डॉक्टर से परामर्श लेना चाहिए।

जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज के मुरारी लाल चेस्ट अस्पताल की ओपीडी में प्रतिदिन करीब 10 मरीज इलाज के लिए पहुंचते हैं जिनमे बच्चे से लेकर वयस्क सभी शामिल हैं। मुरारी लाल चेस्ट अस्पताल के विभागाध्यक्ष डॉ.संजय कुमार वर्मा ने बताया कि अस्थमा, वायुमार्ग और फेफड़ों को प्रभावित करने वाली समस्या है। फेफड़ों से हवा को अंदर और बाहर ले जाने वाली नलिकाएं प्रभावित हो जाती हैं। श्वासनली में सूजन और संकुचन के कारण दर्द होने और सांस छोड़ते समय आवाज आती है। हर साल सात मई को विश्व अस्थमा दिवस मनाया जाता है। इस बार थीम ग्लोबल इनिशिएटिव फॉर अस्थमा की ओर से अस्थमा शिक्षा सशक्तिकरण है।



- मुरारी लाल चेस्ट अस्पताल में प्रतिदिन करीब 10 मरीज इलाज के लिए पहुंच रहे हैं

**गर्भवती में भी होती अस्थमा की समस्या**

गर्भावस्था के दौरान महिलाओं का इम्यून सिस्टम कमजोर हो जाता है, जिससे उनको कई प्रकार की बीमारी होने की आशंका अधिक रहती है। मुरारी लाल चेस्ट अस्पताल की ओपीडी में एक माह में करीब 30 गर्भवती महिलाएं अस्थमा की बीमारी से ग्रस्त होकर इलाज के लिए पहुंचती हैं। उनको दवा भी सीमित ही मात्रा में लेनी चाहिए।

**अस्थमा होने के प्रमुख कारण**

- फूलों और फसलों के परागकण।
- धूल और धुआं
- सॉफ्ट ट्वॉय की धूल
- घर की मिट्टी (डस्ट माइट)
- घर के पर्दों पर जमी धूल
- फर्नीचर की पॉलिश
- घर में लगी वॉल हैंगिंग
- पालतू जानवर (कुत्ता, बिल्ली और खरगोश) के बालों की एलर्जी।

**ऐसे करें बचाव**

- सॉफ्ट ट्वॉय नियमित रूप से धोने चाहिए।
- खिलौने साफ करके कुछ घंटे के लिए फ्रीजर में रख दें।
- चादर और पर्दे भी सप्ताह में जरूर धोएं।
- घर के कंबल, रजाई-गद्दे, तकिया को नियमित धूप में रखें।

**ऐसे होता है अस्थमा**

सिर्फ प्रदूषण से दमा नहीं होता है, शरीर के अंदर मौजूद दमा के कारणों के लिए मुफीद माहौल जरूर पैदा होने लगता है। प्रदूषण और एलर्जी कारक तत्व जब श्वांस नलिकाओं व फेफड़े में पहुंचते हैं तो एक रिएक्शन होता है। इसमें साइटोकाइन और ल्यूकोट्राइन केमिकल निकलते हैं, जिससे श्वांस नलिकाओं में सूजन, आंख में जलन, आंखें लाल होने, पानी आने, नाक में सूजन व पानी आने और छींक की शिकायत बढ़ जाती है।

**ऑनलाइन गेम बच्चों के लिए खतरनाक**

डॉ. वर्मा ने बताया कि आउटडोर गेम न खेलकर बच्चों का ऑनलाइन गेमों की तरफ अधिक रुचि होना शरीर के लिए हानिकारक है। घर के बाहर या मैदान में गेम न खेलने से बच्चों की इम्यून सिस्टम प्रभावित होता है। बाहर खेलने से शरीर क्रिया अच्छी तरह से करता है और फेफड़ों की क्षमता भी बढ़ती है। इम्यून सिस्टम कमजोर होने से बच्चे बार-बार बीमार होते हैं और कुछ बच्चों को तो निमोनिया की भी समस्या हो जाती है। अस्पताल में तीन साल से लेकर 18 वर्ष तक के अस्थमा मरीज भी आते हैं।

# खेत में घुसने पर जानवर को किया घायल

**राजपुर।** खेत मे घुसने से खेत मालिक ने सुअर के पेट मे बल्लम मारकर गम्भीर रूप से घायल कर दिया। सुअर पालक ने पुलिस को तहरीर देकर उक्त के विरुद्ध कानूनी कार्यवाही करने की मांग की है। थाना क्षेत्र के सिलहरा गांव निवासी रवि कुमार ने पुलिस को दी तहरीर मे बताया कि सोमवार को गांव किनारे बने तालाब मे वह अपने सुअर नहला रहा था तभी एक सुअर तालाब के समीप स्थित अरविंद कुमार के खेत मे घुस गया। आरोप है कि तभी अरविंद कुमार ने उसके सुअर के पेट मे बल्लम मार दिया, जिससे सुअर गम्भीर रूप से घायल हो गया। मौके पर पहंचे सुअर पालक को अरविंद ने जाति सूचक गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी दे डाली। थानाध्यक्ष ने बताया कि जांच की जा रही है।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

**क्लासीफाइड**

**वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें**

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि हम अपने पुत्र शुभांक सिंह चौहान व पुत्रवधू शिखा सिंह के गलत कार्य व व्यवहारों से व्यथित होकर अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूँ उनके द्वारा किये गये किसी भी लेन–देन व क्रिया– कलापो से मेरा एवं मेरे परिवार के अन्य सदस्यो से मेरा कोई वास्ता एवं सरोकार नहीं होगा। **–सुरेन्द्र सिंह चौहान पुत्र स्व0 रघुराज सिंह चौहान, निवासी– 549/282क बड़ा बरहा, पी.आर.डी. ग्राउण्ड, आलमबाग, लखनऊ**

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा हाईस्कूल का अंकपत्र और सह प्रमाण पत्र वर्ष 2023 रोल नंबर 1232714985 वास्तव में कहीं खो गया है। **–श्रषभ मिश्रा पुत्र ईश्वर शरन मिश्रा निवासी ग्राम भरहापारा वजीरगंज जिला, गोंडा।**

**सूचना**

सूचित करना है कि मेरा नाम ज्ञानचंद पुत्र शिव प्रसाद है। त्रुटिवश मेरे आधार कार्ड पर मेरा नाम ज्ञानी अंकित हो गया है जो कि पूर्णतया गलत है। अब मुझे ज्ञान चंद के नाम से जाना व पहचाना जाए। **–ज्ञानचंद पुत्र शिवप्रसाद, निवासी– अहियाचेत, थाना कौड़िया, तहसील– करनैलगंज, जिला गोंडा।**

**सूचना**

सूचित हो कि मैने अपने पुत्र श्याम जी पुत्र राम कृपाल द्विवेदी व उसकी कथित पत्नी रेनू को इनके गलत आचरणों, चाल –चलन के कारण व इनके संसर्ग से उत्पन्न संतानों को अपनी चल व अचल संपत्ति से बेदखल कर रही है। मैं व मेरे पति राम कृपाल से इनके द्वारा गैरकानूनी कार्यो व लेन–देन किये जाने पर कोई वास्ता व सरोकार नहीं होगा। उपरोक्त स्वयं जिम्मेदार होंगे।– **श्रीमती रेखा पत्नी राम कृपाल द्विवेदी, निवासिनी– ग्राम– बजेहटा, थाना–ललपुरा, तहसील– मौदहा, जिला– हमीरपुर उ0प्र0।**

**सूचना**

सूचित हो कि मैंने अपना नाम MOHAMMAD ARIF SARKAR FAIZY से बदल कर MOHAMMAD ARIF SARKAR रख लिया है अब से मेरे सभी अभिलेखों में इसी नाम को लिखा पढ़ा व समझा जाये। -MOHAMMAD ARIF SARKAR S/O AFAQ AHMAD, निवासी- 617/335, UJRION, VIJAY KHAND -2 LUCKNOW, ERAM GIRLS SCHOOL GOMTI NAGAR, LUCKNOW

**सूचना**

सूचित हो कि मैं भारतीय सेना में NK, ACP (HAV) के पद से सेवानिवृत हो गया हूँ।तथा मेरा नम्बर 14583597 H है। मेरा आर्मी रिकार्ड में नाम प्रमोद कुमार, (PROMOD KUMAR) अंकित हो गया है। जबकि आधार कार्ड, पेन कार्ड व अन्य सभी प्रमाण पत्रो में मेरा नाम प्रमोद कुमार (PRAMOD KUMAR) अंकित है। जो कि सही है। अब इसी नाम से लिखा व जाना जाये। – **प्रमोद कुमार पुत्र यातेन्द्र नारायण, निवासी– भैंसोल मकान नं0– 155 परगना व तहसील – विधूना जिला – औरैया, मो0– 6280310392**

**सूचना**

सूचित हो कि मै नं. JC481588X **सूबेदार सन्तोष कुमार पाण्डेय पुत्र पुत्तू लाल पाण्डेय यूनिट 24बी बटालियन दि राजपूत रेजीमेंट,** मेरे सर्विस रिकार्ड में त्रुटिवश मेरे पिता की जन्मतिथि 01.07.1949 दर्ज है जबकि उनकी सही जन्मतिथि 16.02.1954 है तथा मेरी माता का नाम SHUSHEELA तथा जन्मतिथि 01.07.1954 दर्ज है जबकि सही नाम SUSHEELA तथा जन्मतिथि 25.03.1956 है। अत: मेरे सर्विस रिकार्ड में मेरे पिता की जन्मतिथि 16.02.1954 तथा माता का सही नाम SUSHEELA तथा सही जन्मतिथि 25.03.1956 दर्ज किया जाये।

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा विवाह के पूर्व नाम गीता देवी था किन्तु गोपाल दीक्षित से विवाह होने के पश्चात ससुराल पक्ष की रूतियों एवं रीति रिवाजो के अनुसार मेरा नाम गीता दीक्षित हो गया है जिस कारण मुझे गीता दीक्षित के नाम से जाना पहचाना व पुकारा जाय तथा अभिलेखो मे मेरा नाम गीता दीक्षित दर्ज किया जाय । –श्रीमती गीता दीक्षित पत्नी श्री गोपाल दीक्षित पुत्री स्व0 शम्भूनाथ मिश्रा निवासिनी–म0 नं0 592/146 रथीन्द्र नगर तेलीबाग, लखनऊ

**सूचना**

सूचित किया जाता है की मेरा बैंक आफ बड़ौदा शाखा संडीला में बचत खाता जूनियर हाईस्कूल अंकपत्र के आधार पर खोला गया था जिसमे मेरा नाम राकेश कुमार है किंतु त्रुटिवश पासबुक पर राकेश कुमार गुप्ता हैजबकि अन्य सभी अभिलेखों में मेरा नाम राजेश कुमार गुप्ता है। यह दोनो नाम मेरे है अलग अलग व्यक्ति नही है। सूचना प्रकाशन के 15 दिन के अंदर यदि किसी को आपत्ति हो तो बैंक आफ बड़ौदा में कर सकता है। **–राजेश कुमार गुप्ता पुत्र बद्री प्रसाद गुप्ता, निवासी– ग्राम समद खेड़ा मजरे मीतो, जिला– हरदोई**

**सूचना**

सूचित हो कि मैं रेखा रानी पत्नी मनेन्द्र कुमार, निवासिनी–41, अल्हैयारपुर, फूना, फीना, बिजनौर, उ.प्र., मेरे पति मनेन्द्र कुमार आर्मी नं.–4202728P के सर्विस रिकार्ड में त्रुटिवश मेरा नाम रेखा देवी दर्ज है जबकि मेरा सही नाम रेखा रानी है। अत: मेरे पति के सर्विस रिकार्ड में मेरा नाम रेखा रानी दर्ज किया जाये।

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं प्रिया सिंह पुत्री जितेंद्र सिंह मेरा बीएससी होम साइंस वर्ष 2010, 2013 रोल नंबर फाइनल ईयर का 947316 तथा एनरोलमेंट नंबर U 1011018 इलाहाबाद यूनिवर्सिटी की डिग्री थी जो वास्तव में खो गई है। **– प्रिया सिंह पुत्री जितेंद्र सिंह पता प– 1 नेह निकुंज कालोनी, बघाम्बरी गद्दी, अल्लापुर प्रयागराज**

**सूचना**

सूचित हो कि मैं **आसिफ खान पुत्र माजिद, निवासी– जमाल नगर, गैर एहतमाली, तहसील–सफीपुर, जनपद– उन्नाव,** पहले मेरा नाम आसिफ हुसैन पुत्र माजिद था। जिसे बदलकर मैने अपना नाम आसिफ खान रख लिया है । भविष्य में मुझे आसिफ खान के नाम से जाना– पहचाना व समस्त अभिलेखों में दर्ज किया जाये।

**सूचना**

सूचित हो कि मेरी एन.पी. बोर रायफल सं0 – ए0बी0 –05–4982 आफ 315 बोर व लाइसेन्स सं0 –9034/फतेहपुर–84 जिला उन्नाव। मेरा उक्त लाइसेन्स वास्तव में खो गया है। जिसकी द्वितीय प्रति निर्गत किया जाना आवश्यक है। **जीत बहादुर सिंह पुत्र विशम्भर सिंह, निवासी– भड़सर, नौशहरा, थाना– फतेहपुर–84, जिला उन्नाव**

# उलझन में भाजपा, अखर रही अपनों की बेरुखी

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर



- डैमेज कंट्रोल में आरएसएस भी फेल, तीन पूर्व विधायक अलग-थलग

**अमृत विचार।** लोकसभा के चुनाव में जिले में सत्तारूढ़ भाजपा संगठन में सब कुछ ठीक-ठाक नहीं चल रहा है। डैमेज कंट्रोल न कर पाने से भाजपा का पूरा संगठन चुनौतियों से जूझ रहा है। लगातार तीसरी बार चुनावी मैदान में उतरीं केंद्रीय राज्यमंत्री साध्वी साथी निरंजन ज्योति को अब अपने ही कार्यकर्ताओं के बीच गुटबाजी का शिकार होना पड़ रहा है। जिले के तीन पूर्व विधायक काफी समय से अलग सुर अलापने में लगे हुए हैं। यह तीनों विधायक अपने क्षेत्र में मजबूत पकड़ रखते हैं। लोकसभा चुनाव में वह लगातार भाजपा प्रत्याशी से किनारा किए हैं। वहीं समर्थकों से तमाम तरीके की पोस्ट सोशल मीडिया में डलवा कर भाजपा प्रत्याशी को भारी नुकसान पहुंचाने में जुटे हुए हैं। इस मामले को लेकर भाजपा के दिग्गज नेता भी काफी गंभीर हुए और इन तीन विधायकों को मनाए जाने को लेकर काफी कोशिश भी कर चुके हैं लेकिन बात नहीं बनी है।

लगातार सोशल मीडिया के द्वारा तमाम तरीके की टिप्पणियां किए जाने का सिलसिला जारी है। बताया जाता है कि भाजपा के संतुष्टों को मनाने के लिए आरएसएस के कई बड़े पदाधिकारी भी अपनी कवायद कर चुके हैं लेकिन उनको इन असंतुष्ट खेमे के भाजपा नेताओं ने किसी तरह का कोई सहयोग करने से इनकार कर दिया है। हालात ऐसे बनते जा रहे हैं कि पार्टी के कई दिग्गज अब प्रचार में बाधा बन गए हैं और उनके समर्थकों को भी किसी तरीके को कोई दिलचस्पी नहीं रह गई है। इसका सीधा फायदा विपक्ष को मिलने से इंकार नहीं किया जा सकता है।

### शीर्ष नेता भी डैमेज कंट्रोल करने में जुटे

- भितरघातियों को लेकर भाजपा में डैमेज कंट्रोल करने के भाजपा के शीर्ष नेताओं की ओर से लगातार प्रयास चल रहा है। लेकिन उससे भी कोई फायदा नहीं निकल पा रहा है। लगातार बड़े नेताओं के कार्यक्रम लगाए जा रहे हैं और इस मामले को लेकर आम जनमानस के बीच भी पार्टी की तरफ से जो संदेश जाना चाहिए वह संदेश नहीं जा पा रहा है।

### मान-मनौव्वल की तैयारी

- सूत्र बताते हैं कि पार्टी के रूठों को मनाए जाने को लेकर एक प्लान तैयार किया गया है और साफ तौर पर इस बात के संकेत दिए गए हैं कि पार्टी द्वारा घोषित उम्मीदवार का सभी को समर्थन करना चाहिए, क्योंकि देश में मोदी की सरकार बनानी है। इसके लिए व्यक्तिगत तौर पर किसी के पास कोई खुन्नस न रहे। ऐसे में सभी को चुनाव के प्रचार में आम जनता के बीच निकालने की जरूरत है।

### नौ को राष्ट्रीय अध्यक्ष के सामने होगी पेशी

- आगामी 9 मई को भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा बिंदकी विधानसभा क्षेत्र में आ रहे हैं। बताया जाता है कि राष्ट्रीय अध्यक्ष के सामने भी इन बगावती तेवर वाले भाजपा नेताओं को तलब किया जाएगा और जेपी नड्डा भी उनकी क्लास लेंगे। जिस तरीके से पार्टी के अंदर ही व्यापक गुटबाजी का माहौल बना हुआ है, उसे कहीं ना कहीं भाजपा प्रत्याशी को बेहद नुकसान का सामना करना पड़ रहा है। भाजपा नेताओं में अपनी पार्टी के पीछे शुरू की गई इस गुटबाजी का असर अब सीधे देखने को मिल रहा है। नेता इस पूरे मामले में डैमेज कंट्रोल करने के लिए लगातार कोशिश करने में जुटे हैं लेकिन वह मकसद में कामयाब नहीं हो पा रहे हैं।

# चुनाव में गईं बसें, सफर में छूट रहे पसीने

संवाददाता, फतेहपुर

- डिपो में 89 बसें, 20 बसें चुनाव में जाने से हुई दिक्कत
- लंबी दूरी की बसों में की गई कटौती, यात्री परेशान



रोडवेज अड्डे पर खड़ी बसें। अमृत विचार

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव संपन्न कराने के लिए रोडवेज विभाग का सहयोग मांगा गया है। फतेहपुर डिपो से अब तक 20 बसें विभिन्न जगहों पर भेजी जा चुकी है। इतनी बड़ी संख्या में बसों के चले जाने से लोकल व लंबी दूरी के यात्री खासे परेशान हो रहे हैं। ऐसी स्थिति में यात्रा करने में लोगों के पसीने छूट रहे हैं। यात्रियों का कहना है कि चुनाव के कई चरण और बाकी है, तब तक तो हालत खराब हो जाएगी।

प्रदेश में सात चरणों में लोकसभा चुनाव संपन्न कराया जाना है। कई चरणों का चुनाव उत्तर प्रदेश में कई जगहों पर निपट भी गया हैं, लेकिन जो बसें दी थी, वह अभी तक नहीं लौटी है। इससे बसों की किल्लत रहती है। सोमवार को ज्वालागंज स्थित रोडवेज बस अड्डे पर बसों का टोटा देखा गया। दोपहर के बाद प्रयागराज और बांदा की बसें नहीं मिली। ठीक ऐसा ही कानपुर रुट का रहा। वहां पर भी बसों की कमी देखी गई। मौजूदा समय में यात्रियों को एक-एक घंटे तक बसों का इंतजार करना पड़ रहा है। वहीं एआरएम विपिन कुमार अग्रवाल का कहना है कि रोडवेज की पर्याप्त बसें हैं। चुनाव में जाने के बाद भी बसों की ठीकठाक संख्या है। प्रयास किया जा रहा है कि यात्रियों को किसी तरह की कोई दिक्कत न होने पाए। समय से बसों को निकाला जा रहा है।

## एक नजर

### गोहत्या का आरोपी गिरफ्तार

**फतेहपुर।** सदर कोतवाली पुलिस ने अस्ती कांशीराम कालोनी निवासी मोहम्मद आमिर पुत्र मोहम्मद नासिर के खिलाफ गोहत्या निवारण अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया था। जिसके बाद से आरोपी फरार चल रहा था। सोमवार को पुलिस ने आरोपी की गिरफ्तारी कर न्यायालय रवाना किया है।

### बालिकाओं को किया गया जागरूक

**फतेहपुर।** एसपी उदय शंकर सिंह के निर्देश पर सोमवार को सभी थानों की एण्टी रोमियो टीमों द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्र में भ्रमण किया। भ्रमण के दौरान टीमों ने महिलाओं व बालिकाओं को महिला सुरक्षा के लिए जारी विभिन्न हेल्प लाइन नम्बरों की जानकारी देकर जागरूक किया।

### दो दिवसीय मेले का आयोजन

**थरियांव।** क्षेत्र के मलाव गांव के बाहर बने भगवान श्री पहलवान बाबा मंदिर धाम में कई वर्षों की तरह इस वर्ष भी मेले का आयोजन हुआ। जहां गांव के सभी भक्तों बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। पहलवान बाबा मंदिर धाम में छह मई और सात मई को हर वर्ष मेला का आयोजन होता है। इस मेले में दूर-दूर के दुकानदार अपनी दुकान लगाने के लिए लाते है। वही मेला कमेटी के द्वारा दोनों दिन रात्रि में दुकानदारों और गांव वालों के लिए मनोरंजन का भी इंतजाम रखा जाता है।

# भाजपा विधायक के खिलाफ शुरू हुई जमीन हथियाने की जांच

## शासन ने दिए जांच के आदेश, पुत्र भी आरोपी, पुलिस व राजस्व विभाग खंगाल रहे दस्तावेज

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

- चुनावी दौर में भाजपाइयों की हो रही किरकिरी
- भाजपा विधायक ने प्रकरण पर साधी चुप्पी

**अमृत विचार।** भाजपा विधायक कृष्णा पासवान व उनके बेटे पर जमीन हथियाना के मामले में लगे गंभीर आरोपों के बाद शासन से लेकर प्रशासन तक गंभीर हो गया है। राजस्व पुलिस की टीम ने पूरे मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है। इस मामले को लेकर शासन ने भी गंभीर रुख अपनाया है और जिला प्रशासन से कार्रवाई किए जाने के निर्देश दिए हैं। चुनावी माहौल होने के चलते भाजपा की जमकर किरकिरी होती जा रही है। वहीं भाजपा विधायक प्रकरण पर कुछ भी खुलकर बोलने को तैयार नहीं हैं।

सदर कोतवाली क्षेत्र के कृष्ण बिहारी नगर नई बस्ती के रहने वाले गिरजा शंकर शिवहरे व उनकी पत्नी सीमा शिवहरे ने तीन दिन पहले प्रेसवार्ता कर आरोप लगाया था कि पटेल नगर स्थित उनके प्लाट पर भाजपा विधायक व उनके ब्लॉक प्रमुख पुत्र ने प्लाट पर पहले तीन फीट जमीन कब्जा कर लिया और उसके बाद अब प्लाट में निर्माण भी नहीं करने दे रहे हैं। गालीगलौज कर प्लाट छोड़ने की धमकी दे रहे हैं।

भाजपा विधायक पर लगे गंभीर आरोपों के बाद अब भाजपा नेताओं की जमकर किरकिरी हो रही है। पीड़ित परिवार ने भाजपा के वरिष्ठ नेताओं एवं सरकार को भी पत्र भेजकर न्याय की गुहार लगाई है। इसके साथ ही पुलिस और प्रशासन को भी बाकायदा शिकायती प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई किए जाने की मांग की है। पीड़ित परिवार के इन आरोपों को लेकर सत्तारूढ़ दल के नेताओं को झटका लगा है। इस मामले को लेकर शासन व प्रशासन तक गंभीर हो गया है। प्रशासन व पुलिस ने अलग-अलग टीम में बनाकर जांच-पड़ताल शुरू कर दी है। प्रशासन की तरफ से राजस्व टीम दस्तावेज खंगालने में जुट गई है। जबकि पुलिस ने भी इस पूरे मामले में अपने स्तर से जांच पड़ताल शुरू की है। कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस अधीक्षक ने गोपनीय तरीके से जांच शुरू करवाई है। पीड़ित परिवार का दावा है कि अगर पूरी ईमानदारी के साथ जांच पड़ताल की गई तो इस पूरे मामले में वहीं सही साबित होंगे। उधर भाजपा विधायक कृष्णा पासवान ने इस बारे में कुछ बोलने से इंकार कर दिया। कुरेदने पर इतना कहा कि यह विरोधियों की साजिश है।

### सत्ताधारियों का यह कोई पहला मामला नहीं

भाजपा विधायक व उनके बेटे पर जमीन कब्जा किए जाने का मामला यह कोई पहला मामला नहीं है। इससे पहले भी भाजपा नेताओं के ऊपर लोगों की जमीन कब्जा किए जाने के आरोप लगते आ रहे हैं। सत्ता का दबाव होने की वजह से पीड़ित परिवारों को न्याय नहीं मिल पाया। अब चुनाव के माहौल में भाजपा नेताओं द्वारा किए गए जमीन के कारोबार के तमाम मामले खुलकर सामने आ रहे हैं। विपक्ष भी इसका सीधे फायदा उठाने में जुटा है।

### अब जांच पर टिकी निगाहें

भाजपा विधायक पर गंभीर आरोप लगाने वाली सीमा शिवहरे व उनके पति गिरिजा शंकर शिवहरे अगर सही साबित हुए तो भाजपा विधायक को उनके बेटे के खिलाफ क्या कार्रवाई होगी, यह तो बाद में पता चलेगा। जांच शुरू होने के बाद अब इस पर सभी की निगाहें टिकी हुई हैं। हालांकि जिस तरीके से पुलिस और राजस्व की टीम में दस्तावेज खंगालने में जुटी हुई है। इससे जाहिर होता है कि इस पूरे मामले में भाजपा विधायक व उनके बेटे के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा सकती है।

# रिटायर्ड शिक्षक को सांड़ ने पटका, मौत

**फतेहपुर।** घर से मार्निंग वॉक पर निकले रिटायर्ड शिक्षक पर दो दिन पूर्व एक सांड़ ने हमला कर दिया था। इस घटना में बुजुर्ग शिक्षक गंभीर रूप से घायल हो गए थे। घायल को परिजनों ने कानपुर में भर्ती कराया था। जहां रविवार की देर रात उनकी सांसें थम गईं। कल्यानपुर थाना क्षेत्र के अदमापुर गांव निवासी मोहन सिंह चौहान रिटायर्ड शिक्षक थे। परिजनों ने बताया कि दो दिन पहले वह रोज की तरह मार्निंग वाक के लिए घर से निकले थे। इस दौरान सुबह करीब पांच बजे जैसे ही मोहन सिंह खजुहा-पहुर सड़क मार्ग पर पहुंचे, तभी अचानक पीछे से आए सांड़ ने बुजुर्ग शिक्षक पर हमला कर दिया। हादसे में लहूलुहान होकर शिक्षक बेहोश होकर गिर पड़े। हमले में उनके सिर पर गंभीर चोट आई थी। यह देख आसपास मौजूद ग्रामीण दौड़कर मौके पर पहुंचे और घटना की जानकारी परिजन को दी। मौके पर पहुंचे परिजन आनन-फानन बुजुर्ग को नजदीक के अस्पताल लेकर पहुंचे। डॉक्टर ने हालत नाजुक देखकर उन्हें कानपुर रेफर कर दिया। रविवार की देर रात शिक्षक की मौत हो गई।

## सार-संक्षेप

### ठेकेदार ने वाहन रोकने पर वन रक्षक को पीटा

**फतेहपुर।** धाता थाना क्षेत्र में चेकिंग के दौरान लकड़ी कटवाकर बेचने जा रहे ठेकेदार ने वाहन रोकने पर वन रक्षक को पीट दिया। वन दरोगा ने आरोपी के खिलाफ सरकारी कर्मचारी से मारपीट, जान से मारने की धमकी समेत कई धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कराई है। खखरेरू रेंज क्षेत्र में अनूप कुमार शुक्ल वन दरोगा हैं। उन्होंने बताया कि धाता लकड़ी लदी लोडर तिरपाल से ढकी आने की सूचना पर रात को रोकवाई गई। चालक से पूछताछ में पता लगा कि लकड़ी देवरार गांव से इरफान निवासी चमनगंज कस्बा मंझनपुर थाना मंझनपुर कौशांबी ने कटवा लदवाई है। गाड़ी में इरफान मौजूद मिला। पेड़ कटान व परिवहन कागजात मांगे। कागज न मिलने पर थाना धाता ले जाने लगे। उसने थाने जाने से मना किया और गाली गलौज कर मारपीट की। मारपीट में वन रक्षक अनुरुद्ध सिंह को गंभीर चोट आई। उधर, ललौली थाने के तपनी गांव में सागौन के पेड़ काटने का वन दरोगा रवींद्र कुमार की ओर से रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। मौके से 30 पेड़ सागौन के अवैध रूप से काटे गए। सागौन के पेड़ रोहित सिंह के हैं। उन्होंने बिना अनुमति कटवाए हैं। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है।

### जंगल गए युवक को मारपीट कर नकदी लूटी

**थरियांव।** रिश्तेदारी में पहुंचे एक युवक के साथ जंगल में कुछ लोगों ने लूटपाट की। विरोध करने पर उसके साथ जमकर मारपीट की और मरणासन्न हालत में छोड़कर लोग भाग निकले। पीड़ित ने मामले की तहरीर पुलिस को सौंपी है। खागा कोतवाली क्षेत्र के कठखेरवा गांव निवासी अजय कुमार ने बताया कि थरियांव थाना क्षेत्र के नौबस्ता अपनी बुआ के यहां आया था। तभी गांव के बाहर जंगल में नित्यक्रिया के लिए वह गया था। जहां दस से 15 लोग पहुंचे और छीनाझपटी करने लगे। विरोध करने पर उसके साथ जमकर मारपीट की और पैंट की जेब से 27 सौ रूपए लूट लिए। जब घायल युवक ने अपने फूफा को बुलाने की बात कही तो उसका कीमती मोबाइल भी पटककर तोड़ दिया। उसे जब रविवार देर रात होश आया तो वह घर पहुंचा। पीड़ित ने बताया कि दो लोगों की आवाज से वह पहचान गया है। थानाध्यक्ष रणजीत बहादुर सिंह ने बताया कि तहरीर मिली है। लुटेरों की पहचान कर गिरफ्तारी की जाएगी।

### अपहृत किशोर बरामद

**फतेहपुर।** गाजीपुर थाना क्षेत्र के सिमौर गांव निवासी शिवभोला प्रजापति का 13 वर्षीय पुत्र राजकिशोर उर्फ बुधूल अचानक लापता हो गया था। परिजनों ने थाने में तहरीर देकर अपहरण का मामला दर्ज कराया था। जिसके बाद सक्रिय हुई पुलिस ने रविवार शाम को किशोर को शाह से बनरसी वाले मार्ग से बरामद कर लिया है। वहीं परिजनों को सूचना देकर उनके सुपुर्द कर दिया गया है।

### दिव्यांग महिला के शौचालय का निर्माण रोका

**थरियांव।** थाना क्षेत्र की हसीमपुर निवासी सरस्वती देवी ने थाने में शिकायती पत्र देते हुए बताया की वह अपने ही घर के सामने अपनी ही जमीन पर शौचालय का निर्माण करा रही है। उसी के घर के बगल का रहने वाले धर्मराज लोधी ने निर्माण कार्य रुकवा दिया है। विरोध करने पर मारपीट की धमकी भी दे रहा है। मामले में पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

### भूमि विवाद में महिला को पीटा

**औंग।** थाना क्षेत्र के आशापुर के मजरे बड़ाखेर निवासी प्रेमा देवी पत्नी पच्चू ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी जमीन पर गांव के कुछ लोग जबरन कब्जा कर रहे थे। जिसका विरोध उसने किया। जिससे नाराज होकर उन लोगों ने लाठी डंडों से महिला की जमकर पिटाई कर दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

### खाना पकाते लगी आग, युवक झुलसा

**फतेहपुर।** एक युवक घर में गैस चूल्हे पर खाना पका रहा था। तभी चूल्हे की आग उसके कपड़ों तक पहुंच गई, जिससे युवक गंभीर रूप से झुलस गया। इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। मलवां थाना क्षेत्र के आदमपुर गांव निवासी राज कुमार पांडेय का पुत्र राहुल कुमार पांडेय सोमवार सुबह अपने घर में अकेला होने की वजह से गैस चूल्हे पर खाना बना रहा था। तभी चूल्हे से निकली आग कपड़ो तक लग गई। जिससे राहुल गंभीर रूप से झुलस गया। राहुल को जिला अस्पताल पहुंचाया गया।

# मूक बधिर किशोरी के साथ दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

फॉलोअप

संवाददाता असोथर

- 24 घंटे के भीतर पुलिस ने अधेड़ आरोपी को दबोचा

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के एक गांव में मूक बधिर दिव्यांग किशोरी के साथ एक अधेड़ ने दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया था। घटना को लेकर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी थी। इधर पुलिस ने घटना कारित करने वाले फरार आरोपी को 24 घंटे के अंदर गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया। उसे जेल भेज दिया गया।

शनिवार शाम असोथर थाना क्षेत्र के एक गांव में घर के पीछे पेड़ के नीचे सो रही मूकबधिर दिव्यांग किशोरी को अकेला पाकर पड़ोस के अधेड़ उम्र के एक व्यक्ति ने दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया था। किशोरी के कराहने की आवाज सुन घर में मौजूद मां पहुंची थी और पकड़ने के प्रयास पर आरोपी सरवन कोरी धक्का देकर गाली गलौज और जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गया था। किशोरी के पिता की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी थी। वहीं किशोरी को मेडिकल के लिए जिला अस्पताल भेजा था। थाना प्रभारी विनोद कुमार मौर्य ने बताया कि फरार आरोपी सरवन कोरी पुत्र शिवबोधन को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

# इंटर में अशरा, हाईस्कूल में आराध्या का बजा डंका

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर



टॉप टेन की सूची में आये मेधावियों को मिठाई खिलातीं प्रधानाचार्य। अमृत विचार

**अमृत विचार।** आईसीएसई ने सोमवार को आईसीएससी हाईस्कूल तथा आईएससी इंटरमीडियट का परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया। इंटर में प्लेवे स्कूल की अशरा परवेज ने 95.75 प्रतिशत अंक लाकर जिले में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। वहीं हाईस्कूल में संत जांस स्कूल की आराध्या वर्मा ने 94.80 फीसदी अंक के साथ जिले में टाप किया है। इस बार भी शहर के प्लेवे इंग्लिश स्कूल का दबादबा कायम रहा। स्कूलों में परिणाम आने के बाद जश्न मनाया गया। स्कूल परिवार ने मेधाओं को मिठाई खिलाकर बधाई दी है।

सोमवार की दोपहर करीब 12 बजे बोर्ड ने परीक्षा परिणाम जारी किया। परिणाम जानने के लिए छात्र-छात्राएं एवं उनके अभिभावकों की स्कूल में भीड़ रही। परिणाम की जानकारी आते ही छात्रों के चेहरों में खुशी छा गई। हाईस्कूल में संत जांस स्कूल की आराध्या वर्मा ने 94.80 प्रतिशत अंक लाकर अव्वल रही। वहीं प्लेवे इंग्लिश स्कूल की इंटरमीडियट की छात्रा अशरा परवेज ने 95.75 प्रतिशत अंक के जिले में टॉप करते हुए अपनी प्रतिभा का परिचय दिया है।

प्ले-वे इंग्लिश स्कूल के ही इंटर की छात्रा अशरा परवेज ने 95.75 प्रतिशत अंकों के साथ जिले में परचम लहराया है। ऐसे ही इंटर की ही निशी दुबे 94.25 प्रतिशत, कोमल कसौधन 90.75 प्रतिशत एवं खुशी देवी ने 89.25 प्रतिशत अंक लाकर स्कूल का गौरव बढ़ाया है। इसके अलावा अन्य छात्रों ने भी बेहतर अंक लाकर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। संत जांस स्कूल में हाईस्कूल में 65 एवं इंटर में 32 बच्चों ने भी बेहतर अंक लाकर स्कूल का नाम रोशन किया। इसी तरह से आरवीएस इंटरनेशनल स्कूल में हाईस्कूल के शाश्वत बाजपेई ने 93.00 प्रतिशत, सुयश बाजपेई 93.00 प्रतिशत एवं तेजस कुमार ने 92.00 प्रतिशत अंक लका स्कूल का नाम रोशन किया है। स्कूल प्रशासन ने सभी बच्चों को मिठाई खिलाकर आगे भी अपनी प्रतिभा को और बढ़ाने की नसीहत दी। प्लेवे स्कूल की प्रधानाचार्या जाफरी एवं प्रबंधक हुसैन अख्तर जाफरी ने बोर्ड परीक्षा में सफल छात्र-छात्राओं को बधाई दी है। परिणाम आने के बाद स्कूलों में जश्न मनाया गया।

### प्लेवे के मेधावी

| | |
|---|---|
| अशरा परवेज | 95 .75 प्रतिशत |
| निशी दुबे | 94 .25 प्रतिशत |
| कोमल कसौधन | 90 .75 प्रतिशत |
| खुशी देवी | 89 .25 प्रतिशत |

लोकसभा चुनाव | चार हजार किट की व्यवस्था कर रहा स्वास्थ्य विभाग

# कार्मिकों को मिलेगी फर्स्ट एड किट

संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** मौसम विभाग ने आने वाले दिनों में प्रचंड गर्मी का पूर्वानुमान जताया है। वहीं जिले में पांचवें चरण में 20 मई को लोकसभा चुनाव का मतदान होना है। ऐसे में यदि किसी कार्मिक की सेहत गर्मी से बिगड़ती है तो उनके पास मौजूद मेडिकल किट के जरिए उन्हें प्राथमिक चिकित्सा मुहैया हो सकेगी।

स्वास्थ्य विभाग पोलिंग पार्टियों के लिए करीब चार हजार दवा किट की व्यवस्था करा रहा है। दवा किट तैयार कराने की जिम्मेदारी सीएमओ डॉ. इस्तियाक अहमद के पास है। उन्होंने बताया कि 2143 किट मतदान पार्टियों व बाकी की किट सेक्टर, जोनल मजिस्ट्रेट व पुलिस पार्टियों को सौंपी जाएंगी। हर किट में ओआरएस अनिवार्य रूप से रखने के निर्देश मिले हैं। करीब ढाई लाख ओआरएस पैकेट मुहैया कराए गए है। किट में पेट दर्द, उल्टी, दस्त, सीने में दर्द, चोट में लगाने वाला मलहम व पट्टी समेत अन्य दवाएं शामिल हैं।

### किट में होंगी दवाएं और ऐसे होगा उपयोग

- पैरासीटामाल 500 एमजी-बुखार होने पर
- डायक्लोफेनिक एसआर 100- दर्द होने पर
- आइसोसार्बाइड 10 एमजी- सीने में दर्द, बीपी बढ़ने पर
- ओआरएस- डिहाइड्रेशन होने पर
- डॉमपरिडोन- उल्टी होने पर
- मेट्रोजिल 400-दस्त होने पर
- आयोडीन, रुई,पट्टी- चोट पर
- लीवोसिट्रिजिन- एलर्जी पर
- सिप्रोफ्लाक्सासिन आई ड्रॉप- आंख संबंधी दिक्कतों पर

### एंटी स्नेक वेनम भी रहेगी

मतदान पार्टियों के रवानगी स्थल व ईवीएम जमा होने वाली जगहों पर स्वास्थ्य विभाग की टीमों को तैनात किया जाएगा। आपातकालीन हालात में उपचार मुहैया कराने वाली यह टीमें एंटी स्नेक वेनम से लैस होंगी। एंटी स्नेक वेनम जहर के लिए एक विशिष्ट उपचार होता है जो सांप, बिच्छू जैसे जहरीले कीड़े के काटने पर प्रयोग किया जाता है।

> 2,143 किट मतदान पार्टियों व बाकी की किट सेक्टर, जोनल मजिस्ट्रेट और पुलिस पार्टियों को सौंपी जाएंगी।
>
> -डा. इस्तियाक अहमद, सीएमओ

# गर्मी से बच्चों की नाक से निकल रहा खून

संवाददाता, फतेहपुर

- जिला अस्पताल आ रहे रोगियों में 20 प्रतिशत नाक के मरीज

**अमृत विचार।** पिछले करीब दो सप्ताह से तापमान में उतार चढ़ाव चल रहा है। बढ़ते तापमान से बच्चों को नाक से खून आने की दिक्कतें बढ़ी हैं। ईएनटी विशेषज्ञ डा राजीव चौधरी ने बताया कि पिछले दो सप्ताह से ओपीडी की संख्या में काफी इजाफा हुआ है। रोजाना करीब डेढ़ सौ मरीज परामर्श लेने के लिए आ रहे हैं। जिसमें 20 फीसदी ऐसे बच्चे पहुंच रहे हैं जिन्हें नाक से खून निकलने की समस्या सामने आ रही है।

उन्होंने बताया पिछले दिनों से तापमान अधिक होने के कारण बच्चों की नाक में सूखापन हो रहा है। जिसकी वजह से उनकी नाक से खून निकलने लगता है। उन्होंने बताया कि गर्म हवाओं से नाक सूखने लगती है। जिसकी वजह से बच्चों के नाक से खून निकलने लगता है।

फिर ब्लड प्रेशर के अधिक बढ़ने से भी नाक से खून निकलने लगता है। इस तरह की समस्या होने पर तत्काल प्रशिक्षित डॉक्टर से सलाह जरूर लें।

### बच्चों के प्रति ध्यान रखें

- धूप में न खेलने दें
- धूप से आकर तुरंत ठंडी वस्तुओं का सेवन न करें
- बच्चों को कोल्ड ड्रिंक के आइसक्रीम खाने से परहेज करें
- नहरिया तालाब के पानी में बच्चों को मत नहाने दें
- फुल आस्तीन के कपड़े पहनाएं

# बिजली के पोल से टकराई कार चालक की पिटाई

**फतेहपुर।** रविवार की रात तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर बिजली के पोल से टकराकर दीवार में भिड़ गई। मौके पर मौजूद कुछ युवकों ने कार चालक की खींचकर जमकर धुनाई की। मारपीट का किसी व्यक्ति ने वीडियो बनाकर सोशल मीडिया में वायरल कर दिया। किसी तरह कार चालक ने जान बचाई और पुलिस को सूचना दी। घटना शहर के आबू नगर स्थित बिंदकी बस स्टैंड के पास की है। कार चालक सागर ने बताया कि वह कार लेकर घर जा रहा था तभी रास्ते में कुत्ता आ गया। जिसको बचाने में कार अनियंत्रित होकर बिजली के पोल से टकराकर क्षतिग्रस्त हो गई। मौके पर कुछ युवक आये और नशेबाज कहते हुए मारपीट शुरू कर दिया। जबकि गाड़ी क्षतिग्रस्त हो गई और चोट भी लगी है।

प्रवेश प्रारम्भ
प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

# चुनावी समर में डटे 15 उम्मीदवार वितरित किए गए चुनाव चिह्न

## लोकसभा चुनाव : नाम वापसी के अंतिम दिन स्पष्ट हुई उम्मीदवारों की संख्या

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** लोकसभा के चुनावी समर में जिले से 15 प्रत्याशी मैदान में रहेंगे। सोमवार को नाम वापसी के दिन किसी भी प्रत्याशी ने अपना पर्चा वापस नहीं लिया। कुल 24 प्रत्याशियों ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया था। 09 प्रत्याशियों के नामांकन पत्रों की जांच में कमियां पाई गईं। इस कारण उन्हें खारिज कर दिया गया था।

नाम वापसी के निर्धारित समय पर कोई पर्चा वापसन होने के बाद अब 15 प्रत्याशी चुनावी मैदान में बचे हैं। सोमवार को भारत निर्वाचन आयोग के गाइड लाइन के अनुसार सभी 15 प्रत्याशियों को चुनाव चिह्न आवंटित किए गए। इसमें मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय और क्षेत्रीय राजनीतिक दलों में समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी नरेश चन्द्र उत्तम को साइकिल, भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी निरंजन ज्योति को कमल, बहुजन समाज पार्टी के प्रत्याशी मनीष सिंह सचान को चुनाव चिह्न हाथी मिला। वहीं पंजीकृत राजनीतिक दल में परिवर्तन समाज पार्टी के कमलेश कुमार सिंह को ऑटो रिक्शा, अखिल भारतीय परिवार पार्टी के नीरज कुमार को केतली, विकास इंसाफ पार्टी के नीरज लोधी को गन्ना किसान, पीपल्स पार्टी ऑफ इण्डिया (डेमोक्रेटिक) के राजबहादुर को फलों से युक्त टोकरी, सरदार पटेल सिद्धांत पार्टी के प्रत्याशी राजेश कुमार पटेल को कटहल, राष्ट्र उदय पार्टी के प्रत्याशी रामकिशोर को ट्रक, भारतीय शक्ति चेतना पार्टी के प्रत्याशी रामबिहारी को बांसुरी, विश्व कल्याण राष्ट्रीय मानव समाज पार्टी के प्रत्याशी जयचंद्र कुमार को स्पैनर, निर्दलीय प्रत्याशी कुलदीप कुशवाहा को कैमरा, निर्दलीयी जितेन्द्र कुमार मौर्या को प्रेस, निर्दलीय प्रत्याशी पंकज अवस्थी को सेब एवं निर्दलीय प्रत्याशी बीरेंद्र सिंह को हेलमेट चुनाव चिन्ह जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा आवंटित किए गए।



चुनाव चिह्न आवंटन का पत्र देतीं जिला निर्वाचन अधिकारी। अमृत विचार

## युवक ने खाया जहरीला पदार्थ

**फतेहपुर।** पारिवारिक कलह के चलते एक युवक ने ज़हरीला पदार्थ खाकर अपनी जीवनलीला खत्म करने का प्रयास किया। उसे इलाज के लिए नज़दीकी स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद सदर अस्पताल रेफर कर दिया।

जहानाबाद थाना क्षेत्र की पपरेंदा गांव निवासी राजाराम के पुत्र राम बिहारी ने पारिवारिक कलह के चलते ज़हरीला पदार्थ खाकर अपनी जीवनलीला समाप्त करने का प्रयास किया। कुछ समय बाद जब उसकी हालत बिगड़ने लगी तो परिजनों को जानकारी हुई।

तुरंत उसको इलाज के लिए जहानाबाद सीएचसी लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद एंबुलेंस से जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। वहीं जिला अस्पताल पहुंचते ही ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर भर्ती कर उसका इलाज कर रहे हैं।

## साइकिल से दोआबा पहुंचने पर स्वागत

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर



पद्मश्री डॉ. सेठ का स्कूल में किया गया स्वागत। अमृत विचार

- भारतीय संस्कृति, संगीत, पर्यावरण के संरक्षण का दिया संदेश
- महर्षि विद्या मंदिर स्कूल में जोरदारी के साथ सम्मान

**अमृत विचार।** सीबीएसई बोर्ड से संचालित महर्षि विद्या मन्दिर सीनियर सेकेण्ड्री स्कूल में सोमवार को साइकिल यात्रा करते हुए गुवाहाटी से चलकर आए पद्मश्री डॉ. किरन सेठ का स्वागत किया गया। जहां उन्होंने जिलेवासियों को विभिन्न बिंदुओं पर संदेश दिया।

आईआईटी खडगपुर से शिक्षा प्राप्त एवं आईआईटी दिल्ली के अवकाश प्राप्त प्रोफेसर अन्तर्राष्ट्रीय संस्था स्पिक मकाय के संस्थापक हैं। इस संस्था को भारतीय शास्त्रीय संगीत एवं संस्कृति को युवाओं में प्रचार-प्रसार के लिए गठित किया गया है। वे साइकिल यात्रा करके भारतीय शास्त्रीय संगीत नृत्य योग और ध्यान का विश्व के युवाओं के मध्य प्रचार-प्रसार कर रहें हैं। बताया गया कि वे अब तक विश्व भर के 500 शहरों में 5000 से अधिक कार्यशालाएं आयोजित कर चुके हैं। उन्होंने कश्मीर से कन्याकुमारी तक की साइकिल यात्रा पूरी करते हुए पुनः गुवाहाटी से चलकर फतेहपुर आए हैं। 2009 में भारत सरकार द्वारा पदमश्री पुरस्कार से इन्हें सम्मानित किया गया है। उन्होंने अपने संदेश में कहा कि हमें दैनिक जीवन में छोटी-छोटी चीजों पर ध्यान देना चाहिए। भू-जल के गिरते हुए स्तर पर चिंता करते हुए उन्होंने कहा कि तीसरा विश्व युद्ध पानी के लिए होगा इसमें कोई सन्देह नहीं है। उन्होंने रीड्यूज रीयूज और रीसाइकिल के तरीके बताये। बच्चों का आह्वान करते हुये उन्होंने कहा कि एकाग्रता अध्ययन में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करती है। इसके लिए अपनी दिनचर्या में उन्हें आधे घंटे योग के लिए देना चाहिए। भारतीय शास्त्रीय संगीत एकाग्रता बढ़ाने में बहुत ही उपयोगी है। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रमोद कुमार त्रिपाठी ने उनका अंगवस्त्र, पुष्प गुच्छ व शॉल भेंट कर स्वागत किया गया।

# भारोत्तोलन में छात्र कन्हैया लाल ने पाया प्रदेश में तीसरा मुकाम

संवाददाता, धाता फतेहपुर





पुरस्कार व प्रमाण पत्र के साथ कन्हैया लाल। अमृत विचार

- सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज का छात्र पढ़ने में भी आगे

**अमृत विचार।** नगर पंचायत क्षेत्र स्थित सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के जनपद की सूची में 8वां स्थान प्राप्त करने का गौरव हासिल करने के बाद स्कूल के ही छात्र कन्हैया लाल ने भारोत्तोलन में प्रदेश में तीसरा मुकाम हासिल किया।

कन्हैया ने माता पिता, कोच सहित स्कूल का नाम प्रदेश में रोशन कर किया है। कन्हैया लाल ने बताया की 5 मई को ग्रेटर नोएडा में इंडियन वेटलिफ्ट फेडरेशन द्वारा प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें 66 किलोग्राम भार वर्ग के 35 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया था। 190 किलोग्राम वजन के भार को उठाना था। प्रतियोगिता में कन्हैया लाल ने पूरे प्रदेश में तीसरा स्थान हासिल किया। प्रदेश स्तर में क्वालीफाई होने बाद छात्र को अगस्त में नेशनल डेडलिफ्ट चैंपियनशिप में प्रतिभाग करने का अवसर मिला। छात्र के परिवार में पिता फूलचंद्र व माता तीराशा देवी सहित बड़े भाई विनय कुमार हैं। माता पिता ग्रामीण परिवेश से जुड़े है और भाई प्रयागराज में नौकरी करते हैं। स्कूल प्रधानाचार्य प्रदीप सिंह ने बताया कि छात्र द्वारा स्कूल समय में भी कबड्डी में मंडल स्तर तक प्रतिभाग किया गया था। स्कूल में पढ़ाई के साथ साथ खेल विधा में पारंगत बच्चों को यथासंभव मदद की जाती है।

## एक माह में फुंक गया ट्रांसफार्मर

**असोथर-फतेहपुर।** नगर पंचायत असोथर के सुजानपुर वार्ड में पिछले चार दिनों से ट्रांसफार्मर फुंका पड़ा है। हालांकि 2017 से लगे 25 केवीए के ट्रांसफार्मर को हटाकर पहले बिजली विभाग ने नया 63 केवीए का ट्रांसफार्मर तो बदल दिया था, लेकिन यह ट्रांसफार्मर एक माह भी नहीं चला। सैकड़ों परिवार फिर से अंधेरे में डूब गए। ग्रामीणों को पीने के पानी सहित कई समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।

शंकर सिंह, सुक्कू, लालता, राम मिलन, पप्पू, दिलीप के अनुसार सुजानपुर में दो मई से ट्रांसफार्मर फुंका पड़ा है। जिससे ग्रामीण अंधेरे में रहने को मजबूर हैं। ग्रामीणों ने ट्रांसफार्मर बदलवाने के लिए बिजली विभाग के अधिकारियों को अवगत कराया, लेकिन उन्होंने कोई सुनवाई नहीं की। जेई कमल कुमार ने कहा कि गर्मी और लोड अधिक होने के कारण यह डीपी एक माह भी नहीं चल पाया है।



घर में शिवानी को सम्मानित करते वैश्य समाज के लोग। अमृत विचार

## शिवानी गुप्ता बनीं नायब तहसीलदार

**फतेहपुर।** शिवानी गुप्ता ने नायब तहसीलदार बन कर न सिर्फ अपने माता-पिता का नाम रोशन किया, बल्कि पूरे समाज व जिले का गौरव बढ़ाया है। सोमवार को भारतीय दोसर वैश्य महासमिति के जिलाध्यक्ष नारायण गुप्ता की अगुवाई में दोसर वैश्य समाज के लोगों ने शिवानी गुप्ता के आवास सिविल लाइन में जाकर उनके माता पिता को शुभकामनाएं दी तथा शिवानी के उज्जवल भविष्य की कामना की। उम्मीद जताई कि अपने पद के दायित्व का अच्छे ढंग से निर्वहन करते हुए समाज की सेवा करती रहेंगी। महासमिति के पदाधिकारियों ने बेटी शिवानी को अंगवस्त्र व प्रतीक चिन्ह देते हुये तथा सम्मान पत्र प्रदान करते हुये माता पिता का भी सम्मान किया। राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष विनोद कुमार गुप्ता ने कहा कि बेटी शिवानी ने नायब तहसीलदार के पद पर मनोनीत होकर समाज का गौरव बढाया है। साथ ही उनकी माता नीलम गुप्ता व पिता सुरेश चंद्र गुप्ता भी बधाई के पात्र हैं कि उन्होंने अपनी बेटी को बडे ही परिश्रम व लगन के साथ इस मुकाम पर पहुंचाया। इस मौके पर संजय गुप्ता, अभिलाष गुप्ता आचार्य, साजन गुप्ता, आनंद गुप्ता आदि रहे।

## सार-संक्षेप

### भाई की हत्या करने के प्रयास में आरोपी गिरफ्तार

**बिंदकी।** घरेलू विवाद के चलते घर में घुसकर ईंट मारकर भाई की हत्या के प्रयास के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी को कोर्ट में पेश करने पर जेल भेज दिया गया। बिन्दकी कोतवाली क्षेत्र के काज़ीखेड़ा गांव में 20 अप्रैल को घरेलू विवाद के चलते विनोद पाल अमित ने अपने भाई दिनेश के घर में घुसकर उसे ईंट से मारकर हत्या का प्रयास किया था। दिनेश किसी तरह जान बचाकर भागा था। इस मामले में पुलिस ने आरोपी विनोद पाल के खिलाफ भाई के हत्या के प्रयास का मामला दर्ज किया था। मामले में सोमवार को मुखबिर की सूचना पर खजुहा चौकी इंचार्ज भारत सिंह ने हमराही सिपाहियों के साथ आरोपी विनोद पाल को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी की निशानदेही पर उस ईट को भी बरामद किया, जिसका प्रयोग भाई की हत्या करने के प्रयास करने के दौरान में किया गया था। पुलिस ने कार्रवाई कर आरोपी को कोर्ट में पेश करते हुए जेल भेजने की कार्रवाई की है।

### बच्ची के साथ दुष्कर्म करने वाला दबोचा गया

**जाफरगंज।** जाफरगंज थाना क्षेत्र के एक गांव में एक सात वर्षीय बच्ची के साथ दुष्कर्म की घटना हुई थी। मामले में पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी थी। मामले में सोमवार को पुलिस ने आरोपी की गिरफ्तारी कर कोर्ट में पेश किया और जेल भेजने की कार्रवाई की है। पूरे मामले में पीड़ित बच्ची के पिता ने बताया था अपनी बुआ के यहां पांच दिन पूर्व पहुंचा कानपुर नगर के घाटमपुर कोतवाली के पासीखेड़ा गांव निवासी राम नारायण का पुत्र प्रदीप उसकी सात वर्षीय बेटी के मुंह में कपड़ा ठूंस कर बेटी को सोते समय जंगल उठा ले गया था। गांव से करीब एक किलोमीटर दूर जंगल ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म किया और जान से मारने का प्रयास भी किया था। बच्ची ने आपबीती सुनाई तो उसके पिता की तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी थी। थाना प्रभारी ने सत्यपाल सिंह ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली कि आरोपी गढ़ी तिराहे में मौजूद है और भागने की फिराक में हैं। पुलिस ने तत्काल पहुंचकर आरोपी की गिरफ्तारी कर कोर्ट में पेश किया और उसे जेल भेजा गया है।

### मानकविहीन नाला निर्माण से ग्रामीण खफा

**जाफरगंज फतेहपुर।** खजुहा विकास खंड के मदुरी गांव में जिला पंचायत निधि से नाला निर्माण में अनियमितताएं बरती जा रही हैं। सोमवार को ग्रामीण इसका विरोध करते नजर आए। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि निर्माण सामग्री में खेल किया जा रहा है, जिससे नाला मानक के अनुरुप नहीं तैयार हो रहा है। बताया कि गांव के भगवान दीन अवस्थी के घर से सुभाष की चक्की तक लगभग तीन सौ मीटर नाले का निर्माण कराया जा रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि लाखों रुपए से निर्मित नाले में कार्यदाई संस्था द्वारा खिलवाड़ किया जा रहा है। बताया कि जिससे नाले की मजबूती पर प्रश्न चिन्ह लग रहा है। जिस तरह से नाला निर्माण हो रहा है जल्दी ही धराशयी होने की संभावना है। वहीं नाला निर्माण करने वाले ठेकेदार ने बताया कि काम में किसी प्रकार की हीला हवाली नहीं की जा रही है काम मानक के अनुरूप हो रहा है। ग्रामीणों ने मामले की शिकायत मुख्यमंत्री पोर्टल में करने के साथ ही जिलाधिकारी से करने की बात कही।

### तीन मामलों में हुआ समझौता

**फतेहपुर।** पति-पत्नी के बीच पारवारिक विवाद से संबंधित मामलों में काउंसलिंग की कार्यवाही में सोमवार को प्रभारी निरीक्षक संगीता सिंह व उपनिरीक्षक मंजीत यादव एवं काउंसलिंग सदस्य सुरेश चन्द्र जायसवाल व सुनीता गुप्ता द्वारा काउंसलिंग कराते हुए तीन मामलों में समझौता कराया गया। इस मौके पर महिला आरक्षी ममता शर्मा, महिला आरक्षी रिंकी मौजूद रहीं।

### नर्सिंग होम भेजी जा रहीं प्रसव पीड़िताएं

**फतेहपुर।** जिले भर में नर्सिंग होम पनपने के पीछे आशा बहुओं की भी भूमिका मायने रखती हैं। कहने को तो इन्हें प्रसव पीड़ित महिला को सरकारी अस्पताल पहुंचाना होता है और वहां पहुंचने से पहले यह ऐसा माहौल पेश करती हैं कि तीमारदार का मन इनके अनुरूप बदल जाता है। सोमवार को जिला अस्पताल में एक महिला को लाने वाली आशा बहू को एक नर्सिंग होम के गुर्गे से बात करते सुना गया। इसी के कुछ देर बाद प्रसव पीड़ित महिला को चहेते नर्सिंग होम पहुंचा दिया गया। यह सब जिम्मेदारों की नजरों के सामने भी होता है लेकिन इस खेल को रोकने की कोशिशें कतई नहीं हो रही हैं। सीएमएस डा. रेखारानी ने कहा कि अभी तक ऐसी शिकायत नहीं मिली है। फिर भी मामले की पड़ताल कराएंगी। दोषी मिलने पर लिखापढ़ी की जाएगी।

# शादी के नौ दिन बाद सड़क हादसे में युवक की मौत

संवाददाता फतेहपुर

- हादसे में बहन व बहनोई गंभीर घायल, कानपुर रेफर किए गए

**अमृत विचार।** थरियांव थाना क्षेत्र के हसवा निवासी शिवलाल का पुत्र नन्हू ई-रिक्शे पर सवार होकर किसी काम से शहर आ रहा था। जैसे ही ई-रिक्शा कस्बे के बाहर कुछ दूर आगे बढ़ा तभी बाइक सवार को बचाने के प्रयास में ई-रिक्शा अनियंत्रित होकर पलट गया। जिससे रिक्शे पर सवार नन्हू घायल हो गया। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। शादी के नौ दिन ही बाते थे। उसके साथ बहनोई और चचेरे भाई भी घायल हुए।

ललौली थाना क्षेत्र के समदपुर निवासी सुरेश पाल का पुत्र प्रमोद पाल अपने चचेरे भाई रविकरन और थरियांव थाने के एकारी निवासी बहनोई शुभम पाल के साथ बहुआ से रविवार रात बाइक से घर जा रहा था। जमेनी पेट्रोल पंप के पास किसी वाहन की टक्कर से बाइक सवार तीनों घायल हो गए। ग्रामीणों की सूचना पर एंबुलेंस पहुंची। तीनों को गाजीपुर सीएचसी में भर्ती कराया गया। डाक्टर ने प्रमोद पाल को मृत घोषित कर दिया। गंभीर घायल चचेरे भाई रविकरन पाल और जीजा शुभम पाल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। दोनों की हालत नाजुक देखकर डॉक्टर ने कानपुर हैलट रेफर कर दिया। प्रमोद पाल की शादी 27 अप्रैल को मूसेपुर गांव की महादेव पाल की बेटी सीमा के साथ हुई थी। हादसे से मां सुंदरिया और पत्नी सीमा, बहन मनोरमा देवी का हाल बेहाल है। मुंबई में कपड़े का व्यापार करता था। वह 15 अप्रैल को मुंबई से गांव लौटा था। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

## युवक को सांप ने डसा, गंभीर

**फतेहपुर।** खेत गए एक किसान को सोमवार को एक जहरीले सर्प ने डस लिया। सर्पदंश की जानकारी परिजनों को हुई तो तुरंत उसको इलाज के लिए नज़दीकी स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे रेफर कर दिया।

बिन्दकी कोतवाली क्षेत्र के जैती खेड़ा गांव निवासी जयपाल का पुत्र विवेक कुमार गांव के पास खेत गया था। तभी उसको ज़हरीले सांप ने काट लिया, सांप काटने की बात उसने अपने परिजनों को बताई। तुरंत परिजन उसको इलाज के लिए बिंदकी सीएचसी लेकर पहुंचे।

जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद एंबुलेंस से जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। वहीं जिला अस्पताल पहुंचते ही ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर भर्ती कर उसका इलाज कर रहे हैं।

# भाजपा की बैठक में मतदान पूर्व के कार्यों की दी गई जानकारी

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** अयाह-शाह विधानसभा क्षेत्र के गाजीपुर कस्बे के भाजपा कार्यालय में सोमवार को विधानसभा चुनाव संचालन समिति की बैठक हुई। मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद जिला प्रभारी, पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष रंजना उपाध्याय द्वारा उपस्थित कार्यकर्ताओं को मतदान पूर्व के शेष दिनों को योजनाबद्ध ढंग से उपयोग करने के तरीकों के बारे में बताया।

उन्होंने बताया कि प्रतिदिन हम सभी को पार्टी द्वारा बताए गए अपने दायित्व कार्यों को पूर्ण करना है। जिलाध्यक्ष मुखलाल पाल ने कहा कि आज विश्व पटल पर देश का मान बढ़ा है, हमें देश को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने में अनवरत कार्य करते रहना है और इस कार्य में बूथों तक के लोगों का विश्वास प्राप्त करना है। बैठक का संचालन विधानसभा संयोजक व पूर्व जिलाध्यक्ष प्रभु दत्त दीक्षित द्वारा किया गया। इस अवसर पर सुशील सिंह चन्देल, ज्ञानेंद्र सचान, विधानसभा प्रवासी विष्णु दयाल, विस्तारक शोमू सैनी, डॉ शिवप्रसाद त्रिपाठी, जिला मीडिया प्रभारी प्रवीण कुमार सिंह, पवन मिश्रा, नीरज सिंह, विनोद पांडेय, राममहेश निषाद, अरिमर्दन सिंह, अनिल शुक्ला, प्रकाश गुप्ता, रजोल मिश्रा, देवराज सिंह, जगदीश गुप्ता, राजा सिंह, राज पांडेय समेत अन्य लोग मौजूद रहे।





बैठक में बोलते पार्टी जिलाध्यक्ष मुख लाल पाल। अमृत विचार

**20 मई को मतदान** बूथों में व्यवस्था देने की कवायद, रखवाए जा रहे पानी के घड़े

# मई की तपिश में मतदान केंद्रों पर वोट बरसाने की तैयारी

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर



रैली को झंडी दिखाते बीईओ संजय सिंह। अमृत विचार

- सेक्टर मजिस्ट्रेट को दी जा रही जिम्मेदारी

**अमृत विचार।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन को लेकर आगामी 20 मई को वोट डाले जाएंगे। प्रशासन ने मतदाताओं को गर्मी से बचाने के लिए कवायद तेज कर दी है। मतदान केंद्रों पर जहां पर वोटरों की लंबी लाइन लगती है, ऐसी जगहों को चिह्नित करके एक-एक सीलिंग लगाई जाएगी। जहां पर पानी की समुचित व्यवस्था नहीं हो सकी वहां पर घड़े रखवाए जाने का इंतजाम किए जा रहे हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी ने मातहतों को निर्देश दिए हैं कि किसी भी मतदान केंद्र पर पेयजल की दिक्कत न हो। जहां पर सेक्टर मजिस्ट्रेट की पेयजल की दिक्कत को लेकर सूचना दी जा रही है, वहां पर इंतजाम कराए जाएं।

जिले में लोकसभा सामान्य निर्वाचन के तहत 20 मई को मतदान कराए जाने की तैयारियां जोरदारी से चल रही हैं। हलांकि मई माह के प्रथम सप्ताह से ही भीषण गर्मी, लू और हीट बेब अपना असर दिखाने लगी है। रोड पर निकलने वाले लोग स्वास्थ्य को देखते हुए पिछले करीब दस दिनों तक मुंह पर गमछा व शारीरिक बचाव से जुड़ी हुई चीजों को पहनकर निकल रहे हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा पोलिंग पार्टियों को हिदायत दी जा रही कि वह डयूटी में पूरे प्रबंध के साथ जाएं। गर्मी को देखते हुए हल्के वस्त्र का प्रयोग करें। अपने पास पीने के लिए बोतल अवश्य रखें। मतदान केंद्र पर एक सीलिंग की व्यवस्था की जा रही है। यह व्यवस्था खासकर उन केंद्रों के लिए की गई है, जहां पर लंबी लाइन लगती है। ऐसे में कोई मतदाता में धूप में नहीं खड़ा रहे। सेक्टर मजिस्ट्रेट की रिपोर्ट के आधार पर जहां पर छोटी-मोटी कमियां थीं, उनको ठीक कराया जा रहा है। यदि किसी केंद्र पर पेयजल की व्यवस्था किसी कारण से नहीं हो सकी है, तो उन स्थानों पर मिट्टी के घड़े रखे जाएंगे।

### स्कूली बच्चों ने निकाली मतदाता जागरुकता रैली

**धाता।** न्याय पंचायत केशवरायपुर केवट के अंतर्गत कंपोजिट विद्यालय केशवरायपुर केवटमई में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। रैली को खण्ड शिक्षा अधिकारी धाता संजय कुमार सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। बच्चों ने 20 मई को अपने मताधिकार अवश्य करने के लिए जागरुकता फैलाई। विद्यालय के प्रधानाध्यापक सतीश कुमार सिंह चंदेल एवं समस्त स्टाफ ने घर घर जाकर 18 वर्ष पूर्ण कर चुके एवं सम्मानित मतदाताओं के साथ आने वाली 20 मई को लोकसभा चुनाव में अपना बहुमूल्य मत का सदुपयोग करके देश के विकास में योगदान करने के लिए शपथ दिलाई। इस अभियान को सफल बनाने के लिए बीईओ संजय कुमार सिंह, प्रधानाध्यापक सतीश कुमार सिंह चंदेल, ग्राम प्रधान धर्म सिंह, निरपत सिंह, रीता सिंह, अमित कुमार शुक्ल, दिनेश कुमार पाल, विमल कुमार, असफा परवीन, रमेश कुमार, राजेंद्र कुमार सहित विद्यालय के लगभग तीन सैकड़ा बच्चों ने अपना योगदान दिया। ऐसे ही प्राथमिक विद्यालय छनैनी, एवं प्राथमिक विद्यालय बरैचा में भी मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। प्राथमिक विद्यालय छनैनी के प्रधानाध्यापक संजय सिंह, आदर्श बघेल, सोमदत्त शुक्ला, प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक आलोक सिंह, संदीप सिंह, सचिन पटेल, प्रियंका पांडेय आदि लोग शामिल रहे।

# घाटमपुर के आंगनबाड़ी केंद्र में लंबे समय से लटक रहा ताला

संवाददाता, असोथर-फतेहपुर



बदहाली बयां करता आंगनबाड़ी केंद्र।

> आंगनबाड़ी केंद्र के बंद होने की जानकारी नहीं है। मामले की जांच कर दोषी पाए जाने पर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।
>
> – सिया दुलारी, सुपरवाइजर

**अमृत विचार।** असोथर ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम सभा घाटमपुर में आंगनबाड़ी केंद्र नहीं खुलता है। जहां आंगनबाड़ी केंद्र से कई योजनाएं जो केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही हैं। लेकिन सभी योजनाओं को आंगनबाड़ी में काम करने वाली कार्यकत्रियां धज्जियां उड़ाने में कोई कसर नहीं छोड़ रही हैं। जबकि आंगनबाड़ी केंद्र से गर्भवती महिलाओं एवं छोटे बच्चों को शिक्षा, पौष्टिक आहार में दाल, घी देकर उनको स्वस्थ एवं रोग मुक्त रखने का नियम है।

गांव के ही दीपू, अंकित, महेश ने बताया कि आंगनबाड़ी केंद्र का ताला ही नहीं खुलता है। इस आंगनबाड़ी केंद्र पर अधिकांश ताला ही लगा रहता है। जो प्रधानमंत्री के सपनों को धरातल लाने की उम्मीदों को चकनाचूर करने में आंगनबाड़ी केंद्र में काम करने वाली कर्मचारी एकदम जिम्मेदारियां ताक पर रखकर काम कर रही हैं। आंगनबाड़ी केंद्र पर छोटे बच्चों को पढ़ाई के गुर सिखाए जाते हैं, जो शिक्षा की पहली सीढ़ी होती है और जब पहली सीढ़ी ही न मिले तो सोच लीजिए कि भविष्य किस पटरी पर जा रहा है।

आंगनबाड़ी केंद्र पर एक हेड एवं एक सहायिका एवं सेक्टर अनुसार एक सुपरवाइजर की नियुक्ति की गई है। इस आंगनबाड़ी केंद्र में आंगनबाड़ी कार्यकत्री की एक वर्ष पूर्व लगभग मौत हो गई थी। जिसके बाद सहायिका उर्मिला देवी को जिम्मेदारी सौंपी गई थी। जो काम तो दूर वह गैर जिम्मेदार के तरह काम कर रहीं हैं। सरकार द्वारा आंगनबाड़ी केंद्रों पर बच्चों के पढ़ाई के लिए बहुत सी सामग्री उपलब्ध कराती है, लेकिन सामग्री का प्रयोग नहीं हो पाता है। वहीं आंगनबाड़ी केंद्र कई लाख रूपये लगाकर बनाए गए हैं। यह आंगनबाड़ी केंद्र भी मुहूर्त का इंतजार कर रहा है।

# विवाहिता की संदिग्ध हालात में मौत परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप

## गुरसहायगंज का मामला, घटना के बाद शव को घर में छोड़कर भाग गए ससुरालवाले

संवाददाता छिबरामऊ, कन्नौज

- भाई की तहरीर पर तीन लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज
- हत्या का आरोप लगाते हुए मायके वालों ने किया हंगामा

**अमृत विचार।** विवाहिता की संदिग्ध हालात में मौत हो गई और ससुराल वाले शव को घर में छोड़कर भाग गए। मौके पर पहुंचे मायके पक्ष के लोगों ने जमकर हंगामा किया और हत्या का आरोप लगाया। पुलिस ने आक्रोशित परिजनों को शांत कराया और कार्रवाई का आश्वासन दिया। पुलिस महिला के भाई की तहरीर पर तीन लोगों के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज की है और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।



नन्हीं देवी।

कोतवाली क्षेत्र के कुंअरपुर बनवारी निवासी रंजीत उर्फ संजीव पुत्र रामदत्त जाटव की शादी गुरसहायगंज कोतवाली क्षेत्र के वैसाबारी निवासी रोशनलाल की पुत्री नन्ही देवी के साथ 2018 में हुई थी। पति शराब पीने का आदी था और आए दिन मारपीट कर प्रताड़ित करता था। इस दौरान नन्ही देवी ने बेटी संध्या और विवेक को जन्म दिया और पति व सास ससुर की मारपीट व मानसिक प्रताड़ना से तंग आकर वह मायके चली गई। 20 दिन पहले पति रंजीत ससुराल गया और मान मनौव्वल कर नन्ही देवी को वापस घर ले आया। रविवार रात नन्ही देवी की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव सौ शैय्या अस्पताल भेज दिया। मायके वालों के पहुंचने से पहले ससुरालीजन फरार हो गए। इस पर उन्होंने हत्या का आरोप लगाकर हंगामा काटा।



मायके पक्ष के लोगों से पूछताछ करती पुलिस। अमृत विचार

पुलिस मायके पक्ष के लोगों को शांत कराया और कार्रवाई का आश्वासन दिया। नन्हीं देवी के भाई कुलदीप ने पति व सास-ससुर के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई है। प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट से मौत के कारण का पता चल सकेगा। जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।

### दहेज की खातिर विवाहिता को घर से निकाला

**तिर्वा, कन्नौज।** दहेज की मांग पूरी न होने पर ससुरालियों ने विवाहिता के साथ मारपीट कर उसे घर से निकाल दिया। पीड़िता ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। कोतवाली के बरकागांव राजा निवासी आरती देवी पत्नी दीपू ने पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि उसका मायका कानपुर के थाना सचेंडी गांव छीलेपुर में है। उसकी शादी उसके परिजनों ने अपनी सामर्थ्य के हिसाब से खूब दान दहेज देकर 15 मई 17 को दीपू के साथ की थी। शादी के कुछ दिन बाद ससुरालीजनों में पति दीपू, राजू, छुन्ना, मोना, आरती उसका उत्पीड़न कर दहेज की मांग करने लगे। जब मांग पूरी नहीं हुई तो 26 मार्च को मारपीट कर उसे घर से निकाल दिया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की है।

### फंदे से लटका मिला युवक का शव

**तिर्वा, कन्नौज।** कोतवाली क्षेत्र के बैसापुर पट्टी गांव निवासी श्याम सिंह दोहरे (24) मजदूरी कर दो छोटे भाइयों के साथ रहता था। सोमवार की सुबह गांव के बाहर लगे ट्रांसफार्मर में रस्सी के फंदे से उसका शव लटका मिला। गांव के लोगों ने बताया कि उसके माता पिता का कुछ वर्ष पहले निधन हो गया था। मृतक तीन भाइयों में सबसे बड़ा था। चार साल पहले जनपद हरदोई निवासी राधा के साथ उसकी शादी हुई थी। एक महीने पहले पत्नी छोड़कर चली गई थी।

घटनास्थल पर पत्नी की फोटो भी रखी थी। कोतवाल जेपी गंगवार ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद कार्रवाई की जाएगी।

# डीआईओएस के निरीक्षण पर उठाए सवाल, एमएलसी ने लगाए आरोप

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- आगरा खंड शिक्षक विधायक ने जिलाधिकारी को भेजा दो पेज का पत्र
- सीबीएसई बोर्ड के स्कूलों की जांच के बाद मामले ने पकड़ा तूल

**अमृत विचार।** डीआईओएस डॉ. पूरन सिंह ने पिछले महीने कुछ सीबीएसई बोर्ड से संबद्ध विद्यालयों का निरीक्षण किया था। उसमें काफी खामियां मिलीं थीं। कुछेक स्कूलों में कक्षा आठ तक की मान्यता भी नहीं पाई गई। अब उसी निरीक्षण को लेकर बखेड़ा खड़ा हो गया है। आगरा खंड के शिक्षक विधायक डॉ. आकाश अग्रवाल ने डीआईओएस की जांच टीम के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। दो पेज की लिखित शिकायत डीएम से हुई है।

शिक्षक विधायक ने डीएम शुभ्रान्त शुक्ल को भेजे पत्र में कहा है कि डीआईओएस कार्यालय से एक तथाकथित जांच टीम बनाई गई है। आरोप है कि इसमें राजकीय अभिनव मॉडल विद्यालय गंगधरापुर के प्रभारी प्रधानाचार्य व संविदाकर्मी कुछ अन्य लोगों के साथ वाहनों से विद्यालयों में छापेमारी कर रहे हैं। टीम के पास किसी प्रकार का अधिकृत पत्र नहीं है। आरोप है कि वह विद्यालयकर्मियों के साथ अभद्र भाषा का प्रयोग करते हैं। साथ ही भारतीय किसान यूनियन बलराज गुट के साथ मिलकर टीम के लोग स्कूलों की फर्जी शिकायतें कराते हैं। डीएम से फर्जी टीम के खिलाफ जांच कराने, स्पष्टीकरण लेकर कार्रवाई करने की मांग हुई है।

बताया गया है कि जांच टीम में केंद्रीय विद्यालय के प्रधानाचार्य, जवाहर नवोदय विद्यालय व सीबीएसई क्षेत्रीय कार्यालय से नामित अधिकारी का होना जरूरी है। उधर, डीआईओएस कार्यालय की ओर से बताया गया है कि डीएम से स्कूलों की शिकायत हुई थी। उनके निर्देश पर ही डीआईओएस ने टीम गठित की है। कुछ नामीगिरामी विद्यालयों के लोग मिलकर एमएलसी से शिकायत कराते हैं।

# फीस सत्यापन कराकर छात्रवृत्ति पाएं छात्र

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- मास्टर फीस लॉक करने के बाद सीट व फीस शून्य होने का मामला

**अमृत विचार।** विश्वविद्यालय की ओर शैक्षिक सत्र 2023-24 में मास्टर फीस लॉक करने के बाद पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग में फीस एवं सीट शून्य प्रदर्शित होने के मामले में अंतिम मौका मिल गया है। सात मई तक लॉगिन खोली गई है, इसमें सत्यापन किया जा सकता है। इसके बाद छात्रवृत्ति मिल सकती है।

जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी अनुपम राय ने जिले के सभी महाविद्यालय व तकनीकी संस्थाओं के प्राचार्य व प्रबंधक को जारी पत्र में कहा है कि पिछड़े वर्ग छात्रवृत्ति योजना के तहत वजीफा, शुल्क प्रतिपूर्ति के लिए आवेदित छात्रों जिनका भुगतान विवि, एफिलिएटिंग एजेंसी, जिला समाज कल्याण अधिकारी के स्तर से सीट वेरीफिकेशन फीस सत्यापन न होने के कारण नहीं किया हुआ है। अब सत्यापन के लिए चार से सात मई तक यह सभी लॉगिन खोली गईं हैं। सभी से सत्यापन के लिए कहा गया है जिससे वजीफा व शुल्क प्रतिपूर्ति का लाभ देने की प्रक्रिया पूरी हो सके।

# हत्या में जेल में बंद युवक दोषमुक्त, रिहा

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** तालग्राम थाना क्षेत्र में वर्ष 2022 में हुई महिला की हत्या के मामले में जेल में बंद आरोपी के खिलाफ कोई साक्ष्य न मिलने पर विशेष न्यायाधीश (एससी-एसटी एक्ट) ने उसे दोषमुक्त कर दिया और जेल से रिहा करने के आदेश दिए हैं। आरोपी के अत्यन्त गरीब होने के कारण ज़िला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव के निर्देश पर चीफ़ लीगल एड डिफ़ेंस काउंसिल द्वारा निशुल्क पैरवी की गई।

तालग्राम थाना क्षेत्र के ग्राम चांदापुर निवासी महावीर की पत्नी राजवती 31 अक्टूबर 2022 को घर से खेतों की ओर गई थी, जहां उसकी गला काटकर हत्या कर दी गई। पति महावीर ने रिश्तेदार जनपद औरैया के अजीतमल थाना क्षेत्र के ग्राम बजरा का नगला निवासी विनोद कुमार पुत्र अतर सिंह पर हत्या का मामला दर्ज कराया था। विवेचना उपनिरीक्षक उपेन्द्र सिंह ने की और आरोप पत्र प्रेषित किया। विनोद ने पैरवी एवं निशुल्क विधिक सहायता के लिए ज़िला विधिक सेवा प्राधिकरण को अनुरोध किया। सचिव लवली जायसवाल ने पैरवी के लिए चीफ़ लीगल एड डिफ़ेंस काउंसिल श्वेतांक अरुण तिवारी को नियुक्त किया। अभियोजन की तरफ से आठ गवाह पेश किए गए। विशेष न्यायाधीश (एससी-एसटी एक्ट) हरिप्रसाद ने अभियोजन गवाहों के साक्ष्यों में विरोधाभास होने व विनोद के खिलाफ पर्याप्त साक्ष्य न होने से उसे दोषमुक्त कर रिहा करने के आदेश दिए हैं।

### हत्यारोपी को गैंगस्टर एक्ट में पांच साल की कैद

**कन्नौज।** हत्यारोपी को गैंगस्टर एक्ट में पांच साल कठोर कारावास की सजा सुनाई गई है और उस पर पांच हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया गया है। जुर्माना अदा न करने पर एक माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। ट्रायल के दौरान एक आरोपी की मौत हो चुकी है, जबकि पुलिस ने दोनों के खिलाफ आरोप पत्र प्रेषित किया था। शासकीय अधिवक्ता सुधीर कुमार पांडेय ने बताया कि सदर कोतवाली क्षेत्र के मिश्रीपुर गांव के सुदामा पुत्र घुरई किसान व रोहित पुत्र रामनरेश के खिलाफ वर्ष 2002 में हत्या व साक्ष्य मिटाने का मुकदमा दर्ज कराया गया था। विवेचना में पता चला कि दोनों आरोपी अपराध कर धनोपार्जन करते हैं, जिससे क्षेत्र में दहशत है। जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक के अनुमोदन के बाद 24 अगस्त 2002 को तत्कालीन प्रभारी निरीक्षक नंद कुमार ओझा ने सुदामा व रोहित के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट में मामला दर्ज कराया था। पुलिस ने दोनों के खिलाफ आरोप पत्र न्यायालय में प्रेषित किया था। ट्रायल के दौरान आरोपी रोहित की मृत्यु होने से उसका नाम हटा दिया गया। अभियोजन पक्ष की तरफ से छह गवाह पेश किए गए। सोमवार को विशेष न्यायाधीश (गैंगस्टर एक्ट) नंद कुमार ने सुदामा को दोष सिद्ध करते हुए गैंगस्टर अधिनियम के अंतर्गत पांच साल कठोर कारावास की सजा सुनाई है। इसमें गिरफ्तारी की अवधि को भी समायोजित किया जाएगा।



छात्रा को प्रमाणपत्र देते प्राचार्य डॉ. सुशील कुमार शाक्य। अमृत विचार

# कम शुल्क में बेहतर शिक्षा दे रहा राजकीय महाविद्यालय

संवाददाता, जलालाबाद, कन्नौज

**अमृत विचार।** डॉ. भीमराव अंबेडकर राजकीय महाविद्यालय अनौगी में सोमवार को 15 वें वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्राचार्य प्रोफेसर डॉ. सुशील कुमार शाक्य ने मां सरस्वती के चित्र पर पुष्पांजलि व दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ किया। इसके बाद छात्रा सलोनी, बबीता, नेहा, अंजलि, आरती, छात्र अतुल, मनमोहन, बृजेश, ओमपाल ने गीत, कविता, भाषण आदि की प्रस्तुती दी। कार्यक्रम में असि. प्रोफेसर डॉ. हेंमेद्र सिंह, डॉ. शिप्रा वर्मा, डॉ. संजय कुमार सिंह, डिंपल कुशवाहा, डॉ. अखिलेश कुमार यादव ने प्रतियोगिताओं के विजेता छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र, पुरस्कार वितरण कर उत्साहवर्धन किया। प्राचार्य डॉ. सुशील कुमार शाक्य ने कहा कि राजकीय महाविद्यालय जनपद में कम शुल्क में सबसे अच्छी शिक्षा दे रहा है।

# महाराणा के अपमान पर माफी मांगें अखिलेश

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** मैनपुरी में सपा के रोड शो के दौरान महाराणा प्रताप की प्रतिमा का अपमान करने का मामला तूल पकड़ गया है। प्रतिमा से भाला तोड़कर हाथ में सपा का झंडा पकड़ाने से आक्रोशित क्षत्रिय समाज के लोगों ने सड़कों पर प्रदर्शन किया और नारेबाजी की। कलेक्ट्रेट में ज्ञापन सौंपकर सपा मुखिया अखिलेश यादव से सार्वजनिक रूप से क्षत्रिय समाज से माफी मांगने के लिए कहा है।

सोमवार को जिला मुख्यालय पर अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने जीटी रोड पर पैदल मार्च करते हुए प्रदर्शन किया और अखिलेश के खिलाफ मुर्दाबाद के नारे लगाए। प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे ठाकुर हरिबख्श सिंह ने कहा कि महाराणा प्रताप क्षत्रिय राजपूत कुल शिरोमणि हैं, जिनकी वीरता के आगे मुगल सल्तनत ने भी घुटने टेक दिए थे। आज उन्हीं मुगलों की संतानों के वोट के लालच में सपाइयों ने महाराणा प्रताप का अपमान किया, जिसे क्षत्रिय समाज बर्दाश्त नहीं करेगा। भाजपा जिलाध्यक्ष वीर सिंह भदौरिया ने कहा कि सपा हमेशा तुष्टीकरण की राजनीति करती है। अखिलेश को सार्वजनिक रूप से क्षत्रिय समाज से माफी मांगनी चाहिए। राजीव ठाकुर ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस घटना की उच्च स्तरीय जांच के आदेश दिए हैं। इस दौरान हरिभान सिंह, राहुल प्रताप सिंह, ओम सिंह गहरवार, अभिषेक आजाद, बंटी ठाकुर, शैलेंद्र प्रताप सिंह गौर, विपुल प्रताप सिंह, संजीव सिंह चौहान उपस्थित रहे।



जीटी रोड पर प्रदर्शन कर नारेबाजी करते क्षत्रिय समाज के लोग। अमृत विचार

- क्षत्रिय समाज के लोगों ने प्रदर्शन कर की नारेबाजी

# किशोरी से दुष्कर्म के आरोपी को 24 घंटे के अंदर पकड़ा

**तिर्वा।** थाना ठठिया पुलिस ने बलात्कार के मामले में रिपोर्ट दर्ज होने के बाद वांछित आरोपी को 24 घण्टे में गिरफ्तार कर जेल भेजा है। पीड़ित किशोरी का चिकित्सीय परीक्षण कराया गया है।

ठठिया थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी किशोरी रविवार को सौच के लिये खेत पर गई थी। इसी दौरान गांव के ही आरोपी मोहित उर्फ कल्लू पुत्र राकेश दोहरे ने पीड़िता के साथ रामपाल के मक्का खेत में डरा धमका व मारपीट कर उसके साथ बलात्कार किया और जान से मारने की धमकी दी थी। मामले की रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर पाक्सो एक्ट व अन्य गंभीर धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की थी। क्षेत्राधिकारी प्रियंका बाजपेई के पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष ठठिया किशन पाल सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम बनाई गई। टीम ने तत्काल प्रभावी कार्रवाई करते हुए साक्ष्य एकत्र किये और आरोपी की खोज की। इस दौरान पुलिस ने कढेरा के निकट आरोपी मोहित उर्फ कल्लू को सोमवार को घटना के 24 घण्टे के अन्दर गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे जेल भेजा गया। आरोपी को गिरफ्तार करने वाली टीम में थानाध्यक्ष किशन पाल सिंह, दरोगा हसीब अहमद, सिपाही सागर, सौरभ कुमार, उमाशंकर को सफलता मिली। एसपी अमित कुमार आनन्द ने पुलिस टीम की सराहना की है।

# अंतर्जनपदीय चोर गैंग के पांच सदस्य गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- चोरी का माल, तमंचे बरामद विभिन्न जिलों में देते थे घटनाओं को अंजाम

**अमृत विचार।** इंदरगढ़ पुलिस ने अंतर्जनपदीय शातिर चोरों के गैंग को पकड़ा है। इनके पास से चोरी के माल व तमंचे बरामद किये गये हैं। चोरों ने कई चोरियां कबूलीं हैं।

इंदरगढ़ थानाध्यक्ष आनन्द कुमार मिश्रा के नेतृत्व में चेकिंग के दौरान शातिर चोर व लुटेरे नेकसू उर्फ सूरज पुत्र राम प्रकाश बहेलिया निवासी ग्राम रजपुरा थाना नयागांव जनपद एटा, पप्पू पुत्र डम्बर बहेलिया निवासी रिहुआ थाना इंदरगढ़ जनपद कन्नौज, अर्जुन पुत्र हल्लू बहेलिया निवासी ग्राम सिकंदरपुर थाना कोतवाली मैनपुरी जनपद मैनपुरी, संतोष पुत्र रामप्रकाश बहेलिया ग्राम रजपुरा थाना नयागाँव जनपद एटा, राजाराम पुत्र सोनेलाल बहेलिया ग्राम रजपुरा थाना नयागांव जनपद एटा को थाना इन्दरगढ़ पुलिस ने गिरफ्तार किया गया। इन घटनाओं को दिया अंजामः चोरों ने ठठिया रोड तिर्वा कस्बे के मोहल्ला कृष्णा नगर में बंद मकान की छत पर चढ़कर लोहे का जाल काटकर घर में घुसकर खिड़की तोड़कर अलमारी व बक्सा खोलकर जेवरात व नकदी चोरी की थी। तिर्वा कोतवाली क्षेत्र के गांव भुगैतापुर में सड़क के किनारे बंद मकान में का ताला तोड़कर जेवरात चोरी किये। दोनों जगह से चोरी किए गए जेवरातों को कुछ दिन पहले इन लोगों ने बेच दिया, जिससे करीब 85000 रुपये मिले थे । उन पैसों को बांट लिया।





इंदरगढ़ पुलिस की गिरफ्त में अंतर्जनपदीय चोर। अमृत विचार

### आरोपियों का आपराधिक इतिहास

नेकसू उर्फ सूरज बहेलिया पर 10 संगीन मुकदमें एटा, व इंदरगढ़ थाने में दर्ज हैं। इसी तरह पप्पू बहेलिया पर कोतवाली तिर्वा, सौरिख, कासगंज, फतेहगढ़, मैनपुरी व इंदरगढ़ में 11 मुकदमे दर्ज हैं। संतोष बहेलिया पर फिरोजाबाद, एटा, मैनपुरी, तिर्वा कन्नौज, सौरिख कन्नौज में 11 मुकदमे दर्ज हैं।

## सार-संक्षेप

### हनुमान मंदिर में एक दिवसीय मेला आज

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** ग्राम सकरवारा बगुलियाई स्थित हनुमान मंदिर में ग्रीष्मकालीन एक दिवसीय मेला का आयोजन मंगलवार को धूमधाम से किया जाएगा। यह जानकारी मेला प्रबंधक कमलेश मिश्रा ने दी। बताया कि वर्ष भर में ग्रीष्म व शीतकालीन, दो बार मेला का आयोजन किया जाता है। इसमें श्रद्धालु अन्नप्राशन, मुंडन संस्कार सहित पूजा अर्चना के लिए आते हैं।

### फसल कटाई के गेहूं मांगने पर मां-बेटों को पीटा

**कन्नौज।** चांदापुर गांव में फसल कटाई का गेहूं मांगने पर मां-बेटे की पिटाई की गई। सदर कोतवाली पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ एससी/एसटी एक्ट में रिपोर्ट दर्ज की है। सदर कोतवाली के गांव लालपुर निवासी शामा देवी जाटव पत्नी मुन्नू जाटव ने सदर कोतवाली में गांव चांदापुर निवासी राम नाथ पुत्र मेवाराम यादव, अनरुद्ध, अवनीश पुत्रगण राम नाथ यादव, मलिखान पुत्र ठाकुर प्रसाद के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। आरोप लगाया है कि उसने व परिजनों ने रामनाथ के 25 बीघा खेत के गेहूं की कटाई की थी। प्रतिदिन 20 किलो गेहूं देने की मजदूरी प्रति व्यक्ति तय हुई थी। वह दो मई को गेहूं लेने चांदापुर गांव रामनाथ के घर गई थी। गेहूं की मांग की तो आरोपी गालीगलौज करते हुए उसे व उसके पुत्र विशाल, आदेश को पीटने लगे। जाति सूचक गाली दी। गला दवा कर जान से मारने की धमकी दी। कहा, दोबारा गेहूं लेने आई तो गोली मार देंगे। शोर सुन कर कुछ लोग मौके पर पहुंच गये। उन्होंने बचाया। आरोपियों मजदूरी का गेहूं भी नहीं दिया। पुलिस से शिकायत करने पर पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी दी। आरोपी दबंग हैं। इसी लिये कोई इनके खिलाफ गवाही देने को तैयार नहीं होता।

शाबास | आईसीएसई और आईएससी परीक्षा में सीसीए का शत-प्रतिशत रहा परिणाम

# दसवीं में आयुषी, इंटर में दिव्यांशी व साहिल टॉपर

संवाददाता, छिबरामऊ, कन्नौज

- आयुषी को 97.40 प्रतिशत साहिल व दिव्यांशी को मिले 96 प्रतिशत अंक

**अमृत विचार।** काउंसिल फॉर द इंडियन स्कूल सर्टिफिकेट एग्जामिनेशन-2024 के परीक्षा परिणाम सोमवार को घोषित हो गए। सिटी चिल्ड्रेंस एकेडमी के छात्र-छात्राएं परिणाम देखकर खुशी से झूम उठे। कक्षा 10 में आयुषी गुप्ता व कक्षा 12 में दिव्यांशी सिंह व साहिल कुमार ने टॉप किया। विद्यालय में हाईस्कूल व इंटरमीडिएट का परीक्षाफल शत-प्रतिशत रहा।

विद्यालय की ओर से बताया गया है कि आईसीएसई कक्षा 10 में 161 परीक्षार्थियों में से 21 छात्रों ने 90 प्रतिशत से ज्यादा अंक प्राप्त किए। 64 परीक्षार्थियों ने 80 प्रतिशत से अधिक नंबर पाए। कक्षा 10 में आयुषी ने 97.40 प्रतिशत, दीपेंद्र सिंह व करुणेश प्रकाश ने 96.40 प्रतिशत, देव मिश्रा ने 96.20 प्रतिशत, मयूरकांत मिश्रा ने 95.80 प्रतिशत, आव्या त्रिपाठी ने 95.20 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। आईएससी बोर्ड कक्षा 12 में कुल 126 परीक्षार्थियों में से 10 बच्चे 90 प्रतिशत से अधिक व 55 बच्चे 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर सफल रहे। कक्षा 12 में साहिल कुमार व दिव्यांशी ने संयुक्त रूप से 96 प्रतिशत अंक पाकर स्कूल टाप किया। दिव्या ने 94 प्रतिशत, प्रतीक्षा यादव ने 93.25 प्रतिशत, शुभांगी शर्मा ने 92.75 प्रतिशत, अंबर पाल ने 91.50 प्रतिशत, खुशी दुबे ने 91.25 प्रतिशत, हार्दिक गुप्ता ने 91 प्रतिशत, महक खण्डेलवाल ने 90.75 प्रतिशत, कुशाग्र गुप्ता ने 90.25 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। विद्यालय प्रबंधक प्रदीप प्रधान, प्रशासक सुधा प्रधान, सीईओ विश्वास प्रधान एवं मधु प्रधान ने सभी सफल विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। प्रधानाचार्य बलराज कपूर ने बताया कि बच्चों की मेहनत और कठोर परिश्रम से की गई पढ़ाई का नतीजा है कि बच्चों का शत-प्रतिशत परीक्षा परिणाम रहा है। देर रात तक बच्चों को बधाई देने वालों का तांता लगा रहा।



परीक्षा परिणाम आने के बाद खुशियां मनाते छात्र-छात्राएं। अमृत विचार

### नगला अनूप ने भोला नगरिया को हराया

**छिबरामऊ, कन्नौज।** ग्राम नगला महुआ में क्रिकेट टूर्नामेंट का सातवां मैच टाई होने पर ग्राम भोला नगरिया और नगला अनूप की टीमों के बीच सुपर ओवर खेला गया, जिसमें नगला अनूप की टीम ने जीत दर्ज की। टूर्नामेंट के अध्यक्ष अजीत यादव, अजमेर राजपूत, अजीत राजपूत, सुधीर सक्सेना, पुष्पेंद्र राजपूत व शिशुपाल सिंह ने बताया कि टूर्नामेंट का सातवां मैच ग्राम भोला नगरिया और नगला अनूप की टीमों के बीच खेला गया, जिसमें पहले बल्लेबाजी करते हुए नगला अनूप की टीम ने 12 ओवर में 83 रन बनाए। जवाब में खेलने उतरी भोला नगरिया की टीम निर्धारित ओवरों में 83 रन की बना सकी। इस प्रकार मैच टाई हो गया और सुपर ओवर का रोमांच देखने को मिला। इस ओवर में नगला अनूप की टीम ने मैच जीत लिया।

# किशोर हुआ लापता, पुलिस को मिला

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज/गुरसहायगंज

- गुरसहायगंज कोतवाली के समधन कस्बे का मामला

**अमृत विचार।** सोमवार को परीक्षा देने स्कूल के लिए निकला किशोर लापता हो गया। बाद वह हरदोई रोड तिराहे के निकट पीआरडी जवान को मिला। मामले की सूचना पुलिस को हुई तो उसे कोतवाली लाई। परिजनों व पुलिस ने अपहरण की चर्चाओं को झूठा ठहराया।

गुरसहायगंज कोतवाली क्षेत्र के कस्बा समधन निवासी मोहम्मद अनस (14) पुत्र मोहम्मद राशिद कक्षा सात का छात्र है। सोमवार की सुबह छह बजे वह घर से स्कूल के लिए परीक्षा देने निकला था। घर न लौटने पर उसकी तलाश हुई। उधर, हरदोई रोड तिराहे के निकट तैनात पीआरडी जवान राजीव को देख बच्चा उसके पास पहुंच गया। बच्चे ने ओमनी कार सवारों द्वारा अपना अपहरण होने और सुनसान इलाके में कार रुकने पर वहां से भागने की उसे जानकारी दी। पीआरडी जवान ने आनन-फानन इसकी जानकारी उसके परिजनों व पुलिस को दी। सूचना पर सदर कोतवाली प्रभारी समेत पुलिस बल मौके पर पहुंच गया और बच्चे को कोतवाली लाया गया। इसके बाद उसे एसपी अमित कुमार आनन्द के पास ले जाया गया। तब तक अनस की मां तबस्सुम पत्नी राशिद भी वहां पहुंच गई। उसने एसपी को बताया कि उसने बताया कि वह गरीब है। उसकी किसी से रंजिश भी नहीं है। इसलिये बच्चे का कोई अपहरण नहीं करेगा। बच्चा बीमार रहता है। कुछ दिन पहले भी बिना जानकारी के चला गया था। लोगों ने जानकारी दी थी, तब परिजन लेकर आये थे।

एसपी ने बताया कि समधन, थाना गुरसहायगंज निवासी राशिद के पुत्र अनस (15) कक्षा 7 में पढ़ता है। सोमवार की सुबह 6 बजे वह घर से बिना बताए निकल गया था। तीन मई को भी यह बालक चौकी नौरंगपुर के ग्राम सौसरापुर पहुंच गया था। वहां भी गांव वालों ने उसके परिजनों को सूचना दे घर वापस भेजा था। रास्ते के सीसीटीवी भी देखे गए। प्रकरण में अपहरण जैसी घटना प्रकाश में नहीं आई है। पूछताछ बाद बालक को परिवार के सुपुर्द किया गया।



जानकारी देता बालक मोहम्मद अनस।

# कन्नौज पहुंचे अखिलेश, बाबा गौरीशंकर का लिया आशीष

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार**। लोकसभा कन्नौज से सपा प्रत्याशी व पूर्व मुख्यमंत्री पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव नामांकन के बाद तीसरी बार सोमवार को क्षेत्र में पहुंचे। यहां हेलीकॉप्टर से उतरने के बाद कार से वे सीधे बाबा गौरीशंकर मंदिर पहुंचे। यहां पूजा-अर्चना कर जीत का आशीर्वाद लिया। इसके बाद वे प्रोटोकॉल के अनुसार सपा के चार वरिष्ठ नेताओं से मिले तथा सभी स्थानों पर मौजूद कार्यकर्ताओं से हालचाल लेकर जीत की रणनीति तय की।

सोमवार की दोपहर सपा अध्यक्ष हेलीकॉप्टर से करीब सवा 12 बजे केके इंटर कॉलेज के खेल मैदान में उतरे। उनके यहां पहुंचते ही कार्यकर्ताओं का हुजूम स्वागत के लिए उमड़ पड़ा। एक बारगी सुरक्षा व्यवस्था टूटती दिखाई दी जिस पर सुरक्षा गार्डों ने सतर्कता बरतते हुए अलग घेरा बनाकर गाड़ी तक पहुंचा दिया। इसके बाद वे समर्थकों के साथ सीधे बाबा गौरीशंकर मंदिर पहुंचे तथा विधि विधान से पूजा अर्चना करने के बाद जीत का आशीर्वाद लिया। इसके बाद प्रोटोकॉल के अनुसार ही वे क्रमशः सपा नेता जावेद के यहां मोहल्ला बजरिया शेखाना, सपा नेता बिजेंद्र नारायण सक्सेना 'गुड्डू' के यहां मोहल्ला आनंदीदास तथा फिर पूर्व चेयरमैन सुनील कुमार गुप्त 'मुन्ना भैया' के यहां पहुंचे। इन सभी जगहों पर पहले से भारी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता इंतजार कर रहे थे। अखिलेश के पहुंचते ही जोरदार नारे गुंजायमान हो गए। इस दौरान पुलिस द्वारा यातायात रोके जाने से सड़कों पर सन्नाटे की स्थिति रही लेकिन उत्सुकतावश दुकानदार व लोग जमा रहे। इनको देख अखिलेश ने सभी का अभिवादन करते हुए हाथ जोड़कर समर्थन की अपील की।


अपने आवास पर अखिलेश का स्वागत करते पूर्व चेयरमैन सुनील कुमार गुप्त।


ऐतिहासिक सिद्धपीठ बाबा गौरीशंकर में पूजा-अर्चना करते प्रत्याशी अखिलेश यादव।

- स्थानीय सपा नेताओं से मिले रास्तों पर खड़े लोगों से की वोट की अपील

### चुनाव बाद पार्टी के हर कार्यालय में बनेगा संविधान का मंदिर

कन्नौज। सपा प्रत्याशी ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा कि चुनाव के बाद पार्टी के प्रत्येक कार्यालय में संविधान का मंदिर बनेगा। यह प्रतीक होगा कि सपा संविधान में प्रदत्त अधिकारों की रक्षक है और उनका सम्मान करती है। इस बार जनता संविधान बदलने वालों के बदल देगी। सवालों के जवाब देते हुए कहा कि बहुजन समाज पार्टी भाजपा का सहयोग कर रही है। इस दौरान उन्होंने बहुजन समाज के लोगों का का आह्वान किया कि बसपा को वोट देना वोट को खराब करना है। इसलिए वोट गठबंधन को ही दें। मैनपुरी में महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर सपा का झंडा फहराए जाने संबंधी विवाद को लेकर कहा कि सपा सरकार में उनकी जयंती पर छुट्टी दी गई। कुछ नासमझ लोग प्रतिमा पर चढ़ गए। किसी ने महाराणा के खिलाफ नारे नहीं लगाए लेकिन सराकर के इशारे पर वीडियो म्यूट करके प्रसारित कर दिया। कार्यकर्ताओं के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करा दी गई। यह भाजपा की संस्कृति है। मुद्दों से ध्यान हटाने के लिए यह सब किया जा रहा है। आरोप लगाया कि भाजपा के सभी नेता नकारात्मक राजनीति कर रहे हैं। उनसे जनता सवाल पूछ रही है कि किसान की आय दोगुनी क्यों नहीं हुई? दो करोड़ नौजवानों को नौकरी हर साल क्यों नहीं मिलीं? डीजल पेट्रोल महंगा क्यो? विकसित भारत का सपना दिखाया और भ्रष्टाचार चरम पर पहुंचा दिया। दावा किया कि अब तक हो चुके मतदान में गठबंधन 79 सीटें जीतने जा रहा है।

### अखिलेश के जाने के बाद भाजपाइयों ने धोया मंदिर

**कन्नौज**। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और प्रत्याशी अखिलेश यादव के जाने के बाद भाजपा नगर अध्यक्ष आशुतोष मिश्रा के नेतृत्व में लगभग दो दर्जन कार्यकर्ताओं ने सिद्धपीठ गौरी शंकर मंदिर को धोया और उसे गंगाजल से पवित्र किया। भाजपाइयों का कहना है कि सपा अध्यक्ष जूते पहनकर मंदिर के गर्भ गृह तक गए थे। उनके साथ सुरक्षाकर्मी और कुछ मुस्लिम कार्यकर्ता भी जूते पहनकर पहुंचे थे। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी शरद मिश्रा ने बताया कि अखिलेश यादव सनातन विरोधी हैं। वह राम मंदिर में अभी तक दर्शन के लिए नहीं गए, जबकि वोट पाने के लिए वह गौरी शंकर मंदिर जाकर नाटक कर रहे थे। मंदिर में किस तरह जाया जाता है, इस बारे में भी उन्हें जानकारी नहीं है। विधर्मियो के मंदिर के अंदर प्रवेश करने के बाद उसे पवित्र करने के लिए धोया गया है। मंदिर के गेट पर साफ शब्दों में लिखा है कि इसमें गैर हिंदुओं का प्रवेश वर्जित है, फिर भी उनके साथ अन्य धर्मों के लोग जूते पहनकर चले गए।

# टेंडर, चैलेंज वोट पर नजर रखेंगे पीठासीन अधिकारी

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार**। पीठासीन अधिकारी पूरी टीम पर नियंत्रण रखेंगे। उनके पास टेंडर व चैलेंट वोट के प्रकरण निस्तारण की जिम्मेदारी भी होगी। मतदान अधिकारी प्रथम से लेकर तृतीय के कार्यों की निगरानी भी करेंगे। यह बातें मतदानकार्मिकों के प्रशिक्षण में बताई गईं।

शहर के पुलिस लाइन के निकट एक स्कूल में चल रहे लोकसभा क्षेत्र के मतदानकार्मिकों के प्रशिक्षण में बताया गया कि मतदान अधिकारी प्रथम वोटर लिस्ट में मार्क करेंगे। साथ ही मतदाता की पहचान करने की जिम्मेदारी होगी। मास्टर ट्रेनरों ने बताया कि मतदान अधिकारी द्वितीय का कार्य मतदाता की पहचान के बाद बाएं हाथ की तर्जनी अंगुली पर अमिट स्याही लगाना होगा। साथ ही 17ए रजिस्टर में विकल्प का जिक्र करना होगा। वोटर का अंगूठा या हस्ताक्षर भी कराए जाएंगे। मतदान अधिकारी द्वितीय की जिम्मेदारी ज्यादातर महिलाकर्मी ही निभाएंगी। मतदान अधिकारी तृतीय कंट्रोल यूनिट का प्रभारी बनाया गया है। जब मतदाता बैलेट यूनिट में वोट के लिए जाएगा तो कंट्रोल यूनिट से कमांड दी जाएगी। इस मौके पर पंकज त्रिवेदी, अभिषेक कुमार, स्नेहलता द्विवेदी, गोपाल गुप्ता, पूनम पांडेय, शुचि पांडेय व धर्मेंद्र यादव रहे।


मतदान कार्मिकों को प्रशिक्षण देते मास्टर ट्रेनर पंकज त्रिवेदी। अमृत विचार

# लोकसभा क्षेत्र के 1250 पोलिंग बूथों की होगी लाइव वेबकॉस्टिंग

## जिले की पांचों विधानसभा क्षेत्रों में 50 प्रतिशत से अधिक बूथों को किया गया चिह्नित

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार**। लोस चुनाव में 13 मई को मतदान के दिन 1250 पोलिंग बूथों की लाइव वेबकॉस्टिंग की जाएगी। निर्वाचन आयोग ने 50 प्रतिशत से अधिक बूथों पर कैमरे लगाने के निर्देश दिए हैं। इसके लिए बूथों को चिह्नित किया जा रहा है। जिले में 1519 पोलिंग बूथों के सापेक्ष 850 पर सीसीटीवी लगाए जाएंगे, जिनसे लाइव वेबकॉस्टिंग होगी।

भारत निर्वाचन आयोग ने कन्नौज लोकसभा क्षेत्र की पांचों विधानसभा क्षेत्रों में 50 प्रतिशत से अधिक पोलिंग बूथों की लाइव वेबकॉस्टिंग कराने के निर्देश दिए हैं। जिले में पांच विधानसभा क्षेत्र छिबरामऊ, तिर्वा, कन्नौज, बिधूना व रसूलाबाद आते हैं, इनमें 50 प्रतिशत से अधिक बूथों की लाइव वेबकास्टिंग के इंतजाम किए जा रहे हैं। सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी बिनीत कुमार कटियार ने बताया कि पूरे लोकसभा क्षेत्र में 2307 पोलिंग बूथ हैं, जिनमें 1250 इस व्यवस्था से आच्छादित होंगे। यदि केवल जिले की बात की जाए तो तीनों विधानसभा क्षेत्रों में 1519 बूथ हैं, इनमें 850 बूथों की लाइव वेवकास्टिंग कराई जाएगी। सबसे अधिक छिबरामऊ विधानसभा क्षेत्र में 290 पोलिंग बूथों की वेबकॉस्टिंग होगी।

- तीन विधानसभा क्षेत्रों में 850 बूथों पर लगाए जाएंगे सीसीटीवी



### जिला मुख्यालय पर बनेगा कंट्रोल रूम

लाइव वेबकॉस्टिंग के लिए सभी बूथों पर सीसीटीवी कैमरा लगाकर उसे ऑनलाइन डीवीआर से जोड़ा जाएगा। उसके लिए जिला मुख्यालय पर एक कंट्रोल रूम बनाया जाएगा, जहां विधानसभा क्षेत्रवार निगरानी की जाएगी। लाइव होने से चुनाव आयोग के अधिकारी भी लखनऊ से जिले के किसी भी मतदान केंद्र का ऑनलाइन निरीक्षण कर सकेंगे।


कलेक्ट्रेट में ईवीएम की कमीशनिंग करते कर्मचारी। अमृत विचार

### इतने बूथों पर होगी वेबकॉस्टिंग

| विधानसभा क्षेत्र | कुल बूथ | वेबकॉस्टिंग |
|---|---|---|
| छिबरामऊ | 547 | 290 |
| तिर्वा | 487 | 280 |
| कन्नौज | 485 | 265 |
| बिधूना | 404 | 216 |
| रसूलाबाद | 384 | 195 |
| योग | 2307 | 1250 |



### वीवीपैट में लगाया गया 1500 मीटर पेपर रोल

**कन्नौज**। सोमवार को कलेक्ट्रेट परिसर में छिबरामऊ, तिर्वा व कन्नौज सदर विधानसभा में रैंडमाइजेशन के अनुसार ईवीएम की कमीशनिंग की गई। पिछले तीन दिन से मशीनों की कमीशनिंग में सैकड़ों कर्मचारी व इंजीनियर लगे हुए हैं। पूरी प्रक्रिया राजनीतिक दलों और प्रत्याशियों की मौजूदगी में की जा रही है। भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड के इंजीनियरों ने बताया कि सभी वीवीपैट में सिंबल अपलोड करने के बाद उसमें 1500 मीटर का पेपर रोल लगाया जाता है, जिससे 99 मिलीमीटर लंबी तथा 56 मिलीमीटर चौड़ी पर्ची कटकर नीचे गिरती है। एक वीवीपैट में दो हजार पर्ची स्टोर करने की क्षमता होती है। पर्ची में प्रत्याशी का क्रमांक, नाम व चुनाव निशान होता है। जिले में 125 प्रतिशत बीयू व सीयू तथा 135 प्रतिशत वीवीपैट की कमीशनिंग की जा रही है। सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी बिनीत कटियार ने बताया कि कमीशनिंग का काम 100 प्रतिशत पूरा होने के बाद राजनीतिक दलों और प्रत्याशियों द्वारा मॉकपोल टेस्ट कराया जाएगा, जिसमें पांच प्रतिशत ईवीएम में एक-एक हजार वोट डालकर उनकी गिनती कराई जाएगी। मॉकपोल में ईवीएम खराब होने पर उसे बदल दिया जाएगा।

# 18 मतदान कार्मिक गैरहाजिर, वेतन रोका

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- एक पीठासीन व 17 मतदान अधिकारी नहीं आए
- आज प्रशिक्षण में नहीं पहुंचे तो कोतवाली में दर्ज होगी रिपोर्ट

**अमृत विचार**। शहर के पुलिस लाइन के निकट स्थित प्राइवेट विद्यालय में चल रहे ईवीएम से लोकसभा क्षेत्र का चुनाव कराने के प्रशिक्षण से एक पीठासीन अधिकारी समेत 18 मतदानकार्मिक गैरहाजिर रहे। इन सभी का मई का वेतन रोकने के आदेश प्रभारी अधिकारी कार्मिक ने दिए हैं।

प्रभारी अधिकारी कार्मिक राम कृपाल चौधरी ने जारी किए आदेश में कहा है कि सोमवार को एक पीठासीन अधिकारी, तीन मतदान अधिकारी प्रथम, चार मतदान अधिकारी द्वितीय और 10 मतदान अधिकारी तृतीय प्रशिक्षण में नहीं आए। अगर सात मई को दूसरी पाली में यह लोग ट्रेनिंग लेने नहीं आते हैं तो सभी के खिलाफ कोतवाली सदर में रिपोर्ट दर्ज कराई जाएगी।

शासन से जारी पत्र के मुताबिक ग्राम्य शिक्षा निकेतन जाफराबाद सौरिख से परिचर अवनींद्र सिंह, प्राथमिक स्कूल तिलकसराय के शिक्षामित्र रामनाथ वर्मा, कंपोजिट विद्यालय नरमऊ के शिक्षामित्र विवेक यादव, डीपीआरओ कार्यालय के पंचायत सहायक सुशीला, कोमल देवी, श्रेया व वंदना, कंपोजिट विद्यालय उमरन की सहायक अध्यापक एकता, प्राथमिक विद्यालय भुरजानी के प्रधानाध्यापक अवनीश कुमार, डीआईओएस के वरिष्ठ सहायक गिरीश चंद्र बाजपेयी, आंगनबाड़ी कार्यकत्री आशा, पीडब्ल्यूडी प्रांतीय खंड से असलम, प्राथमिक स्कूल कसावा के सहायक अध्यापक महेश कुमार, छिबरामऊ नगर पालिका परिषद के सफाईकर्मी विजय कुमार व महेश चंद्र, प्राथमिक स्कूल नेरा के सहायक अध्यापक सौरभ कुमार, सिंचाई विभाग के मेट अमित कटियार गैरहाजिर रहे।


सुविधा केंद्र छिबरामऊ के प्रभारी अधिकारी आवेश सिंह की देखरेख में होता मतदान।

### छिबरामऊ के एक कक्ष में मतदान के लिए दिखा उत्साह

**कन्नौज**। मतदानकार्मिकों के प्रशिक्षण स्थल पर मतपत्र से मतदान भी हो रहा है। इसके लिए चार कक्ष बने हैं। इसमें जिले के तीन विधानसभावार हैं तो चौथे कक्ष में वह मतदाता हैं जो अन्य जनपदों में कार्यरत हैं, लेकिन रहने वाले कन्नौज जनपद के ही हैं। सोमवार को छिबरामऊ विधानसभा क्षेत्र के कमरे में मतदान के लिए भीड़ लगी रही। अन्य कमरों में सन्नाटा पसरा रहा। हालांकि बीच-बीच में वोट डालने के लिए कार्मिक पहुंचे। जिला निर्वाचन अधिकारी शुभ्रान्त शुक्ल का कहना है कि मताधिकार से कोई भी व्यक्ति जो 18 साल से अधिक है वंचित नहीं रहेगा। निर्वाचन आयोग ने कई तरह से मतदान करने की सहूलियत दीं हैं। कक्ष के प्रभारियों में आवेश सिंह के अलावा तनुज त्रिपाठी, जितेंद्र कुमार व आनंद द्विवेदी हैं।

# ड्यूटी आदेश में खाता नंबर गलत तो कराएं सही

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- हर रोज प्रशिक्षण स्थल पर 20 से 40 प्रार्थनापत्र आ रहे

**अमृत विचार**। चुनाव का ड्यूटी आदेश मतदानकार्मिकों को मिला है, उसमें नाम, पता, पद, खाता नंबर व बैंक शाखा में गड़बड़ियां मिल रहीं हैं। इस बार प्रशिक्षण का भुगतान बैंक खाते में ही किया जा रहा है। इस वजह से त्रुटियां सुधारने के लिए हर रोज प्रार्थना पत्र आ रहे हैं।

पुलिस लाइन के निकट स्थित एक निजी विद्यालय में चल रहे मतदानकार्मिकों के प्रशिक्षण स्थल पर विकास भवन व बेसिक शिक्षा विभाग समेत अन्य महकमों के कर्मचारी भी ड्यूटी कर रहे हैं। वह अलग-अलग पटल की जिम्मेदारी निभा रहे हैं। शिक्षा विभाग के कर्मी प्रार्थना पत्र लेकर उच्चाधिकारियों के पास पहुंचाते हैं। बताया जा रहा है कि 20 से 40 प्रार्थना पत्र हर रोज खाता नंबर गड़बड़ी को सुधारने वाले आ रहे हैं। अधिकारियों का भी तर्क है कि अगर खाता संख्या या अन्य कोई कमी है तो प्रशिक्षण स्थल पर पत्र दिया जा सकता है।


खाता नंबर गलत होने से प्रार्थना पत्र लिखता कर्मचारी।

### भाजयुमो कार्यकर्ताओं ने नगर में निकाली बाइक रैली

गुरसहायगंज, कन्नौज। सोमवार को भारतीय जनता युवा मोर्चा नगर अध्यक्ष मानव गुप्ता के नेतृत्व में बाइक रैली निकाली जिसे सांसद सुब्रत पाठक, प्रदेश मंत्री युवा मोर्चा सौरभ शर्मा ने नगर के तिर्वा रोड स्थित ब्रह्मदेव मंदिर से झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान पालिकाध्यक्ष प्रतिनिधि मयंक गुप्ता, धर्मेंद्र कौशल, नीरज मिश्रा, व्योम शुक्ला, आदर्श चतुर्वेदी, प्रिन्स दुबे, सार्थक दुबे, आयुष पंडित आदि मौजूद रहे।

### श्यामलाल के प्रदेश अध्यक्ष बनने पर हर्ष

छिबरामऊ, कन्नौज। डॉ. श्यामलाल पाल को सपा प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने पर पाल समाज के लोगों ने हर्ष व्यक्त किया। डॉ. सुभाष पाल ने कहा समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने जो सम्मान दिया है, उससे पाल समाज में हर्ष की लहर दौड़ गई है। क्षेत्र के लोगों ने उन्हें सोशल मीडिया में बधाई संदेश भेजे हैं। इस दौरान वीरेंद्र सिंह पाल, स्वदेश पाल, डॉ. जबर सिंह पाल, अनूप पाल, आशीष पाल, मनमोहन पाल मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### छात्र-छात्राओं को बताईं चुनाव की खासियतें

**कन्नौज**। शहर के पीएसएम पीजी कॉलेज में 18 से 19 साल के नए मतदाताओं का जागरुकता कार्यक्रम हुआ। इसमें छात्र-छात्राओं ने भाषण दिए। साथ ही शपथ लेकर 13 मई को वोट जरूर करने का संकल्प लिया गया। राजकीय महिला महाविद्यालय बांगर की छात्रा नंदिनी दुबे ने भाषण में मतदान करने का महत्व बताया। पीएसएम पीजी कॉलेज के छात्र अभिनव शंखवार ने छात्र छात्राओं को मतदान के लिए प्रेरित किया। प्रशिक्षु आईएएस स्मृति मिश्रा ने विद्यार्थियों को पहले मतदान से अब तक की परिस्थितियों पर प्रोजेक्टर के माध्यम से प्रस्तुतीकरण दिया। उन्होंने विश्व के विभिन्न देशों में चुनाव के इतिहास के बारे में बताया। इससे पहले उन्होंने दीप प्रज्जलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मंच संचालन रीतू सिंह ने किया। कार्यक्रम में नेहरू डिग्री कॉलेज छिबरामऊ, चौ. चंदन सिंह महाविद्यालय, अविका डिग्री कॉलेज चांदापुर, राजकीय महिला महाविद्यालय और पीएसएम कॉलेज के प्राचार्य/प्रवक्ता व छात्र-छात्राएं शामिल हुए। इस मौके पर प्राचार्य डॉ. अजय सिंह, डॉ.अमित सचान, डॉ. आशीष गुप्ता, जीआईसी उमर्दा प्रधानाचार्य नीतू गुप्ता, प्रभारी प्रधानाचार्य राजकीय अभिनव विद्यालय गंगधरापुर जितेंद्र सिंह, रेनू त्यागी, अंबरीन फातिमा, अर्चना, सुनीता रानी व अभिषेक मिश्र मौजूद रहे।


मंच से जनसभा स्थल देखते कमांडो तथा तैयार होता पंडाल। अमृत विचार

### कल आएंगे गृहमंत्री अमित शाह, तैयारियां तेज

**तिर्वा, कन्नौज**। भाजपा प्रत्याशी सुब्रत पाठक के पक्ष में जनसभा करने आ रहे गृहमंत्री अमित शाह के कार्यक्रम को लेकर प्रशासन सतर्क और सक्रिय हो गया है। भाजपा नेताओं के साथ स्पेशल कमांडो की देखरेख मे मंच का निर्माण शुरू हो गया है। गृह मंत्री बुधवार को सांसद व भाजपा प्रत्याशी सुब्रत पाठक के समर्थन में वोटों की अपील करेंगे। लोकसभा चुनाव मे भाजपा प्रत्याशी को जीत दिलाने के लिए कस्बे के डीएन कॉलेज छात्रावास के खेल मैदान मे आठ मई को अमित शाह की जनसभा होनी है। इसको लेकर भाजपा नेताओं ने जनसभा स्थल पर मंच का निर्माण शुरू करा दिया है। सोमवार को स्पेशल कमांडो के साथ एएसपी, सीओ प्रियंका बाजपेयी, एसडीएम अशोक कुमार ने मंच का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने हेलीपैड की जगह को भी चिह्नित किया। ईओ ने मैदान आने वाले मार्गों की साफ सफाई शुरू करा दी।

चुनावी कवायद | बिना अनुमति के झंडा, बैनर और पोस्टर लगाने की शिकायतें अधिक

# सी-विजिल पोर्टल पर 40 शिकायतें, 100 मिनट में निस्तारण

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार**। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर सी-विजिल पोर्टल की 24 घंटे निगरानी की जा रही है और उनका 100 मिनट के अंदर निस्तारण कराया जा रहा है। जिले में तीनों विधानसभा क्षेत्रों से अब तक 40 शिकायतें आईं, जिनका 50 मिनट से कम समय में ही निस्तारण करा दिया गया। अभी तक बिना अनुमति मकानों व वाहनों पर झंडा, बैनर व पोस्टर लगाने की अधिक शिकायतें प्राप्त हुईं हैं।

लोकसभा चुनाव में भारत निर्वाचन आयोग ने आम जनता की सुविधा के लिए सी-विजिल मोबाइल एप्लीकेशन लांच किया है, जिसके माध्यम से कोई भी व्यक्ति आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन की शिकायत कर सकता है। कलेक्ट्रेट में बने कंट्रोल रूम में सी-विजिल पोर्टल की 24 घंटे निगरानी की जा रही है। जैसे ही कोई शिकायत प्राप्त होती है तो उसका 100 मिनट के अंदर उड़नदस्ता टीम के माध्यम से निस्तारण कराया जाता है। सी-विजिल पोर्टल के प्रभारी संजय कनौजिया ने बताया कि जिले की तीनों विधानसभा क्षेत्रों से अब तक बिना अनुमति पोस्टर बैनर व झंडे लगाने की शिकायतें प्राप्त हुईं हैं, जिनका तत्काल निस्तारण करवा दिया और निस्तारण आख्या शिकायतकर्ता के मोबाइल पर भेज दी गई। जिले में अभी तक शराब, रुपये या कपड़े बांटने की शिकायत नहीं मिली है। सी-विजिल पर शिकायत करने वालों का नाम गुप्त रखा जा रहा है। अमन शर्मा ने बताया कि 18 मार्च को सी-विजिल पोर्टल खोला गया था, तब से लेकर अब तक 40 शिकायतें आ चुकीं हैं, जिनमें एक भी लंबित नहीं है।



सी-विजिल पर शिकायतों का निस्तारण करते टेक्नीशियन अमन शर्मा।

- भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर 24 घंटे की जा रही निगरानी

### शिकायतों का विवरण

| विधानसभा क्षेत्र | प्राप्त | शिकायत का विवरण |
|---|---|---|
| 196-छिबरामऊ | 16 | बिना अनुमति वाहनों पर झंडे व बैनर लगा होना |
| 197-तिर्वा | 13 | बिना अनुमति घरों पर झंडे व होर्डिंग लगा होना |
| 198-कन्नौज | 11 | कई स्थानों पर वाल पेंटिंग व होर्डिंग लगा होना |

"सी-विजिल पोर्टल पर जो शिकायतें प्राप्त हो रहीं हैं, उनका 100 मिनट के अंदर निस्तारण करवाया जा रहा है। लोकसभा चुनाव के सामान्य प्रेक्षक संदीप कुमार प्रतिदिन पोर्टल का अवलोकन कर उसकी रिपोर्ट भारत निर्वाचन आयोग को भेज रहे हैं।

-आशीष कुमार सिंह, उप जिला निर्वाचन अधिकारी

# निलंबित शिक्षक बने पीठासीन अधिकारी

**छिबरामऊ**। शिक्षा विभाग की लापरवाही से लोकसभा चुनाव में निलंबितत अध्यापकों की डयूटी लगाकर पीठासीन अधिकारी बना दिया गया। निलंबित अध्यापकों को पीठासीन अधिकारी की डयूटी मिलते ही विभाग की लापरवाही की चर्चा होने लगी। सौरिख विकास खण्ड के कम्पोजिट विद्यालय कुल्लूखेड़ा में तैनात राकेश कुमार यादव और बंधा नगरिया विद्यालय में तैनात उदयपाल सिंह निलंबित चल रहे हैं। शिक्षा विभाग के अधिकारियों कर्मचारियों की लापरवाही से लोकसभा चुनावों में इन दोनों शिक्षकों की भी ड्यूटी लगा दी गई और पीठासीन अधिकारी बना दिया गया। इन अध्यापकों ने मामले की शिकायत निर्वाचन अधिकारी से की लेकिन अभी तक इनकी ड्यूटी कटने की सूचना इनको नहीं मिली है।

# आईसीएसई की परीक्षा में जिला टॉपर रहे कायमगंज के चक्रेश

## सीपीवीपी के छात्र ने 96.60 फीसदी अंक प्राप्त कर जिले का नाम रोशन किया

कामयाबी

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** सीआईसीएसई बोर्ड परीक्षा का परिणाम सोमवार को घोषित होते ही मेधावियों के सपनों को पंख लग गए। सीपी विद्या निकेतन कायमगंज के हाईस्कूल के छात्र चक्रेश कुमार ने 96.60 प्रतिशत अंक पाकर जनपद में प्रथम स्थान पाया। इंटरमीडिएट में माडर्न पब्लिक स्कूल फर्रुखाबाद के छात्र आदित्य त्रिवेदी, अखिल अग्रवाल व छात्रा पलक मिश्रा 94-94 प्रतिशत अंक पाकर संयुक्त रूप से जिला टॉपर रहे। मेधावी बच्चों को मिठाई खिलाकर बधाई दी गई।

रिजल्ट को लेकर सुबह से ही छात्र-छात्राओं में उत्साह दिखाई दिया। 11 बजे रिजल्ट घोषित होने की सूचना पर मॉडर्न पब्लिक स्कूल में छात्र-छात्राओं का पहुंचना शुरू हो गया। जैसे ही रिजल्ट आया तो



मॉडर्न स्कूल में जश्न मनाते होनहार। अमृत विचार


चक्रेश कुमार।


आर्यन राज।


तनीषा।

बच्चे रैंकिंग जानने के लिए उत्सुक हो उठे। शिक्षकों ने टॉपटेन की सूची निकालकर बच्चों को अंक बताए। अच्छे अंक से उत्तीर्ण हुए मेधावी खुशी से उछल पड़े। सीपी विद्या निकेतन कायमगंज में दसवीं के छात्र चक्रेश कुमार ने 96.60 प्रतिशत अंक पाकर जनपद में पहला स्थान प्राप्त किया। इसी विद्यालय के छात्र आर्यन राज 96.40 प्रतिशत अंक पाकर दूसरे और छात्रा तनिषा गंगवार 96 प्रतिशत अंक पाकर तीसरे स्थान पर रहीं। उधर, 12वीं में माडर्न पब्लिक स्कूल के छात्र आदित्य त्रिवेदी, अखिल अग्रवाल व छात्रा पलक मिश्रा 94-94 प्रतिशत अंक पाकर संयुक्त रूप जिला टॉपर रहे। दसवीं में सीपी विद्या निकेतन की छात्रा अरीना अरशद ने 93.25 प्रतिशत अंक पाकर दूसरा स्थान पाया। इसी स्कूल की छात्रा अनुप्रिया मिश्रा व छात्र अरीन गंगवार 92.5, 92.5 प्रतिशत अंकर पाकर संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर रहे। माडर्न पब्लिक स्कूल में प्रबंधक निमिषा गुप्ता व प्रिंसिपल आलोक सक्सेना ने मेधावी छात्र-छात्राओं को मिठाई खिलाकर बधाई दी। वहीं सीपी विद्या निकेतन कायमगंज में निदेशक डॉ. मिथलेश अग्रवाल व प्रिंसिपल आरके बाजपेई ने मेधावियों को मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं दीं।

## एक नजर

### दो लोगों ने पीया जहरीला पदार्थ, एक की हालत गंभीर

**कायमगंज शमसाबाद फर्रुखाबाद।** क्षेत्र के गांव हंसापुर गौराई निवासी निखिल (20) व नगर से सटे गांव पितौरा निवासी उमेश शर्मा की 15 वर्षीय पुत्री निशा ने संदिग्ध हालत मे कीटनाशक पदार्थ पी लिया। परिजन अस्पताल लाये जहाँ प्राथमिक उपचार के बाद निशा को लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया।

### ऊंचाई से गिरकर दो घायल

**कायमगंज फर्रुखाबाद।** थाना मेरापुर क्षेत्र के गांव सिलसण्डा निवासी राकेश (70) व शमसाबाद क्षेत्र के गांव कटिया निवासी अवधेश का 3 वर्षीय पुत्र दिलखुश ऊंचाई से गिरकर गंभीर घायल हो गए। दोनों के परिजनों ने अस्पताल भर्ती कराया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया गया।

### गाली देने का विरोध किया तो बेटी को भी पीटा

**फर्रुखाबाद।** थाना कादरी गेट क्षेत्र के गांव चांदपुर निवासी अजीत की 18 वर्षीय पुत्री काजल अपने घर के बाहर बैठी हुई थी। तभी पड़ोसी संजीव काजल के माता-पिता को गाली-गलौज करने लगा। काजल ने जब गाली-गलौज करने का संजीव से विरोध किया। तो संजीव और उनके भतीजे निखिल ने काजल और उसकी मां को लाठी-डंडों से पीटकर घायल कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल काजल की तहरीर के आधार पर जिला अस्पताल लोहिया में इलाज के बाद मेडिकल परीक्षण कराया है।

### ट्रांसफार्मर में लगी आग

**खुदागंज, फर्रुखाबाद।** पिछले दो दिन से ओवरलोड चल रहा ट्रांसफार्मर आखिर कार जल ही गया। जिससे ग्रामीणों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। राजेश प्रताप सिंह, शशिवरण सिंह सेंगर, दिनेश शर्मा, गोविन्द सिंह, सुशील सिंह, ग्रामीणों ने बताया 25 केवीए के ट्रांसफार्मर पर 100 कनेक्शन है। जिससे आये दिन ट्रांसफार्मर जल जाता है। पिछले दो दिन से फूंके ट्रांसफार्मर को आजतक सही नहीं कराया गया है।

### पंजाबी सिंधी महासभा की बैठक हुई

**फर्रुखाबाद।** सिंधी धर्मशाला पक्कापुल में सोमवार को पंजाबी-सिंधी महासभा की बैठक अध्यक्ष संजय चावला की अध्यक्षता में आयोजित की गई। मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष रूपेश गुप्ता ने समाज के लोगों से समर्थन मांगा। बैठक में हिमांशु गुप्ता, ईश्वरदास शिवानी, आत्माराम डबानी, नरेंद्र विक्रम सिंह, हेमंत शिवानी व जीतू शिवानी आदि मौजूद रहे।

### मार्ग दुर्घटना में तीन जख्मी

**कायमगंज फर्रुखाबाद।** कायमगंज से कम्पिल जा रहे टेम्पो की रगड़ से कम्पिल क्षेत्र के पट्टी मदारी निवासी देवेंद्र सिंह की पत्नी आरती देवी व पुत्र सूर्यांश गंगपुर निवासी राजेंद्र पाल का पुत्र अंकित घायल हो गए इलाज के लिए उन्हें सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया।

### हमले से युवक घायल

**कायमगंज फर्रुखाबाद।** क्षेत्र के गांव सलेमपुर दुदेमई निवासी विजेंद्र सिंह को गांव के ही रोहित व मोहित पुत्र आदित्य कुमार ने मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया ।सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल विजेंद्र का सरकारी अस्पताल कायमगंज में मेडिकल परीक्षण कराया। विजेंद्र ने जानकारी देते हुए बताया कि उसका थ्रेसर बाहर खड़ा हुआ था जिसकी किसी ने बैल्ट उतार ली थी। लोगों से पूछ कर जानकारी कर रहा था तभी इन लोगों ने धारदार हथियार से उनके ऊपर हमला कर दिया।

## उपचार के दौरान प्रसूता की मौत

**फर्रुखाबाद।** थाना कादरीगेट क्षेत्र के नाला बघार पर स्थित जेएस मेडिकल कॉलेज में उपचार के दौरान प्रसूता की मौत हो गई। परिजनों ने उपचार में लापरवाही का आरोप लगा जम कर हंगामा काटा। अस्पताल के स्टाफ ने मृतका के परिजनों के साथ मारपीट कर दी। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की।

पड़ोसी जनपद कन्नौज के थाना छिबरामऊ क्षेत्र के गांव उधरनपुर निवासी विश्राम की पत्नी संगीता के प्रसब पीड़ा हुई। परिजनों ने उसे जेएस ग्रुप के मेडिकल कॉलेज नाला बघार पर भर्ती कराया। उपचार के दौरान संगीता की मौत हो गई। प्रसूता की मौत पर परिजनों ने डॉक्टर पर लापरवाही का आरोप लगाकर जमकर हंगामा किया। परिजनों ने अरोप लगाया कि जेएस ग्रुप मेडिकल कॉलेज के स्टाफ ने उनके साथ मारपीट भी की है।मृतका के पति ने मुकदमा दर्ज कराने के लिए थाना कादरीगेट में तहरीर दी है। डॉक्टर पर उपचार में लापरवाही का आरोप लगाया है। मौके पर पहुची पुलिस ने परिजनों को समझा बुझाकर शांत किया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया ।

## सार-संक्षेप


पदाधिकारियों को माला पहनाते भाकियू नेता। अमृत विचार

### भारतीय किसान यूनियन की बैठक, पदाधिकारी नियुक्त किए

**कायमगंज, फर्रुखाबाद।** कायमगंज तहसील क्षेत्र के गांव सतन नगर में भाकियू भानू गुट की बैठक आयोजित हुई। जिसमें भारी संख्या में जिला अध्यक्ष से लेकर पदाधिकारी उपस्थित रहे। मुख्य आतिथि नरेंद्र सिंह सोमवंशी जिला अध्यक्ष भारतीय किसान यूनियन भानु भी बैठक में शामिल हुए। इस बैठक में अपने कर्तव्यों के प्रति सजग रहने वाले कार्यकर्ताओं को पद दिए गए। जिसमें रवि कुमार शाक्य को जिला अध्यक्ष मजदूर प्रकोष्ठ नियुक्त किया गया। राजवीर सिंह चौहान जिला उपाध्यक्ष नियुक्त किये गए। सत्यवीर शाक्य तहसील अध्यक्ष कायमगंज नियुक्त किया गया। गिरीश चंद्र शाक्य जिला महासचिव नियुक्त किया गया। जिला अध्यक्ष नरेंद्र सिंह सोमवंशी ने कहा कि अपने कर्तव्यों व निष्ठा ईमानदारी के साथ निभाएं और अपने क्षेत्र में सक्रिय रहें। इस दौरान जिला अध्यक्ष नरेंद्र सिंह सोमवंशी, बब्लू सिंह, नेत्रपाल सिंह सोमवंशी, लकी खान ब्लॉक अध्यक्ष राजेपुर, बब्लू यादव, आदित्य कुमार मिश्रा व ब्लॉक अध्यक्ष राजेपुर लकी खान के सहयोग से यह पदाधिकारी नियुक्त किए गए। पदाधिकारीयो को नियुक्ति पत्र के साथ फूल मालाये पहनाकर स्वागत किया गया। लोगों ने तालियां बजाकर उनका उत्साहवर्धन भी किया।


निरीक्षण करते परिवहन निगम के प्रधान प्रबंधक संचालन अंकुर विकास।

### बस स्टेशन का किया निरीक्षण, खामियों को सुधारने के निर्देश

**फर्रुखाबाद।** थाना कादरीगेट क्षेत्र के रोडवेज बस स्टेशन पर उत्तर प्रदेश परिवहन निगम के प्रधान प्रबंधक संचालन अंकुर विकास ने पहुंचकर निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान वाटर कूलर टूटा मिला। नाराजगी जताते हुए 2 दिन के अंदर सुधारने के निर्देश दिए । उन्होंने बताया कि सभी रोडवेज बस चालक अपने-अपने डिपो के नाम के आगे ही बस को खड़ा किया करें ।जिससे यात्रियों को रोडवेज बसें ढूंढने में दिक्कत का सामना न करना पड़े। यात्रियों को सकुशल अपने-अपने स्थान पर छोड़ा जाए और यात्रियों को सस्ती यात्रा कराई जाए। बस अड्डे पर यात्रियों को बैठने के लिए सीटे भी उपलब्ध कराई जाएं। जिससे मरीज गर्मी के मौसम में यात्रियों को इधर-उधर ना भटकना पड़े। मीडिया के सवाल पर उन्होंने बताया कि बस अड्डे पर जो भी पंखे खराब लगे हुए है ।जल्दी से जल्दी सही कराया जाए। यात्रियों को शुद्ध पेयजल की व्यवस्था कराई जाए। पूछताछ केंद्र पर जिसकी ड्यूटी लगाई गई है वह समय से पूछताछ केंद्र पर बैठे। यात्री जो भी अपनी समस्या बताएं उसका समाधान कराया जाए ।शौचालय में साफ-सफाई रखें जिससे यात्रियों को दिक्कत ना हो। आरएम परशुराम पांडेय,एआरएम अनिल कुमार मिश्रा व अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### कुत्तों के हमले से किशोर गंभीर रूप से घायल


घायल अंशू।

**फर्रुखाबाद।** कुत्तों के हमले से 14 वर्षीय किशोर गंभीर घायल हो गया। घायल को डाक्टर राम मनोहर लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पड़ोसी जिला कन्नौज के थाना छिबरामऊ के गांव माहमदपुर जागीर निवासी रामविलास का 14 वर्षीय पुत्र अंशू खेत पर गया हुआ था। तभी आवारा कुत्तों ने अंशू के ऊपर हमला कर दिया। घर वालों की मदद से घायल अंशू को 100 सैया अस्पताल छिबरामऊ में भर्ती कराया गया। वहां से डॉक्टर ने फर्रुखाबाद जिला अस्पताल लोहिया के लिए रेफर कर दिया। जिला अस्पताल लोहिया में ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक ने गंभीर हालत को देखते हुए घायल बालक को भर्ती कर इलाज शुरू कर दिया है।

### सपा प्रत्याशी शाक्य पर आचार संहिता उल्लंघन की रिपोर्ट दर्ज


डॉ. नवल किशोर।

**फर्रुखाबाद।** समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी डॉ. नवल किशोर शाक्य पर आचार संहिता के उल्लंघन की एक और के रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। बीते दिन सपा प्रत्याशी शाक्य की ओर से शहर के गुरुगांव देवी मंदिर से जुलूस निकाला गया था। इसमें नगर मजिस्ट्रेट के आदेश के अनुसार अधिकतम 25 लोगों के शामिल होने की अनुमति थी। जबकि जुलूस में लगभग 2 हजार से ज्यादा लोग शामिल हुए। लेखपाल कुलदीप राठौर की तहरीर पर पुलिस ने धारा 188 व लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 2005 की धारा 51 से 60 के तहत एफआईआर दर्ज कर ली है।

### नंदिता ने साधा 'गोल्ड' पर निशाना

**फर्रुखाबाद।** अभिमन्यु अकेडमी के कोच अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी अनिल कुमार पाल के शूटिंग सेंटर में प्रतिभागी नंदिता सक्सेना पुत्री ज्ञान प्रकाश सक्सेना ने पिस्टल शूटिंग में पहला स्थान प्राप्त किया है। बेवर रोड भोलेपुर नगला नैन निवासी इस निशाने बाज खिलाड़ी ने 5 मई को इटावा जनपद में एकलव्य एकेडमी शूटिंग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान लेकर गोल्ड मेडल लेकर अपने घर पहुंची। जहां पर ढोल नगाड़ों के साथ समस्त मोहल्ले वासियों व घर वालों ने जोरदार स्वागत किया। उसके पिता ज्ञान प्रकाश सक्सेना ने आशीर्वाद देकर देश हित की रक्षा के लिए प्रेरित किया। और कहा हमारी बेटी जहां तक आगे बढ़ना चाहेंगी मैं उसका तन मन धन से पूरा सहयोग करूंगा ।हम दोनों माता पिता चाहते हैं हमारी बेटी ने फर्रुखाबाद जनपद का नाम रोशन किया है और आगे चलकर ये देश का भी नाम रोशन करें। समाजसेवी अमरपाल सिंह ने कहा कि ऐसे बच्चे आगे चलकर जनपद और देश का नाम रोशन करते हैं ।नंदिता सक्सेना कक्षा 9 की प्रवेशित जीजीआईसी कॉलेज फतेहगढ़ की छात्रा है ।जनपद इटावा में अधिकारियों ने गोल्ड मेडल देकर सम्मानित किया।


परिजनों के साथ नंदिता। अमृत विचार

### जनसेवा केंद्र संचालक की हत्या में दो युवक हिरासत में

**शमसाबाद फर्रुखाबाद।** जनसेवा केंद्र संचालक की हत्या में पुलिस ने दो युवकों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। इन दोनों युवकों की आखिरी बार संचालक से बात हुई थी। पुलिस सर्विलांस के जरिए कड़ी तलाशने का प्रयास कर रही है। थाना क्षेत्र के गांव सुतहड़ी निवासी दिव्यांग अजहरूद्दीन रोशनाबाद में जनसेवा केंद्र संचालक था। वह चार मई को जनसेवा केंद्र को खुला छोड़कर अचानक चला गया था। उसके बाद से वापस नहीं आया। पांच मई को अजहरूद्दीन का शव मक्का के खेत में बोरे में मिला था। पोस्टमार्टम में अजहरूद्दीन की गला कसकर हत्या करने की पुष्टि हुई। पिता अफसर ने अज्ञात के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कराया था। जनसेवा केंद्र संचालक की ट्राई साइकिल बंद भट्ठे पर खड़ी मिली थी। अजहरूद्दीन का मोबाइल भी नहीं मिला था। हत्या करने के बाद हमलावर मोबाइल भी ले गए थे। पुलिस ने अजहरूद्दीन के मोबाइल की कॉल डिटेल निकालकर दो युवकों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। इन दोनों युवकों की अजहरूद्दीन से बात हुई थी।

## किसान की हत्या में पुलिस ने छह को हिरासत में लिया

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद

- मोहम्मदाबाद कोतवाली के नगला बहादुर गांव का मामला

**अमृत विचार।** फसल की रखवाली करने गए किसान की मचान पर गोली मारकर हत्या करने के मामले में पुलिस ने छह लोगों को हिरासत में ले लिया है। पूछताछ में युवती की फोटो मोबाइल के स्टेट्स पर लगाने को लेकर विवाद की बात सामने आई है। मोहम्मदाबाद कोतवाली के गांव नगला बहादुर निवासी सनोज उर्फ अजय शुक्रवार रात मक्का की फसल की रखवाली करने गया था। वह मचान पर सो रहा था। रात में उसकी गोली मारकर हत्या कर दी गई। पड़ोस के खेत में फसल की रखवाली कर रहे चचेरे भाई अमित ने मवेशियों के झुंड को आता देखकर सनोज के मोबाइल पर फोन किया, लेकिन कॉल रिसीव नहीं हुई। ऐसे में अमित सनोज को जगाने के लिए आया। वहां उसने सनोज को खून से लथपथ पड़ा पाया। पिता भूपेंद्र ने अज्ञात के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कराया। पुलिस ने सनोज के मोबाइल को कब्जे में लेकर जांच की तो पता चला कि सनोज की 10:45 बजे अमित से बात हुई थी। वहीं पड़ोस के खेत में काम कर रहे युवक ने पुलिस को थ्रेसर के चलते गोली की आवाज सुनाई न देने की बात बताई थी। पुलिस ने इस मामले में छह लोगों को हिरासत में ले लिया है। इसमें परिवार के लोग भी शामिल है। जांच में पता चला कि सनोज ने स्टेट्स में युवती की फोटो लगाई थी। इसके कारण उसका विवाद हुआ था। पुलिस ने मैनपुरी की एक युवती को पूछताछ के लिए बुलाया है। मोहम्मदाबाद कोतवाल मनोज भाटी ने बताया कि हत्या के मामले में गंभीरता से जांच की जा रही है। शीघ्र ही घटना का खुलासा किया जाएगा।

## कार मिस्त्री बोलेरो की चपेट में आकर घायल

**कायमगंज फर्रुखाबाद।** कायमगंज क्षेत्र में बोलेरो सही कर रहे मिस्त्री के बोलेरो को आगे पीछे करने में गंभीर चोट आई। गम्भीर हालत में उसे लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया है। थाना क्षेत्र के गांव लालबाग निवासी शमसुद्दीन का 18 वर्षीय पुत्र सोहेल खान पेट्रोल पंप के पास चमन मिस्त्री के यहां चार पहिया वाहन सुधारने का कार्य करता है। आज एक बोलेरो को पीछे से जैक लगाकर कार्य कर रहा था। तभी एक बोलेरो कार के ड्राइवर ने अपनी बुलेरो को आगे पीछे करना शुरू कर दिया।

इस दौरान पास के दुकानदार दौड़े और शोर मचाया। इधर सोहेल खिंचता हुआ काफी दूर घसीटता चला गया और गाड़ी के नीचे आकर रगड़ कर घायल हो गया। पास के दुकानदारों ने सोहेल को बाहर निकाला। घायल अवस्था में उसे सरकारी अस्पताल कायमगंज में भर्ती कराया गया।

## दामाद सहित चार अरोपियों पर 20 लाख हड़पने की रिपोर्ट दर्ज

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद



- कोर्ट के आदेश के बाद हुई कार्रवाई

**अमृत विचार।** महिला ने कोर्ट के आदेश पर दामाद सहित चार के खिलाफ बीस लाख रुपये हड़पने का मुकदमा दर्ज कराया। इसमें आरोप लगाया कि नेट बैंकिंग के माध्यम से दामाद ने कई बार में रुपये ट्रांसफर कर लिए। कमालगंज थाना क्षेत्र के मोहल्ला अशोक नगर निवासी शोभना गुप्ता ने मोहम्मदाबाद कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला कृष्ण बलराम नगर निवासी दामाद सुमित कुमार गुप्ता, पिता सर्वेश कुमार गुप्ता व दो अज्ञात के खिलाफ फतेहगढ़ कोतवाली में कोर्ट के आदेश पर मुकदमा दर्ज कराया। इसमें आरोप लगाया कि इकलौती पुत्री श्रेया गुप्ता की 16 अप्रैल 2015 को सुमित के साथ शादी की थी। पति का देहांत हो चुका था। शोभना ने बीस लाख रुपये में मकान बेचा। मकान ब्रिकी के 17 लाख रुपये अपने खाते में व तीन लाख रुपये बेटी श्रेया के खाते में जमा कर दिए। 28 नवंबर 2021 को दामाद सुमित ने नेट बैंकिंग से कई बार में उसके खाते से 17 लाख व बेटी के खाते से तीन लाख रुपये अपने खाते में ट्रांसफर कर लिए। बैंक में रुपये निकालने गई तो पता चला कि दामाद ने रुपये ट्रांसफर कर लिए। रुपये मांगने पर दामाद टालमटोल करने लगा। 30 नवंबर को सुमित, पिता सर्वेश व दो अन्य लोगों ने बेटी श्रेया को मारपीट कर घर से निकाल दिया। 26 मार्च को यह लोग घर पर आए। गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी दी।

## कंपार्टमेंट परीक्षाः 31 तक जमा होंगे आवेदन

**फर्रुखाबाद।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद 2024 की कंपार्टमेंट व इंप्रूवमेंट परीक्षा के लिए परीक्षार्थी सात मई से 31 मई तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। जिला विद्यालय निरीक्षक नरेंद्र पाल सिंह ने बताया कि हाईस्कूल इंप्रूवमेंट का परीक्षार्थी अपने अनुत्तीर्ण हुए एक विषय में तथा कंपार्टमेंट के तहत परीक्षार्थी फेल हुए दो विषयों में से केवल किसी एक विषय में ही परीक्षा में शामिल हो सकता है। परीक्षा शुल्क 256 रुपये रखा गया है। इंटरमीडिएट कंपार्टमेंट परीक्षा का शुल्क 306 रुपये है।

## शराब पकड़ने गई पुलिस टीम पर हमला मारपीट कर आरोपित को छुड़ाया

संवाददाता अमृतपुर, फर्रुखाबाद

- सिपाही ने दर्ज कराई रिपोर्ट तलाश में जुटी पुलिस

**अमृत विचार।** अमृतपुर थाना क्षेत्र में शराब पकड़ने गई पुलिस पर आरोपित तथा उसके परिजनों ने हमला बोल दिया। उन्होंने पकड़े गए शराब विक्रेता को पुलिस से मारपीट कर छुड़ा लिया। आरोपी की पिटाई से घायल पुलिसकर्मी ने घटना की रिपोर्ट दर्ज कराई है।

थाना क्षेत्र के ग्राम नागलाहूशा में परचून की दुकान पर अवैध शराब की बिक्री की सूचना पर चौकी इंचार्ज जगभान सिंह ने सिपाही रविन्द्र कुमार व इशू कुमार के साथ छापा मारकर शराब बिक्री करने वाले राजेश्वर को पकड़ लिया। राजेश्वर को छुड़ाने के लिए उसके पुत्र व परिजन पुलिस पर हमलावर हो गए।

सिपाही रविन्द्र कुमार ने अमृतपुर थाना में तहरीर देकर लालू उर्फ आलोक, रंजीत,छोटू पुत्रगण राजेश्वर संतोष कुमारी पत्नी राजेश्वर सभ्यता पत्नी आलोक, राजेश्वर पुत्र रामविलास निवासी नागलहूशा सहित 6 नामदर्ज व 4-5 अज्ञात लोगों के खिलाफ सरकारी कार्य में बाधा डालते हुए पुलिस को जान से मारने की धमकी देकर गाली-गलौज व मारपीट करने की तहरीर दी। तहरीर के आधार पर थाना पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ सुसंगत धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कार्रवाई शुरू कर दी है। एसपी विकास कुमार ने बताया कि व्यवस्था के साथ खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी।

## गंगा स्नान करते दो युवक डूबे, नाविकों ने जीवित निकाला

**फर्रुखाबाद।** थाना कादरीगेट क्षेत्र के मोहल्ला श्याम नगर निवासी आयुष पुत्र दिनेश शर्मा जनपद कन्नौज के थाना तालग्राम निवासी विमल पुत्र राजपाल शर्मा के साथ पांचालघाट पर गंगा स्नान करने के लिए गया था। गंगा स्नान करते समय अचानक दोनों युवक गहरे पानी में चले गए। इससे वह डूबने लगे। शोर-शराबा सुनकर वहां मौजूद नाविक नन्हे खान ने गंगा में डूब रहे दोनों युवकों को सकुशल बचाकर गंगा से बाहर निकाला। इससे दोनों की जान बच गई।

राजनीति

पांचाल घाट के नारायण आश्रम में भाजपा के युवा सम्मेलन में वक्ताओं ने केंद्र और राज्य सरकार की उपलब्धियों को गिनाया

# भाजपा सरकार युवाओं के सपने साकार करने का कार्य कर रही

संवाददाता, फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** पांचाल घाट स्थित नारायण आश्रम में लोकसभा का युवा सम्मेलन युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष मयंक सिंह बुंदेला की अध्यक्षता में आयोजित हुआ। मुख्य अतिथि हरदोई के मल्लावां से विधायक आशीष सिंह उर्फ 'आशु' एवं विशिष्ट अतिथि युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष प्रांशु दत्त द्विवेदी ने युवाओं को संबोधित करते हुए आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील की।



भाजपा के युवा सम्मेलन को संबोधित करते वक्ता। अमृत विचार

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि हरदोई के मल्लावां से विधायक आशीष उर्फ आशु ने कहा केंद्र व प्रदेश की भाजपा सरकार युवाओं के सपने को साकार करने का कार्य कर रही है ।देश व प्रदेश में कई वर्षों से युवाओं के साथ उपेक्षा हुई ।इसके कारण युवाओं ने 2014 में नरेंद्र मोदी एवं 2017 में योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में भाजपा की सरकार बनाने का कार्य किया। पिछली प्रदेश की सपा सरकार में युवाओं के साथ छल करने का कार्य किया। केंद्र व प्रदेश में भाजपा सरकार बनने के बाद युवा शक्ति को सशक्त बनाने के लिए ऐतिहासिक फैसले लिए गए। भाजपा ने युवा मोर्चा के माध्यम से युवाओं की आवाज को मजबूत करने के लिए मंच देने का कार्य किया। युवाओं की समस्याओं को समाधान करने के लिए भाजपा सरकार युवाओं के साथ खड़ी हुई है। जिसके साथ युवा होते हैं उसकी ही सरकार बनती है युवा इस भारत का भाग्य विधाता है। भाजपा सरकार के केंद्र व प्रदेश में अस्तित्व में आने के बाद प्रदेश के आम जनमानस के लिए जनकल्याणकारी योजनाएं बनी। केंद्र की मोदी सरकार के ऐतिहासिक फैसला अयोध्या में भव्य राम मंदिर निर्माण धारा 370 की समाप्ति एवं नागरिकता संशोधन कानून लाकर देश के ढांचे को मजबूत करने का कार्य किया । भारतीय संस्कृति की रक्षा के लिए वर्षों से लंबित राम मंदिर के निर्माण को पूर्ण करते हुए हिंदू समाज के कद को ऊंचा करने का कार्य हुआ। एक वक्त था जब प्रदेश में सपा की सरकार थी। प्रदेश में बहन बेटियां मां सुरक्षित नहीं थी। रात्रि 6:00 बजे के बाद मां बहन बेटियां घरों से नहीं निकलती थी। लेकिन योगी सरकार बनने के बाद गुंडे और माफियाओं पर सख्त कार्रवाई की गई और सुशासन और सुरक्षा का माहौल दिया गया। इसके कारण आज प्रदेश हर मोर्चे पर तेजी के साथ आगे बढ़ रहा है। विकसित भारत के संकल्प को पूर्ण करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का तीसरी बार सत्ता में आना आवश्यक है। विशिष्ट अतिथि भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष एवं एमएलसी प्रांशु दत्त द्विवेदी ने कहा युवा एक नए भारत का निर्माण करेगा आज का युवा ने भारत का निर्माण करने में सक्षम है और इन युवाओं के साथ नरेंद्र मोदी और योगी आदित्यनाथ की ताकत जुड़ गई है कांग्रेस सपा बसपा एवं अन्य राजनीतिक दलों ने युवाओं के सपने को तोड़ने का कार्य किया। जिला संगठन प्रभारी शिव महेश दुबे ने कहा भारत की आजादी के बाद एक ऐसे राजनीतिक दल के पास सत्ता रही जिसने केवल एक परिवार के लिए कार्य किया। देश को जोड़ने की बजाय उसके टुकड़े कर दिए। देश भ्रष्टाचार और आतंकवाद की भेंट चढ़ गया। भाजपा जोड़ने वाली विचारधारा को लेकर चली जिसने देश में राष्ट्रवाद के मुद्दे को मजबूत करते हुए देश को हर मोर्चे पर मजबूत करने का कार्य किया।

### विकसित भारत के लिए मोदी जरूरी

लोकसभा प्रभारी अजय धाकरे ने कहा एक विकसित भारत के निर्माण के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनना जरूरी है। भाजपा जिला अध्यक्ष रूपेश गुप्ता ने कहा प्रदेश का मुख्य विपक्षी दल समाजवादी पार्टी इस चुनाव में धर्म के आधार पर वोट मांग रही है उनके नेता बड़े-बड़े मंचों से वोट जिहाद के नाम पर एक विशेष वर्ग से एकत्रित होने की बात कर रहे हैं। विपक्ष की इस घटिया राजनीति का जवाब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिया है। प्रधानमंत्री ने कहा है कि दलित और पिछड़ों का आरक्षण मुसलमानों को नहीं दिया जाएगा। लेकिन सपा और कांग्रेस दलित और पिछड़ों का आरक्षण काटकर मुस्लिम वर्ग को देना चाहती है ।ऐसी राजनीति का जवाब वोट की ताकत से दिया जाएगा। कार्यक्रम का संचालन युवा मोर्चा जिला महामंत्री राहुल राजपूत ने किया इस अवसर पर लोकसभा सह प्रभारी सर्वेश कठेरिया युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष ,मयंक सिंह बुंदेला जिला पंचायत अध्यक्ष ,मोनिका यादव युवा मोर्चा क्षेत्रीय मंत्री आदि ने विचार व्यक्त किए।

माता यस्य गृहे नास्ति भार्या चाप्रियवादिनी।
अरण्यं तेन गन्तव्यं यथारण्यं तथा गृहम् ॥

जिसके घर में न माता हो और न स्त्री प्रियवादिनी हो, उसे वन में चले जाना चाहिए क्योंकि उसके लिए घर और वन दोनों समान ही हैं।

## संपादकीय

# स्कूलों को धमकी

दिल्ली के बाद अब अहमदाबाद में आठ स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी वाला ईमेल मिला है। इससे अभिभावकों में दहशत है। प्रारंभिक जांच के अनुसार ईमेल भारत के बाहर से भेजा गया है। दरअसल लोकसभा चुनाव के मद्देनजर मंगलवार को तीसरे चरण के लिए मतदान किया जाना है। गुजरात की 25 लोकसभा सीटों के लिए मतदान होगा। इससे ठीक एक दिन पहले सुबह के समय एक ईमेल मिला, जिसमें स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी दी गई थी। अहमदाबाद में वीआईपी आवागमन बना रहता हैं। मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल समेत तमाम बड़ी हस्तियों के वोट डालने की संभावना है। इसके चलते अहमदाबाद पुलिस डॉग स्क्वायड और बम निरोधक दस्ते के साथ स्कूलों की जांच में जुटी है। बेंगलुरु, दिल्ली के बाद अब अहमदाबाद में अफरातफरी का माहौल है। इस धमकी के बाद परिजन परेशान हो गए। पुलिस ने अभिभावकों से परेशान नहीं होने की अपील की है। निश्चित रूप से बम संबंधी ईमेल भेजने का मकसद बड़े पैमाने पर दहशत पैदा करना और सार्वजनिक व्यवस्था को बिगाड़ना था।

गौरतलब है कि 1 मई को दिल्ली-एनसीआर में करीब 100 स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी ईमेल के जरिए भेजी गई थी। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली और नोएडा के अलावा बेंगलुरु, कोलकाता और चेन्नई सरीखे महानगरों के स्कूलों में भी ऐसी फर्जी और अफवाह वाली मेल भेजी जा चुकी हैं। दहशत फैलाने वाले का मकसद क्या था, इस बाबत पुलिस की जांच जारी है। पुलिस का मानना है कि संभव है कि इसके लिए 'डार्कनेट' या 'प्रॉक्सी सर्वर' का प्रयोग किया गया हो। पुलिस की आतंकवाद विरोधी ईकाई, स्पेशल सेल भी जांच में जुटी है। साजिशकर्ता कहीं भी बैठकर ये मेल भेज सकते थे। दो वर्ष पहले भोपाल के मिशनरी स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी भरा ईमेल भेजने के मामले में साइबर क्राइम पुलिस ने खुलासा किया था कि वर्चुअल प्राइवेट नेटवर्क के जरिए जनरेट होने वाले इंटरनेट प्रोटोकोल एड्रेस के माध्यम से ईमेल स्कूलों की मेल आईडी पर आने की जानकारी एवं साक्ष्य उस विवेचना में मिले। उस समय भी सवाल था कि यह किसी आतंकी हमले का पूर्वाभ्यास भी हो सकता है? क्या आतंकी ताकतें हमारी व्यवस्था को सचेत कर, अंततः लापरवाह कर देना चाहती हैं, ताकि असल हमला किया जा सके। हालांकि इन ईमेल के मूल तक पहुंचना या साजिशकर्ता को चिह्नित करना लगभग 'असंभव' है। क्योंकि ईमेल भेजने के बाद ऐसे अकाउंट समाप्त कर दिए जाते हैं। ऐसी धमकियां भी 'साइबर अपराध' का हिस्सा हैं, जिसके खिलाफ कार्रवाई के लिए अतिरिक्त सक्रियता बरतने की जरूरत है।

# जीतेगी पार्टी और हारेगी जनता



डॉ. अजय कुमार मिश्रा
लखनऊ

एक तरफ एनडीए का गठबंधन और दूसरी तरफ इंडिया का गठबंधन अपने अनुभव के आधार पर सत्ता का ख्वाब देख रहा है। देश को मिली आजादी के बाद से अनेक अप्रत्याशित बड़े बदलाव हुए हैं, पर यह भी जमीनी सच्चाई है कि अपेक्षित प्रगति और बदलाव आज तक नहीं हुआ है जिसकी वजह से अस्थिरता और व्यापक अंतर हर तबके में विद्यमान है।

18 वीं लोकसभा के गठन के लिए चुनाव प्रक्रियारत है। देश में अनेक राजनैतिक पार्टियां अपना भविष्य आजमा रही हैं, जबकि मुख्य रूप से दो पार्टी बीजेपी और कांग्रेस सत्ता पाने की दौड़ में है। एक तरफ एनडीए का गठबंधन और दूसरी तरफ इंडिया का गठबंधन अपने अनुभव के आधार पर सत्ता का ख्वाब देख रहा है। देश को मिली आजादी के बाद से अनेक अप्रत्याशित बड़े बदलाव हुए हैं, पर यह भी जमीनी सच्चाई है कि अपेक्षित प्रगति और बदलाव आज तक नहीं हुआ है जिसकी वजह से अस्थिरता और व्यापक अंतर हर तबके में विद्यमान है। दुनियां के सबसे बड़े लोकतंत्र में निष्पक्ष चुनाव भी विवादों से बच नहीं पाया है। यदि आप कुछ लोगों से और राजनैतिक पार्टियों के प्रवक्ताओं से बात करेंगे तो ईवीएम पर भी बड़ा प्रश्न समझ में आएगा। पर इन सभी बातों के बीच एक महत्वपूर्ण बात जो आजादी के बाद से चली आ रही है उस पर ध्यान शायद ही किसी का हो और इस लोकसभा चुनाव भी यही होगा- "जीतेगी पार्टी, हारेगी जनता"। यह केवल एक वाक्य नहीं है बल्कि अपने देश की वास्तविक सच्चाई भी है यह तभी समझ में आएगा जब आप निष्पक्ष और गहराई से इसका आकलन करके निष्कर्ष पर पहुंच पाए।

साम्प्रदायिकता : आप क्या है? एक इन्सान या फिर एक जाति और धर्म जिसे मानवीय नेतृत्व ने निर्धारित किया है। आजादी के पश्चात से लेकर अभी तक में सांप्रदायिकता अपने चरम पर है। शिक्षित और अशिक्षित सभी श्रेणी के लोगों में इसका जहर अपना अमिट प्रभाव बना चुका है, जिसका खामियाजा छुट-पुट रूप में दिख रहा है पर आगामी समय में इसके बड़े दुष्परिणाम को रोकना लगभग असंभव होगा और यदि आप यह सोच रहे हैं कि आप इससे बचे रह जाएंगे तो आप गलत हो क्योंकि इसका खामियाजा प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष तौर पर सभी को कुछ न कुछ उठाना पड़ेगा। हां प्राप्त नुकसान का प्रतिशत कम या अधिक हो सकता है और हां इस बात के लिए सभी राजनैतिक पार्टियों को बराबर का जिम्मेदार बनाया जा सकता है।

भ्रष्टाचारः दशकों से अलग-अलग नेतृत्वकर्ताओं के द्वारा किया गया वायदा और बनाए गए नियम एक बार नहीं लगातार विफल सभी को दिखाई दे रहे हैं। समय और तकनीकी के विकास के साथ भ्रष्टाचार का नया स्वरुप सामने आया है। कमी होने के बजाय इसमें वृद्धि हुई है। इसके लिए मुख्य रूप से जिम्मेदार किसे बनाया जाए, यह कहा नहीं जा सकता, क्योंकि अघोषित इस संगठन के कितने हिस्से और लोग हैं, आज तक किसी को नहीं पता। पर यह आपके जीवन का एक अभिन्न हिस्सा हो गया है और यह कहा जा सकता है की यह कुछ एक को छोड़ करके सभी के ब्लड में शामिल हो गया है।



आजादी पर रोक : आजादी के पश्चात से लेकर आज तक सभी सत्ताधारियों ने अपने हित के लिए अनेक लोगों की आजादी पर रोक लगाई है। फिर चाहे जेल में डालना हो या लोगों को पब्लिक में जाने से रोकना या फिर लोगों को एकजुट होने से तोड़ना हो। आखिर आज भी कोई निर्भय होकर कुछ बातों का प्रश्न जान सकता है क्या? यह कहा जा सकता है नहीं और ऐसे में समय के बढ़ने के साथ साथ इसमें अधिक रोक की संभावना दिखाई पड़ रही है। बेरोजगारी : जब देश पर शासन करने वाले लोगों को सरकारी बैलेंसशीट लाभ में चाहने लगे तो रोजगार की अपेक्षा करना सबसे बड़ा झूठा ख्वाब देखने जैसा है। अब सरकारें चाहें वो केंद्र की हो या राज्य की सभी रोजगार के मुद्दे को लेकर विफल हो चुकी है।

आजादी पर रोकः आजादी के पश्चात से लेकर आज तक सभी सत्ताधारियों ने अपने हित के लिए अनेक लोगों की आजादी पर रोक लगाई है। फिर चाहे जेल में डालना हो या लोगों को पब्लिक में जाने से रोकना या फिर लोगों को एकजुट होने से तोड़ना हो। आखिर आज भी कोई निर्भय होकर कुछ बातों का प्रश्न जान सकता है क्या? यह कहा जा सकता है नहीं और ऐसे में समय के बढ़ने के साथ साथ इसमें अधिक रोक की संभावना दिखाई पड़ रही है। बेरोजगारीः जब देश पर शासन करने वाले लोगों को सरकारी बैलेंसशीट लाभ में चाहने लगे तो रोजगार की अपेक्षा करना सबसे बड़ा झूठा ख्वाब देखने जैसा है। अब सरकारें चाहें वो केंद्र की हो या राज्य की सभी रोजगार के मुद्दे को लेकर विफल हो चुकी है। बढ़ती कॉन्ट्रैक्ट प्रणाली, निजीकरण भले ही सरकारी रोजगार ख़त्म कर रहे हों पर इस बात को भी झुठलाया नहीं जा सकता कि ठेका प्रणाली के विस्तार से आज कार्यरत सभी आदमी मानसिक बीमारी का शिकार है जिसका आकलन भी कोई नहीं करना चाहता। कार्य के घंटे, भुगतान, शिकायत निवारण न होना जैसे अनेक ऐसी बातें है जो आम आदमी के जीवन को खत्म कर रही हैं।

बढ़ती महंगाई और सीमित होते सामाजिक कार्य : महंगाई की स्थिति इतनी भयानक है कि आज हर आदमी अपनी जमीनी आवश्यकताओं से समझौता कर रहा है। वहीं दूसरी तरफ आम आदमी के हितों की अनदेखी के साथ-साथ सरकारी योजनाओं की घटती संख्या उनमें अवसाद उत्पन्न कर रही है। वैश्विक मानकों के तहत आज देश में शायद ही कोई प्रभावशाली योजना हो जो आम आदमी के जीवन में ऐतिहासिक बदलाव सहयोग करके ला रही हो।

लिखने और कहने को अनेक मुद्दे और बातें है पर वर्तमान सच्चाई यह है कि दशकों पूर्व हम जिन मुद्दों से लड़ रहे थे अब वो मुद्दे अपने नए स्वरुप में सभी के सामने हैं और समाधान किसी के पास नहीं है। जमीनी आवश्यकता रोटी, कपड़ा, मकान, रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य, न्याय से दशकों पहले हम अपने जीवन में इनकी अनुपस्थिति से लड़ रहे थे। अब हम इनकी उपस्थिति के बावजूद इनकी लागत को न उठा पाने से लड़ रहे है। आज प्रत्येक आदमी इन मुद्दों के नए स्वरुप से लड़ रहा है और बिना किसी भेदभाव या पक्षपात के यह आसानी से कहा जा सकता है कि "जीतेगी पार्टी, हारेगी जनता"। क्योंकि इन समस्याओं ने इतना विकराल स्वरुप बना लिया है जिसका समाधान करने की शायद ही कोई सोचे। आज भी चुनाव हो रहे है आगे भी होते रहेंगे। एक दो नहीं बल्कि ऐसी अनेक बातें आएंगी और जाएंगी, जो सभी को आश्चर्यचकित कर देंगी। पर यह भी अमिट सत्य है कि इन अव्यवस्था के लिए सिर्फ एक पार्टी या राजनैतिक दल जिम्मेदार नहीं है बल्कि शासन करने वाला प्रत्येक सख्श जिम्मेदार है जिसने इन मुद्दों से लड़ने के लिए समय पर सही कार्यवाही नहीं की।

## प्रसंगवश

# हमारे परिवार नहीं है

इन दिनों प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी चुनावी जन सभाओं में यह बात जोर शोर से कह रहे हैं कि, 'हमारे तो परिवार नहीं है, हम तो आपके परिवार, बच्चों के लिए खप रहे हैं'। इस तरह वे अपने को त्यागमूर्ति साबित करके देश हित हेतु समर्पित सिद्ध कर रहे हैं। विचार करने पर उनके इस उद्घोष में सत्यता नहीं परिलक्षित होती है। उनके परिवार तो है। विधि सम्मत विवाहिता पत्नी अभी विद्यमान होकर परित्यक्त जीवन व्यतीत कर रही हैं। रही दूर रखने की बात, तो यह हिंदू धर्म व संस्कृति तथा कानूनी प्रावधानों से भी मेल नहीं खाता। विष्णु और शिव संसार का प्रभार उठाए हैं। उनकी पत्नियां साथ हैं। शिव जी ने तो अपने अर्द्ध वाम अंग में ही पार्वती माता को स्थान दे दिया है और अर्द्धनारीश्वर होकर लोक पूज्य है। यही नहीं भारत के महापुरुष, जिनकी राष्ट्र व समाज के प्रति अप्रतिम सेवाएं रहीं हैं, पत्नी साथ रखते रहे हैं। गांधी और डा.राजेन्द्र प्रसाद के नाम इस प्रसंग में हम ले सकते हैं। जहां तक कानून का प्रश्न है, तो वैध तलाक के लिए हिंदू विवाह अधिनियम की धारा 13 के अंतर्गत न्यायालय की डिग्री होनी चाहिए। मोदी जी के केस में ऐसा कुछ नहीं है, यानी देश के कानून के अनुसार पृथकत्व नहीं है। परिवार में भाई, भतीजे भी आते हैं। भतीजी विगत में गुजरात में, पार्षद चुनाव लड़ने का भाजपाई टिकट चाहती थी, जो उसे नहीं दिया गया, ताकि वंश में कोई और आगे न बढ़ सके। फैसला तो जनता करती। एक सुभाषित है-परिवर्तिनि संसारे मृतः को वा न जायते।/स जातो येन जातेन याति वंशः समुन्नतिम्।। (अर्थात् परिवर्तनशील संसार में मरता जीता कौन नहीं है? किंतु उसी का जन्म सार्थक है, जिससे वंश/कुल की उन्नति हो।)



रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

पत्नी व परिवार के त्यागी मोदी ने क्या भव्य बंगला और उच्चकोटि की सुख सुविधाएं भी त्यागीं? नहीं। चार करोड़ से ऊपर का सूट पहना। वैसे चाणक्य भी समृद्धतम राज्य के प्रधानमंत्री थे, जो नगर के बाहर कुटिया में रहकर राजकाज करते और बेहद सादा जीवन व्यतीत करते थे।

# पहाड़ों में धधकी हुई है आग



अशोक पांडे
हल्द्वानी

विकास और वैज्ञानिक प्रगति का आलम यह है, हमेशा की तरह हर कोई इस बार भी बारिश का इंतज़ार कर रहा है। उसी का सहारा है। हमेशा की तरह।

अकेले कुमाऊं में पांच सौ से अधिक जगहों पर दावानल का कहर बरपा है। पांच लोग जल कर मर चुके हैं और तमाम जगहों से आग के विकराल स्वरूप के डरावने वीडियो सामने आ रहे हैं। शहरों-गांवों की हवा में इस कदर धुआं घुल चुका है कि लोग बीमार पड़ रहे हैं, बच्चों-बुजुर्गों को सांस लेने में तकलीफ हो रही है। जो अभी घट रहा है उसकी पहले से ही आशंका थी क्योंकि जंगलों का सुलगना इस साल जनवरी में ही शुरू हो गया था। यह और बात है कि हमेशा की तरह इस बार भी किसी ने समय रहते उसकी सुध न ली।

पहाड़ की सुंदरतम जगहों में हफ्तों से धुएं का गहरा परदा पड़ा हुआ है, हवा गाढ़ी हो गई है, धूप का निशान नहीं है। उसके बावजूद कल मैं देख रहा था भीमताल की झील का पानी हेलीकॉप्टरों की मदद से उठा कर जंगलों की आग के ऊपर बरसाया जा रहा था। इस दृश्य से मुदित कुछ युवा पर्यटक हेलीकॉप्टर के साथ सेल्फी ले रहे थे। पास के खोखे में उनके लिए मैगी उबल रही थी। पर्यटन और रोजगार का अद्भुत मॉडल सामने था।

पहाड़ों में अमूमन इस मौसम में आग लगना आम है। सदियों से यह परंपरा रही है कि चारे के लिए अच्छी घास उगाने की नीयत से जंगलों में फैली हुई चीड़ की सूखी पत्तियों यानी पिरूल को नियंत्रित रूप से जलाया जाता था। इस आग को नियंत्रित करने के लिए जंगलात विभाग ने बाकायदा पतरौल और अगलैन जैसे पदों पर लोग तैनात किये हुए थे। इस विभाग में काम कर चुके पुराने अफसरों के संस्मरण पढ़िए तो पता चलता है समूचा डिपार्टमेंट इस बात को सुनिश्चित करता था कि हर साल अप्रैल-मई-जून में लगने वाली इस आग से कम से कम नुकसान हो। उत्तराखंड बनने के बाद जंगल में लगने वाली आग से निबटने के लिए अलग से बाकायदा एक विभाग भी बनाया गया। अपने उद्देश्यों में वह कितना सफल रहा है सबको दिखाई देता है।

हमसे पहले की पीढ़ियां इस आपदा से साल-दर-साल सलीके से लड़ती रही हैं। इधर के सालों में ऐसा क्या हुआ होगा कि तमाम अफसरशाही, नेतागिरी, अखबारबाजी और सोशल मीडिया के बावजूद हालात बिगड़ते चले गए।

समझ में आता है कि हमने एक समुदाय के रूप में सोचना और काम करना बंद कर दिया है। हम एक जिम्मेदार और सभ्य समाज के रूप में रहना भूल चुके हैं। इस तरफ रहने वाले सोचते हैं उधर की आग से हमें क्या, उधर वाला सोचता है अभी मेरा घर बचा हुआ है। आगे की आगे देखेंगे। जब दोनों तरफ के गांव आग की चपेट में आ जाते हैं तो दोनों मिलकर सोचते हैं इतनी बड़ी सरकार है, यह तो उसका काम है। वन विभाग कहता है उसकी व्यवस्था तो पूरी तरह चौकस है, शरारती तत्व आग लगाने से बाज नहीं आते।

जंगल में आग लगती है तो कीड़े-मकोड़े मरते हैं, तितलियां मरती हैं, छोटी झाड़ियां और नए पेड़ मरते हैं, उड़ने से लाचार चिड़ियों के नन्हे बच्चे घोंसले में ही मर जाते हैं, वन्य जीवों के कुनबे उजड़ जाते हैं। प्रकृति और उसकी पारिस्थितिकी का संतुलन ऐसा डावांडोल होता है कि अगर सब ठीक चला तब उसे सम्हलने में दस-बारह साल लग जाते हैं। पानी के प्राकृतिक स्रोत तबाह हो जाते हैं। यह कॉमन सेंस की बात है जिसे अनिवार्य रूप से स्कूलों के पाठ्यक्रमों में जगह मिलनी चाहिए।

सरकार के पास तमाम संसाधन हैं लेकिन उसके पास न कोई तैयारी है, न कोई विजन। आग बुझाने की ट्रेनिंग के जो कार्यक्रम दिसंबर जनवरी में गांव-गांव में चलाए जाने चाहिए थे उनकी याद मई-जून में आती है। जिन वनकर्मियों को अत्याधुनिक उपकरणों से लैस कर दिया जाना चाहिए था उनके पास एक लाठी है या हद से हद एक रेक जिसके दांते टूट चुके हैं। जंगल जलता है तो वे उसी जंगल के बचे हुए पेड़ों के पत्तों को तोड़ कर उनकी झाड़ू बनाते हैं। फिर उसी झाड़ू से पीट-पीट कर आग बुझाने का प्रागैतिहासिक तरीका अपनाया जाता है।

पर्यावरण किसी भी राजनैतिक पार्टी के एजेंडे में कहीं नहीं है। हिमालय और उसके सरोकार किसी मैनीफेस्टो का हिस्सा नहीं बनते। एक जमाने में आग को बुझाने का काम सरकार और जनता दोनों का साझा होता था। अब दोनों के बीच कैसी दूरी है बताने की ज़रूरत नहीं। जो सरकार जागेश्वर जैसी जगह के पांच सौ साल पुराने देवदारों को काटने की योजना तक बना सकती है, उसके सरोकारों में पेड़ और जंगलों की जगह कहां होगी यह भी बताना बेमानी है।

विकास और वैज्ञानिक प्रगति का आलम यह है, हमेशा की तरह हर कोई इस बार भी बारिश का इंतजार कर रहा है। उसी का सहारा है। हमेशा की तरह।

## सोशल फोरम

# ये गारंटियां पे गारंटियां

ये चुनाव भी क्या शै हैं, जैसे गारंटियां ही गारंटियां दिए जा रहे हैं नेता। एक से बढ़कर एक गारंटी। पहले तो व्यावसायिक कंपनियां गारंटियां दिया करती थीं और कोई भी चीज़ खरीदने के बाद गारंटी संभाल कर रखते थे ताकि समय आने पर कंपनी को दिखाई जा सके। अब पिछले दस वर्षों से राजनीति वाले भी गारंटियां देने लगे हैं और जनता इनसे कुछ पूछने के मूड में दिख रही है -पुरानी गारंटियां दिखा कर। जैसे अच्छे दिन आने की गारंटी दी गई थी, जैसे स्विटजरलैंड से काला धन लाकर सीधे हर किसी के खाते में पंद्रह पंद्रह लाख रुपये आने की गारंटी और दो करोड़ युवाओं को रोज़गार जैसी गारंटियां दी गई थीं। अच्छे दिनों की बात तो चुनावी जुमला कहकर टाल दी गई और युवाओं को रोजगार के नाम पर कितने युवाओं को रोजगार मिला, ये आंकड़े आए नहीं कभी। हां, महंगाई की कोई गारंटी नहीं थी, सो महंगाई खूब बढ़ी और रसोई गैस सिलेंडर एक हज़ार से ऊपर चला गया। किसानों को तीन कृषि कानूनों का विरोध एक साल से ऊपर तक करना पड़ा, तब कभी जाकर जान छूटी। अब एमएसपी के लिए फिर संघर्षरत हैं, किसान और हरियाणा में तो भाजपा प्रत्याशियों को इसके बारे मे काले झंडे दिखा कर सवाल पूछे जा रहे हैं। इस गारंटी का क्या होगा और कौन पूरी करेगा? क्या कांग्रेस यह गारंटी देगी कि यदि सत्ता में आई तो कोई डमी प्रधानमंत्री नहीं बनाएगी? क्या कांग्रेस यह गारंटी देगी कि इमरजेंसी जैसी कोई भूल फिर नहीं करेगी? क्या यह अग्निवीर योजना रद करेगी और रसोई गैस व पेट्रोल की कीमतों पर काबू रखेगी ? ओल्ड पेंशन बहाल करेगी?



कमलेश भारतीय
वरिष्ठ पत्रकार

यह शहजादा या शाही परिवार पर हमले करने से जनता की समस्याओं का हल निकल आएगा या सत्ता में आने पर कौन -कौन सी गारंटी राहुल पूरी कर पाएंगे? उतनी ही गारंटियां दो, जितनी पूरी कर सको। बाद में चुनावी जुमले साबित न हों ये गारंटियां।
चुनाव में मारी एंटरियां/ तो देने लगे गारंटियां।

-फेसबुक वॉल से

# ऐतिहासिक बरेली कॉलेज की विरासत



सुधीर विद्यार्थी
वरिष्ठ लेखक, बरेली

सत्तावनी क्रांति में यहां अध्यापक रहे कुतुबशाह के साथ 1857 में ही लखनऊ में फांसी चढ़ने वाले इस कॉलेज के छात्र रहे शहीद जैमिग्रीन के नाम के हर्फ तक यहां ढूंढे नहीं मिलते।

बरेली कॉलेज अपनी स्थापना के 187 वर्ष पूरे कर चुका है। 1937 में शुरू हुए इस शिक्षा संस्थान के 1905 में बने नए भवन का उद्घाटन करने अवध-आगरा क्षेत्र के लेफ्टीनेंट गवर्नर सर जेम्स जोन्स डिगस लाटूश आए थे। महाविद्यालय बनते-बनते इस कॉलेज ने अपने लंबे सफरनामे में बहुत उतार-चढ़ाव देखे। वर्ष 1987 में इस कॉलेज की डेढ़ सौवीं जयंती मनाई गई। तब 'शताब्दियों में बरेली कॉलेज' को कुछ इस तरह याद किया गया था- शताब्दियों से जिनका उच्च शिक्षा से कोई संबंध न रहा हो उन्हें किसी विशेष शिक्षण संस्था का प्राचीन इतिहास कुछ भी आकर्षित न करे पर पिछले डेढ़ सौ वर्षों से बरेली और उसके आसपास दूर-दूर के क्षेत्रों में जिनके किसी संबंधी का भी कोई संबंध बरेली कॉलेज से रहा है वह उसके अस्तित्व के विगत इतने वर्षों के इतिहास से अपने को जुड़ा हुआ समझ सकता है। आगरा के आगरा कॉलेज और दिल्ली के दिल्ली कॉलेज की तरह बरेली कॉलेज भी देश के प्राचीनतम शिक्षण संस्थाओं में से एक है। उसकी स्थापना सन् 1837 में एक स्कूल के रूप में हुई थी तो देश में समझौते की नई शिक्षा नीति का ऐलान हो चुका था और उसकी शिक्षा का उद्देश्य प्रशाससिक कार्यों में सहयोग के लिए बाबू तैयार करना था। सन् 1950 में उसे राजकीय कॉलेज का स्तर तो दे दिया गया था, पर उस समय तक जो भारतीयता की भावना इस क्षेत्र में फैल गई थी वह प्रथम स्वतंत्रता संग्राम के आते-आते स्वयं ब्रिटिश शासन के लिए पर्याप्त सिर दर्द बन चुकी थी। मार्च अप्रैल सन् 58 तक उस संग्राम के महान नेता नाना साहब अपने साथियों के साथ तत्कालीन बरेली कॉलेज की इमारत में रहे थे और 31 मई को सवेरे जिस दिन संग्राम छिड़ गया तो अंग्रेज अधिकारी मारे गए उनमें बरेली कॉलेज के अंग्रेज प्रिंसिपल बक्र भी थे। ब्रिटिश शासन की पुनर्स्थापना के बाद बरेली कॉलेज को अपने विकास में इस बगावत का परिणाम वर्षों तक भुगतना पड़ा। अपनी बीए और वकालत की परीक्षाओं के लिए वर्षों तक कलकत्ता, इलाहाबाद और आगरा विश्वविद्यालयों से संबद्ध रहने के बाद अब बरेली कॉलेज इस क्षेत्र के विश्वविद्यालय रूहेलखंड से संबद्ध सर्वाधिक प्रमुख शिक्षण संस्थान हैं। लगातार शिक्षण कार्य के इस लंबे काल में बरेली कॉलेज ने सत्ता के सर्वोच्च पदों को प्राप्त करने वाले अधिकारी ही नहीं, अनेक क्रांतिकारी और स्वतंत्रता सेनानी भी उत्पन्न किए। अपने एक निर्णय में प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी को अपदस्थ करने वाले भूतपूर्व जस्टिस सिन्हा और राज्यपाल श्री बर्नी इसी बरेली कॉलेज की देन हैं। बरेली कॉलेज के हिंदी प्राध्यापक और कवि वीरेन डंगवाल के संपादन में एक स्मारिका भी प्रकाशित हुई थी जिसमें उन्होंने इस ऐतिहासिक शिक्षा संस्थान के अतीत का उत्खनन करके हमें हमारी विरासत सौंपने का बड़ा काम किया था, जिसमें 1857 में इस कॉलेज में फारसी के अध्यापक रहे कुतुबशाह को याद किया गया था,जो क्रांतिकारी नेता खान बहादुर खां के प्रकाशक थे और बगावत के उन दिनों छपने वाले इश्तहारों में उनका नाम होता था। कुतुबशाह को फांसी की सजा तजवीज की गई थी,लेकिन बाद को उसे देश निकाला में तब्दील कर दिया गया। आज कुतुबशाह के नाम का कोई पत्थर बरेली कॉलेज की किसी दीवार पर नहीं लगा है। कितना अजीब है कि सत्तावनी क्रांति के इस अप्रतिम योद्धा की कोई तस्वीर भी हमारे पास नहीं है। कॉलेज के सभागार में देश के प्रसिद्ध राजनेताओं की आदमकद तस्वीरें सजी हैं, लेकिन यहां से जुड़ी रही बड़ी शख्सियतों के निशानात पूरी तरह गायब हैं।

सत्तावनी क्रांति में यहां अध्यापक रहे कुतुबशाह के साथ 1857 में ही लखनऊ में फांसी चढ़ने वाले इस कॉलेज के छात्र रहे शहीद जैमिग्रीन के नाम के हर्फ तक यहां ढूंढे नहीं मिलते। शहीद भगतसिंह के चाचा क्रांतिकारी सरदार अजीत सिंह, हिन्दी एकांकी के जनक भुवनेश्वर, प्रसिद्ध छायावादी कवि होरीलाल शर्मा 'नीरव', साहित्यकार निरंकार देव सेवक, पं. छेदालाल (1870 में कॉलेज के पहले बीए) या प्राच्यशास्त्री और भाषाविद् प्रो. भोलानाथ शर्मा का इस कॉलेज से सघन जुड़ाव रहा। यहां आने वाले कवि साहित्यकार रामधारी सिंह 'दिनकर', हरिवंश राय 'बच्चन', सुभद्रा कुमारी चौहान, मदर टेरेसा, विजय लक्ष्मी पंडित, सेठ गोविन्द दास और डॉ. कर्णसिंह जैसों के नाम को हम गर्व के साथ स्मरण कर सकते हैं।

# तर्क और विज्ञान का रास्ता

मैंने ओशो का पढ़ा और गुना। वह सागर विश्वविद्यालय में दर्शन शास्त्र के विद्यार्थी और प्रवक्ता रहे। दर्शन में वह बौद्ध दर्शन से प्रभावित हुए और बौद्ध दर्शन में भी लगता है वह महायान की वज्रयान शाखा से क्योंकि तभी तो उन्होंने संभोग से समाधि जैसी किताब लिखी। हर दार्शनिक की एक सोच होती है, वह जिंदगी जीने का एक दर्शन बनाता है, उसे ही ज़िंदगी में आगे बढ़ने का दर्शन, आगे बढ़ने का रास्ता बताता है। ओशो हो या कृष्णमूर्ति हो, उनका भी पसंदीदा एक रास्ता है, जिसे ही वह ज़िंदगी जीने का सही रास्ता समझते है। घूम फिर कर वह उसी रास्ते पर बार बार आ जाते है। एक बात साफ है इनके रास्ते में कर्मकांड कहीं नहीं है। यह तर्क और विज्ञान का रास्ता है।



शैलेन्द्र प्रताप सिंह
से.नि., पुलिस महानिरीक्षक

मैं भी बौद्ध दर्शन से बहुत प्रभावित हूं। राहुल सांकृत्यान ने नरम मंत्रयान के रूप में 400 से 700 ई. तक और गरम मंत्रयान या जिसे वज्रायान कह सकते हैं, उसका समय 800 से 1200 ई० तक माना है। महायान से ही आगे चलकर मंत्रयान, तंत्रयान, वज्रयान आदि पंथ निकले थे। उल्लेखनीय है हीनयान में व्यक्तिगत निर्वाण को प्रमुखता, अष्टांगिक मार्ग की साधना (विपश्यना ध्यान) पर जोर है, वहीं महायान में बोधिसत्व की कल्पना, परोपकार, महामैत्री, महाकरुणा एवं आदर्श अवतार की कल्पना है, जो चोरों तक के दुःखी रहने तक निर्वाण नहीं चाहता। महायानी (माध्यामिक मत के) नागार्जुन का शून्यवाद सभी पदार्थों चित्त और पंच स्कन्धों को भी शून्य मानता था, जबकि मैत्रेय और असंग (जो क्रमशः लगभग 375 व 400 ई. में जन्मे थे) का योगाचार मत (विज्ञानवाद) विज्ञान या चित्त को सत मानता है, शेष सब कुछ असत है। योगाचार्रियों का यह चित्त अकुशल कर्मों के प्रभाव से, स्मृति, वासना, कल्पना आदि से अशुभ हो जाता है। योगाचार मत ने इसी कारण प्रज्ञा के साथ योग और आचार को महत्ता दी। चौथी शताब्दी के असंग कृत 'प्रज्ञा पारमिता' ही आधार बनी 'गुह्य समाज तंत्र' की। हुआ यह कि युवा बौद्ध भिक्षु और भिक्षुणियों के एक साथ रहने से ब्रह्मचर्य के पालन में कठिनाईयां आने लगीं और कालान्तर में वे अपना धर्मशास्त्र 'गुह्य समाज तंत्र' लेकर सामने आए। बुद्ध ने कहा था कि न तो भोग से और न कृच्छ साधनाओं से निर्वाण मिलता है। इसी को आगे बढ़ाते हुए गुह्य समाज तंत्र ने घोषणा की कि सांसारिक सुखों से मुंह मोड़कर शरीर को दंडित करना निर्वाण की राह नहीं है और उन्होंने योग द्वारा समाधि में सफलता के लिए नारी (प्रज्ञा) की पूजा और उसका सहयोग अनिवार्य बताया। गुह्य समाज तंत्र (शास्त्र) की सबसे बड़ी विशेषता बौद्ध धर्म में शक्ति तत्व की प्रतिष्ठा करना है।

# 2002 कर्मी मतदान कराने पहुंचे, वोटिंग आज

## मतदान केंद्रों पर पैरामिलिट्री फोर्स की छह कंपनियां व दो प्लाटून और 900 होमगार्ड तैनात किए गए

कार्यालय संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार।** मैनपुरी लोकसभा सीट पर मंगलवार को होने वाले मतदान के लिए जसवंतनगर विधानसभा क्षेत्र में आने वाले कुल 452 बूथों के लिए पोलिंग पार्टियों की रवानगी सोमवार को नई मंडी से की गई। कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच 2002 अधिकारी व कर्मचारी सेक्टर, जोनल मजिस्ट्रेट से लेकर पोलिंग पार्टी के रूप में रवाना हुए। सुरक्षा में 6 कंपनी व 2 प्लाटून सेंटर पैरामिलिट्री फोर्स, एक कंपनी दो प्लाटून पीएसी भी तैनात की गई है।

बूथ के बाहर की सुरक्षा के लिए 1448 सिपाही, 171 दरोगा, 900 होमगार्ड भी तैनात किये गये है। दोपहर तक सभी पोलिंग पार्टियां अपने-अपने बूथ पर पहुंच गई। सुबह सात बजे से मतदान होगा। डीएम अवनीश राय, एसएसपी संजय कुमार समेत एडीएम अभिनव रंजन श्रीवास्तव, सीडीओ अजय कुमार जायजा लेते रहे।



पोलिंग पार्टियों को रवाना करने की व्यवस्थाएं देखते डीएम अवनीश राय।


चुनाव सामग्री लेकर मतदान केंद्र के लिए रवाना होते निर्वाचन कार्मिक। अमृत विचार

### बंदर भगाने को तैनात किए गए वनमानुष मैन

इटावा। नवीन मंडी स्थल पर बंदर एक बड़ी समस्या है। ऐसे में प्रशासन चुनाव सामग्री व व्यवस्था को बनाए रखने के लिए यहां नगर पालिका के दो कर्मचारियों को वनमानुष मैन के तौर पर तैनात किया था। दोनों ने ही लंगूर की वेशभूषा में बंदरों को खूब दौड़ाया। इस दौरान बंदर भी उन्हें देखकर भागते नजर आए।

### डिंपल और जयवीर के भाग्य का होगा फैसला

इटावा। मैनपुरी संसदीय क्षेत्रसे सपा की डिंपल यादव, भाजपा के जयवीर सिंह और बसपा के शिवप्रसाद यादव समेत अन्य प्रत्याशी चुनाव मैदान में है। इन सभी प्रत्याशियों की किस्मत मंगलवार को ईवीएम में कैद हो जाएगी।


### तेज धूप और गर्मी ने किया परेशान, कई कर्मचारी हलकान

इटावा। मंडी स्थल पर पोलिंग पार्टियों की रवानगी के लिए बनाए गए स्थान पर गर्मी व धूप के चलते कर्मचारी परेशान रहे। दरअसल सुबह से ही कर्मचारी चुनाव सामग्री लेने के लिए मौजूद थे। कुछ कर्मचारियों की लापरवाही के चलते बाकी लोगों को भी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। पोलिंग पार्टी पूरी न होने के कारण उन्हें बसों में बैठने में भी दिक्कत हुई। भीषण गर्मी के लिए से बचने के लिए प्रशासन ने मंडी के ही पुराने टीन शेड का इस्तेमाल किया जबकि ना तो आसपास कहीं पर्दे लगाए गए और न ही कोई अन्य व्यवस्था की गई। कूलर भी गर्म हवा फेंक रहे थे। लिहाजा कर्मचारी हाथ से पंखा अथवा रुमाल घुमाकर गर्मी दूर करने में लगे रहे इस दौरान बस में बैठते समय भी भीषण गर्मी के चलते कई लोग उल्टी की शिकायत कर रहे थे।

# एक निलंबित, 14 कर्मियों पर दर्ज होगी रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, इटावा

● चुनाव ड्यूटी में लापरवाही बरतने पर की गई कार्रवाई



**अमृत विचार।** जिला प्रशासन की ओर से चुनाव जैसे महत्वपूर्ण कार्य में उदासीनता, लापरवाही व उत्तरदायित्व का निर्वहन न करने के मामले में कुल 14 कर्मचारियों कि अनुपस्थित रहने पर उनके खिलाफ एफआईआर के निर्देश दिए गए हैं। एक तृतीय मतदान अधिकारी सफाई कर्मचारी को निलंबित कर दिया गया।

जिला विकास अधिकारी व सहायक प्रभारी अधिकारी कार्मिक एस कृष्णा ने बताया कि मतदान को लेकर नई मंडी में बनाए गए रवानगी स्थल पर बार-बार अधिकारियों व कर्मचारियों के कहने के बावजूद प्रथम मतदान अधिकारी राजीव कुमार अध्यापक प्राथमिक विद्यालय गुरेया बरहीपुरा भरथना, तृतीय मतदान अधिकारी विश्वनाथ मल्लाह लोक निर्माण विभाग, प्रथम मतदान अधिकारी प्रबल प्रताप सिंह फॉरेस्ट गार्ड, प्रथम मतदान अधिकारी लाल जी सिंह नलकूप चालक, पीठासीन अधिकारी मोहम्मद आसिफ खान प्रधानाध्यापक पक्का तालाब, पीठसीन अधिकारी प्रांजल कुमार दुबे सहायक अध्यापक जवाहरपुर, द्वितीय मतदान अधिकारी नीरज मिश्रा सहायक अध्यापक पीएस कदमपुरा, द्वितीय मतदान अधिकारी शशिप्रभा सहयोगी जिला पंचायत सैफई, द्वितीय मतदान अधिकारी मनीषा बैस सहायक अध्यापक कंपोजिट विद्यालय प्रतापनेर, द्वितीय मतदान अधिकारी शुभा कटियार सहायक अध्यापिका पीएस अंडावली, द्वितीय मतदान अधिकारी अर्चना राय कनिष्ठ सहायक जिला सहकारी बैंक लिमिटेड, प्रथम मतदान अधिकारी दिलीप कुमार यादव अनु अधि जिला सहकारी बैंक के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई जा रही है। डीपीआरओ बनवारी लाल ने बताया कि चकरनगर के कुंअरपुर कुर्छा में तैनात सफाई कर्मचारी दीपचंद को चुनाव में तृतीय मतदान अधिकारी बनाया गया था। वह अनुपस्थित पाए गए इसके बाद उनकी उन्हें निलंबित कर दिया गया।

### ताखा के एक लाख वोटर आज करेंगे मतदान

ताखा, इटावा। मैनपुरी लोकसभा क्षेत्र के ताखा तहसील में कुल 47 हजार महिला और 54 हजार पुरुष मतदाता हैं 85 मतदान केंद्रों के 120 बूथों पर अपना वोट डालेंगे। एसडीएम ताखा देवेन्द्र कुमार पांडेय ने बताया कि ताखा तहसील में शांतिपूर्ण मतदान के लिए प्रशासन मुस्तैद है। ताखा को 13 सेक्टरों में बांटा गया है। मतदान के दौरान 13 सेक्टर मजिस्ट्रेट लगातार अपने अपने क्षेत्रों में भ्रमण पर रहेंगे उनके ऊपर दो प्रभारी मजिस्ट्रेट लगातार मानिटरिंग करेगें इस व्यवस्था को वह खुद व तहसीलदार देखेंगे सुपरविजन के लिए सुपर जोनल मजिस्ट्रेट भी रहेंगे।

# रंजिश में मारपीट, फायरिंग फौजी सहित 10 घायल

संवाददाता जसवंतनगर, इटावा

**अमृत विचार।** बलरई थाना क्षेत्र के गोपालपुर में रविवार की रात दो पक्षों में लाठी-डंडे चले, फायरिंग भी हुई। दोनों ओर से 10 लोग घायल हो गए जिनमें एक फौजी भी शामिल है। चर्चा है दोनों पक्ष चुनाव में भी एक दूसरे के विरोध में है इससे बर्चस्व की जंग है।

थाना बलरई में दी तहरीर में उक्त गांव के राजवीर ने बताया कि रात को उसका भाई कमलेश गांव में बाइक से जा रहा था। कट्टा लिए इसी गांव के पुष्पेंद्र ने उसकी बाइक में कार से टक्कर मार दी और सतीश, शेर सिंह, नेक्से, पप्पू, अनिल, छोटे, सुनील ने लाठी, डंडों से हमला कर दिया। जिसमें कमलेश, राजेश, राजवीर, मिथलेश, रीना, मोना, नौदेवी घायल हो गए। दूसरे पक्ष से अनिल कुमार ने दी तहरीर में कहा है कि उनका भाई पुष्पेंद्र धाकरे और घर के अन्य लोग कार में सवार होकर बलरई से गोपालपुर आ रहे थे। गांव में घुसते ही पहले से घात लगाए गांव के ही शेर सिंह, कमलेश, राजेश, मुलायम, राजवीर, नरेंद्र, जितेंद्र ने कार को रोक लिया और हमला कर दिया गया।

चार घायलों को जिला अस्पताल रेफर किया गया। इनमें घायल शेर सिंह भारतीय सेना में जवान हैं जो छुट्टी पर घर आए हैं। थाना प्रभारी अमित कुमार मिश्र ने बताया कि घटना का चुनाव से संबंध नहीं है, दोनों पक्षों में पुरानी रंजिश है।

# लापता युवक का नहीं लगा सुराग, परिजन अनहोनी से चिंतित

**जसवंतनगर।** बलरई थाना क्षेत्र में अडांवली के रहने वाले महेश चंद्र का भाई 33 वर्षीय रिपुदमन उर्फ पिंटू एक मई को दिन में घर से किसी कार्य करने के लिए निकला । देर शाम तक वापस नहीं आया जिस पर परिजनों ने खोजबीन लेकिन कोई पता नहीं चला। महेश ने बताया कि उसका लापता भाई शादीशुदा है और उसके तीन बच्चे हैं। लापता भाई की हर जगह रिश्तेदारों आदि ठिकानों पर तलाश की लेकिन कोई सुराग नहीं लगा। उसके साथ कोई अनहोनी की आशंका के चलते पुलिस को तहरीर देकर कानूनी कार्रवाई की गुहार लगाई है। थाना प्रभारी अमित कुमार मिश्र ने बताया कि जल्द ही लापता युवक को तलाश लिया जाएगा।

# महाराणा प्रताप का अपमान बर्दाश्त नहीं

कार्यालय संवाददाता, इटावा

● भाजपाइयों के प्रतिनिधिमंडल ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**अमृत विचार।** भाजपा जिला अध्यक्ष संजीव राजपूत के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने मैनपुरी लोकसभा में महापुरुष महाराणा प्रताप एवं भामाशाह की प्रतिमा पर एवं कन्नौज लोकसभा में डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा को अपमानित करने के विरोध में राष्ट्रपति एवं राज्यपाल को संबोधित एसडीएम विक्रम राघव को सौंपा।

भाजपा नेताओं ने कहा कि चुनावी हार की बौखलाहट में बीती 4 मई को मैनपुरी में आयोजित चुनावी रोड़ शो के दौरान सपा कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रभक्त महाराणा प्रताप की मूर्ति को क्षतिग्रस्त कर दिया। भाजपा इसकी कड़े शब्दों में निंदा करती है।

जिला महामंत्री अन्नू गुप्ता, शिवाकांत चौधरी, जिला मंत्री रजत चौधरी, मीडिया प्रभारी रोहित शाक्य, महिला मोर्चा अध्यक्ष विरला शाक्य, क्षेत्रीय मंत्री मनीषा शुक्ला, आशीष चौहान, अंकित सैनी, गोविंद दुबे, एडवोकेट महेंद्र सिंह चौहान, भूपेंद्र सिंह चौहान, एकलव्य भदौरिया, राधे राजावत, गोलू ठाकुर, कन्हैया दुबे उपस्थित रहे।


एसडीएम विक्रम राघव को ज्ञापन सौंपते भाजपा जिला अध्यक्ष संजीव राजपूत।

## सार-संक्षेप

### ट्रेन की चपेट में आने से युवक की गई जान

इटावा। जीआरपी थाना क्षेत्र के गुरु तेग बहादुर पुल के नीचे साइकिल से रेलवे ट्रैक पार कर रहा युवक शिवांशु सक्सेना (25) पुत्र पवन सक्सेना निवासी चंपा बाग, करमगंज कोतवाली दोपहर करीब साढे बारह बजे घर से फ्रेंड्स कॉलोनी जा रहा था। तभी रेलवे ट्रैक पार करते समय कानपुर की तरफ से आ रही स्वतंत्रता सेनानी ट्रेन की चपेट में आ जाने से उसकी मौत हो गई। जीआरपी ने इसकी जानकारी परिवार के लोगों को दी तो घर में कोहराम मच गया। बड़े भाई प्रियांशु सक्सेना ने बताया कि वह मार्केटिंग का काम किया करता था और आज दोपहर को भी वह काम के सिलसिले से साइकिल से बाजार के लिए जा रहा था। जीआरपी ने शव का पोस्टमार्टम कराया है।

### ट्रेन की चपेट में आकर महिला की मौत

इटावा। भरथना थाना क्षेत्र के नगला हुलास के पास रेलवे लाइन पार करते समय ट्रेन की चपेट में आने से एक महिला की मौत हो गई। पुलस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। उक्त गांव निवासी माधुरी (35) पत्नी राजवीर सिंह सोमवार सुबह खेतों पर जा रही थी। तभी रेलवे लाइन पाकर करते समय वह ट्रेन की चपेट में आ गई। उसकी मौके पर ही मौत हो ई। परिजनों की सूचना पर पुलिस पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

### बच्चों को बाल निवेदन पत्र बांटे गए

इटावा। समारंभा फाउंडेशन ने लोकसभा चुनाव में चलाए जा रहे मतदाता जागरुकता अभियान के अंतर्गत डीएस मेमोरियल पब्लिक स्कूल सैफई, इटावा में बाल निवेदन कार्यक्रम का आयोजन किया।अध्यक्ष ऋचा राय एवं विद्यालय की निदेशक मीना यादव ने फाउंडेशन की ओर से बच्चों को बाल निवेदन पत्र भेंट किए। जिससे वह अपने अभिभावकों से सात मई को मतदान करने का अनुरोध कर सकें। फाउंडेशन के वालंटियर्स अंकित कुमार, देवांश, संदीप, अनमोल शर्मा आदि तथा सैयद अलाउद्दीन, अरसाला, रश्मि, अनुराधा, दीक्षा, शिवानी आदि शिक्षक उपस्थित रहे। प्रतिभागी बच्चों अमायरा, अनन्या, प्रज्वल सानवी, क्षितिज को पुरस्कृत किया गया।

### ट्रांसफार्मर में आग लगने से मचा हड़कंप

जसवंतनगर, इटावा। नगर के मोहल्ला कटरा बिलोचियान में सोमवार सुबह बिजली शार्ट सर्किट होने से ट्रांसफार्मर में आग लग गई। इससे इलाके में हाहाकार मच गया तथा बिजली गुल हो गई। ट्रांसफार्मर से लपटें निकलने व ब्लास्ट होने के डर से लोग दूर खड़े रहे। सभासद प्रमोद कुमार ने सप्लाई बंद करवाई। इसके बाद फायर ब्रिगेड ने आग पर काबू पाया। सूचना पर बिजली विभाग से सर्वेश कुमार उर्फ पप्पे और बॉबी आदि कर्मियों ने पहुंचकर खराब ट्रांसफार्मर को ठीक किया और बिजली आपूर्ति शुरू कराई।

### 15 दिनों तक रहेगा हीट वेव का असर, रहें सचेत

महेवा, इटावा। मौसम बदलने के साथ ही मौसमी बीमारियों में वृद्धि होने लगी है। सरकारी तथा प्राइवेट चिकित्सकों के यहां मरीजों की काफी भीड़ देखी जा रही है। महेवा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी डॉ. गौरव त्रिपाठी ने बताया कि हीट वेव का समय है। यह एक पखवाड़े तक तो रहना ही है। ऐसे में जरूरी काम हों तो ही घरों से निकलें। घर से निकलते समय सिर को ढक लें। गर्मी या धूप में चलने के दौरान एक दम ठंडा पानी न पिएं। इलेक्ट्राल, ग्लूगोस, नीबू पानी आदि का सेवन करें। वहीं मौसम के बदलाव के चलते उल्टी, दस्त, डायरिया, पेटदर्द, सिरदर्द के ज्यादा मरीज आ रहे हैं। इसके अलावा वायरल बुखार व टायफाइड के केस भी अस्पताल में आ रहे हैं। रोजाना 250 से 300 मरीज ओपीडी में देखें जा रहें हैं। उन्होंने लोगों को सलाह दी कि हरी सब्जियां पालक, लौकी, तोरई, खीरा, ककड़ी, नींबू आदि का सेवन करें व ताजा भोजन ही ग्रहण करें। बीमार होने पर अपने निकटतम स्वास्थ्य केंद्र पर ही जाएं झोला छाप के चक्कर में न रहें।

### झूलते तारों से चिपक कर दो पशु मरे

भरथना, इटावा। भरथना कोतवाली ग्रामीण क्षेत्र के ग्राम कैलासपुरा( ढकपुरा) में सोमवार की सुबह पशुपालक जयराम कोरी की एक दुधारू और दूसरी पड़िया यहां टूटे और झुलते विद्युत तारों के करंट की चपेट मे आकर मर गई। भरथना से ग्राम वैवाह को जाने वाली 11 हजार हाईटेंशन विद्युत लाइन का विद्युत तार पिछले करीब एक माह से टूट कर लटका हुआ है। पशुपालक के अनुसार उसका करीब 70 हजार रुपये का नुकसान हुआ है। पीड़ित ने वरिष्ठ अधिकारियों से मदद करने की गुहार लगाई है।


बैठक में मौजूद डॉ. अजंट सिंह, आर्यन यादव एवं संचालन करते आशीष पटेल। अमृत विचार

# भाजपा सरकार में गरीबों का भला नहीं

कार्यालय संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार।** यह सरकार पूंजीवादियों की सरकार है। इसमें गरीबों का भला होने वाला नहीं। प्रधानाचार्य परिषद के संरक्षक डॉ. अजंट सिंह यादव ने सपा नेता आशीष पटेल के संयोजन में पुरबिया टोला में सेक्टर प्रभारी एवं बूथ अध्यक्षों की बैठक में यह बात कही। उन्होंने कहा कि पुरबिया टोला हमारा घर है। नेताजी को पुरबिया टोला के कुर्मी समाज ने ही बढ़ाया। कुर्मी समाज इटावा का हम लोगों पर बहुत एहसान है।

विशिष्ट अतिथि युवा नेता आर्यन यादव ने कहा कि आप लोगों ने पिछले 10 वर्षों से जनता के बीच में न आने वाले एमपी दो बार से जिताए हैं। पहले एमपी कानपुर में रहते थे दूसरे आगरा से आए। हमारे प्रत्याशी जितेंद्र यही अजीत नगर में रहते हैं। आप कभी भी उनसे किसी समय बुलाकर मिल सकते हैं। सभा को हाजी अल्ताफ अहमद, जिला महामंत्री वीरू भदौरिया ने संबोधित किया। संचालन पूर्व सभासद आशीष पटेल और अध्यक्षता वरिष्ठ समाजवादी नाथू सिंह वर्मा ने की। चंदगीराम यादव प्रधान, धर्मवीर बिट्टू, राजेश यादव, लड्डन मंसूरी, मुनीर आलम बन्ने, सपा महिला नेत्री शशि यादव, पूर्व सभासद अतुलेश पटेल, विमल वर्मा, बृजभूषण लाल वर्मा, पप्पू वर्मा आदि मौजूद रहे।

# कानपुर की घटना में पुलिस ने तीन युवकों को उठाया

कार्यालय संवाददाता, इटावा

● थाना प्रभारी ने कार्रवाई की जानकारी होने से किया इंकार

**अमृत विचार।** कानपुर के काकादेव क्षेत्र में लवेदी क्षेत्र के एक छात्र को बंधक बनाकर निर्वस्त्र कर पीटने के मामले में कानपुर पुलिस ने लवेदी क्षेत्र से दो युवकों को उठाया है। बकेवर क्षेत्र से भी एक युवक को पुलिस उठा ले गयी।

कानपुर के काकादेव थानाक्षेत्र में लवेदी थाना क्षेत्र के ईकरी गांव के दो युवक नीट की कोचिंग कर रहे थे। जिसमें एक युवक पेट्रोलपंप कर्मी का बेटा बताया जाता है। कानपुर में मोबाइल फोन से ऑनलाइन गेमिंग में लवेदी थाना क्षेत्र के ग्राम ईकरी निवासी एक युवक ने अपने साथियों से करीब चार लाख रुपये लिए और हार गया।

साथियों ने अपने रुपये उस युवक से मांगें तो वह आज कल देने की बात करता था। इस कारण युवक के साथी उससे पैसों की मांग करते थे। पैसों को लेकर गेमिंग वाले युवक को उसके साथी युवको ने बंधक बनाकर उसे प्रताड़ित किया। युवक को निर्वस्त्र किया। पैसों की मांग को लेकर उसके साथ मारपीट की। उसका वीडियो बना कर वायरल कर दिया।

रविवार को कानपुर पुलिस ईकरी गांव से एक युवक को व कस्बा लखना बाईपास के पास रहने वाले ईकरी गांव के ही एक अन्य युवक को पकड़ कर अपने साथ ले गयी। इसके अलावा बकेवर थाना क्षेत्र के ग्राम सुनवर्षा से भी एक युवक को उठा ले गयी। जो इन युवकों के साथ ही रहता था। हालांकि, इस सम्बंध में बकेवर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर राकेश कुमार शर्मा ने जानकारी न होने की बात कहीं। परंतु कानपुर पुलिस के रविवार को आकर इन युवकों के उठा ले जाने की काफी चर्चा क्षेत्र में है।

# पुलिस पर तोड़फोड़ करने का आरोप

**ऊसराहार, इटावा।** सपा के जिला पंचायत सदस्य ने पुलिस पर रविवार रात घर में घुसकर दरवाजा तोड़ने तथा अभद्रता करने का आरोप लगाया है। वहीं पुलिस रेड कार्ड थमाने की बात कह रही है।

ताखा ब्लाक क्षेत्र में समाजवादी पार्टी के जिला पंचायत सदस्य सत्यभान यादव ने बताया रविवार रात दो बजे घर पर पुलिस फोर्स आ धमका। कुछ ने बाउंड्री फांदकर मेनगेट खोल दिया। घर की छत पर सो रहे थे पुलिस ने मकान का दरवाजा खोलने के लिए कुंडी को तोड़ दिया। विरोध करने पर एक रेडकार्ड थमाकर धमकाते हुए चले गए। उन्होंने कहा कि पुलिस के इस बर्ताव से पूरा परिवार ही नहीं गांव वाले भी दहशतजदा हो गए। मामले की सूचना पार्टी के बड़े नेताओ को दी है। थाना प्रभारी बेचन कुमार सिंह ने बताया शांतिपूर्ण मतदान के लिए उनको केवल रेडकॉर्ड घर के बाहर बुलाकर दिया गया है। पुलिस फोर्स के घर के अंदर घुसने सहित अन्य सभी आरोप निराधार हैं।

लोकसभा चुनाव — अखिलेश यादव, शिवपाल, रामगोपाल सहित सभी परिजन करेंगे मताधिकार का प्रयोग

# सैफई का अभिनव विद्यालय बना मॉडल बूथ

संवाददाता सैफई, इटावा

**अमृत विचार।** मैनपुरी लोकसभा में इटावा जिले के जसंवतनगर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सैफई गांव में स्थित अभिवन विद्यालय को सजा संवारकर विशेष बूथ बनाया गया है। यहां 7 मई को समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव, सपा प्रत्याशी डिंपल यादव, जसवतनगर के विधायक शिवपाल सिंह यादव, सपा के राष्ट्रीय महा सचिव प्रो. रामगोपाल यादव, पूर्व सांसद धर्मेंद्र यादव, पूर्व सांसद तेजप्रताप यादव, जिला पंचायत अध्यक्ष अभिषेक यादव सहित स्व. मुलायम सिंह यादव के सभी परिजन और गांव के लोग वोट डालेंगे।


मॉडल बूथ तैयार कराते डीपीआरओ बनवारी सिंह।


जनसंपर्क करते सपा प्रत्याशी जितेंद्र दोहरे एवं प्रदेश सचिव गोपाल यादव।

सैफई के अभिनव विद्यालय में 4 बूथ बनाए गए हैं। जिनमें करीब 3500 वोट हैं। बूथ संख्या 220 पर मुलायम परिवार के सभी वोट पड़ेंगे। हालांकि यहां पर वीवीआईपी को देखते हुए चारो बूथ को मॉडल का दर्जा दिया गया है। अभिनव विद्यालय के प्रवेश गेट पर एक सेल्फी प्वाइंट भी बनाया गया है।

एनसीसी के छात्रों द्वारा प्रत्येक मतदाता के ऊपर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया जाएगा। सैफई तहसील क्षेत्र में कुल 87390 मतदाता हैं। 108 केंद्र बनाए गए हैं। मॉडल बूथ पर जिला पंचायत राज अधिकारी बनवारी लाल एड़ीओ पंचायत भगवानदास, ग्राम पंचायत सचिव शैलेंद्र यादव, क्षेत्रीय लेखपाल महेंद्र प्रताप सिंह व्यवस्थाओं में लगे रहे।

### जाति धर्म का भेद करने वाले सपा की लोकप्रियता से घबराये :जितेंद्र

इटावा। समाजवादी पार्टी गरीबों, किसानों, बेरोजगारों के हितों के लिए संघर्ष कर रही है। समाज में जाति धर्म का भेद फैलाने वाले आज सपा की बढ़ती लोकप्रियता से घबरा रहे हैं। उनके पास सिर्फ झूठे नारों और झूठे वादों का पुलिंदा है। ये विचार सपा प्रत्याशी जितेंद्र दोहरे ने विधानसभा इटावा के वार्ड अजीतनगर, बंगाली कालोनी आदि में जनसम्पर्क करने के दौरान लोगों के समक्ष व्यक्त किए।

उन्होंने लोगों को घर घर जाकर सपा की नीतियों को समझाया। कहा कि सपा की इटावा से बहुत बड़ी जीत होने जा रही है। इस जीत में हम सबको अपनी सहभागिता करनी है। सपा के प्रदेश सचिव गोपाल यादव, आलोक दीक्षित, धीरेंद्र यादव, केके यादव, विक्की गुप्ता, कांग्रेस के संजय दोहरे मौजूद रहे।

प्रारूप सी-1
(समाचार पत्र, टी.वी. में प्रकाशन हेतु अभ्यर्थियों के लिए)

**आपराधिक मामलों के बारे में घोषणा**
(वर्ष 2011 की याचिका (सिविल) सं0 536 में माननीय उच्चतम न्यायालय के दिनांक 25 सितम्बर, 2018 के निर्णय के अनुसार) (पब्लिक इंटेरेस्ट फाउंडेशन एवं अन्य बनाम भारत संघ और अन्य)
अभ्यर्थी का नाम और पता- **डा. राम शंकर कठेरिया**
**1. टीचर्स होम विश्वविद्यालय परिषद रबांदारी, आगरा।**
राजनैतिक दल का नाम- **भारतीय जनता पार्टी**
(**निर्दलीय अभ्यार्थी यहाँ** ''निर्दलीय'' लिखें)
निर्वाचन का नामः- **लोकसभा सामान्य निर्वाचन**
*निर्वाचन क्षेत्र का नाम - **41 इटावा (अ0जा0)**
**मैं डा. राम शंकर कठेरिया** (अभ्यर्थी का नाम), उपर्युक्त निर्वाचन के लिए अभ्यर्थी, सार्वजनिक सूचना हेतु अपने आपराधिक पुर्ववृत्त के बारे में निम्नलिखित विवरणों की घोषणा करता हूँः-

(क) लंबित आपराधिक मामले

| क्र0 सं0 | न्यायालय का नाम | मामले की सं0 एवं तारीख | मामले (लों) की स्थिति | सम्बन्धित अधिनियमो की धारा (ऐं) एवं अपराध (अपराधों) का संक्षिप्त विवरण |
|---|---|---|---|---|
| 1. | अपर मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी द्वितीय आगरा | दण्डवाद सं0- 7753/2024 20 मई 2024 रिवीजन में है | लम्बित | 147/353/283 भा0द0सं0 व 174 रेलवे एक्ट व 7 क्रिमिनल लॉ अमेन्डमेन्ट एक्ट 200 व्यक्तियों के साथ राजकीय कार्य में बाधाव रेलवे ट्रैक बाधित करना |
| 2. | अपर मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी द्वितीय आगरा | दण्डवाद सं0- 7754/2024 20 मई 2024 रिवीजन में है | लम्बित | 147/353/283 भा0द0सं0 व 174 रेलवे एक्ट व 7 क्रिमिनल लॉ अमेन्डमेन्ट एक्ट 200 व्यक्तियों के साथ राजकीय कार्य में बाधाव रेलवे ट्रैक बाधित करना |
| 3. | अपर मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी द्वितीय आगरा | दण्डवाद सं0- 7755/2024 20 मई 2024 रिवीजन में है | लम्बित | 147/353/283/506 भा0द0सं0 व 174 रेलवे एक्ट व 7 क्रिमिनल लॉ अमेन्डमेन्ट एक्ट 200 व्यक्तियों के साथ राजकीय कार्य में बाधाव रेलवे ट्रैक बाधित करना |

(ख) आपराधिक मामलों के लिए दोषसिद्धि के मामलों के सम्बन्धमें विवरण

| क्र0सं0 | न्यायालय का नाम एवं आदेश (शों) की तारीख (खें) | अपराध (अपराधों) और अधिरोपित दण्ड का विवरण | अधिकतम अधिरोपित दण्ड |
|---|---|---|---|
| लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं |

* राज्य सभा के निर्वाचन या विधायकों द्वारा विधान परिषद के निर्वाचन के मामले में, निर्वाचन-क्षेत्र के नाम के स्थान पर संबंधित निर्वाचन का उल्लेख करें।

# दिल्ली में फांसी पर लटका मिला भाजपा युवा मोर्चा उपाध्यक्ष का शव

## दिल्ली में प्राइवेट नौकरी करने गए थे प्रशांत, शव पहुंचते ही परिजनों में मचा कोहराम

संवाददाता बिधूना, औरैया

**अमृत विचार।** भाजपा युवा मोर्चा के नगर उपाध्यक्ष प्रशांत सिंह चौहान का दिल्ली में फांसी के फंदे पर लटका शव पाया गया। पोस्टमार्टम के बाद जैसे ही शव घर आया तो परिजनों में कोहराम मच गया। उनका रो-रो कर बुरा हाल रहा।

कस्बे के किशोरगंज निवासी प्रशांत चौहान भाजपा युवा मोर्चा में नगर उपाध्यक्ष के पद पर कार्य कर रहे थे। बीते कुछ दिनों पूर्व वह दिल्ली में एक प्राइवेट नौकरी के चक्कर में गए थे। सोमवार को परिजनों को सूचना मिली कि


प्रशांत चौहान।

प्रशांत ने अपने कमरे में फांसी पर लटक कर आत्महत्या कर ली है तो परिजनों में कोहराम मच गया। जैसे ही यह सूचना भाजपा कार्यकर्ताओं को मिली तो बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उनके आवास पर पहुंच गए। उनके निधन पर सांसद सुब्रत पाठक, राज्यसभा सांसद गीता शाक्य, भाजपा जिला अध्यक्ष भुवन प्रकाश गुप्ता, मंजू सिंह पूर्व जिला पंचायत सदस्य, मंजू सिंह चौहान जिलाध्यक्ष महिला मोर्चा भाजपा, अभय सिंह सेंगर एडवोकेट, सभासद अशोक चौहान, भाजपा युवा मोर्चा के मंडल अध्यक्ष भानु ठाकुर, प्रशांत चौहान भाजपा युवा मोर्चा नगर अध्यक्ष, डाक्टर एसपी सिंह चौहान, गुड्डू श्रीवास्तव, गौरव पाठक, आशीष वर्मा मंडल अध्यक्ष भाजपा, पुनीत सेंगर, शनि चौहान, आदि ने शोक संवेदना प्रकट की है।

### ट्रेन से कटकर युवक ने दी जान

**फफूंद, औरैया।** थाना क्षेत्र के गांव पुरवा मकू निवासी राजवीर (20) पुत्र श्याम राजपूत खेती किसानी का कार्य करता था। रविवार को दिन में घर में कथा का कार्यक्रम हुआ। शाम को भंडारा का कार्यक्रम चल रहा था। तभी राजवीर शराब पीकर आया। इस पर पिता श्याम राजपूत से किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया। राजवीर घर से नाराज होकर दिल्ली हावड़ा रेल मार्ग पर स्थित पाता स्टेशन पर आया जहां पर ट्रेन के सामने कूद कर उसने जान दे दी। स्टेशन मास्टर की सूचना पर पहुंची जीआरपी ने शिनाख्त करवाने की कोशिश की लेकिन कोई जानकारी नही हो पाई। सुबह मृतक के पास मौजूद फोन पर बड़े भाई सर्वेश राजपूत का फोन आया। इस तरह शिनाख्त हुई। जीआरपी ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।


राजवीर।

### शादी का झांसा देकर दुष्कर्म का आरोप

**अछल्दा, औरैया।** थाना क्षेत्र की निवासी एक महिला ने थाने में दी तहरीर में बताया कि प्रार्थिनी की पुत्री 21 वर्षीय पुत्री का पिंकू तिवारी पुत्र स्व. देवीदत्त तिवारी निवासी सलेमपुर थाना अछल्दा से कुछ समय से प्रेम प्रसंग चल रहा था। पुत्री को शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाता रहा। पुत्री ने जब उनके दरवाजे पर शिकायत करने गई तो आरोप है कि आदिनाथ तिवारी पुत्र स्व. देवी दत्त तिवारी गाली गलौज करते हुए उसके साथ मारपीट की। इस संबंध में थानाप्रभारी अशोक उपाध्याय ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

## बुखार और सिरदर्द के मरीज बढ़े

स्वास्थ्य का रखें ध्यान

संवाददाता ककोर, औरैया

**अमृत विचार।** जिला अस्पताल के अलावा अन्य सीएचसी में मौसमी बीमारियों के मरीज सबसे ज्यादा इलाज के लिए पहुंच रहे हैं। दोपहर तक तीन सैकड़ा मरीजों ने ओपीडी के लिए पर्चे बनवाए थे। अस्पताल में भीड़ के चलते पंजीकरण कक्ष के बाहर धक्का-मुक्की हुई। यहां के डॉक्टर ने बताया कि मौसम बदलने के कारण अधिकतर मरीज चर्म रोग, बुखार खांसी के हैं। साथ ही साथ सर्दी, जुकाम और बुखार के भी मरीज आ रहे हैं। ऐसे मरीजों को देखकर दवा दी जा रही है और बचाव के तरीके बताए जा रहे हैं।


अपनी बारी का इंतजार करते कतार में खड़े मरीज। अमृत विचार

- मौसमी बीमारियों ने पसारे पैर दोपहर तक ओपीडी 300 के पार

ग्रामीण रामकिशोर ने बताया कि घुटनों में दर्द था। एक घंटे के इंतजार के बाद दवा मिली। इसी तरह से अन्य कई रोगों के मरीज इलाज के लिए भटक रहे थे। डॉक्टर का कहना है कि अस्पताल में मरीज ज्यादा आ रहे हैं। इस समय पेट दर्द, पीठ दर्द, बुखार और सिरदर्द के मरीज सबसे ज्यादा आ रहे हैं।

### बिना क्राइम हिस्ट्री के जनता के रेड कार्ड बनाए

**अयाना, औरैया।** थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम जसवंतपुर में आधा दर्जन लोगों के पुलिस प्रशासन द्वारा रेड कार्ड या चेतावनी पत्र बनाए गए हैं जिनके खिलाफ कभी पुलिस के रिकार्ड में कोई भी आपराधिक इतिहास नही हैं। अयाना थाना क्षेत्र ग्राम जसवंतपुर निवासी सोनू सिंह पुत्र गोदान सिंह, धर्मेंद्र सिंह पुत्र जय नारायण, रमेश चंद्र दिवाकर पुत्र उजागर लाल, पिंटू पुत्र शहजादे खान, गुड्डू पुत्र राम बहादुर आदि लोगों में आक्रोश है। कहा कि यदि रेड कार्ड न काटे गए तो जल्द ही पुलिस अधीक्षक के समक्ष प्रस्तुत होकर अपनी बात रखेंगे।

## ऑटो चालक पर लगाया पति के अपहरण का आरोप

संवाददाता, अयाना, औरैया

**अमृत विचार।** दिबियापुर थाना क्षेत्र के बूढ़ादाना निवासी कृष्णा देवी ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 18 अप्रैल की शाम को उसके पति प्रभु दयाल, बीझलपुर निवासी रिश्तेदार शिशुपाल सिंह निषाद के यहां शादी समारोह में शामिल होने के लिए निकले थे। वहां न पहुंचने पर परिजनों ने उनकी तलाश की मगर कोई जानकारी नहीं हुई।

26 अप्रैल को सड़रापुर के लोगों ने बताया कि सड़रापुर ढ़ाल से पहले एक ऑटो अनियंत्रित होकर पलट गया। जिसमें दुकानदार अनिल गुप्ता की पत्नी, बेटी व पति प्रभु दयाल घायल हो गए थे। वह पीड़ित महिलाओं के पास पहुंची तो उन्होंने बताया कि हादसा होने के बाद ग्रामीणों ने ऑटो खड़ा करवाया था। प्रभु दयाल को अधिक चोट आने पर वह उन्हें ऑटो में डालकर ले गया। पीड़िता ने ऑटो चालक पर पति का अपहरण करने का आरोप लगाया है।

थाना प्रभारी जय प्रकाश पाल ने बताया कि तहरीर मिली है। ऑटो चालक पर लापरवाही से वाहन चलाकर हादसा करने की रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

### खदान मालिक को पीटकर किया घायल

**फफूंद।** जालौन जिला के थाना कुठौंद के गांव नैनापुर निवासी रंजीत कोरी पुत्र वकील कोरी ने थाने में दी तहरीर में कहा है कि वह औरैया निवासी अंकित तिवारी के यहां चालक का काम करता है। रविवार सुबह 6 बजे मालिक के साथ मिट्टी की खदान शेरपुर सरैया गया। जहां पर आदेश कुमार उर्फ पुत्तीलाल, आलोक कुमार पुत्रगण करू यादव निवासीगण अज्ञात व एक अज्ञात युवक जेसीबी से मिट्टी खोदाई कर रह थे। जब हमने व मालिक ने विरोध किया तो उक्त लोगों ने धारदार हथियार से हमला कर घायल कर दिया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

## हाईस्कूल-इंटर के मेधावी सम्मानित

संवाददाता फफूंद, औरैया

**अमृत विचार।** बीते अप्रैल माह में यूपी बोर्ड के आए हाईस्कूल व इंटरमीडिएट के नतीजों में नगर के श्रीराम शंकर गौरी शंकर इंटर कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने अच्छे अंक प्राप्त कर विद्यालय व परिवार का नाम रोशन किया। इस पर विद्यालय परिवार द्वारा समस्त छात्र छात्राओं को बधाई देकर उन्हें सम्मानित किया गया।

श्रीराम शंकर गौरी शंकर इंटर कॉलेज के इंटरमिडिएट में नंदिनी पुत्री अजय सिंह पाल ने 88.8 प्रतिशत पाकर कक्षा में प्रथम, काजल तिवारी 85.8, अल शिफा 83.8, अंकित गौतम 82.5, रिया शर्मा 82.21, मुस्कान 80.8, आनंद कुमार 80.2, रश्मि 79.8, रागिनी 78.2 और साइना ने 78 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। हाईस्कूल में कक्षा में प्रथम स्थान पाने वाले छात्र आदर्श कुमार पुत्र फूल सिंह 600 में 553 अंक प्राप्त किए। प्रखर तिवारी 544, आशीष नायक ने 535, शिवम शुक्ला 531, आस्था शुक्ला 519, हर्षिका 517, करीला नाज 516, अमित 510, सिद्धार्थ 507, शुभी गुप्ता 506 अंक प्राप्त किए।

प्रबंधक रामजी दुबे ने मेधावियों को मेडल व उपहार देकर सम्मानित किया। संचालक सरोज मिश्रा, संरक्षिका जीत कुमारी दुबे, प्रधानाचार्य अशोक कुमार मिश्रा ने सभी का उत्साहवर्धन किया।



सम्मानित छात्र-छात्राओं के साथ संरक्षिका जीत कुमारी दुबे। अमृत विचार

## सार-संक्षेप

### घर के सामने से बकरा चोरी, तहरीर दी

**अछल्दा, औरैया।** थाना क्षेत्र की सराय बाजार निवासी लक्ष्मी देवी ने थाने में दी तहरीर में बताया कि 4 मई को सुबह प्रार्थिनी का बकरा घर के बाहर बंधा था। थोड़ी देर बाद बाहर जाकर देखा तो बकरे की रस्सी काटकर चोर चुरा ले गए। थाना प्रभारी अशोक उपाध्याय ने बताया कि तहरीर के आधार पर जांच की जा रही है।

### जितेंद्र दोहरे के समर्थन में सपाइयों ने मांगे वोट

**औरैया।** लोकसभा चुनाव नजदीक आते ही समाजवादी पार्टी के कार्यकर्त्ताओं ने जनसंपर्क तेज कर दिया है। दिबियापुर नगर के संत रविदास नगर, नेहरु नगर एवं संजय नगर वार्ड में मतदाताओं से सपा कार्यकत्ताओं ने घर-घर जाकर संपर्क किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने इंडिया गठबंधन के इटावा लोक सभा प्रत्याशी जितेंद्र दोहरे को वोट देने की अपील करते हुये घोषणा पत्र वितरित किए। पूर्व चेयरमेन राजेंद्र आंबेडकर, वरिष्ठ नेता बारेलाल पाल विधान सभा अध्यक्ष बीरेंद्र राजपूत एवं नगर अध्यक्ष रवींद्र पोरवाल के नेतृत्व में विधायक प्रतिनिधि अजय पोरवाल, पूर्व प्रधान अश्वनी शर्मा, पूर्व सभासद उदयवीर सिंह, चंदन दोहरे, प्रधान संघ के जिलाध्यक्ष भाऊ यादव, पूर्व सभासद प्रमोद यादव, अमित वर्मा, सुबोध यादव, सर्वेश दोहरे, बबलू नायक, गोविंदि पोरवाल, राकेश यादव एवं संजीव चौधरी आदि सपा कार्यकर्त्ताओं ने वोट मांगे। कार्यकत्ताओं ने सात मई को औरैया में राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की चुनावी रैली में शामिल होने के लिए लोगों से अपील की।


जनसंपर्क करते सपा कार्यकर्त्ता। अमृत विचार


परिचर्चा कर छात्र-छात्राओं को जागरूक करते प्रधानाचार्य। अमृत विचार

### छात्र-छात्राओं ने जगाई मतदान की अलख

**औरैया।** डीएम/जिला निर्वाचन अधिकारी नेहा प्रकाश के निर्देश पर जनपद में मतदान प्रतिशत बढ़ाए जाने हेतु स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत जागरुकता कार्यक्रमों की श्रृंखला में जनपद के विभिन्न विद्यालयों में मतदाता शपथ ग्रहण, छात्र-छात्राओं की श्रृंखला, परिचर्चा जैसे कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों को मतदान के लिए प्रेरित किया जा रहा है। जनपद के जेपी इंटर नेशनल स्कूल औरैया, ग्रीन वैली पब्लिक स्कूल दिबियापुर, श्री राजशाह कर्मयोगी इंटर कॉलेज औरैया, कुंवर हनुमत सिंह इंटर कॉलेज बेला, गुलजारीलाल बालिका इंटर कॉलेज फफूंद, किसान इंटर कॉलेज भाग्यनगर, इंदिरा गांधी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दिबियापुर में छात्र-छात्राओं ने नुक्कड़ नाटक एवं मतदाता जागरुकता रैली निकाल कर मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित किया।


ग्रामीणों को समझाते सीओ राममोहन शर्मा। अमृत विचार

### ग्रामीण निडर होकर करें मतदानः सीओ

**अयाना, औरैया।** सीओ अजीतमल राम मोहन शर्मा, थाना प्रभारी जयप्रकाश पाल ने सोमवार शाम को बीहड़ी क्षेत्र के बरनेबल बूथ भरतौल व सिखरना का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने गांव की गलियों में घूम कर ग्रामीणों से गांव का मौजूदा माहौल जाना। उन्होंने ग्रामीणों से निश्चिंत होकर मतदान करने के लिए कहा। कहा कि यदि कोई आपको किसी प्रत्याशी को वोट देने की लिए दवाब बनाये, धमकाए तो तुरंत पुलिस को सूचना दें। आपका नाम गोपनीय रखकर सम्बंधित आरोपी पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। सीओ व थाना प्रभारी ने घर घर जाकर ग्रामीणों को समझाकर निर्भीक होकर मतदान करने को कहा और अपना मोबाइल नंबर भी दिया जिससे अगर कोई शिकायत हो तो तुरंत बात कर समस्या बताए।

### पाइप लाइन टूटने से 36 घंटे तक प्यासा रहा आधा शहर

**इटावा।** भीषण गर्मी में नगर क्षेत्र के एक दर्जन से अधिक मोहल्लों के लोगों को 36 घंटे से अधिक समय तक पानी की मेन पाइपलाइन के फट जाने से भीषण पेयजल संकट का सामना करना पड़ा। रविवार सुबह से फटी पाइपलाइन सोमवार को देर शाम में जाकर सही हो पाई। हालांकि राहत की बात ये रही कि पुरानी पाइपलाइन को रविवार की रात में दो घंटे के लिए खोल दिया गया था, जिससे कुछ लोगों को पेयजल मिल सका। समस्या के विकराल होने के बाद भी मकसूदपुरा वार्ड के सभासद के उदासीन रहने से स्थानीय वासियों में आक्रोश देखने को मिला। पूर्व सभासद के पति द्वारा सामने खड़े होकर काम कराया गया, जिसकी लोग तारीफ भी कर रहे थे। मकसूदपुरा में रविवार को तड़के सुबह चार बजे एलपीजी पंप के सामने लाला लाजपत राय स्कूल के बगल में एक निजी टेलीकॉम कंपनी द्वारा ऑप्टिकल फाइबर की लाइन डालने के लिए गड्ढा खोदा जा रहा था। तभी जेसीबी से पानी की मेन पाइपलाइन टूट गई। इसके चलते सैकड़ों गैलन लीटर पीने का पानी सड़क पर बहने लगा।


मकसूदपुरा में पाइप लाइन की मरम्मत करते मजदूर।

### अजीतमल में 20 घंटे से विद्युत आपूर्ति बाधित

**अजीतमल।** विद्युत उपखंड अजीतमल में विद्युत विभाग की लापरवाही के चलते बाबरपुर अजीतमल कस्बे में 20 घंटे से विद्युत आपूर्ति बाधित है। रविवार रात लगभग 10 बजे से विद्युत आपूर्ति आंबेडकर नगर कस्बा बाबरपुर में पूर्ण रूप से बाधित है।

विद्युत विभाग में ट्रांसफार्मर के कार्य के चलते विद्युत आपूर्ति बाधित की गई थी परंतु कार्य हो जाने के उपरांत विद्युत आपूर्ति पूर्ण रूप से बहाल नहीं हुई। लोगों ने बताया कि लाइनमैन और विद्युत उपखंड अजीतमल में तैनात स्टाफ फोन नहीं उठाते। 20 घंटे से अधिक का समय हो गया है लोगों के घर पेयजल की समस्या बनी हुई है।

वरिष्ठ भाजपा नेता विशंभर सिंह भदौरिया ने लोगों की समस्या मीडिया के माध्यम से सरकार तक पहुंचाने का कार्य किया। सभासद अम्पू राजावत ने एसडीओ अजय यादव से बात की तो उन्होंने कहा कि जल्द से जल्द विद्युत आपूर्ति सुचार रूप से बहाल कर दी जाएगी। नगर पंचायत बाबरपुर अजीतमल के कई सभासदों ने जेई धीरेंद्र प्रताप को स्थानांतरण करने की शिकायत की थी।


जांच करती पुलिस। अमृत विचार

## संदिग्ध परिस्थितियों में हेल्पर की हुई मौत

संवाददाता अजीतमल, औरैया

**अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र में रविवार देर रात एक युवक बाबरपुर कस्बे के शास्त्री नगर स्थित एक गली के नाले में पड़ा मिला। ग्रामीणों ने सूचना परिजनों को दी। परिजनों ने उसे सीएचसी में भर्ती कराया जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

अर्जुन सविता (35) पुत्र शिवराम सविता विद्युत लाइनमैन के साथ हेल्परी का कार्य नगर पंचायत बाबरपुर में आउट सोर्सिंग के अंतर्गत करता था। वह देर रात्रि करीब 11 बजे शास्त्री नगर ब्लॉक रोड वाली गली के पास नाली में मृत अवस्था में मिला। ग्रामीणों ने सूचना उसके परिजनों को दी। परिजनों ने उसे सीएचसी में भर्ती कराया जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बताया जा रहा है कि 12 जनवरी 2024 को मृतक की शादी इकदिल के पास ग्राम नरेनी जनपद इटावा निवासी प्रिया के साथ हुई थी। वहीं पत्नी प्रिया व परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। अर्जुन की मृत्यु की सूचना नगर पंचायत बाबरपुर अजीतमल में स्टाफ को मिलते ही सभी लोग तत्काल सीएचसी अजीतमल पहुंचे। सांसद रामशंकर के प्रतिनिधि पुत्र पुनीत, चेयरमैन प्रतिनिधि अखिलेश चक्र, सीओ राममोहन शर्मा, कोतवाल राजकुमार सिंह व नायब तहसीलदार सीएचसी पहुंचे और पीड़ित परिवार को सांत्वना दी। क्षेत्राधिकारी राम मोहन शर्मा ने बताया कि पीड़ित परिवार को मदद का भरोसा दिलाया गया।

### क्षत्रिय समाज लेगा अपमान का बदलाः सुरेंद्र

**बिधूना, औरैया।** मैनपुरी में महाराणा प्रताप की प्रतिमा के ऊपर चढ़कर अपमान जनक टिप्पणी करने एवं देश के प्रधानमंत्री मुख्यमंत्री के प्रति अपमान जनक टिप्पणी करने को लेकर क्षत्रिय समाज में भारी आक्रोश व्याप्त है। अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के अध्यक्ष सुरेंद्र प्रताप सिंह चौहान ने कहा कि सपाइयों की इस हरकत से एक बार फिर इनका असली चरित्र उजागर हुआ है। उन्होंने कहा यह क्षत्रिय समाज का ही नहीं वल्कि उस महानायक का अपमान है जिसने मुगलों की दास्तां स्वीकार नहीं की और घास की रोटियां खायीं। उन्होंने कहा क्षत्रिय समाज इस अपमान का बदला वोट की चोट से देगा। उन्होंने समाज के उन क्षत्रिय नेताओं पर भी निशाना साधा जो भाजपा में रहकर सपा की वकालत कर क्षत्रिय समाज को गुमराह करने का प्रयास कर रहे हैं।


सुरेंद्र सिंह चौहान।


प्रेस वार्ता करते जिला पंचायत अध्यक्ष शेर सिंह राणा। अमृत विचार

## डैमेज कंट्रोल करने में जुटे क्षत्रिय समाज के नेता

संवाददाता बिधूना, औरैया

- महाराणा प्रताप की प्रतिमा के ऊपर चढ़ने का मामला

**अमृत विचार।** मैनपुरी में सपाइयों द्वारा महाराणा प्रताप की प्रतिमा के ऊपर चढ़कर अभद्रता किए जाने के मामले को लेकर प्रदेश में क्षत्रिय समाज में बढ़ती नाराजगी को डेमेज कंट्रोल करने को क्षत्रिय समाज के कुछ सपा समर्थित नेता मैदान में उतरे हैं। सोमवार को सपा की महिला सभा की राष्ट्रीय महासचिव रचना सिंह सेंगर के आवास पर सपा के जिला पंचायत अध्यक्ष शेर सिंह राणा ने एक प्रेस वार्ता में कहा कि अब भाजपा से नाराज होकर क्षत्रिय समाज के लोग सपा से जुड़ रहे हैं।

उन्होंने कहा भाजपा की आईटी सेल द्वारा वाइरल किया गया वीडियो पूर्णतः गलत एवं फेक है। इस बार क्षत्रिय समाज भाजपा से नाराज़ होकर सपा से जुड़ रहा है इसीलिए यह साजिश रची गई है। गुजरात में क्षत्रिय समाज का एक सांसद द्वारा अपमान किया गया फिर भी भाजपा की उस सांसद की टिकट काटने की हिम्मत नहीं पड़ी। जबकि क्षत्रिय समाज के मिहिर भोज को गुर्जर बताकर अपमानित किया गया। कहा सपा मैनपुरी कन्नौज सहित प्रदेश में साठ से अधिक सीटें। ठाकुर ओम प्रताप सिंह देवबंद विधानसभा, सुशील चौहान, रचना सिंह सेंगर सपा महिला सभा की राष्ट्रीय महासचिव, ललिता राठौर, अशोक सेंगर आदि प्रमुख रूप से मौजूद थे।

दल बदल | बोले-बसपा में भाईचारा के नाम पर किया जाता था शोषण, भाजपा राष्ट्र के लिए समर्पित पार्टी

# बसपा के मंडल कोऑर्डिनेटर चंद्रशेखर भाजपा में शामिल



सदस्यता ग्रहण करने के उपरांत क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल को पुष्प गुच्छ भेंट करते चंद्रशेखर सोनी। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, औरैया

**अमृत विचार।** बसपा के भाईचारा मंडल कोऑर्डिनेटर औरैया निवासी चंद्रशेखर सोनी को भारतीय जनता पार्टी कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र के अध्यक्ष प्रकाश पाल जॉइनिंग कमेटी के सहसंयोजक अनूप अवस्थी ने भाजपा जिलाध्यक्ष भुवन प्रकाश गुप्ता की सहमति से भाजपा की सदस्यता दिलाई। चंद्रशेखर सोनी ने भाजपा की सदस्यता लेते ही कहा कि बहुजन समाज पार्टी में भाईचारा के नाम पर शोषण किया जाता था। भारतीय जनता पार्टी राष्ट्र के लिए समर्पित पार्टी है इसलिए मैं भारतीय जनता पार्टी से प्रभावित होकर सदस्यता ग्रहण कर रहा हूं।

### पप्पू पोरवाल की घर वापसी, फिर से भाजपा में पहुंचे

**ककोर, औरैया।** दिबियापुर नगर में सोमवार को भाजपा के कुनबा में एक और सदस्य बढ़ा। कुछ दिन पहले नगर पंचायत अध्यक्ष के टिकट न मिलने से राजेंद्र पप्पू पोरवाल (बैंक वाले) ने उपेक्षा के चलते पार्टी को अलविदा कह दिया था। लेकिन लोकसभा चुनाव से पहले एक बार फिर अपनी घर वापसी का फैसला कर लिया। इसके चलते सांसद रामशंकर कठेरिया ने कैलाश रिसोर्ट में राजेंद्र पोरवाल की घर वापसी कराई। मंच पर मौजूद सभी ने बधाई दी। राजेंद्र पोरवाल के शामिल होने से दिबियापुर में पोरवाल वोट का बीजेपी को फायदा मिलेगा। यह एक सरल सौम्य स्वभाव के व्यापारी वर्ग से जुड़े हुए हैं। भाजपा कार्यकर्ताओं ने बधाई दी। पूर्व कृषि राज्य मंत्री लाखन सिंह राजपूत, भुवन प्रकाश गुप्ता जिलाध्यक्ष, आनंद सिंह, डीपी सिंह, आशाराम राजपूत, गुड़िया कठेरिया, रजनीश पांडेय, प्रेम कुमार गुप्ता जिला उपाध्यक्ष, शैलेंद्र सिंह राजपूत जिला मंत्री, हरिओम पोरवाल, संदीप पोरवाल, मोहित राजपूत, प्रवल शर्मा, कौशल राजपूत महामंत्री आदि मौजूद रहे।


- सांसद ने भगवा पट्टिका पहनाकर किया सम्मानित


पप्पू पोरवाल को पटका पहनाते सांसद रामशंकर कठेरिया।

### मतदान के लिए 12 वैकल्पिक दस्तावेज

**औरैया।** डीएम/ जिला निर्वाचन अधिकारी नेहा प्रकाश ने अवगत कराया है कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 हेतु मतदान के लिए मतदाता को मतदाता फोटो पहचान पत्र (इपिक) प्रस्तुत करना होगा। जो मतदाता फोटो पहचान पत्र प्रस्तुत नहीं कर पाते है, उन्हें 12 वैकल्पिक फोटो पहचान दस्तावेजों में से कोई एक प्रस्तुत करने की सुविधा दी गई है। आधार कार्ड, मनरेगा जाब कार्ड, बैंकों, डाकघरों द्वारा जारी फोटोयुक्त पासबुक, श्रम मंत्रालय की योजना के अंतर्गत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, ड्राईविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, भारतीय पासपोर्ट, फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज, केंद्र, राज्य सरकार, लोक उपक्रम, सांसदों, विधायकों, विधान परिषद सदस्यों को जारी सरकारी पहचान पत्र औरयूडीआईडी दिखाकर वोट डाला जा सकता है।

# धर्म दर्शन



## सामाजिक समरसता का अनुकरणीय पाथेय राम का संपूर्ण जीवन

**सबमें राम सबके राम समरसता के सबसे बड़े प्रतीक हैं मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम। उनका जीवन मर्यादा, सामंजस्य और समरसता का पर्याय है। इसीलिए वे न केवल भारतीय समाज के लिए, बल्कि विश्व समुदाय के लिए आदर्श हैं। वनवासी राम का संपूर्ण जीवन सामाजिक समरसता का अनुकरणीय पाथेय है। श्रीराम ने वनगमन के समय प्रत्येक कदम पर समाज के अंतिम व्यक्ति को गले लगाया। छोटे और बड़े के बीच, उच्च और निम्न जातियों के बीच वे कैसा व्यवहार उचित समझते थे, इसका दर्शन केवट और शबरी प्रसंग में किया जा सकता है।**

केवल श्रीराम को देख अत्यंत प्रेम पूर्वक दंडवत करता है तो श्रीराम उसे अत्यंत स्नेहपूर्वक अपने पास बैठाकर उसकी कुशल क्षेम पूछते हैं- करि दंडवत भेंट धरि आगे, प्रभुहिं बिलोकत अति अनुरागे। सहज सनेह बिबस रघुराई, पूंछी कुसल निकट बैठाई। शबरी द्वारा प्रदत्त जंगली फल और कंदमूल श्रीराम बड़े प्रेमपूर्वक ग्रहण करते हैं। शबरी जब कहती है कि हे राम! आपका दर्शन तो मेरे गुरुदेव को भी नहीं हुआ, मेरी तो औकात ही क्या है? मैं तो नीच जाति में उत्पन्न हुई एक गंवार स्त्री हूं। प्रत्युत्तर में राम कहते हैं कि "मेरी भक्ति में न पुरुष-स्त्री का भेद कारण है, न जाति, न नाम और न आश्रम। भक्ति की भावना ही मेरी भक्ति में कारण है।" केवल भक्ति की न्यूनता अधिकता ही किसी को छोटा बड़ा बनाती है, जाति नहीं-अद्यम ते अद्यम अद्यम अति नारी, तिन्ह मंद मैं मतिमंद अधारी। कह रघुपति सुनु भामिनी बाता, मानहुं एक भगति कर नाता। केवट के बारे में हम सभी ने सुना ही है कि कैसे भगवान राम ने उनको गले लगाकर समाज को यह संदेश दिया कि प्रत्येक मनुष्य के अंदर एक ही जीव आत्मा है। बाहर भले ही अलग दिखते हों, लेकिन अंदर से सब एक हैं। यहां जाति का कोई भेद नहीं था। भगवान राम ने उनको गले लगाकर सामाजिक समरसता का अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत किया है।

राम राजपुत्र थे, उच्च वर्ण में जन्मे थे, किंतु समाज में हीन और निम्न कहे जाने वाले समुदाय के लोग उनके सर्वाधिक प्रिय पात्र रहे। राम की इस विलक्षणता को बताते हुए तुलसीदास विनयपत्रिका में कहते हैं, हे राम! आपकी यही तो बड़ाई है कि आप गण्य-मान्यों, धनिकों की अपेक्षा गरीबों को अधिक आदर देते हैं। "रघुवर रावरि यहै बड़ाई। निदरि गनी आदर गरीब पर,करत कृपा अधिकाई।।" राम इसलिए सबसे बड़े हैं कि वे सर्वाधिक चिंता छोटे और निचले स्तर के लोगों की करते हैं। वे सबल की अपेक्षा निर्बल का, बड़े की अपेक्षा छोटे का, ऊंचे की अपेक्षा नीचे का, अमीर की अपेक्षा गरीब का पक्ष लेते हैं। भगवान राम ने अपने वनवास काल में समाज को एकता के सूत्र में पिरोने का काम पूरे कौशल के साथ किया। समाज की संग्रहित शक्ति के कारण ही भगवान राम ने आसुरी प्रवृति पर प्रहार किया। समाज को निर्भयता के साथ जीने का मार्ग प्रशस्त किया। इससे यही शिक्षा मिलती है समाज जब एक धारा के साथ प्रवाहित होता है तो कितनी भी बड़ी बुराई हो, उसे नत मस्तक होना ही पड़ता है। अहिल्या शापित और उपेक्षित स्त्री थी। सामाजिक उपेक्षाओं और तिरस्कारों के कारण वह पथरा गई थी। राम उसकी भी सुध लेते हैं। समरसता के अग्रेसर राम जाति, वर्ण, लिंग आदि का भी कोई भेदभाव नहीं रखते। जिस "थर्ड जेंडर" पर ध्यान केंद्रित किए जाने को आज मानवाधिकारों की पहल और प्रेरणा बताया जाता है, तुलसी के राम अपनी भक्ति के लिए स्त्री-पुरुष के साथ इस वर्ग को भी याद रखते हैं। पुरुष नपुंसक नारि वा जीव चराचर कोइ। सर्ब भाव भज कपट तजि मोहि परम प्रिय सोइ।।/ भगतिवंत अति नीचहुं प्रानी।/मोहि प्रानप्रिय असि मम बानी।। अर्थात् अत्यधिक नीच भी यदि कोई भक्त है तो वह मुझे प्राणों से भी प्रिय है।"



प्रो. विवेकानंद तिवारी
अध्यक्ष, आंबेडकर पीठ एचपीयू, शिमला

## अन्न के स्वामी अग्निदेव

यज्ञरूपी सत्कर्म के प्रेरक अग्निदेव के निमित्त यह आहुति समर्पित करते हैं। मन और बुद्धि को प्रेरणा प्रदान करने वाले अग्निदेव को यह आहुति देते हैं। चित्त और विशिष्ट ज्ञान को प्रेरित करने वाले अग्निदेव को यह आहुति प्रदान करते हैं। वाणी और विशिष्ट विद्याओं के प्रेरक अग्निदेव को यह आहुति प्रदान कर देते हैं। मन्वंतर-प्रवर्तक, प्रजापालक मनुरूप अग्निदेव के निमित्त यह आहुति प्रदान करते हैं। संसार के कल्याणकारी अग्निदेव के निमित्त यह आहुति देते हैं। सभी मनुष्य इस जगत का संचालन करने वाले परमेश्वर की मित्रता को स्वीकार करें। दिव्यज्ञान एवं सांसारिक वैभव की कामना से उस परमपिता की तेजस्विता को धारण करें, उसके लिए हमारी यह आहुति समर्पित है।

हे सामर्थ्यवान अग्निदेव! जो भी समिधाएं आपके निमित्त समर्पित की जाएं, वह सभी आपको घृताहुति के समान ही परम प्रिय हों। उन सभी को प्रसन्नता के साथ ग्रहण करें। घुन जिस काष्ठ को चट कर जाता है, दीमक जिस काष्ठ को खा जाती है, ऐसी काष्ठ की समिधाएं भी आपको घृतवत प्रिय हों, उनका भी आप प्रेमपूर्वक सेवन करें। पृथ्वी की नाभि के समान यज्ञकुंड में प्रदीप्त होने की स्थिति में हविष्यान्न से संतुष्टि प्राप्त करने वाले अति प्रशंसनीय यज्ञाग्नि का हम आवाहन करते हैं। शत्रुओं का तिरस्कार कर युद्ध में विजय प्राप्त करने वाले अग्निदेव से हम महान धन, ऐश्वर्य प्राप्ति की कामना करते हैं। आपके प्रभाव से हमारा और जिसके हम पुरोहित हैं, उस यजमान का प्रशंसनीय ब्रह्म ज्ञान, प्रशंसनीय तेजस्विता तथा प्रशंसनीय विजयशील क्षात्र बाल विकसित हो। हे अग्निदेव! दुष्कर्मियों के बाहुबल की अपेक्षा हमारा पराक्रम प्रखर हो, उनके तेज की अपेक्षा हमारा ब्रह्म तेज श्रेष्ठ हो। ज्ञान की तेजस्विता से विरोधियों का समापन हो, हम स्वजनों को ऊंचा उठाते हैं। अन्न के स्वामी हे अग्निदेव! आप हमारे लिए आरोग्यप्रद तथा पोषणयुक्त अन्न प्रदान करें, दानशील मनुष्यों को भली-भांति पोषित करें। हमारे पुत्र-पौत्रादि और पशुओं के लिए भी शक्तिवर्धक अन्न प्रदान करें।



ओमप्रकाश त्रिपाठी
सेवानिवृत्त पुलिस महानिरीक्षक

## पौराणिक ग्रंथों में असुर

संस्कृत साहित्य के उत्कृष्ट विद्वान्महासहोपाध्याय, विद्यानिधि, सिद्धेश्वर शास्त्री चित्राव के अनुसार, "देव एक मानव जातिसंघ था। प्राचीन वैदिक पौराणिक ग्रंथों में देव, असुर, राक्षस, पितर आदि ग्यातिसंघों (जातिसंघों) एवं इन जातियों के स्त्री-पुरूषों का निर्देश पुनः पुनः मिलता है। इन सारे जाति संघों में देव लोगों का ग्याति संघ बौद्धिक, सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक दृष्टि से सर्वाधिक प्राज्ञ (उन्नत) एवं बलिष्ट प्रतीत होता है (प्राचीन चरित्र कोश, पृष्ट, 290)।

महाभारत एवं पौराणिक साहित्य के अनुशीलन से यह स्पष्ट हो जाता है कि वैदिक साहित्य के प्रारम्भ में 'असुर' शब्द दिव्यशक्ति संपन्न, ऊर्जावान, प्राणवान के अर्थ में महर्षि कश्यप एवं प्रजा पतिदक्ष की उनको ब्याही सगी बहनों की संततियों के लिए, विशेषकर अदितिपुत्र देवो, दितिपुत्र दैत्यों तथा दनुपुत्र के संयुक्त समूह के लिए होता था। आज के तथा कथित विकसित समाज में जब सगी मां से उत्पन्न भाईयों के परिवार में स्वार्थ जनित मतभेदों के कारण विघटन आम बात हो गई है, तब आज से हजारों वर्षों पूर्व कश्यप की अनेक (पुराणों के अनुसार तेरह, तीस, साठ पत्नियों की) सौतेली संतानों के मध्य स्वार्थ जनित कटुता के कारण उग्र मतभेद स्वाभाविक था। इसी स्वार्थ जनित मतभेद के कारण नागमाता कद्रू ने सगी बहन गरूड़ माता विनता को अपनी दासी बना लिया था और पति देव महर्षि कश्यप असहाय देखते रहे। इस घटना ने परम शक्ति संपन्न गरूड़ को संपूर्ण नागमाता का परम शत्रु बना दिया। विस्तार भय से इस बहु प्रचलित पौराणिक कथा का उल्लेख यहां नहीं किया जा रहा है। देवराज इन्द्र द्वारा स्वर्ग पर पूर्णाधिकार, विभिन्न यज्ञों एवं कर्मकाण्डों में घर बैठे भागीदारी, सुसंपन्न विलासिता पूर्ण जीवन, विभिन्न प्रकार के मादक पेयों के प्रति लगाव अर्थात सुराप्रेम ने सौतेले भाईयों, विमाता दितिपुत्र दैत्यों को विद्रोह के लिए उकसा दिया। दनुपुत्र दानवों ने भी उनका साथ दिया। प्रतिक्रिया स्वरूप सुरा प्रेमी 'सुर' या देवों ने असुर शब्द का मूल अर्थ, "असुः=प्राण+र=युक्तया वाला अर्थात प्रणवान या शक्तिशाली। आगे चलकर यही भौतिक शक्ति का सूचक या प्रतीक बन गया। ऋग्वेद में यह वरूण, इन्द्र वसु आदि देवों के विशेषण के रूप में प्रयुक्त हुआ है। महाभारत एवं कथा सरित्सागर एवं पुराणों में भी असुर समाज के परम उदार, प्रजावत्सल, परोपकारी असुरों (दैत्यों, दानवों, राक्षसों) की प्रशंसा में कई कथाएं वर्णित है।



डॉ. अजित कुमार सिंह
सेवानिवृत्त, पुलिस महानिरीक्षक

## अक्षय तृतीया: जागृत होती हैं सात्विक प्रवृत्तियां

पुरुष और प्रकृति के एकीकरण, समन्वय, तादाम्य का महीना है वैशाख। इस महीने के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि त्रिगुणात्मक जीवन की ज्ञान-इच्छा एवं क्रियाशक्ति का भान कराने वाली तिथि है। इसके अलावा यह तीनों लोक भूः भुवः स्वः को भी ऊर्जावान करने की तिथि है। इस तिथि को अक्षय तृतीया का निर्धारण करने के केवल आध्यात्मिक कारण ही नहीं बल्कि वैज्ञानिक कारण भी है। आध्यात्मिक दृष्टि से यह सत्ययुग की प्रारम्भ तिथि है। सत्ययुग के ब्रह्मा, विष्णु एवं महेश का स्वरूप अक्षय एवं अविनाशी है। पूरी सृष्टि सृजन, पालन एवं विनाश की त्रिकोणात्मक परिक्रमा करती है। यह तिथि ज्ञान एवं क्रिया के देवता परशुराम का अवतरण दिवस भी है। ऋषि होने के नाते परशुराम जी जहां ज्ञान के देवता होते हैं, वहीं प्रजा हित एवं सकुशल राज्य-संचालन के लिए निर्धारित मानकों के विपरीत कार्य करने वाले राजाओं से अनेकानेक बार संघर्ष की भी कथाएं उल्लिखित हैं।

वैशाख ऋतुराज वसन्त के उन्मेष का महीना है। चैत्र शुक्ल पक्ष से शुरू वसन्त 2 माह अपना जो सुमधुर प्रभाव छोड़ता है, उससे त्रेतायुग के अक्षय स्वरूप के भगवान विष्णु के सप्तम अवतार भगवान श्रीराम एवं अष्टम अवतार योगेश्वर कृष्ण अभिभूत होते हैं। वनवास के दौरान भगवान श्रीराम के सीताहरण के पश्चात भटकाव एवं व्यग्रता को विराम देने वाला यही समय है। दण्डकारण्य में प्रथमतः ज्ञान और विज्ञान के केंद्र श्रीहनुमान से उनकी इसी समय मुलाकात होती है। श्रीराम को हनुमान की बातो में ऋक्वेद, यजुर्वेद तथा सामवेद के ज्ञान का आभास होता है। ज्ञानी हनुमान को पाकर वे सीता को पाने के प्रति आश्वस्त होते दिखाई पड़ते है। वसन्त ऋतु का समय है। वाल्मीकि रामायण में भगवान राम द्वारा वसन्त ऋतु का जो वर्णन किया गया है वह पुरुष और प्रकृति के बीच समन्वय स्थापित करने का संकेत स्पष्ट रूप से देता है। शीतकाल की समाप्ति के बाद सूर्य की रश्मियों में आती तेजी का रूप सुहावना है। पुरुष के इस सुहावने पन पर प्रकृति मुग्ध होने लगती है। धरती-आकाश की आपसी अनुकूलता से पुरानापन नवीन होता है। प्रकृति के इस भाव को जीवन में आत्मसात करने का सन्देश भी निहित है। श्रीराम कृष्ण बनकर द्वापर के अगले अवतार में वसन्त की मोहकता को भूलते नहीं और 'मासानां मार्गशीर्षोऽहम ऋतुनां कुसुमाकरः' कह कर वसन्त को अपना स्वरूप ही प्रदान कर देते है। लिहाजा श्रीराम एवं श्रीकृष्ण की कृपा-अनुकम्पा से अभिसिक्त होने का यह समय है। दोनों अवतारी पुरुष का जीवन सिर्फ सैद्धांतिक ही नहीं बल्कि क्रियात्मक भी था। वसन्त ऋतु के इसी काल में वैशाख तृतीया को अवतरित दशावतार में छठे एवं 24 अवतारों में 16वें भगवान परशुराम की महिमा से यह भी सन्देश मिलता है कि जीवन के षटचक्रों का भेदन करते हुए सहस्रार की ओर बढ़ने से चिंतन राम-कृष्ण की तरह उर्ध्वगामी होगा। वैशाख महीने की महत्ता से पौराणिक ग्रंथ भरे पड़े है। कतिपय महीनों की महत्ता के क्रम में वैशाख माह के लिए स्कंदपुराण के 13 अध्यायों में वर्णित इसकी महत्ता से आशय यह निकलता है कि इस महीने में चन्द्रमा, सूर्य, तारे, नक्षत्र इतने अनुकूल हो जाते हैं कि इसके तीसों दिन मानव के लिए लाभप्रद हो जाते हैं। प्रतिकूलताएं निष्प्रभावी हो जाती हैं जिसकी वजह से अक्षय तृतीया को बिना किसी गणना के शुभकार्य सम्पादित किए जाते हैं। वैसे तो तृतीया तिथि को ललिता देवी की उपासना के माध्यम से व्रत का विधान नारदपुराण में महिलाओं के लिए किया गया है लेकिन वैशाख की अक्षय तृतीया का व्रत-उपवास स्त्री-पुरुष दोनों के लिए लाभदायी कहा गया है।





सलिल पांडेय
मिर्जापुर

# प्रदेश

## अनिवार्य सेवानिवृत्ति से पहले कर्मचारी का पूरा सेवा रिकॉर्ड देखना आवश्यक

**▶▶ याची को 3 सप्ताह के भीतर सेवा में शामिल करने का दिया निर्देश**

विधि संवाददाता, प्रयागराज

**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाई कोर्ट ने सरकारी कर्मचारी को अनिवार्य सेवानिवृत्ति देने के मामले में अपने महत्वपूर्ण आदेश में कहा कि अनिवार्य सेवानिवृत्ति के आदेश में प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों का कोई विशेष स्थान नहीं है। इसका यह अर्थ नहीं निकलता कि न्यायिक जांच को पूरी तरह से अलग कर दिया गया हो। हालांकि हाई कोर्ट और सुप्रीम कोर्ट अपीलीय अदालत के रूप में मामले की जांच नहीं कर सकती हैं, लेकिन आदेश के दुर्भावनापूर्ण, आधारहीन और मनमाना होने की संभावना पर उसमें हस्तक्षेप अवश्य कर सकती है।

कोर्ट ने अपने आदेश में आगे कहा कि मौलिक नियम 56 के अनुसार किसी सरकारी कर्मचारी को अनिवार्य सेवानिवृत्ति देने से पहले संबंधित प्राधिकारी द्वारा एक राय बनाने की आवश्यकता होती है, जिससे कर्मचारी की पूरी सेवा पर विचार करने के बाद उसे सेवानिवृत्ति देने का फैसला लिया जाए। उक्त टिप्पणी न्यायमूर्ति प्रकाश पाड़िया की एकलपीठ ने रतन कुमार यादव की याचिका को आंशिक रूप से स्वीकार करते हुए 3 सप्ताह के भीतर उन्हें सेवा में शामिल करने का निर्देश दिया है, साथ ही 6 सप्ताह की अवधि के भीतर याची को बकाया वेतन, वरिष्ठता और अन्य लाभों सहित सभी परिणामी लाभ प्रदान करने का भी आदेश दिया है। मामले के अनुसार याची को वर्ष 1998 में पुलिस उप-निरीक्षक के पद पर सीधे भर्ती मिली थी। सेवाकाल के दौरान उन्हें मुन्ना बजरंगी गिरोह के साथ मुठभेड़ में एके-47 की पांच गोलियां लगीं। इसके बाद याची को वर्ष 2001 में इंस्पेक्टर के पद पर पदोन्नति दी गई और उन्हें राष्ट्रपति पदक से भी सम्मानित किया गया। वर्ष 2016 में पुलिस उपाधीक्षक के रूप में उनकी पदोन्नति कर उन्हें गाजीपुर में तैनात किया गया, जहां अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण), गाजीपुर द्वारा कुछ जांच के आधार पर उन्हें निलंबित कर दिया गया। इसके बाद उनके खिलाफ लगातार चल रही जांच प्रक्रिया के आधार पर वर्ष 2019 में अनिवार्य सेवानिवृत्ति दे दी गई। आधी-अधूरी जांच के आधार पर अनिवार्य सेवानिवृत्ति का कलंक और दोगनी सजा याची को झेलनी पड़ी। स्क्रीनिंग कमेटी ने याची के सेवा रिकॉर्ड पर विचार किए बिना दंडात्मक आदेश पारित किया। अंत में जिसे टिकाऊ ना मानकर कोर्ट ने रद कर दिया।

### अब्दुला आजम के फर्जी जन्म प्रमाण पत्र मामले की सुनवाई जारी

प्रयागराज : इलाहाबाद हाई कोर्ट में फर्जी जन्म प्रमाण पत्र मामले में समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता और उत्तर प्रदेश के पूर्व कैबिनेट मंत्री आजम खान और उनके परिवार की आपराधिक पुनरीक्षण याचिका पर 6 मई को न्यायमूर्ति संजय कुमार सिंह की एकल पीठ के समक्ष सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान राज्य सरकार के अधिवक्ताओं ने सरकार की ओर से की गई अब तक की कार्रवाई को लेकर तर्क प्रस्तुत किए। कोर्ट ने दोपहर में भोजनावकाश के बाद मामले की सुनवाई मंगलवार को भी जारी रखने का निर्देश दिया।

## मुकदमा लंबित रखने पर कोर्ट ने जताई नाराजगी

**▶▶ आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोपी को दी सशर्त जमानत**

विधि संवाददाता, प्रयागराज

**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने आत्महत्या के लिए उकसाने आरोपी एक छात्र के मुकदमे के निस्तारण में पुलिस उप-निरीक्षक द्वारा असहयोग करने की आलोचना करते हुए कहा कि कोर्ट के ईमानदार अनुरोध की जानबूझकर अवहेलना वास्तव में स्तब्ध करने वाली है। उक्त टिप्पणी न्यायमूर्ति राहुल चतुर्वेदी की एकलपीठ ने अनिकेत दीक्षित की दूसरी जमानत याचिका को स्वीकार कर उसे सशर्त जमानत देते हुए की।

कोर्ट ने पाया कि आईपीसी की धारा 306 के तहत वर्ष 2018 में पुलिस स्टेशन कल्याणपुर, कानपुर नगर पुलिस ने मामला दर्ज किया और 4 अप्रैल 2018 से आरोपी जेल में बंद है। इस पर कोर्ट ने जिला न्यायालय को 31 अगस्त 2024 तक मुकदमे का शीघ्र निस्तारण करने का निर्देश दिया, साथ ही यह चेतावनी भी दी कि आदेश का अनुपालन न करने की स्थिति में पीठासीन अधिकारी को प्रतिकूल प्रभाव झेलना पड़ सकता है। आरोपी के अधिवक्ता ने कोर्ट को बताया कि कोर्ट ने सितंबर 2018 में पहली जमानत याचिका को खारिज करते हुए जिला न्यायालय को इस निर्देश के साथ वापस कर दिया था कि वह मुकदमे की सुनवाई तेज कर डेढ़ साल के भीतर इसे समाप्त करें जबकि मुकदमे में बहुत कम प्रगति हुई, जिसके कारण आरोपी को 6 साल तक हिरासत में रहना पड़ा। कोर्ट ने ट्रायल कोर्ट के आदेश पत्र का अवलोकन करते हुए पाया कि ट्रायल कोर्ट ने हाजिरी माफी के विभिन्न आवेदनों को उदारतापूर्वक स्वीकार किया, जिसके कारण नवंबर 2019 से मई 2023 तक यानी 3 वर्ष और 10 महीने की अवधि के दौरान केवल दो गवाहों की जांच की गई। अंत में कोर्ट ने कहा कि यदि अभियोजन पक्ष का कोई गवाह मुकदमे के शीघ्र समापन में असहयोग करता है तो ट्रायल कोर्ट दंड प्रक्रिया संहिता के प्रावधानों के अनुसार उपलब्ध सभी बलपूर्वक तरीकों का उपयोग करके गवाहों की उपस्थिति सुनिश्चित कर सकती है।

## वर्ग पहेली-62

**बाएं से दाएं**

1. 1. नकली वस्तु 2. मिलावटी चीज़ 3. कसौटी पर न उतरने वाली।
5. 1. ओछापन, क्षुद्रता 2. छिछोरे का काम।
6. 1. सुरक्षा राशि 2. शिक्षण संस्थानों में विद्यार्थियों से ली जाने वाली सुरक्षा राशि।
7. 1. लकड़ी का वह भाग जो ज़मीन में धंसा हुआ होता है जिसके कुंदे पर लुहार काम करता है

**ऊपर से नीचे**

2. कलम या पेन जिसकी नलिका में स्याही भरी रहती है।
3. 1. बांस की खमाचियों या पतली लचकदार टहनियों की बनी हुई बड़ी टोकरी, झाबा, खांचा 2. पशुओं को कटा हुआ चारा डालने का पात्र।
4. (पुराण) 1. काली माता 2. दुर्गा का एक रूप।

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | ■ | ■ | 2 | ■ | ■ |
| ■ | ■ | 3 | ■ | | ■ | ■ |
| ■ | ■ | | ■ | | ■ | 4 |
| 5 | | | | | ■ | |
| ■ | ■ | ■ | ■ | | ■ | |
| ■ | ■ | 6 | | | | |
| 7 | | ■ | ■ | ■ | ■ | ■ |

### वर्ग पहेली -61 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 फ़ि | क | रा | ■ | 2 बे | खौ | 3 फ़ |
| ■ | ■ | ■ | 4 ल | ■ | ■ | क़ी |
| 5 अ | भि | ले | ख | न | ■ | रा |
| ह | ■ | ■ | पे | ■ | ■ | ना |
| रि | ■ | 6 घो | ड़ा | गा | ड़ी | ■ |
| म | ■ | ■ | ■ | ■ | ■ | ■ |
| न | ■ | 7 ते | लि | या | मै | ना |

## सुडोकू -141

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | | 2 | | | | | |
| | | | 1 | | | | 4 | |
| | 3 | 7 | | | | | | |
| 1 | | | 7 | | | | | 3 |
| | | 5 | 6 | | | | | |
| 2 | | | | | 8 | | | 9 |
| 4 | | | 9 | 8 | | | | |
| | 6 | | | | 7 | | | |
| 7 | | 9 | | | | | 8 | |

### सुडोकू -140 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 4 | 6 | 7 | 3 | 8 | 5 | 1 | 9 |
| 3 | 8 | 7 | 5 | 9 | 1 | 2 | 6 | 4 |
| 1 | 5 | 9 | 4 | 2 | 6 | 8 | 7 | 3 |
| 4 | 3 | 1 | 6 | 5 | 2 | 7 | 9 | 8 |
| 9 | 6 | 2 | 3 | 8 | 7 | 1 | 4 | 5 |
| 5 | 7 | 8 | 9 | 1 | 4 | 6 | 3 | 2 |
| 7 | 9 | 4 | 8 | 6 | 5 | 3 | 2 | 1 |
| 8 | 2 | 3 | 1 | 7 | 9 | 4 | 5 | 6 |
| 6 | 1 | 5 | 2 | 4 | 3 | 9 | 8 | 7 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 7 मई मंगलवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-वैशाख, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-चतुर्दशी 23.40 तक तत्पश्चात अमावस्या।

### आज का पंचांग




दिशाशूल-उत्तर। ऋतु-ग्रीष्म।
चन्द्रबल-मेष, मिथुन, कर्क, तुला, वृश्चिक, कुंभ।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-अश्विनी 15.32 तक तत्पश्चात भरणी।

**मेष:** आज दूसरों के मामलों में हस्तक्षेप के कारण आपका अपमान हो सकता है। सरकारी कार्यालयों के चक्कर लगाने पड़ेंगे। व्यक्तिगत स्वार्थों को पीछे रखते हुए लोकहित के लिए काम करें। ठण्डी वस्तुओं का सेवन करें। आपके विरुद्ध दुर्भावना रखने वाले लोगों की पहचान होगी।

**वृष:** आज कुछ कारणों से आपके फोकस में कमी आयेगी। परिवार में उथल-पुथल हो सकती है। शाम के समय सत्सङ्ग और ध्यान आदि में मन लगा सकते हैं। अचल संपत्ति को लेकर कोई बड़ा निर्णय न लें। प्रेमी जन के प्रति अपना व्यवहार अच्छा रखें।

**मिथुन:** आज अपनी अपेक्षाओं के अनुसार मेहनत नहीं कर पायेंगे। मन में बैठे डर को निकालने का प्रयास करें। सार्वजनिक उत्सवों में सम्मिलित हो सकते हैं। लेकिन आप उससे सन्तुष्ट शायद ही रहें। शोध कार्यों में आज आपको सफलता मिलसकती है।

**कर्क:** आज कार्यक्षेत्र में नया परिवर्तन आपके जीवन में बदलाव ला सकता है। व्यवसायिक पार्टनर के साथ समय बितायेंगे। कर्जों को चुकाने में सफलता मिलेगी। जिस अवसर का इंतजार कर रहे थे, वह आपको आज मिल सकता है।

**सिंह:** आज आपकी मांसपेशियों में दर्द हो सकता है। किसी पर भी आंख मून्दकर भरोसा न करें। दांपत्य संबंधों में प्रेम भावना बढ़ेगी। अपनी क्षमता का सही उपयोग करेंगे। जीवनसाथी को पर्याप्त समय अवश्य दें। व्यापार में आपको अपेक्षा से अधिक धन लाभ होगा।

**कन्या:** आज आपको कुछ विरोधाभासी स्थितियों का सामना करना पड़ सकता है। मन में अनावश्यक विषयों के विचार चलते रहेंगे। इसीलिए आपको खाली नहीं बैठना चाहिए। सेहत को लेकर की गई लापरवाही भविष्य में नुकसान देह सिद्ध हो सकती है।

**तुला:** आज अपनी बुद्धि विवेक से काम करेंगे तो सफलता मिलेगी। मन में दबी हुई भावनाओं को तुरन्त व्यक्त न करें। कर्मचारियों की सहायता से आपका कार्यभार कम होगा। वृद्धजनों की सेवा करेंगे। शाम को थोड़ा अकेलापन महसूस होगा।

**वृश्चिक:** आज आप आवश्यक सामान की ख़रीदारी कर सकते हैं। दैनिक आय में वृद्धि होगी। अविवाहित लोगों के लिए विवाह से संबंधित कोई रिश्ता सामने आ सकता है। मन में छिपे हुए भय को दूर करने का प्रयास करें। गृहस्थ जीवन में खुशहाली रहेगी।

**धनु:** आज समाजसेवा को लेकर मन में भाव उत्पन्न होंगे। कार्यक्षेत्र में टीमवर्क के कारण सभी कार्य आसानी से सफल होंगे। कार्यक्षेत्र में ऐच्छिक सफलता मिलने के योग बन रहे हैं। किसी की आलोचना न करें। तकनीकी कार्यों में रुचि लेंगे।

**मकर:** आज महिला सहकर्मियों का अपमान न करें। अधिक देर बैठकर काम करने से नुकसान होगा। सिरदर्द और माइग्रेन की समस्या हो सकती है। कोर्ट-कचहरी के मामलों में आपको विजय प्राप्त होगी। विवाह से जुड़ी समस्याओं को लेकर ज्यादा परेशान न हों।

**कुंभ:** आज उच्च अध्ययन में सफलता मिलेगी। संतान के स्वास्थ्य पर ध्यान दें। मानसिक अन्तर्द्वंद का शिकार हो सकते हैं। भविष्य को लेकर योजना बनायेंगे। किसी पुराने मित्र की मुलाक़ात से आनन्द की अनुभूति होगी। दांपत्य जीवन की कठिनाई दूर होगी।

**मीन:** आज कार्यक्षेत्र में आपका वर्चस्व बढ़ेगा। अपने कार्यों में किसी का हस्तक्षेप न होने दें। परिश्रम के बाद सफलता मिलेगी। राजनीति से जुड़े लोगों को उच्च पद प्राप्त हो सकता है। दाम्पत्य सम्बन्धों के लिये दिन अच्छा नहीं है। अपने भीतर अहम् भाव न पनपने दें।

## आज की फिल्में

| चैनल | फिल्म | समय |
|---|---|---|
| B4U Movies | 15 अगस्त | सुबह : 09.00 |
| B4U Movies | आसमान ऊंचा | शाम : 06.00 |
| &pictures | ऑल द वेस्ट | दोपहर : 12.05 |
| &pictures | हिचकी | शाम : 06.02 |
| Sony Pix | सुसाइड स्क्वॉड | सुबह : 10.03 |
| Sony Pix | द मिशेल्स बनाम द मशीन्स | रात : 09.05 |
| Zee Cinema | खिलाड़ी 786 | सुबह : 10.45 |
| Zee Cinema | जीते हैं शान से | रात : 07.25 |
| Colors Cineplex | द ग्रेट गैम्बलर | सुबह : 11.25 |
| Colors Cineplex | मैरी कॉम | रात : 08.48 |

### आज की सुपरहिट फिल्म




एंड पिक्चर्स पर शाम : 06.02 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

पत्नी से लड़ाई के बाद पति एक बाबा के पास पहुंचा।
पति (मोनू) – बाबाजी, सुखी वैवाहिक जीवन के लिए मंत्र बताइए?
बाबा– हां, एक मंत्र तो है जिससे बच्चा तेरे सारे दुख खत्म हो जाएंगे।
पति– हां बाबाजी, बताइए क्या है वो?
बाबा –बेटा जब तक मुंह बंद और पर्स खुला रहेगा, कृपा आती रहेगी।
बाबा की बात सुनकर पति हैरान...

भगवान – क्या चाहिए तुझे?
पप्पू – एक नौकरी, पैसों से भरा कमरा, सुकून की नींद और गर्मी से छुटकारा।
भगवान–तथास्तु
आज पप्पू एटीएम में गार्ड है।

# उत्साह तो दिख नहीं रहा, क्या दौड़ रहा कोई अंडर करंट

दिग्विजय सिंह

- मौसम गर्म लेकिन चुनावी माहौल नजर आ रहा ठंडा
- नारे व मुद्दे कम नहीं पर 2014 व 2019 वाला जोश है नदारद
- आरोप-प्रत्यारोप ने रोचकता बढ़ाई पर चर्चाएं बेनतीजा निकल रहीं

बड़ा सवाल

**अमृत विचार** । मौसम गर्म है, पर चुनाव ठंडा। 40 डिग्री से ऊपर तापमान में लू का तो असर है, पर लहर गायब है। नारे और मुद्दे कम नहीं हैं, लेकिन माहौल 2014 और 2019 वाला नहीं है। चौपालों और चाय-पान की दुकानों पर चर्चा है, दोनों गठबंधनों के आरोप-प्रत्यारोप को लेकर रोचकता है, लेकिन बहस-मुबाहिसा बेनतीजा है। ऐसा लगता है, जैसे वोटर पहले से मन बनाए बैठा है कि उसे किसे वोट देना है या फिर उसे पता है कि इस बार चुनाव का नतीजा क्या रहने वाला है। क्या इसी कारण ऊपर से उदासीनता नजर आ रही है, लेकिन मतदाता के मन में अंडर करंट दौड़ रहा है। हकीकत क्या है, इसका इशारा तो मंगलवार को तीसरे चरण में प्रदेश में 10 सीटों पर होने वाले मतदान से मिलेगा। लेकिन जमीनी हालात दो-तीन सीटों को छोड़कर बाकी जगह कुछ ऐसे नजर आ रहे हैं, जैसे उत्साह में कहीं कोई कमी रह गई है।

प्रदेश में पहले दो चरणों में पिछली बार 2019 के लोकसभा चुनाव से कम वोट डाले गए थे। इस बार चुनाव आयोग और राजनीतिक दलों में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के तमाम जतन किए हैं। वोटर को बूथ तक पहुंचाने के लिए प्रत्याशियों के साथ चुनाव संचालन समितियों ने नए सिरे से रणनीति तय की है। यह सारी कवायद कितनी सफल रही, इसका खुलासा तीसरे चरण में मंगलवार को होने वाले मतदान के आंकड़ों से ही होगा, लेकिन जिस तरह रविवार शाम प्रचार बंद होने के बाद सोमवार को पूरे दिन मतदान वाली सभी दस लोकसभा सीटों पर नेताओं, प्रत्याशियों और उनकी बूथ मशीनरी में सिर्फ एक ही चिंता अपने-अपने वोटर को अधिक से अधिक संख्या में बूथ तक पहुंचाने की नजर आयी, उससे यह कहना बेमानी नहीं होगा कि जीत का भरोसा मजबूत करने के लिए हर उम्मीदवार का गुणा-गणित वोटर पर ही आकर अटक गया है।



## 10 का दम, मतदाता बना चुके मन

- एक केंद्रीय मंत्री के साथ योगी सरकार के दो मंत्रियों की प्रतिष्ठा का फैसला तो सपा के लिए अग्नि परीक्षा

**अमृत विचार।** प्रदेश में तीसरे चरण में मंगलवार को 10 लोकसभा सीटों आगरा, फतेहपुर सीकरी, मैनपुरी, फिरोजाबाद, हाथरस, संभल, आंवला, बरेली, बदांयू और एटा में वोट डाले जाएंगे। प्रमुख प्रत्याशी आगरा से केंद्रीय राज्य मंत्री एसपी सिंह बघेल, मैनपुरी से सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव की पत्नी डिंपल यादव और योगी सरकार के मंत्री जयवीर सिंह, हाथरस में प्रदेश सरकार के एक और मंत्री अनूप वाल्मीकि तथा एटा में पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह के बेटे राजवीर सिंह हैं। इस चरण में सपा की अग्नि परीक्षा है। सपा महासचिव रामगोपाल यादव के बेटे अक्षय यादव फिरोजाबाद से तो शिवपाल यादव के बेटे आदित्य यादव बदांयू से मैदान में हैं। पिछले लोकसभा चुनाव में इस चरण की दस सीटों में मैनपुरी और संभल को छोड़कर आठ सीटें भाजपा ने जीती थीं। इस बार इंडिया गठबंधन की ओर से सपा नौ सीटों पर जबकि कांग्रेस एक सीट फतेहपुर सीकरी में चुनाव लड़ रही है। भाजपा सभी 10 सीटों पर मैदान में है।



**नये चेहरे**
आगरा लोकसभा सीट पर दिग्गज नेता केंद्रीय मंत्री के सामने सपा और बसपा ने उतारे हैं नये उम्मीदवार

**2022**
मैनपुरी सीट पर मुलायम सिंह के निधन के बाद डिंपल यादव जीत चुकीं हैं उपचुनाव

### एटा में जीत की राह बनी थोड़ी पेचीदा

- एटा में पूर्व सीएम कल्याण सिंह के पुत्र भाजपा प्रत्याशी राजवीर सिंह ने जीत की हैट्रिक लगाने के लिए कड़ी मेहनत की है। सपा द्वारा यादव के बजाय देवेश शाक्य को मैदान में उतारने से भाजपा को थोड़ी मुश्किल पेश आयी है। लेकिन बसपा प्रत्याशी इरफान ने सपा के जीत के गुणा-भाग को पेचीदा बना दिया है।

### आंवला में कड़े मुकाबले के आसार

- भाजपा के धर्मेंद्र कश्यप यहां हैट्रिक लगाने के इरादे से फिर से मैदान में हैं। लेकिन सपा ने नीरज मौर्य को मैदान में उतारकर कड़ी टक्कर दी है। यहां मौर्य वोटरों की भारी संख्या है। भाजपा के लिए राहत की सांस बसपा के आबिद अली बने हैं, जो साइकिल की रफ्तार रोकने के लिए मजबूती से डटे रहे हैं।

### संभल में उलझे दिख रहे समीकरण

- संभल में समीकरण उलझे नजर आ रहे हैं। सपा के जियाउर्रहमान बर्क और भाजपा के पुराने दिग्गज परमेश्वर लाल सैनी के बीच कड़ा मुकाबला देखने में आया है। लोग मान रहे हैं कि बसपा से उतरे पूर्व विधायक सौलत अली ने मामला फंसा दिया है। वह सपा के वोटों में सेंध लगा रहे हैं।

### बरेली में चुनाव ध्रुवीकरण की तरफ

- बरेली में जीत की राह ध्रुवीकरण की तरफ बढ़ती नजर आ रही है। यहां बसपा प्रत्याशी के मैदान से बाहर होने के कारण भाजपा-सपा में सीधी लड़ाई है। भाजपा से सांसद संतोष गंगवार की जगह आए कुर्मी बिरादरी के ही छत्रपाल गंगवार की सपा के प्रवीण सिंह ऐरन से कड़ी टक्कर है।

### बदायूं में तीसरे कोण से संघर्ष रोचक

- भाजपा से मौजूदा सासंद की जगह मैदान में आए दुर्विजय सिंह का मुकाबला सपा नेता शिवपाल यादव के बेटे आदित्य यादव से है। आदित्य पहला चुनाव लड़ रहे हैं। बसपा ने मुस्लिम खां पर दांव लगाकर चुनाव रोचक बना दिया है। बसपा का समीकरण राह में रोड़े न अटका दे, इसे लेकर सपा में खासी बेचैनी है।

### मैनपुरी में विरासत या बदलाव

- हाई प्रोफाइल बनी इस सीट पर मुलायम सिंह यादव की विरासत और बदलाव के बीच जंग छिड़ी रही है। भाजपा से प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री जयवीर सिंह की चुनौती के चलते सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव की पत्नी डिंपल यादव को साइकिल गांव-गांव में दौड़ानी पड़ी है। बसपा के शिवप्रसाद यादव से यादव मतों में सेंधमारी बचाने से जूझना पड़ा है।

### आगरा में केंद्रीय मंत्री का इम्तिहान

- आगरा से 2019 में भाजपा से चुने गए केंद्रीय मंत्री एसपी सिंह बघेल की प्रतिष्ठा फंसी है। सपा और बसपा ने जाटव समुदाय के प्रत्याशी उतारे हैं। दोनों ही नए चेहरे हैं। बसपा से पूजा अमरोही प्रत्याशी हैं। सपा के सुरेश चंद कर्दम ने कड़ी चुनौती पेश की है। ऐसे में बघेल की प्रतिष्ठा की परीक्षा चुनाव में हो रही है।

### फतेहपुर सीकरी में बसपा का फंसाव

- भाजपा ने दिग्गज राजकुमार चाहर को फिर से मैदान में उतारा है। कांग्रेस ने पूर्व फौजी रामनाथ सिकरवार पर दांव लगाया है। उनकी इलाके में अपनी पहचान है। भाजपा विधायक के पुत्र मैदान में उतरकर चाहर का विरोध कर रहे हैं। उधर, बसपा के रामनिवास शर्मा भाजपा और कांग्रेस को परेशान कर रहे हैं। उनका समीकरण खेल बिगाड़ सकता है।

### हाथरस में वोटों की सेंधमारी का खेल

- भाजपा ने यहां भी टिकट बदलकर योगी सरकार के मंत्री अनूप प्रधान वाल्मीकि को मैदान में उतारा है। उनकी राह रोकने के लिए सपा ने जसवीर वाल्मीकि को चुनावी रण में उतार दिया। बसपा के हेमबाबू धनगर भी शिद्दत से डटे हैं। यहां मुकाबले का ताना-बाना कुछ इस तरह बुना गया है कि सभी एक-दूसरे की राह में रोड़े अटकाते नजर आ रहे हैं।

### फिरोजाबाद में त्रिकोणीय मुकाबला

- भाजपा ने टिकट बदलकर ठाकुर विश्वदीप सिंह को उतारा था। सपा से वर्ष 2014 में चुनाव जीते अक्षय यादव उन्हें कड़ी टक्कर दे रहे हैं। पिछली बार सपा में फूट के बावजूद भाजपा यह सीट कम अंतर से जीत पाई थी। बसपा ने चौधरी बशीर को टिकट देकर सपा को झटका देने की कोशिश के साथ ही अलग राह बनाने की कवायद की है।

## परवान चढ़ेगा प्रयोग या साइकिल फिर होगी पंचर

**चुनाव डेस्क।** पहले 2017 के विधान सभा चुनाव में कांग्रेस के साथ गठबंधन करके चुनावी नतीजों में फेल होने फिर वर्ष 2019 का लोकसभा चुनाव बसपा के साथ मिलकर लड़ने के बावजूद सपा को मनमाफिक सफलता नहीं मिली थी। उसके खाते में सिर्फ पांच सीटें ही आई थीं।

इसके चलते इस बार सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने सोशल इंजीनियरिंग का नया प्रयोग किया है। इसमें सिर्फ अपने परिवार को छोड़कर किसी यादव को टिकट नहीं दिया है। 2019 में सपा ने प्रदेश में 37 सीटों पर चुनाव लड़ा था। तब उसने एम-वाई समीकरण के तहत सर्वाधिक प्रत्याशी यादव फिर मुस्लिम उतारे थे। सपा के 27 प्रतिशत प्रत्याशी यादव और 11 प्रतिशत मुस्लिम थे।

कुर्मियों को सिर्फ आठ प्रतिशत टिकट दिए थे। इस बार यादव प्रत्याशियों का हिस्सा सिर्फ 7 फीसदी है, जबकि कुर्मी-पटेल प्रत्याशी 16 प्रतिशत, पासी समाज के 11 प्रतिशत, कुशवाहा-शाक्य-सैनी समाज के 10 प्रतिशत, जाटवों के भी 10 प्रतिशत, निषाद समाज के 8 प्रतिशत और मुस्लिम प्रत्याशी सिर्फ 6 प्रतिशत ही उतारे हैं। इसके मुकाबले प्रदेश में भाजपा 75 सीटों पर चुनाव लड़ रही है। उसने 21 प्रतिशत ब्राह्मण और 17 प्रतिशत ठाकुर प्रत्याशी उतारे हैं। पार्टी के 8 प्रतिशत उम्मीदवार कुर्मी हैं। भाजपा ने लगभग ऐसी ही रणनीति वर्ष 2019 के चुनाव में भी अपनायी थी, तब ब्राह्मण प्रत्याशी 22 प्रतिशत और ठाकुर प्रत्याशी 18 प्रतिशत उतारे थे। कुर्मी समाज के 9 प्रतिशत प्रत्याशी थे।



इंडिया गठबंधन के प्रमुख घटक दल कांग्रेस नार्थ ईस्ट दिल्ली से उम्मीदवार कन्हैया कुमार ने आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं के साथ रोड शो किया। इस दौरान उन्होंने केंद्र सरकार पर हमला बोला। कहा कि देश का विकास इंडिया गठबंधन ही कर सकता है।

## आजमगढ़ में प्रधानमंत्री मोदी की रैली कराने की तैयारी

**चुनाव डेस्क।** आजमगढ़ लोकसभा सीट भाजपा के लिए नाक का सवाल बन गई है। ऐसे में भाजपा यहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सभा कराने की तैयारी कर रही है। उप चुनाव में इस पर भाजपा के दिनेश लाल यादव निरहुआ जीते थे। जबकि 2019 में उन्हें सपा मुखिया अखिलेश यादव के हाथों हार का सामना करना पड़ा था। आजमगढ़ जिले की ही लालगंज लोकसभा सीट भी भाजपा पिछले चुनाव में हार गई थी। तब बसपा की संगीता आजाद यहां से जीतीं थीं। घोसी संसदीय सीट भी बसपा के कब्जे में गई थी। बसपा के अतुल राय यहां से जीते थे। इस बार सपा ने आजमगढ़ से धर्मेंद्र यादव तो भाजपा ने दिनेश लाल यादव को पुनः मैदान में उतारा है। लालगंज से भाजपा ने पूर्व सांसद नीलम सरोज तो सपा ने पूर्व सांसद दरोगा प्रसाद सरोज पर दांव लगाया है।

## भाजपा से पुराने चेहरे, सपा ने लगाया है ओबीसी-दलित दांव

चुनाव डेस्क

**अमृत विचार।** प्रदेश में तीसरे चरण के मतदान के बीच चौथे चरण के चुनाव वाली 13 लोकसभा सीटों पर प्रचार अभियान अंतिम चरण में प्रवेश कर गया है। रुहेलखंड से लेकर सेंट्रल यूपी तक फैला यह चरण भाजपा का गढ़ माना जाता है। पिछली बार 2019 में भाजपा ने सभी 13 सीटों पर कमल खिलाया था। पार्टी ने एक बार फिर सभी सीटें जीतने के लिए अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। ऐसे में इंडिया गठबंधन की सारी कोशिश इस बार भाजपा से कुछ सीटें छीनने की ही नजर आ रही है। सपा के 11 प्रत्याशियों में पांच दलित, चार ओबीसी और दो सवर्ण हैं। भाजपा ने 13 में से 11 पुराने चेहरों पर ही दांव लगाया है। केवल कानपुर और बहराइच में नए प्रत्याशी को मैदान में उतारा है।

चौथे चरण के मतदान वाली 13 सीटों पर कुल 130 उम्मीदवार मैदान में हैं। इस चरण में अकबरपुर, बहराइच, धौराहरा, इटावा, खीरी, फर्रूखाबाद, हरदोई ,कन्नौज, कानपुर, मिश्रिख, शाहजहांपुर, सीतापुर और उन्नाव लोकसभा सीट पर 13 मई को वोट डाले जाएंगे। कन्नौज लोकसभा सीट से समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव चुनाव लड़ रहे हैं। इसके अलावा उन्नाव से साक्षी महाराज, खीरी से केंद्रीय मंत्री अजय मिश्रा टेनी की किस्मत का फैसला भी इसी चरण में होना है। विपक्ष के लिहाज से यह चरण बेहद अहम है। बीते चुनाव में यही अकेला ऐसा चरण था, जिसमें विपक्ष को एक भी सीट नहीं मिली थी। भाजपा ने सभी 13 सीटों पर प्रत्याशी उतारे हैं। जबकि इंडिया गठबंधन से सपा 11 और 2 सीटों सीतापुर और कानपुर में कांग्रेस चुनाव लड़ रही है। भाजपा ने 2019 के चुनाव में कन्नौज, मिश्रिख और इटावा लोकसभा सीट को छोड़कर बाकी 10 सीटें 12 से लेकर 32 प्रतिशत मतों के अंतर से जीती थीं। इस बार चौथे चरण की सभी सीटों पर भाजपा और सपा-कांग्रेस ही मुख्य मुकाबले में नजर आ रही हैं। तीन से चार सीटों पर बसपा लड़ाई को त्रिकोणीय बनाने की कोशिश में लगी है।



- 2019 में चौथे चरण की सभी सीटों पर खिला था कमल, विपक्ष के हाथ एक भी सीट नहीं लगी थी
- भाजपा प्रत्याशी सभी 13 सीटों पर इंडिया गठबंधन से सपा 11 और कांग्रेस दो सीटों पर मैदान में
- सपा के प्रत्याशियों में पांच दलित समाज, चार ओबीसी वर्ग और दो सवर्ण जाति से
- भाजपा ने 13 में से 11 सीटों पर मौजूदा सांसद उतारे, कानपुर बहराइच में नए प्रत्याशी

## कन्नौज संसदीय सीट

# समाजवाद के गढ़ में मोदी की गारंटी बनाम विरासत की जंग

- सपा मुखिया अखिलेश यादव और भाजपा के सुब्रत पाठक ठोक रहे ताल
- बसपा प्रत्याशी मुकाबले को त्रिकोणीय बनाने में नहीं छोड़ रहे कोई कसर

इरा अवस्थी, कन्नौज

**अमृत विचार।** कन्नौज का नाम आते ही इत्र की खुशबू दिलो दिमाग में छा जाती है। इत्र ही इस नगरी की पहचान है। समाजवाद के गढ़ में 1996 के बाद 2019 में कमल खिला। तब सुब्रत पाठक सांसद बने, लेकिन इस बार राह आसान नहीं दिख रही है। सुब्रत के सामने खुद सपा प्रमुख अखिलेश यादव मैदान में हैं तो बसपा से इमरान बिन जफर ने ताल ठोक रखी है। हालांकि मुख्य मुकाबला तो सपा और भाजपा के बीच है, लेकिन बसपा की कोशिश है कि किसी तरह इसे त्रिकोणीय बनाया जाए। अखिलेश जहां 2019 में पत्नी डिंपल यादव को मिली हार का बदला लेने को व्यग्र दिख रहे हैं तो सुब्रत पाठक की कोशिश है कि इस सीट पर मोदी की गारंटी के सहारे वे जीत दर्ज कर भगवा रंग को और गाढ़ा कर दें। कमल खिलेगा या वर्षों से अखिलेश यादव हार का बदला ले पाएंगे यह तो मतदाताओं को तय करना है फिलहाल इस सीट पर लड़ाई रोमांचक दिख रही है। भाजपा कार्यकर्ताओं को उम्मीद थी कि पीएम नरेंद्र मोदी कन्नौज मुख्यालय पर सभा करेंगे पर इस बार उनके हाथ निराशा लगी है।

कन्नौज की पहचान पूरी दुनिया में इत्र के कारोबार को लेकर है। कभी यहां के लोगों ने फ्रांस की ग्रासे सिटी जैसा बनाने का सपना दिखाया गया तो कभी विकसित कन्नौज का लेकिन नतीजा ढाक के तीन पात ही रहा। अब फिर से वादों की झड़ी लगाई जा रही है। अब देखना यह है कि किसके वादे मतदाताओं के दिल में उतरते हैं और वे उसे अपना सांसद चुनते हैं। फिलहाल चुनाव में राम और मुफ्त राशन की गूंज है तो बेरोजगारी और संविधान बदलकर आरक्षण खत्म करने देने का शोर भी। सबके अपने- अपने दावे भी हैं। मतदाता तो खामोश है वह यह बताने को तैयार नहीं वोट किसे देना है। अखिलेश यादव का रोड शो हो या सीएम योगी आदित्यनाथ की रैली भीड़ तो हर जगह जुट रही है पर भीड़ वोट में कितना बदलेगी इसका अंदाजा लगा पाना बड़े बड़े धुरंधरों के लिए कठिन हो रहा है।

### लोहिया और उनके शिष्य मुलायम भी यहां से बने सांसद

डॉ. राममनोहर लोहिया हों या मुलायम सिंह यादव और दिल्ली की मुख्यमंत्री रहीं शिला दीक्षित इस सीट से सांसद बन चुकी हैं। यहां तक कि अखिलेश यादव भी जीत की हैट्रिक लगा चुके हैं। अब यहां से चौथी बार मैदान में हैं। डॉ. राममनोहर लोहिया तो 1967 के चुनाव में यहां से सांसद बने थे। हालांकि जब 1971 में चुनाव हुआ तो कांग्रेस को यहां से जीत मिली। आपात काल लगाए जाने से नाराज यहां के मतदाताओं ने 1977 में कांग्रेस को नकार दिया तो फिर कांग्रेस को उबरने में काफी समय लगा। यहां से जनता पार्टी के टिकट पर 1977 में रामप्रकाश त्रिपाठी जीते तो 1980 के चुनाव में छोटे सिंह यादव सांसद बने। हालांकि जब 1984 का चुनाव हुआ तो कांग्रेस ने शीला दीक्षित को उतारा और फिर क्या था यहां के मतदाता हाथ के साथ हो गए। शीला सांसद बन गईं। 1989 और 1991 की रामलहर में भी यहां के मतदाताओं ने समाजवाद को नहीं छोड़ा। दोनों ही चुनावों में छोटे सिंह यादव जनता दल के टिकट पर जीते, लेकिन 1996 की राम लहर में यहां से चंद्रभूषण सिंह भाजपा से सांसद बनने में कामयाब हो गए। इसके बाद भाजपा हो या कांग्रेस और बसपा मैदान में प्रत्याशी उतारे जरूर पर सफलता के लिए तरस गए। यहां तक की 2014 की प्रचंड मोदी लहर में भी यहां के मतदाता सपा के साथ रहे और उन्होंने डिंपल यादव को ही सांसद चुना। 2012 के उप चुनाव में भी डिंपल यहां से जीती थीं तब यह सीट अखिलेश यादव के मुख्यमंत्री बनने के बाद खाली हुई थी।



### युवा मतदाताओं पर सपा की निगाह

- समाजवादी पार्टी की निगाह युवा और नए मतदाताओं पर है। पार्टी मुखिया अखिलेश यादव लगातार बेरोजगारी का मुद्दा इसी लिए उठा रहे हैं ताकि युवाओं को वे अपने से जोड़कर खुद की जीत सुनिश्चित कर सकें। भाजपा में बाहर से भले ही अंतरकलह नहीं दिख रही है लेकिन अंदरखाने भितरघात भी खूब हो रही है। सपा के लोग नाराज और खुद को उपेक्षित महसूस कर रहे नेताओं और कार्यकर्ताओं को साधने में लगे हुए हैं। ऐसे नेताओं की बकायदा सूची तैयार की गई है जो सांसद से नाराज हैं और गाहे बगाहे अपनी नाराजगी जाहिर करते रहे हैं।

### बसपा की मजबूती में खुद का फायदा देख रही सपा

- बसपा ने वैसे तो कानपुर निवासी इमरान बिन जफर को उम्मीदवार बनाया है। इसलिए उन पर बाहरी को होने का ठप्पा है। इमरान और उनकी टीम लगातार अनुसूचित जाति की बस्तियों में भ्रमण कर रही है। पार्टी के रणनीतिकारों को लगता है कि भाजपा में जा चुके उनके परंपरागत मतदाता यदि पार्टी के साथ आएंगे तो इमरान चुनाव जीत सकते हैं। जबकि सपा इसमें अपना फायदा देख रही है। भाजपा की मजबूती की वजह ही बसपा के परंपरागत मतदाता बन गए हैं। ऐसे मतदाता जितनी ज्यादा संख्या में बसपा में लौटेंगे उतना ही फायदा सपा को होगा।

### अखिलेश यादव के नाम जीत की हैट्रिक का रिकार्ड

- इस सीट पर 1998 में सपा के टिकट पर प्रदीप यादव जीते थे। हालांकि जब 1999 का चुनाव हुआ तो सपा प्रमुख मुलायम सिंह खुद मैदान में उतरे। मतदाताओं ने उन्हें सिर माथे पर बिठाया। वे भी सांसद बने। इसके बाद उन्होंने इस सीट को अपने पुत्र अखिलेश यादव को सौंप दिया। 2000 के उप चुनाव में पहली बार अखिलेश यादव यहां से सांसद बने और फिर 2004 और 2009 में भी जीते। 2012 में मुख्यमंत्री बनने के बाद त्यागपत्र दिया तो पत्नी डिंपल को विरासत सौंप दी। डिंपल भी यहां से 2014 में भी जीतीं पर 2019 में हार गईं।

**1977**
में कांग्रेस को नकार दिया तो फिर उबरने में काफी समय लगा

**2014**
की मोदी लहर में भी यहां के मतदाता सपा के साथ रहे

### छह में से पांच सीटें भाजपा के पास

- इस लोकसभा क्षेत्र में कानपुर देहात की रसूलाबाद, औरैया की बिधूना और कन्नौज की छिबरामऊ, तिर्वा व कन्नौज विधानसभा सीट है। बिधूना पर सपा का कब्जा है। इस सीट पर सपा की रेखा वर्मा विधायक हैं। जबकि अन्य सीटों पर भाजपा काबिज है। कन्नौज सीट से विधायक असीम अरुण राज्य सरकार में मंत्री भी हैं। ऐसे में इस सीट पर जीत दिलाना उनके लिए भी प्रतिष्ठा का प्रश्न है।

### उप चुनाव में डिंपल निर्विरोध जीतीं थीं

- 2012 के उप चुनाव में डिंपल यादव को सपा ने टिकट दिया था। इस चुनाव में उन्हें भाजपा, बसपा और कांग्रेस के किसी उम्मीदवार ने पर्चा ही नहीं भरा था परिणाम स्वरूप वह निर्विरोध जीत गईं थीं।

## चुनावी चक्कर

**● कैसा होगा श्याम रंगीला का राजनीतिक रंग?:**

नाम है श्याम रंगीला। नाम ही नहीं काम भी इनका कुछ ऐसा ही है। दरअसल, श्याम रंगीला कॉमेडियन हैं और मोदी की मिमिक्री के बूते चर्चा में रहते हैं। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर अपनी विशेष पहचान बना रखी है। रंगीला की चर्चा फिलहाल लोकसभा चुनाव में वाराणसी से उतरने की है। वह राजस्थान से वाराणसी के लिए रवाना भी हो गए हैं। इससे पहले उन्होंने इंस्टाग्राम पर वीडियो साझा करके लिखा कि घर से निकलने से पहले दादी और पापा का आशीर्वाद लिया। इसके बाद वह स्थानीय ग्रामीणों से भी आशीर्वाद लेते नजर आ रहे हैं। तीन दिन पहले भी इंस्टाग्राम पर पोस्ट करके श्याम रंगीला ने लोकसभा चुनाव लड़ने के लिए वाराणसी को चुनने की वजह भी बताई थी। कहा था कि देश में ऐसा माहौल बन गया कि विपक्षी पार्टी के उम्मीदवार टिकट लौटा रहे हैं। मैं ऐसा नहीं करना चाहता। बहरहाल, वाराणसी पहुंचकर श्याम रंगीला का रंग वैसा ही रहता है या बदलता है, यह तो वक्त ही बताएगा।

**● जूता फेंकने वाले का हाथ काटने पर इनाम!**

फतेहपुर सीकरी में जनसभा को संबोधित करने के दौरान राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वामी प्रसाद मौर्य पर एक शख्स ने जूता फेंक दिया था। अब स्वामी प्रसाद मौर्य की पार्टी के प्रत्याशी द्वारा जूता फेंकने वाले का हाथ काटने पर 11 लाख रुपए इनाम का ऐलान किया गया। पार्टी के प्रत्याशी द्वारा बाकायदा वीडियो जारी करके इसके लिए ऐलान किया गया है। जारी वीडियो में पार्टी के प्रत्याशी होतम सिंह निषाद द्वारा कहा गया कि धर्मेंद्र धाकड़ ने हमारे नेता पर काली स्याही फेंकी थी, काले झंडे भी दिखाए थे।

# श्रीकला का टिकट कटने से गर्मायी पूर्वांचल की राजनीति

### जौनपुर लोकसभा सीट पर भाजपा प्रत्याशी को दे रही थीं कड़ी टक्कर

### टिकट कटा, काटा या कटवाया गया दिन भर होती रही चर्चा

### टिकट कटने के पीछे कई थ्योरी पर होती रहीं चर्चाएं

विनय सिंह, लखनऊ

**अमृत विचारः** जौनपुर से बसपा प्रत्याशी एवं पूर्व सांसद धनंजय सिंह की पत्नी श्रीकला का टिकट कटने के बाद पूर्वांचल का राजनीतिक पारा अचानक चढ़ गया। भाजपा प्रत्याशी को कड़ी टक्कर देने और लगभग जीत के आत्मविश्वास से परिपूर्ण होकर अचानक रणभूमि से ही बाहर होना अब खासा चर्चा का विषय बन गया है। श्रीकला का टिकट क्यों कटा ?, किसके कहने पर कटा ?, क्या बीएसपी भाजपा की मदद कर रही है ?, राजा भइया को अमित शाह ने क्यों बुलाया ? जेल जाते ही धनंजय सिंह को लारेंस विश्नोई गैंग से क्यों जोड़ा गया ? और धनंजय सिंह को जमानत मिलते ही श्रीकला का प्रचार अचानक कैसे धीमा पड़ गया ?.... जैसे प्रश्न पूर्वांचल, अवध और राजधानी की राजनीतिक गलियारों में गूंज रहे हैं। उत्तर की तलाश में सभी पार्टियां और जनता है। सोशल मीडिया और एक्स पर भी टिकट कटने की घटना लगातार ट्रेंड कर रही है।



**थ्योरी-1** धनंजय सिंह की पत्नी के चुनाव लड़ने पर भाजपा के उम्मीदवार कृपाशंकर सिंह को काफी नुकसान पहुंचने का अनुमान था। क्योंकि धनंजय का जौनपुर में मजबूत पकड़ है। क्षत्रिय वोटों का बंटवारा तय था। सपा ने यहां पीडीए फार्मूले के तहत बाबू सिंह कुशवाहा को टिकट दिया है। इस सीट पर यादव, मुस्लिम और कुशवाहा वोटर्स की ठीक-ठाक आबादी है। यादव और मुसलमान वोट सपा के साथ जुड़ा है, तो कुशवाहा वोटर में बाबू सिंह की अच्छी पकड़ है। पिछली बार गाजीपुर उनकी पत्नी बहुत कम अंतर से चुनाव हारी थीं।

**थ्योरी-2** कुछ लोगों का मानना है कि भाजपा ने क्षत्रिय लॉबी का सहारा लेकर धनंजय सिंह पर दबाव बनाया था। हाल ही में रघुराज प्रताप सिंह उर्फ राजा भैया की मुलाकात गृहमंत्री अमित शाह से हुई थी। इसके बाद बस्ती से जुड़े बड़े नेता राजकिशोर सिंह भाजपा में शामिल हुए। गोसाईगंज विधायक अभय सिंह को वाई कैटेगरी की सुरक्षा दी गई। बताया जा रहा है कि क्षत्रिय नेताओं ने भी धनंजय सिंह को पीछे हटने का काफी दबाव बनाया।

**थ्योरी-3** बसपा के नेशनल कोआर्डिनेटर आकाश आनंद द्वारा दिए गए भाषणों में भाजपा सरकार को टारगेट किया जा रहा था। विश्लेषकों का मानना है कि ऐसे में आकाश आनंद के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराया गया था। कहना है कि सरकार आकाश आनंद को लगातार घेर रही थी। ऐसी स्थित में बसपा सुप्रीमो मायावती द्वारा एक अदृश्य दबाव महसूस किया जाने लगा था। रविवार की देर रात बसपा का कोआर्डिनेटर धनंजय सिंह के घर पर स्वयं मौजूद थे। टिकट कटने के पहले उसकी धनंजय सिंह से लंबी वार्ता हुई है।

**थ्योरी-4** दूसरी चर्चा यह है कि धनंजय सिंह की गतिविधियों को तिहाड़ जेल में बंद लारेंस विश्नोई से जोड़ने की कोशिश हुई। इसके बाद जांच एजेंसियां भी सक्रिय हुई। इसके बाद धनंजय सिंह ने अपने कदम भी पीछे किए।

### जिसको चाहूंगा वही बनेगा सांसदः धनंजय

इस पूरे घटनाक्रम में धनंजय सिंह बसपा पर भड़के रहे। उन्होंने कहा कि जौनपुर ही एक मात्र सीट थी जो बसपा के खाते में जा रही थी। कहा कि बसपा नेताओं के बयानों को लेकर वह आहत हैं। वह किसी से डरने वाले नहीं है। पहले भी मेरे ऊपर तमाम झूंठे मुकदमें दर्ज किए गए, लेकिन मैं डरा और डिगा नहीं। पहले भी मुकदमें लादकर मुझे चुनाव लड़ने से रोका गया, आज भी वही हो रहा है। यह भी तय है कि जौनपुर से वही जीतेगा जिसे हम चाहेंगे। बसपा सिर्फ जौनपुर सीट की वजह से चर्चा में थी। उन्होंने कहा कि बसपा सरकार में भी मेरे ऊपर मुकदमें लादे गए क्या मैं उनसे डरा। अब हम आगे क्या करने वाले हैं इसका निर्णय हम लोग बैठकर लेंगे। अभी तत्काल मैं कुछ नहीं कह सकता। उन्होंने कहा कि बसपा को टिकट नहीं काटना चाहिए था। बसपा कोआर्डिनेटर भी झूंठ बोल रहे हैं।

### अपनी ढपली अपना राग



मोदी जी ने आतंकवाद का खात्मा कर दिया। आज हमारे देश में पटाखा भी फट जाए तो पाकिस्तान सामने आकर सफाई देता है कि मेरा हाथ नहीं है। -योगी आदित्यनाथ



आजादी के शताब्दी वर्ष में निश्चित रूप से स्वावलंबी और विकसित भारत को पुन: विश्वगुरु बनने से दुनिया की कोई ताकत रोक नहीं सकती।

– मनोज सिन्हा



कोई राजपाट नहीं है कि पिता छोड़ेंगे पुत्र राजा बन जाएंगे। यह लोकतंत्र है। जनता जिसको आशीर्वाद देगी, वहीं नेतृत्व करेगा।

– ब्रजेश पाठक



वे शहजादे नहीं शहीदजादे हैं, गठबंधन के प्रत्याशियों को अवाम का जबर्दस्त समर्थन मिलते हुए देख रहा हूं।

– अविनाश पाण्डेय


# रायबरेली व अमेठी में प्रियंका की अग्निपरीक्षा

## कांग्रेस जिला संगठन की कमजोरी को भांप चुनाव तक रहेंगी सक्रिय

### जनता के बीच जाकर पारिवारिक रिश्तों की डोर को करेंगी मजबूत

दिलीप सिंह, रायबरेली

**अमृत विचार :** 2024 लोकसभा चुनाव आने वाले भविष्य को तय करेगी। अमेठी हो या फिर रायबरेली। कांग्रेस का गढ़ एक जगह से ध्वस्त हो चुका है। ऐसे में पार्टी किसी भी कीमत पर अमेठी की सीट जीतना चाहती है। वहीं रायबरेली से राहुल गांधी मैदान में है। स्वाभाविक है ये सीटें कहीं ना कहीं कांग्रेस के लिए सबसे महत्वपूर्ण है। इन दोनों सीटों पर सबकी निगाहें लगी हुई है। इन सबके बीच यदि किसी की अग्निपरीक्षा है तो वह प्रियंका गांधी वाड्रा।



वह भले ही चुनाव मैदान में नहीं हैं, लेकिन हमेशा की तरह अपनी पार्टी की बतौर स्टार प्रचारक हैं। पिछले चुनाव में उन्होंने दोनों लोकसभा चुनाव की बागडोर अपने हाथ में लिया था। इसमें अमेठी में राहुल को हार का सामना करना पड़ा। वहीं रायबरेली में सोनिया गांधी को कड़ा संघर्ष करना पड़ा। यह तब हुआ, जब प्रियंका ने अपनी पूरी ताकत झोंक दी।

इसकी वजह कहीं ना कहीं संगठन का कमजोर होना माना जा रहा है। जीत के बाद जिले में कांग्रेस पदाधिकारियों की स्थिति किसी से छिपी नहीं हुई है। पूरे समय तक सिर्फ कार्यालय तक ही सिमटे रहे। एक ओर जहां भाजपा बूथ स्तर पर लगातार पकड़ मजबूत बनाए हुए है। वहीं कांग्रेस धरातल पर कम कागजों पर ज्यादा सक्रिय रही। यही वजह है कि पिछले विधानसभा चुनाव में उम्मीदवारों को करारी शिकस्त का सामना करना पड़ा। ऐसे में संगठन के भरोसे जीत का दम भरना दिवास्वप्न से कम नहीं है। यही वजह है कि माहौल को भांपते हुए प्रियंका ने खुद ही मोर्चा संभालने का निर्णय लिया है।

### संगठन की सक्रियता न के बराबर

लोकसभा चुनाव की तैयारियों की बात करने से पहले अगर विधानसभा में पार्टी उम्मीदवारों को मिले मतों को देखे तो साफ पता चलता है कि जिले में संगठन की सक्रियता न के बराबर है। शुरू सदर विधानसभा से करते हैं। यहां पर प्रतिष्ठित डा. मनीष चौहान को उतारा गया। संगठन से कम उन्हें अपना व्यक्तिगत मत ज्यादा मिला। पूरे चुनाव में मेहतन के बावजूद महज 6.50 प्रतिशत मत ही प्राप्त कर सके। वहीं सबसे खराब दशा ऊंचाहार विधानसभा की रही। यहां पर अतुल सिंह को महज 4.71 मत से संतोष करना पड़ा। इसी तरह हरचंदपुर विधानसभा से सुरेंद्र विक्रम सिंह को 8.05, सरेनी विधानसभा से सुधा द्विवेदी को 19.71 और बछरावां से सुशील पासी को सबसे अधिक 27.13 प्रतिशत मत मिले।

### विस चुनाव में मिले डेढ़ लाख से कम मत

लोकसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी के पदाधिकारी और कार्यकर्ता भले ही दम भर रहे हों, लेकिन वह कितने प्रभावशाली रहे वह विधानसभा चुनाव के आंकड़ों से साफ पता चलता है। लोकसभा क्षेत्र में आने वाले पांच विधानसभा क्षेत्र में डेढ़ लाख से भी कम मत मिले। इसमें पार्टी के कम व्यक्तिगत प्रत्याशी के ज्यादा रहे। यदि बछरावां और सरेनी विधानसभा में संगठन की भूमिका सक्रिय रहती तो जरूर प्रत्याशी को जीत हासिल होती। डा. मनीष चौहान, अतलु सिंह और सुरेंद्र विक्रम सिंह को शर्मिंदगी का सामना ना करना पड़ता।

### विधानसभा में कांग्रेस प्रत्याशी को मिले मत

| विधानसभा | प्रत्याशी | मत |
|---|---|---|
| सदर | डा. मनीष चौहान | 14,954 |
| सरेनी | सुधा द्विवेदी | 42,702 |
| ऊंचाहार | अतुल सिंह | 9,985 |
| हरचंदपुर | सुरेंद्र विक्रम सिंह | 16,230 |
| बछरावां | सुशील पासी | 56,835 |

## 7वें चरण में 13 लोस व एक विस सीट के लिए आज से नामांकन

**अमृत विचार, लखनऊः** सातवें चरण में 13 लोकसभा व विधानसभा की एक सीट के लिए सात मई से नामांकन शुरू होंगे।

इस चरण में एक जून को मतदान होगा।मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि इस चरण में 11 सीटें सामान्य श्रेणी व दो सीटें आरक्षित श्रेणी की हैं। इस चरण के अंतर्गत लोकसभा सीटों में महराजगंज, गोरखपुर, कुशीनगर, देवरिया, बांसगांव (अजा), घोसी, सलेमपुर, बलिया, गाजीपुर, चंदौली, वाराणसी, मिर्जापुर, राबर्ट्सगंज (अजा) के लिए चुनाव होंगे। ये सीटें महाराजगंज, गोरखपुर, कुशीनगर, देवरिया, मऊ, बलिया, गाजीपुर, चंदौली, वाराणसी, मिर्जापुर व सोनभद्र समेत 11 जिलों के अंतर्गत आते हैं। इसी प्रकार दुद्धी (अजजा) विधानसभा क्षेत्र सोनभद्र के अन्तर्गत है।मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि नामांकन भरने की अंतिम तिथि 14 मई निर्धारित है। नामांकन पत्रों की जांच 15 मई को की जायेगी। 17 मई को नाम वापसी की अंतिम तारीख निर्धारित है। उन्होंने बताया कि इस चरण के लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में 2.49 करोड़ मतदाता हैं।

## रामद्रोही और राष्ट्रद्रोही है इंडी गठबंधन

**अमृत विचार, लखनऊ :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कांग्रेस और इंडी गठबंधन को रामद्रोही और राष्ट्रद्रोही बताया है। अपने सरकारी आवास पर मीडिया से बात करते हुए सोमवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कांग्रेस ने लगातार रामभक्तों और राम का अपमान किया है। उसका ये आचरण दिखाता है कि वह वास्तव में सनातन राष्ट्र का अपमान करती रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने कभी कोई अवसर नहीं छोड़ा जब उसने देश और दुनिया में भारत को अपमानित न किया हो और सनातन धर्म को गाली न दी हो। योगी के मुताबिक, ये इंडी गठबंधन का चरित्र है। ये लोग लगातार भारत की आत्मा को गाली देते हैं। हर प्रकार का प्रयास करते हैं कि बहुसंख्यक समाज अपमानित महसूस करे। चाहे कांग्रेस हो, सपा हो, नेशनल कांफ्रेंस हो या डीएमके हो, इन सभी का आचरण निंदनीय है और इनका आचरण ही इन्हें रसातल की ओर ढकेल रहा है।योगी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को लेकर कहा कि जो जितना बड़ा रामभक्त है वो उतना बड़ा राष्ट्रभक्त है। पीएम मोदी प्रखर राष्ट्रभक्त और रामभक्त हैं। 500 वर्षो का इंतजार समाप्त करके अयोध्या में रामलला फिर से विराजमान हुए हैं। अयोध्या का कायाकल्प मोदी के नेतृत्व और मार्गदर्शन में संभव हुआ है। आज जो नई अयोध्या है ये एक नई गाथा हमारे सामने प्रस्तुत करती है।

### इलेक्शन बायस्कोप



उत्सव कोई भी हो फूल विक्रेताओं की तो बल्ले बल्ले रहती है। फिर मौका इन दिनों चुनाव का है। जहां कहीं भी जनसभा होती है वहां समर्थक यथासंभव विशाल माला लेकर अपने नेता को गदगद करने पहुंच जाते हैं। कुछ ऐसा ही दृश्य उप मुख्यमंत्री केशव मौर्य की जनसभा में श्रावस्ती में देखने को मिला। -अमृत विचार

# मिश्रिख में पहली बार हो रहा है इतना शांत चुनाव

### 13 को होना है मतदान, मतदाता के मिजाज को नहीं भांप पा रहे प्रत्याशी

### लोकसभा चुनाव में मतदाताओं की चुप्पी से बढ़ी प्रत्याशियों की चिंता

### भाजपा ने मौजूदा सांसद अशोक रावत पर दोबारा जताया भरोसा

### इंडी गठबंधन की प्रत्याशी संगीता और बसपा से बीआर अहिरवार हैं मैदान में

वीरेश शुक्ला, हरदोई

**अमृत विचारः** मिश्रिख लोकसभा क्षेत्र में 13 तारीख को मतदान होना है । भाजपा ने एक बार फिर यहां मौजूदा सांसद अशोक रावत पर फिर दांव लगाया है, तो वहीं इंडी गठबंधन ने सपा के चुनाव चिन्ह पर संगीता राजवंशी को मैदान में उतारा है। बसपा ने बीआर अहिरवार को उम्मीदवार घोषित किया है। जहां एक ओर अशोक राजनीति के मंजे खिलाड़ी हैं वहीं संगीता सपा के पूर्व मंत्री रामपाल राजवंशी की बहू है, दोनों की राजनीतिक पृष्ठभूमि काफी मजबूत है तो दूसरी ओर बीआर अहिरवार पहली बार जिले में चुनाव लड़ने के लिए आए हैं। इससे पूर्व व सरकारी सेवा में थे। इनको केवल बसपा के कोर वोटरों का ही भरोसा है। मतदान में अब गिनती के दिन रह गए है लेकिन इस बार के चुनाव में जनता कुछ भी बोलने को तैयार नहीं है। इससे पहले हुए चुनावों में कभी इतना शांत माहौल नहीं रहा।



अशोक रावत



संगीता राजवंशी



बीआर अहिरवार

2019 के लोकसभा चुनाव में मिश्रिख संसदीय सीट के परिणाम को देखें तो यहां पर भाजपा ने अशोक कुमार रावत को मैदान में उतारा तो उनके सामने बहुजन समाज पार्टी के डॉक्टर नीलू सत्यार्थी थे। चुनाव में समाजवादी पार्टी और बहुजन समाज पार्टी के बीच चुनावी तालमेल के तहत यह सीट बसपा के पास आई थी। लेकिन इसका लाभ नहीं मिला। कांग्रेस तीसरे स्थान पर रही थी। चुनाव में भाजपा के अशोक कुमार रावत को 534,429 वोट मिले तो नीलू सत्यार्थी को 433,757 वोट मिले थे। तीसरे नंबर पर रहने वाली कांग्रेस के प्रत्याशी को महज 26,505 वोट मिले थे, अशोक ने 100,672 मतों के अंतर से यह चुनाव जीता था।

2014 के लोकसभा चुनाव में मिश्रिख संसदीय सीट पर 57.86 फीसदी मतदान हुआ था। तब भाजपा उम्मीदवार अंजू बाला ने बसपा उम्मीदवार अशोक रावत को 87 हजार 363 वोटों से मात दी थी, अंजू बाला को 4,12,575 वोट और अशोक कुमार रावत को 3,25,212 वोट मिले थे, जबकि सपा के जय प्रकाश को 1,94,759 वोट मिले।


**भाजपा-सपा की पकड़ मजबूतः** सपा ने यहां पर पहले रामपाल राजवंशी को प्रत्याशी बनाया लेकिन स्वास्थ्य का हवाला देकर उन्होंने चुनाव लड़ने से मना कर दिया ।इसके बाद उनके पुत्र मनोज को सपा ने टिकट दिया वह भी चुनाव मैदान से हट गए अंत में उनकी बहू संगीता राजवंशी चुनाव मैदान में है । सपा प्रत्याशी के ससुर रामपाल राजवंशी का भी क्षेत्र में दबदबा है,भाजपा प्रत्याशी का कुनबा भी काफी पुराना राजनैतिक है ,लेकिन जनता की चुप्पी में सभी की धड़कनें बढ़ा रही है ।बसपा प्रत्याशी को लेकर कोई भी हलचल नहीं है ।वह दूसरे जिले के हैं। जनता पर वह अपनी कोई छाप नहीं छोड़ पा रहे हैं । उन्हें सिर्फ बसपा के पारंपरिक के वोट का ही भरोसा है ।फिलहाल इस क्षेत्र में चुनाव की कोई हलचल नजर नहीं आ रही है। जिसका असर प्रत्याशियों पर साफ दिखाई पड़ रहा है ।

### 2019 चुनाव के आंकड़े

| दल | उम्मीदवार | वोट |
|---|---|---|
| भाजपा | अशोक कुमार रावत | 5,34,429 |
| बसपा | नीलू सत्यार्थी | 4,33,757 |
| कांग्रेस | मंजरी राही | 26,505 |
| पीएसपी | अरुण कुमारी कोरी | 2,442 |

### 2014 चुनाव के आंकड़े

| दल | उम्मीदवार | वोट |
|---|---|---|
| भाजपा | अंजू बाला | 4,12,575 |
| बसपा | अशोक कुमार रावत | 3,25,212 |
| सपा | जय प्रकाश | 1,94,759 |
| कांग्रेस | ओम प्रकाश | 33,075 |




### दिग्गज भी चुनावी प्रचार में

मल्लावां विधानसभा क्षेत्र में रविवार को मुख्यमंत्री योगी ने जनसभा की थी ।वहीं बसपा की राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री मायावती माधौगंज क्षेत्र में 8 तारीख को जनसभा करने आ रही हैं ।सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मां मुख्यमंत्री अखिलेश यादव भी 8 तारीख को संडीला में वोटरों को रिझाने आ रहे हैं।

### पांचों सीटों पर भाजपा का कब्जा

मिश्रिख संसदीय क्षेत्र को हरदोई, सीतापुर और कानपुर जिले की विधानसभा सीटों को मिलाकर बनाया गया है. इसमें सीतापुर की मिश्रिख विधानसभा सीट, कानपुर की बिल्हौर और हरदोई जिले की बालामऊ, मल्लावां तथा संडीला विधानसभा क्षेत्र शामिल हैं। हरदोई संसदीय सीट की तरह यहां पर भी सभी पांचों सीटों पर भारतीय जनता पार्टी का कब्जा है।

### सपा ने बदले चार प्रत्याशी

समाजवादी पार्टी ने मिश्रिख लोकसभा सीट पर चार बार प्रत्याशी बदला पहले समाजवादी पार्टी ने रामपाल राजवंशी उनके बाद बेटे मनोज राजवंशी और फिर मनोज राजवंशी की पत्नी संगीता राजवंशी को टिकट दिया था बाद में पूर्व सांसद राम शंकर भार्गव को प्रत्याशी बनाया है, लेकिन उनके चुनाव लड़ने से मना करने पर संगीता को फिर से टिकट दे दिया गया।

### सभी दलों ने हासिल की जीत

यह क्षेत्र सन् 1962 में अस्तित्व में आया था, इस सीट पर सबसे पहले जनसंघ का कब्जा था, सन् 1967 से 1996 तक यह क्षेत्र कांग्रेस के खाते में रहा, उसके बाद सन् 1996-98 तक यहां भजपा वर्चस्व था, 1999 में हुए चुनाव में समाजवादी पार्टी की सुशीला सरोज, 2004 और 2009 में बहुजन समाज पार्टी के अशोक कुमार रावत ने यह सीट हासिल की थी।

# युवा मतदाताओं की भूमिका रहेगी अहम

बेनीगंज/कोथावां,हरदोई

**अमृत विचारः** लोकसभा चुनाव में युवा मतदाताओं की भूमिका अहम होने वाली हैं, युवा अपनी पसंद की सरकार चुनने के लिए काफी उत्सुक नजर आ रहे है, खासकर वह जो पहली बार मतदान कर रहे हैं, मिश्रिख लोकसभा क्षेत्र में करीब ग्यारह लाख मतदाता मतदान करेंगे। जिनमें से बहुत से मतदाता पहली बार मतदान करेंगे, जबकि कुछ दूसरी बार भी। मिश्रिख लोकसभा क्षेत्र के लिए सांसद को लेकर हर किसी की अपनी सोंच व अपेक्षाएं हैं।

संसदीय क्षेत्र मिश्रिख की जनता व युवाओं की राय के मुताबिक उन्हें नेता नही लीडर चाहिए, जिनमें तेज व सही डिसीजन लेने की काबिलियत हो, उनका प्रतिनिधि ईमानदार, स्वच्छ छवि व विकास को तरजीह देने वाला होना चाहिए साथ ही साथ जनता के लिए सहजता से उपलब्ध हो, जनता के मुताबिक देश दुनिया की तरह उनके क्षेत्र की तस्वीर बदलनी चाहिए, युवाओं का कहना है कि प्राकृतिक संसाधनों से चलने वाले उद्योग ही काफी नहीं है, इसके लिए रोजगार परक योजनाओं पर ध्यान देने की भी काफी जरूरत है।



### क्या कहते हैं मतदाता

सरकार द्वारा लोगों के हित मे महत्वाकांक्षी योजनाओं लाने व उस पर कार्य करने का मुद्दा सबसे ऊपर रहने वाला हैं, जो भी सरकार हमारे देश को विश्व मे एक नई पहचान दिलाने का कार्य करेगी हम सभी युवाओं का मत उसी को जाएगा। – मनीष कुमार वर्मा

मौजूदा सरकार ने लोगों के हित मे कार्य किया है चाहे वह गरीब हो या अमीर सरकार द्वारा सभी को समान रुप से देखा गया है, चिकित्सा से लेकर शिक्षा, राशन, वाहन, परिवहन आदि क्षेत्रों में भी बढ़ चढ़कर कार्य किया गया है जो कि मोदी की गारंटी है इसलिए हमारे नजरिए से एक बार फिर मोदी सरकार ही होनी चाहिए। – अशोक सिद्धार्थ,बेनीगंज

बीते दस वर्षों मे वह कार्य हुए हैं जो पिछले पचास सालों से अन्य सरकारों द्वारा नहीं किया जा सका था और आने वाले पांच वर्षों मे वह सबकुछ होने वाला है जिसकी किसी ने कल्पना तक नही की होगी क्योंकि इस बार विपक्ष जड़ से खत्म होने वाला है।-सत्यनारायण गुप्ता बेनीगंज

# राजपूतों की नाराजगी के ग्राउंड जीरो राजकोट में मुद्दा दिख रहा फीका



राजपुरूष

- केंद्रीय मंत्री पुरुषोत्तम रूपाला की टिप्पणी से उपजा था विवाद, देश भर में हुए थे प्रदर्शन
- रूपाला कड़वा पाटीदार समाज से तो कांग्रेस प्रत्याशी परेश धनानी लेउवा पाटीदार

**अमृत विचार।** राजकोट में सात मई के मतदान के लिए चुनाव प्रचार बंद हो चुका है, लेकिन पूरा शहर प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय मंत्री पुरूषोत्तम रूपाला की होर्डिंग्स से भरा पड़ा है। इन होर्डिंग्स में शानदार नया अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा, एम्स की सौगात मिलना, राजकोट को अहमदाबाद से जोड़ने वाला छह-लेन राजमार्ग, हर घर में नल से पानी, स्मार्ट सिटी की सुविधा जैसे विकास के तमाम बड़े काम पूरे करने की भरमार के साथ आगे और तेजी से विकास के वादे लिखे नजर आते हैं। यहां 22 साल बाद दो पुराने प्रतिद्वंद्वियों के बीच टकराव देखने को मिल रहा है। भाजपा प्रत्याशी केंद्रीय मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री परषोत्तम रूपाला के सामने पूर्व नेता प्रतिपक्ष कांग्रेस के परेश धनानी ने डटकर मुकाबला किया है, ऐसा अधिकतर लोग मानते हैं। लेकिन राजपूतों की भाजपा के नाराजगी के सवाल पर जवाब टाल जाते हैं। कांग्रेस-भाजपा दोनों के उम्मीदवार अमरेली जिले के मूल निवासी हैं और राजकोट में नए चेहरे हैं। परेश धनानी ने 2002 के विधानसभा चुनाव में अमरेली सीट से रूपाला को हराया था।

राजकोट अगर इस चुनाव में हॉट सीट हैं और सभी कि निगाहें टिकी हैं, तो उसकी वजह इस क्षेत्र का इस बार के चुनाव में राजपूतों की भाजपा से नाराजगी का ग्राउंड जीरो बनना रहा है। चुनावी अभियान की शुरूआत में केंद्रीय मंत्री रूपाला के एक बयान ने पूरे उत्तर भारत में क्षत्रिय समाज के बीच तूफान खड़ा कर दिया था। हालांकि रूपाला ने जल्दी ही माफी मांग ली, इसके बावजूद क्षत्रियों की भाजपा से नाराजगी का मुद्दा तमाम लोकसभा सीटों पर सामने आया और भाजपा ने उसे ठंडा करने, क्षत्रियों को मनाने में तमाम ताकत भी लगाई। लेकिन रूपाला को चुनाव मैदान से नहीं हटाया। दरअसल, 22 मार्च को केंद्रीय मंत्री पुरूषोत्तम रूपाला ने दलितों की एक सभा को संबोधित करते हुए अपनी टिप्पणियों से विवाद खड़ा कर दिया था, उन्होंने रुखी समाज (दलित समुदाय) की बड़ाई करते हुए कहा था कि इस समाज ने विदेशी आक्रांताओं के तमाम अत्याचार के बाद भी न तो अपना धर्म बदला और न वैसे पारिवारिक संबंध स्थापित किए, जैसे कि अनेक राजाओं और राजघरानों ने झुक कर बनाए थे। इसके बाद राजपूत समाज में आक्रोश और नाराजगी के स्वर फूट पड़े थे। राज्य भर में विरोध प्रदर्शन हुए थे। समाज के लोगों ने भाजपा के प्रति निराशा व्यक्त की थी। शासन में उचित हिस्सा नहीं मिलने की बात उठाई थी।

मतदान से पहले राजपूतों की नाराजगी की बात राजकोट लोकसभा क्षेत्र में चर्चा में तो है, लेकिन जमीन पर कोई बड़ा मुद्दा है, ऐसा नजर नहीं आता है। हालांकि इसकी एक वजह यह भी है कि 20 लाख से अधिक मतदाताओं वाली इस सीट पर क्षत्रियों का वोट सीमित संख्या में है, इसलिए उनके असंतोष से भाजपा की संभावनाओं पर असर पड़ने की संभावना नहीं है। इसके बावजूद रूपाला और भाजपा ने यहां जमकर आपदा प्रबंधन भी किया है। रूपाला को जीत तक पहुंचाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम के साथ जाति का जमकर सहारा लिया गया है। भाजपा कार्यकर्ता रूपाला की जीत के लिए दम लगाए हैं। पार्टी की एक खास इकाई ने लोगों के बीच जाकर यह प्रचार किया है कि क्षत्रिय समाज की नाराजगी रूपाला से हो सकती है, लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से नहीं। इसके साथ ही पार्टी ने क्षत्रिय समुदाय के विरोध की आशंका के मद्दे नजर अन्य प्रमुख जातियों को साध रखा है।

इस सबके बीच कांग्रेस उमीदवार परेश धनानी कहते हैं कि राजकोट राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का गढ़ है। यहां भाजपा ने विकास की परिभाषा को संकुचित करके समुदायों का धार्मिक और जातीय आधार पर ध्रुवीकरण कर दिया है। भाजपा राजकोट में व्यापारिक समुदाय को लुभाने के लिए बुनियादी ढांचे के विकास का कार्ड खेल रही है। उनके मुताबिक इस बार लड़ाई सांसद बनने की नहीं, बल्कि संवैधानिक अधिकारों की रक्षा की है। मुद्रास्फीति, व्यापार में मंदी और बेरोजगारी है, लेकिन लोगों को इन मूल मुद्दों से हटाने के लिए भाजपा धार्मिक और जातीय विभाजन कर रही है। आम लोग अपने हक की आवाज उठाते हैं तो उन्हें धमकाया जाता है, उन पर झूठे मुकदमे लाद दिये जाते हैं। महात्मा गांधी और सरदार वल्लभभाई पटेल के राज्य में देश की विविधता में एकता को नष्ट किया जा रहा है।

### पीएम मोदी के राजनीतिक सफर का हुआ था आगाज

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के चुनावी राजनीतिक सफर का आगाज राजकोट से ही हुआ था। वर्ष 2001 में मुख्यमंत्री पद की जिम्मेदारी मिलने के बाद वह राजकोट सीट से ही उपचुनाव में जीतकर विधानसभा पहुंचे थे।

### 18 सीटें ढाई लाख से ज्यादा वोटों से जीती थीं भाजपा

- गुजरात में मंगलवार को तीसरे चरण में 25 सीटों पर वोट पड़ेंगे। सूरत सीट भाजपा पहले ही निर्विरोध जीत चुकी है। भाजपा यहां क्लीन स्वीप की हैट्रिक लगाना चाहती है। कांग्रेस इसे रोकने की कोशिश में भले जुटी हो, लेकिन पार्टी का वोट बैंक यहां लगातार गिरावट की ओर है। जब नरेंद्र मोदी गुजरात के सीएम या देश के पीएम नहीं थे तब भी गुजरात में लोकसभा चुनाव में कांग्रेस से भाजपा आगे रहती थी। यहां तक कि 2004 से 2014 तक जब केंद्र में कांग्रेस के नेतृत्व वाली यूपीए सरकार थी, तब भी भाजपा ने कांग्रेस से ज्यादा सीटें जीती थीं। 2014 और 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने गुजरात की सभी 26 सीटों पर जीत दर्ज की थी। 2019 में गुजरात की 18 सीटों पर भाजपा के उम्मीदवार ढाई लाख से ज्यादा मतों के अंतर से जीते थे।

### 2019 में और बढ़ गया था भाजपा की जीत का अंतर

- 2019 के चुनाव में राजकोट में भाजपा के मोहन कुंडरिया ने 7,58,645 वोट पाकर जीते थे। कांग्रेस के कगथारा ललितभाई को 3,90,238 वोट मिले थे। 2014 में भाजपा के मोहन भाई कुंदरिया के 5,08,437 वोट और कांग्रेस के कुंवरजी भाई बावलिया ने 3,75,096 वोट पाए थे।


# हरियाणा में इस बार जाति का रंग गाढ़ा

मनोज त्रिपाठी





**अमृत विचार।** हरियाणा में पिछली बार 2019 के लोकसभा चुनाव में राज्य की सभी 10 सीटों पर कमल खिलाने वाली भारतीय जनता पार्टी के सामने इस बार परिस्थितियां पहले जैसी नहीं नजर आ रही हैं। हालांकि पार्टी ने कांग्रेस और अन्य दलों से काफी पहले अपने प्रत्याशी घोषित करके चुनावी अभियान में बढ़त जरूर बना रखी है। चुनावी रणनीति के तहत ही मुख्यमंत्री बदल दिया था। हालांकि जेजेपी ने साथ छोड़ दिया है, लेकिन 2019 के चुनाव में 1977 के बाद से राज्य के चुनावी इतिहास में सर्वाधिक 58 फीसदी से अधिक मत हासिल करने से भाजपा का हौसला बढ़ा हुआ है। इसके मुकाबले कांग्रेस को 2019 के लोकसभा चुनाव में 28.5 प्रतिशत मतों से ही संतोष करना पड़ा था। ऐसे में कांग्रेस के सामने सबसे बड़ी चुनौती मत पर्तिशत बढ़ाकर सीटों का सूखा खत्म करना है। पार्टी इस बार राज्य में आम आदमी पार्टी के साथ गठबंधन के तहत नौ सीटों पर चुनाव लड़ रही है। कुरुक्षेत्र लोकसभा सीट उसने आम आदमी पार्टी के लिए छोड़ी है। उधर, इंडियन नेशनल लोकदल (इनेलो) तथा जननायक पार्टी (जेजेपी) विधानसभा चुनावों में अपना अस्तित्व बनाए रखने के लिए लोकसभा चुनाव के मैदान में हैं।

कांग्रेस ने भाजपा को घेरने के लिए जातीय संतुलन साधा है। पार्टी ने जो नौ उम्मीदवार उतारे हैं, उनमें दो जाट, दो दलित, दो ओबीसी, एक-एक पंजाबी, ब्राह्मण तथा एक वैश्य प्रत्याशी शामिल हैं। भाजपा ने भी जातीय और क्षेत्रीय समीकरण साधकर एक बार फिर सभी सीटें जीतने की व्यूह रचना की है। पार्टी ने ब्राह्मणों को खास तरजीह दी है। जाट वोट 22 प्रतिशत हैं, उन्हें भाजपा ने दो सीटें दी हैं, तो ब्राह्मण आठ फीसदी होने के बावजूद दो सीटें पाने में सफल रहे हैं। भाजपा ने दो दलित, एक पंजाबी, एक अहीर, एक वैश्य तथा एक गुर्जर प्रत्याशी को मैदान में उतारा है। दोनों प्रमुख दलों द्वारा जातीय संतुलन और जीत की संभावना वाले उम्मीदवार उतारे जाने से राज्य में इस बार तीन हॉट सीट बन गई हैं, जिन पर सभी की निगाहें टिकी हैं। पहले रोहतक और हिसार को हॉट सीट माना जाता था। लेकिन पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल के मैदान में आने से करनाल और उद्योगपति नवीन जिंदल व आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सुशील गुप्ता के आमने-सामने होने से कुरूक्षेत्र का नाम हॉट सीटों में जुड़ गया है। अब कांग्रेस से पूर्व अभिनेता राज बब्बर के आने से गुरुग्राम सीट चर्चा में है। फिलहाल चुनावी अभियान में जो समीकरण उभर रहे हैं, उनके मुताबिक राज्य की आठ सीटों पर कांटे की टक्कर मानी जा रही है। कुरुक्षेत्र समेत दो सीटों पर त्रिकोणीय संघर्ष दिख रहा है, जबकि सिरसा में चतुष्कोणीय मुकाबले की तस्वीर है।




### भाजपा ने बनाई है गैर जाट वोटरों को साधने की रणनीति

- हरियाणा में इस बार भाजपा ने गैर जाट मतदाताओं पर ज्यादा ध्यान दिया है। अंबाला से पूर्व सांसद रत्न लाल कटारिया की पत्नी बंतो कटारिया और सिरसा से पूर्व सांसद अशोक तंवर को चुनावी मैदान में उतारा है। यह दोनों सीटें आरक्षित हैं। बंतो कटारिया पहले भी भाजपा में कई पदों पर रह चुकी हैं, जबकि अशोक तंवर हाल ही में भाजपा में शामिल हुए हैं। फरीदाबाद लोकसभा सीट से पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर और गुरुग्राम सीट से पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री राव इंद्रजीत यादव चुनाव मैदान में हैं। दोनों ही ओबीसी समाज से आते हैं। जाटलैंड नाम से मशहूर रोहतक और सोनीपत लोकसभा क्षेत्र में गैर जाटों को उतारकर भाजपा ने बड़ा राजनीतिक कार्ड खेला है। रोहतक से पार्टी ने एक बार फिर से पूर्व सांसद अरविंद शर्मा को उम्मीदवार बनाया है। सोनीपत में पूर्व सांसद रमेश कौशिक की जगह ब्राह्मण विधायक मोहन लाल बड़ौली को मैदान में उतारा गया है। हिसार और भिवानी-महेंद्रगढ़ सीट से पार्टी ने जाट प्रत्याशी उतारे हैं। कुरुक्षेत्र सीट से अभी तक मुख्यमंत्री नायब सैनी सांसद थे। भाजपा ने यहां से दो बार सांसद रह चुके नवीन जिंदल को चुनाव मैदान में उतारकर वैश्य समुदाय को साथ जोड़ने का काम किया है।




### किस दल से किस जाति के प्रत्याशी

| जाति | भाजपा | कांग्रेस | इनेलो | जेजेपी |
|---|---|---|---|---|
| जाट | 2 | 2 | 4 | 5 |
| गुर्जर | 1 | 1 | – | – |
| अहीर | 1 | 1 | – | 2 |
| वैश्य | 1 | 1 | – | – |
| ब्राह्मण | 2 | 1 | 2 | – |
| दलि | 2 | 2 | 2 | – |
| पंजाबी | 1 | 1 | – | – |
| सैनी | – | – | – | 1 |
| मराठा | – | – | 1 | – |

**10** लोकसभा की सीटें हैं राज्य में

**25** मई को छठे चरण में मतदान

**1.98** करोड़ से अधिक हैं मतदाता

**3.63** युवा पहली बार डालेंगे वोट

### कांग्रेस में हुड्डा का वर्चस्व, जातीय संतुलन


- कांग्रेस ने भिवानी-महेंद्रगढ़ लोकसभा सीट से श्रुति चौधरी पूर्व सीएम बंसीलाल की पोती की जगह राव दान सिंह को उतारा है। वह हुड्डा के करीबी हैं। भिवानी-महेंद्रगढ़ बंसीलाल के परिवार की पारंपरिक सीट मानी जाती रही है। लेकिन इस बार पार्टी ने जाट समुदाय से आने वाले मौजूदा भाजपा सांसद धर्मबीर सिंह के खिलाफ ओबीसी समुदाय के सदस्य को मैदान में उतारते हुए अपनी रणनीति बदल दी है। कांग्रेस ने बृजेंद्र सिंह को हिसार सीट से मैदान में नहीं उतारा। वह पूर्व केंद्रीय मंत्री चौधरी बीरेंद्र सिंह के बेटे हैं और उन्होंने भाजपा उम्मीदवार के रूप में हिसार से 2019 का संसदीय चुनाव जीता था। इसी साल मार्च में वह कांग्रेस में शामिल हुए थे। कांग्रेस ने हुड्डा के करीबी पूर्व केंद्रीय मंत्री जय प्रकाश को हिसार से मैदान में उतारा है। अंबाला से पार्टी ने मौजूदा विधायक वरुण चौधरी को मैदान में उतारा है। वरुण हरियाणा कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष फूल चंद मुलाना के बेटे हैं, जो लंबे समय से हुड्डा के सहयोगी रहे हैं। सोनीपत से हुडा के सहयोगी सतपाल ब्रह्मचारी को मैदान में उतारा गया है, जबकि पूर्व राज्य मंत्री महेंद्र प्रताप फरीदाबाद से चुनाव लड़ रहे हैं। दीपेंद्र हुड्डा और जय प्रकाश जाट समुदाय से हैं, जबकि अन्य दो राव दान सिंह और महेंद्र प्रताप ओबीसी वर्ग से हैं। कुमारी शैलजा और वरुण चौधरी अनुसूचित जाति से हैं, जबकि सतपाल ब्रह्मचारी ब्राह्मण हैं। करनाल से उतरे बुद्धिराजा पंजाबी समुदाय से हैं।

**2019 में मिलीं सीटें**

10 भाजपा | 00 कांग्रेस

**2014 का परिणाम**

07 भाजपा | 02 इनेलो | 01 कांग्रेस





हिमाचल प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने मंडी लोकसभा सीट से भाजपा की उम्मीदवार कंगना रानौत के समर्थन में जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने अबकी बार चार सौ पार का नारा दिया। कहा कि आज भारत की कमान सुरक्षित हाथों में है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी के बारे में बताया। कहा कि कंगना मंडी का विकास करेंगी। उन्होंने राज्य की कांग्रेस सरकार पर भी हमला बोला और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियों का गुणगान किया।

भाजपा ने पूर्व विधायक चिंतामणि महाराज पर लगाया है दांव

# अभेद्य किला बचाने और जीतने की जंग में एसटी वोटर हथियार

**सरगुजा संसदीय सीट**

चुनाव डेस्क

- कांग्रेस ने शशि सिंह को सौंपा है अजेय किले को जीतने का जिम्मा



**अमृत विचार।** छत्तीसगढ़ प्रांत की सरगुजा लोकसभा सीट भजपा का अजेय किला है। 2004 से पार्टी लगातार यहां जीत रही है। इस चुनाव में भाजपा के इस अभेद्य दुर्ग को जीतने की जिम्मेदारी कांग्रेस ने युवा नेता शशि सिंह को सौंपा है तो भाजपा ने विधानसभा चुनाव से पहले बगावत कर भगवा खेमे में आए चिंतामणि महाराज पर दांव लगाया है। चिंतामणि महाराज पूर्व विधायक रहे हैं तो शशि सिंह के पिता पूर्व मंत्री। इस चुनाव में स्थानीय समस्याओं को कांग्रेस मुद्दा तो बनाना चाहती है पर राष्ट्रीय मुद्दों के शोर में स्थानीय मुद्दे दब से गए हैं। मोदी की गारंटी का शोर तो यहां सुनाई देता है पर भाजपाई रामलला की प्राण प्रतिष्ठा समारोह को भी खूब भुनाने की कोशिश कर रहे हैं। इसकी वजह भी है। वनवास के समय प्रभु राम यहां भी कुछ समय तक रहे थे। कांग्रेस महंगाई, बेरोजगारी के मुद्दे को भी हवा दे रही है।




2019 में भाजपा नेता रेणुका सिंह यहां सांसद बनीं थीं। उन्हें केंद्र सरकार में मंत्री बनने का मौका भी मिला। विधानसभा चुनाव में उन्हें पार्टी ने भरतपुर- सोनहत से विधानसभा का टिकट दिया और वह विधायक बन गईं। ऐसे में पार्टी ने उन्हें इस बार लोकसभा का टिकट नहीं दिया है। रेणुका सिंह को मुख्यमंत्री पद का भी प्रमुख दावेदार माना जा रहा था। सरगुजा सीट भाजपा जीते इसकी जिम्मेदारी रेणुका सिंह को भी दी गई है। वैसे भाजपा में इस सीट से टिकट के कई दावेदार थे लेकिन बाजी चिंतामणि महाराज के हाथ लगी। इसी शर्त पर ही वे भाजपा में शामिल हुए थे। इस क्षेत्र में उनका जबरदस्त प्रभाव माना जाता है। वह सामरी से विधायक रहे हैं। कांग्रेस ने उन्हें टिकट नहीं दिया था इससे नाराज होकर वे भाजपा में आए थे। उनके मुकाबले में कांग्रेस ने राहुल गांधी की खास युवा कांग्रेस की राष्ट्रीय सचिव शशि सिंह को मैदान में उतारा है। वह जिला पंचायत की सदस्य हैं। उनके पिता तुलेश्वर सिंह अजित जोगी सरकार में मंत्री भी रह चुके हैं। कंवर और गोंड जनजाति के मतदाता यहां हर बार बड़ी भूमिका निभाते हैं। इस जाति के मतदाताओं पर हर दल की निगाह है।

### विधानसभा की सभी आठ सीटें भाजपा के पास

- इस लोकसभा क्षेत्र में आठ विधानसभा क्षेत्र आते हैं। सभी आठ सीटों पर भाजपा के विधायक हैं। यहां की रामानुजगंज सीट से विधायक राम विचार नेता तो प्रदेश सरकार में मंत्री भी हैं। वे राज्यसभा के सदस्य भी रह चुके हैं। इससे पहले रमन सरकार में भी वे मंत्री पद पर रह चुके हैं।

### स्थानीय समस्याएं कम नहीं, पर राष्ट्रीय मुद्दे भारी

- यहां बनाए गए एयरपोर्ट को चालू करने की मांग हो रही है पर अभी तक हवाई सेवा शुरू नहीं हो सकी है। इसी तरह पड़ोसी राज्यों को जोड़ने के लिए रेल सुविधा का अभाव। दिल्ली के लिए हफ्ते में एक बार ट्रेन की सुविधा है तो अंबिकापुर से रेनुकूट रेल मार्ग व बरवाडीह रेल मार्ग को जोड़ने के प्रस्ताव पर भी अभी तक काम नहीं हो पाया है। हालांकि चुनाव में इन मुद्दों पर राष्ट्रीय मुद्दे भारी पड़ रहे हैं। कांग्रेस भाजपा पर संविधान बदलकर आरक्षण खत्म करने का आरोप बड़ी तेजी से लगा रही है तो भाजपा यह बताने में जुटी है कि न संविधान बदलेगा न आरक्षण खत्म होगा।

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**-शिवालिक 990 फ्लैग 1105 डीएमओ 880 बोल्ड 1155, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 985 फ्लैग 1100 बोल्ड 1140 डीएमओ 880।

## कानपुर मंडी

| | |
|---|---|
| **अनाज (प्रति क्वि.)-** | |
| गेहूंदड़ा | 2350-2500 |
| आरआर 21 | 2550-2600 |
| गेहूंफारम | 2600-2700 |
| जौ | 2000-2100 |
| ज्वार | 2000-4000 |
| बाजरा | 2100-2150 |
| मकाई | 2200-2400 |
| **दलहन (प्रति क्वि.)** | |
| लोकल | मिल डिलीवरी |
| चना | 5800-5900 |
| अरहर | 9000-10000 |
| मसूर | 5500-5600 |
| मटर | 3700-4000 |
| उड़दहरा | 10000-11000 |
| उड़दकाला | 6000-8000 |
| मूंग | 8500-8800 |
| **दाल (प्रति क्वि.)** | |
| अरहरफूल | 15700-15800 |
| अरहरस्पेशल1 | 13500-13600 |
| चनादाल | 7100-7200 |
| मटरदाल | 4800-4900 |
| मसूरमलका | 7050-7100 |
| मसूरदाल | 7300-7350 |
| उड़ददाल | 9000- 13000 |
| उड़द धोवा | 10000- 13000 |
| मूँगदाल | 9500-10500 |
| मूँग धोवा | 10000-11500 |
| **चावल (प्रति क्वि.)** | |
| अरवा | 2000 - 2300 |
| बासमती नं.1 | 8500 - 10000 |
| सेला | 2500 - 3000 |
| बासमती नं.2 | 6500 - 7500 |
| **आटा-मैदा (प्रति 50 किग्रा.)** | |
| आटा | 1380-1430 |
| मैदा | 1350-1400 |
| सूजी | 1410-1430 |
| **चक्कीआटा (ब्राण्डेड 50 किग्रा.)** | |
| शाहपसंद | 1325-1350 |
| **तिलहन (प्रति क्वि.)** | |
| लाही | 4900-5000 |
| अलसी | 4500-4600 रुपये। |

# दुबई चखेगा रामपुर की मिर्च का स्वाद

## मैंगो पैक हाउस निर्यात करेगा 15 टन जी-4 प्रजाति की हरी मिर्च, 12-15 दिन तक रहेगी सुरक्षित

विशेष

**प्रशांत सक्सेना, लखनऊ**

**अमृत विचार :** प्रदेश के रामपुर की हरी मिर्च का स्वाद दुबई के लोग चखेंगे। लखनऊ के रहमान खेड़ा में संचालित मंडी परिषद का मैंगो पैक हाउस 75 टन हरी मिर्च का पहली बार निर्यात करेगा। इसमें दो प्रजाति जी-4 व 6813 की मांग आई है। पहले चरण में 15 टन जी-4 मिर्च मंगलवार को मुंबई के शिपयार्ड भेजी जाएगी और वहां से कंटेनर पानी के जहाज से दुबई जाएगा। दूसरे चरण में 6813 प्रजाति की मिर्च का निर्यात होगा। इस तरह कुल चार चरण में मिर्च भेजी जाएगी।

दुबई के अलावा वहां के विक्रेता आसपास शहरों में भी बिक्री करेंगे। मिर्च रामपुर के बड़े पांच-छह किसानों से 26 रुपये प्रति किलो में खरीदी है। खासियत है कि जल्द खराब नहीं होगी। स्वाद सामान्य मिर्च से अधिक तीखा है। इसकी लंबाई चार से पांच इंच तक है।

**6 डिग्री के तापमान में करते हैं ठंडा और कठोर:** पैक हाउस में निर्यात के लिए सबसे पहले मिर्च की धुलाई व छंटाई कर ग्रेडिंग होती है। इसके बाद कीड़े व रोग न लगे इसके लिए शाटिंग करते हैं। फिर 6 डिग्री तापमान में प्रीकूल यानी मिर्च की सिकुड़न दूर कर सीधा और कठोर बनाते हैं। इसके बाद इतने ही तापमान में ठंडा करते हैं और तैयार होने के बाद पैकिंग कर कंटेनर में 6 डिग्री के तापमान में रखते हैं। इस प्रक्रिया से 12-15 दिन तक मिर्च सुरक्षित रहती हैं। जबकि पैक हाउस से शिपयार्ड तक और वहां से पानी के जहाज से उत्पाद पहुंचने में 7 से 8 दिन लगते हैं।

### बहरीन से हुई थी शुरुआत

मैंगो पैक हाउस ने आम के अलावा हरी मिर्च के निर्यात की शुरुआत पिछले वर्ष सैंपल के तौर पर बहरीन से की थी। रामपुर की करीब दो टन मिर्च भेजी गई थी। शुरुआत में मांग के अनुसार मिर्च की उपलब्धता नहीं हो सकी और परिवहन, खर्च समेत अन्य समस्याएं रहीं। जो निर्यात हुआ वह हवाई जहाज से किया था। इसमें खर्च भी अधिक आया था। इस कारण इस बार प्रयास नहीं किए गए। इसलिए दुबई पर फोकस किया गया है। यहां कृषि उत्पादों की बराबर मांग रहती है।



लखनऊ में संचालित मैंगो पैक हाउस में मिर्च की छटाई करते कर्मचारी। ●

> रामपुर की मिर्च का दुबई को पहला निर्यात आज से करेंगे। इस सीजन का भी यह पहला निर्यात है। अन्य देशों से भी आर्डर लेने का प्रयास कर रहे हैं। इससे सब्जियों की पैदावार बढ़ेगी और निर्यात से किसानों को फायदा होगा।
> **-अकरम बेग,** महाप्रबंधक, मैंगो पैक हाउस, रहमान खेड़ा, लखनऊ।

## सरकार 20 लाख टन चीनी निर्यात की अनुमति दे : इस्मा

**नई दिल्ली।** चीनी उद्योग के निकाय इस्मा ने सरकार से सितंबर में समाप्त होने वाले चालू विपणन वर्ष में 20 लाख टन चीनी निर्यात की अनुमति देने का आग्रह किया है। इस्मा का कहना है कि अधिशेष चीनी की खेप का निर्यात करने से चीनी मिलों की नकदी की स्थिति में सुधार होगा जिससे वे समय पर किसानों को गन्ना कीमत का भुगतान कर सकेंगी। चालू विपणन वर्ष 2023-24 (अक्टूबर-सितंबर) के लिए, सरकार ने घरेलू आपूर्ति को बढ़ावा देने और खुदरा कीमतों को नियंत्रित करने के मकसद से चीनी निर्यात की अनुमति नहीं दी है। पिछले विपणन वर्ष में, चीनी मिलों को लगभग 60 लाख टन चीनी निर्यात करने की अनुमति दी गई थी। सोमवार को इस्मा ने कहा कि अप्रैल, 2024 के अंत तक उत्पादन लगभग 314 लाख टन तक पहुंच गया है।

## सोने की कीमत में 230 रुपये और चांदी में 700 रुपये का उछाल

**नई दिल्ली, एजेंसी**

अंतर्राष्ट्रीय बाजारों में बहुमूल्य धातुओं की कीमतों में उछाल के बीच राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोमवार को सोना 230 रुपये की बढ़त के साथ 72,250 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने यह जानकारी दी। पिछले कारोबारी सत्र में सोना 72,020 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। चांदी की कीमत भी 700 रुपये के उछाल के साथ 84,300 रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई। इससे पिछले कारोबारी सत्र में चांदी 83,600 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी।

एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) सौमिल गांधी ने कहा-विदेशी बाजारों से सकारात्मक संकेत लेते हुए दिल्ली में हाजिर सोना (24 कैरेट)



72,250 रुपये प्रति 10 ग्राम पर कारोबार कर रहा था जो पिछले बंद भाव से 230 रुपये अधिक है।'' अंतरराष्ट्रीय बाजार कॉमेक्स (जिंस बाजार) में हाजिर सोना 2,312 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा था जो पिछले बंद भाव से 11 डॉलर की बढ़त है। सोने ने सकारात्मक रुख के साथ कारोबार फिर से शुरू किया क्योंकि शुक्रवार को उम्मीद से कमजोर अमेरिकी नौकरी बाजार की रिपोर्ट ने अमेरिकी फेडरल रिजर्व द्वारा सितंबर में ब्याज दर में कटौती की संभावनाओं को बढ़ा दिया है।

## सर्राफा

| | |
|---|---|
| **कानपुर** | |
| चॉंदी 999 (प्रति किलो) | 83,700 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 85,000 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 90,000 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 73,700 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 54,900-55,100 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 71,050 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 70,900 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 40, 500 |
| चांदी (999) | 82,350 |
| चांदी तैयार | 82,450 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 90, 500 |
| **बरेली** | |
| सोना जेवरात पक्के | 70,800 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 69,800 |
| चांदी पक्की | 807 (अनुमानित) |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 71,250 |
| चांदी आभूषण | 81,700। |

## प्रयोगशाला में विकसित हीरों का निर्यात सात से नौ प्रतिशत बढ़ेगा

**मुंबई, एजेंसी**

प्रयोगशाला में विकसित किये गए हीरों का निर्यात वर्ष 2024-25 में साते से नौ प्रतिशत बढ़कर 150-153 करोड़ डॉलर होने की उम्मीद है क्योंकि प्राकृतिक रूप से खनन किए गए हीरों की मांग सुस्त बनी हुई है। सोमवार को केयरएज एडवाइजरी की एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि कम लागत के कारण इस वित्त वर्ष में घरेलू खपत और मानव निर्मित हीरों के निर्यात दोनों में वृद्धि होने की उम्मीद है। केयरएज की विश्लेषण और सलाहकार निदेशक तन्वी शाह ने कहा-एलजीडी (लैब में विकसित हीरे) निर्यात में 7-9 प्रतिशत की वृद्धि के साथ इसके चालू वित्त वर्ष में 150-153 करोड़ डॉलर तक पहुंचने की उम्मीद है। वैश्विक स्तर पर चल रहे भू-राजनीतिक और आर्थिक व्यवधानों का सामना करते हुए, रत्न और आभूषण उद्योग प्राकृतिक हीरे की कम मांग के प्रभावों को कम करने के लिए तेजी से बढ़ते एलजीडी बाजार पर निर्भर है। रिपोर्ट में कहा गया है कि आगे चलकर एलजीडी की मांग 2024-25 में फिर से बढ़ने की उम्मीद है।

## जी मीडिया कॉरपोरेशन ने सीईओ अभय ओझा को किया बर्खास्त

**नअ दिल्ली।** जी मीडिया कॉरपोरेशन लिमिटेड ने सोमवार को कहा कि उसके मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) अभय ओझा को चार मई की तारीख से बर्खास्त कर दिया गया है। जी मीडिया ने सोमवार को शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि उसके निदेशक मंडल की बैठक में ओझा की सीईओ के पद पर सेवा समाप्त करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। यह निर्णय चार मई, 2024 से प्रभावी माना जाएगा। जी समूह की कंपनी ने कहा-संगठन के साथ नियुक्ति निरस्त होने के साथ ही अभय ओझा सीईओ अब नहीं रह गए हैं।


## पी-नोट्स के जरिए निवेश 6 साल के उच्चस्तर पर

**नई दिल्ली, एजेंसी**

● सेबी ने फरवरी के अंत तक के जारी किए आंकड़े

भारतीय पूंजी बाजार में पार्टिसिपेटरी नोट्स (पी-नोट्स) के जरिए निवेश फरवरी के अंत में 1.5 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच गया। जो पिछले छह साल का उच्चतम स्तर है। इस आंकड़े में शेयर, ऋण और हाइब्रिड प्रतिभूतियों में पी-नोट्स के जरिये किया गया निवेश शामिल है।

सेबी के साथ पंजीकृत विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक (एफपीआई) उन विदेशी निवेशकों को पी-नोट्स जारी करते हैं जो अपना पंजीकरण कराए बगैर भारतीय शेयर बाजार का हिस्सा बनना चाहते हैं। हालांकि, इसके लिए उन्हें समुचित जांच-



पड़ताल से गुजरना पड़ता है। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के ताजा आंकड़ों के मुताबिक, भारतीय बाजारों- इक्विटी, ऋण और हाइब्रिड प्रतिभूतियों में पी-नोट्स से निवेश का मूल्य फरवरी के अंत में 1,49,517 करोड़ रुपये था, जबकि जनवरी अंत में यह 1,43,011 करोड़ रुपये था। सेबी के आंकड़ों से पता चलता है कि यह राशि जून, 2017 के बाद से उच्चतम स्तर पर पहुंच गई है, जब पी-नोट्स से निवेश 1.65 लाख करोड़ रुपये था। पी-नोट्स में वृद्धि आमतौर पर एफपीआई प्रवाह के रुझान के अनुरूप होती है। बाजार विशेषज्ञों ने कहा कि फरवरी में निवेश बढ़ने का श्रेय मजबूत कॉरपोरेट आय और दिसंबर तिमाही के दौरान दर्ज सकारात्मक आर्थिक वृद्धि के रुझान को दिया जा सकता है। फरवरी तक इस मार्ग से डाले गए कुल 1.5 लाख करोड़ रुपये में से 1.27 लाख करोड़ रुपये शेयरों में, 21,303 करोड़ रुपये ऋण प्रतिभूतियों में और 541 करोड़ रुपये हाइब्रिड प्रतिभूतियों में निवेश किए गए।

# राष्ट्रीय

# ओडिशा में बीजद अस्त और कांग्रेस पस्त : मोदी

## ओडिशा की चुनावी जनसभा में बोले प्रधानमंत्री, भाजपा को लेकर लोग हैं आश्वस्त

**बेरहामपुर/नबरंगपुर, एजेंसी**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को यहां दावा किया कि ओडिशा में सत्तारूढ़ बीजू जनता दल (बीजद) 'अस्त' हो रहा है जबकि विपक्षी कांग्रेस 'पस्त' है, लिहाजा लोग भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को लेकर आश्वस्त हैं।

प्रधानमंत्री मोदी ने खुद को भगवान जगन्नाथ का पुत्र बताते हुए कहा कि बीजू जनता दल (बीजद) सरकार की 'एक्सपायरी डेट' चार जून है। राज्य में पहली चुनावी रैली को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने लोगों से ओडिशा को देश का नंबर एक राज्य बनाने के लिए भाजपा को एक मौका देने का आग्रह किया। ओडिशा के आदिवासी बहुल



क्षेत्र नबरंगपुर में एक अन्य रैली को संबोधित करते हुए मोदी ने दावा किया कि उनकी सरकार मूल निवासियों के कल्याण के लिए काम कर रही है। उन्होंने कहा, ''आपने मोदी के नेतृत्व के दस साल के ट्रैक रिकॉर्ड को देखा है। मोदी ने आदिवासी कल्याण के लिए बजट को पहले के आवंटन की तुलना में पांच गुना बढ़ा दिया।'' मोदी ने दावा किया कि केंद्र की सरकार ने आदिवासी इलाकों में एकलव्य मॉडल रेजिडेंशियल स्कूल स्थापित किए हैं और ऐसे स्कूलों की संख्या 400 के पार पहुंच गई है। कहा कि उनके मंत्रालय में सात प्रतिशत लोग एसटी, एससी और ओबीसी श्रेणी के हैं।

### लोकसभा चुनाव में भाजपा के नेतृत्व वाले राजग को 150 सीट भी नहीं मिलेंगी: राहुल



**अलीराजपुर (मप्र)।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने सोमवार को दावा किया कि लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) को 150 सीट भी नहीं मिलेंगी। राहुल ने यह भी कहा कि इस बार के चुनाव का उद्देश्य देश के संविधान को बचाना है क्योंकि भाजपा और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) संविधान बदलना चाहते हैं। मध्य प्रदेश में रतलाम-झाबुआ लोकसभा सीट के अंतर्गत आने वाले अलीराजपुर जिले के जोबट कस्बे में एक जनसभा को संबोधित करते हुए गांधी ने कहा कि कांग्रेस सरकार यह सुनिश्चित करेगी कि लोगों के हित में आरक्षण पर 50 प्रतिशत की सीमा हटा दी जाए। पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष ने फिर से जातिगत जनगणना की वकालत की और दावा किया कि इससे लोगों की स्थिति के बारे में सब कुछ पता चल जाएगा और देश में राजनीति की दिशा बदल जाएगी।

## राजस्थान : सड़क हादसों में सात की मौत 20 से अधिक घायल

**जयपुर।** राजस्थान के झुंझुनू और टोंक जिले में दो सड़क दुर्घटनाओं में सात लोगों की मौत हो गई और 20 से अधिक घायल हो गए। पुलिस के अनुसार झुंझुनू में सोमवार को मिनी बस और कार में हुई टक्कर में पांच लोगों की मौत हो गई और 20 से अधिक घायल हो गए। यह हादसा थली गांव के पास उस समय हुआ जब एक कार बाइक सवार को टक्कर मारने के बाद मिनी बस से टकरा गई। सिंघाना थाना प्रभारी कैलाश चंद यादव ने बताया कि मृतकों की पहचान करणवीर (27), रिंकू (25) और राहुल (19) के रूप में हुई है। ये तीनों हमीरवास से झुंझुनू के सिंघाना जा रहे थे। मृतकों में बाइक सवार सुरेश (40) और मिनी बस चालक हनुमान (45) भी हैं। घायल सिंघाना के अस्पताल में भर्ती हैं।

## राहुल गांधी पर विश्वविद्यालयों में नियुक्ति की प्रक्रिया पर झूठ बोलने का लगा आरोप

**नई दिल्ली, एजेंसी**

● देश के विभिन्न कुलपतियों और शिक्षाविदों ने की कार्रवाई की मांग

देश के विभिन्न विश्वविद्यालयों के कुलपतियों और पूर्व कुलपतियों समेत 181 शिक्षाविदों ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर विश्वविद्यालय के प्रमुख पद की नियुक्ति प्रक्रिया के संबंध में 'झूठ फैलाने' का आरोप लगाया और उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की।

शिक्षाविदों ने एक खुले पत्र में कहा कि कांग्रेस नेता ने आरोप लगाया है कि कुलपतियों की नियुक्ति योग्यता के बजाय केवल किसी संगठन से संबद्धता के आधार पर की जाती है। उन्होंने पत्र में राहुल के दावों को खारिज किया है। उन्होंने दावा किया कि कुलपतियों के चयन की प्रक्रिया सख्त और पारदर्शी है तथा इसमें योग्यता, विद्वत विशिष्टता और निष्ठा के मूल्य समाहित हैं। जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) की कुलपति शांतिश्री धुलीपुडी पंडित, दिल्ली विश्वविद्यालय के कुलपति योगेश सिंह और अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (एआईसीटीई) के अध्यक्ष टी जी सीताराम समेत विभिन्न क्षेत्रों के शिक्षाविदों ने पत्र पर हस्ताक्षर किए हैं। उन्होंने कहा कि कुलपति चयन की प्रक्रिया पूरी तरह अकादमिक और प्रशासनिक कौशल पर आधारित रही है और इसमें विश्वविद्यालयों को आगे ले जाने का दृष्टिकोण रहा है।

शिक्षाविदों ने अपने पत्र में राहुल गांधी के किसी विशेष दावे का हवाला नहीं दिया है। हालांकि, राहुल ने विगत दिनों आरोप लगाया था कि शैक्षणिक संस्थानों में नियुक्ति में हिंदूवादी संगठन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के साथ संबद्धता एक प्रमुख आधार रही है। पत्र पर हस्ताक्षर करने वालों में सीएसजेएम विश्वविद्यालय, कानपुर के कुलपति विनय पाठक, पेसिफिक विश्वविद्यालय, उदयपुर के कुलपति भगवती प्रकाश शर्मा, महात्मा गांधी ग्रामोद्योग विश्वविद्यालय, चित्रकूट के पूर्व कुलपति एन सी गौतम, गुरु घासीदास विश्वविद्यालय, बिलासपुर के कुलपति आलोक चक्करवाल और बीआर आंबेडकर राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय, सोनीपत के पूर्व कुलपति विनय कपूर भी शामिल हैं।

## एक नजर

### महिला के साथ दुष्कर्म मामले पर झारखंड पुलिस को नोटिस

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय महिला आयोग ने झारखंड के रामगढ़ में एक महिला के साथ दुष्कर्म और घटना का वीडियो सोशल मीडिया में डालने पर राज्य पुलिस को नोटिस जारी किया है और तीन दिन के भीतर कार्रवाई रिपोर्ट सौंपने को कहा है। आयोग ने सोमवार को यहां यह जानकारी देते हुए बताया कि झारखंड के रामगढ़ में 19 वर्षीय एक महिला के साथ चार लोगों के दुष्कर्म और घटना की वीडियो सोशल मीडिया पर डालने से संबंधित समाचार डरावना है।

### प्रतिवेदन मानने का जामिया को निर्देश

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने जामिया मिल्लिया इस्लामिया से कहा कि वह अपनी आवासीय कोचिंग अकादमी (आरसीए) में ओबीसी (गैर-क्रीमी लेयर) श्रेणी और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस) के छात्रों को प्रवेश देने के अनुरोध वाली एक जनहित याचिका को एक प्रतिवेदन मानते हुए निर्णय ले। याचिकाकर्ता ने कहा कि आरसीए सिविल सेवा अभ्यर्थियों के लिए एक मुफ्त कोचिंग कार्यक्रम है और यह केवल महिलाओं तथा अल्पसंख्यक या एससी, एसटी समुदायों के सदस्यों को प्रवेश देता है।

## अगर इंडिया गठबंधन सत्ता में आया तो देश में होगा जंगलराज

**समस्तीपुर, एजेंसी**

● गृह मंत्री अमित शाह ने बिहार में चुनावी रैली में किया दावा

गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को कहा कि अगर विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' के घटक कांग्रेस और राष्ट्रीय जनता दल सत्ता में आए तो देश में 'जंगलराज' होगा। शाह ने यह भी दावा किया कि झारखंड में नकदी बरामदगी से साबित होता है कि 'इंडिया' गुट के नेता भ्रष्ट हैं। बिहार के समस्तीपुर जिले में भाजपा नेता एवं केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय के पक्ष में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए शाह ने कहा, ''झारखंड में एक मंत्री के घर से 30 करोड़ रुपये से अधिक की नकदी बरामदगी साबित करती है कि 'इंडिया' गठबंधन के नेता भ्रष्ट हैं।

शाह ने कहा-अगर वे सत्ता में आए तो देश के साथ-साथ बिहार में भी पूरी तरह से जंगलराज' हो जाएगा। प्रवर्तन निदेशालय ने सोमवार को दावा किया कि झारखंड के मंत्री आलमगीर आलम के सचिव से कथित तौर पर जुड़े एक घरेलू सहायक के परिसरों की तलाशी के दौरान भारी मात्रा में बेहिसाबी नकदी बरामद की गई है। अमित शाह ने कहा-इंडिया गुट से प्रधानमंत्री कौन होगा? क्या शरद पवार बनेंगे प्रधानमंत्री? क्या ममता बनर्जी (प्रधानमंत्री) बनेंगी या एमके स्टालिन या उद्धव ठाकरे?



### देश में आतंकी हमलों के दौरान कांग्रेस व टीएमसी ने साधी चुप्पी

**दुर्गापुर (पश्चिम बंगाल)।** अमित शाह ने सोमवार को कांग्रेस और तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) पर संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) शासन के समय देश में आतंकी हमलों के दौरान चुप्पी साधे रखने का आरोप लगाया। शाह ने आरोप लगाया कि कांग्रेस और टीएमसी ने आतंकी हमलों के दौरान इसलिए चुप्पी साधे रखी क्योंकि उन्हें अपने वोट बैंक के नाराज होने का भय था। शाह ने दावा किया कि जहां भाजपा नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार के 10 साल के कार्यकाल की विशेषता देश में आतंकवाद पर सख्त रुख अपनाना है।

## पश्चिम बंगाल में बम विस्फोट, किशोर की मौत

**कोलकाता, एजेंसी**

● सांसद ने एनआईए जांच की मांग के साथ सड़क पर लगाया जाम

पश्चिम बंगाल के हुगली जिले में सोमवार को एक बम विस्फोट में एक किशोर की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए। इसके बाद स्थानीय भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सांसद लॉकेट चटर्जी ने घटना की एनआईए जांच की मांग करते हुए दो घंटे से अधिक समय तक एक सड़क को जाम कर दिया।

घटना हुगली जिले के पांडुआ में एक तालाब के पास घटी जहां कुछ लड़के खेल रहे थे तभी विस्फोट हो गया। पुलिस ने बताया कि विस्फोट में घायल हुए एक लड़के की पांडुआ के एक अस्पताल में मौत हो गई, वहीं दो अन्य घायल किशोरों को बेहतर उपचार के लिए चिनसुराह के एक अस्पताल में भेजा गया है। पुलिस ने बताया कि सुबह करीब साढ़े आठ बजे हुए विस्फोट की जांच शुरू हो गई है। भाजपा सांसद ने सैकड़ों पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ जीटी रोड को अवरुद्ध कर दिया और आरोप लगाया कि तृणमूल कांग्रेस के 'गुंडे' क्षेत्र में अपने राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी के कार्यक्रम से पहले दहशत का माहौल पैदा करने के लिए विस्फोट की घटना में शामिल थे। उन्होंने कहा-पांडुआ के लोगों के साथ मैं निर्दोष लड़कों के परिवारों के लिए न्याय की मांग करती हूं।

## आयकर मामले में सीरम इंस्टीट्यूट की याचिका पर सुनवाई 17 तक स्थगित

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को बंबई उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती देने वाली सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया (एसआईआई) की याचिका पर सुनवाई 17 मई तक के लिए स्थगित कर दी। उच्च न्यायालय ने आयकर कानून में 2016 के संशोधन के खिलाफ कंपनी की याचिका खारिज कर दी थी। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़, न्यायाधीश जे बी पारदीवाला और न्यायाधीश मनोज मिश्रा की पीठ ने कंपनी की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता अरविंद पी दातार के बहस के लिए समय मांगने के बाद मामले को स्थगित कर दिया। कंपनी ने बंबई उच्च न्यायालय के चार दिसंबर, 2023 के आदेश को चुनौती देते हुए शीर्ष अदालत में याचिका दायर की है।

## अवैध निर्माण को लेकर डीडीए के खिलाफ कार्रवाई की सिफारिश

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय द्वारा नियुक्त केंद्रीय अधिकार प्राप्त समिति ने शीर्ष अदालत के निर्देशों का उल्लंघन करते हुए और केंद्र की मंजूरी के बिना दक्षिण दिल्ली के रिज क्षेत्र में अवैध निर्माण और लगभग 750 पेड़ काटने पर दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) के खिलाफ कार्रवाई की सिफारिश की है। रिपोर्ट के अनुसार, केंद्रीय अधिकार प्राप्त समिति (सीईसी) ने कहा कि पिछले साल दिसंबर में, डीडीए ने मुख्य छतरपुर रोड से सार्क विश्वविद्यालय, केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल चिकित्सा विज्ञान संस्थान तक एक पहुंच मार्ग के निर्माण के लिए रिज जैसी विशेषताओं वाली एक भूमि आवंटित की थी।

## बीआरएस नेता कविता की जमानत याचिका खारिज

**नई दिल्ली एजेंसी**

धन शोधन का मामला

दिल्ली की एक अदालत ने सोमवार को भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) नेता के कविता को केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की ओर से उनके खिलाफ दिल्ली शराब नीति से संबंधित दर्ज किए गए धन शोधन के मामले में उनकी जमानत याचिका को मंजूरी देने से इनकार कर दिया।

राउज एवेन्यू कोर्ट के विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा ने धन शोधन मामले में सुश्री कविता की जमानत याचिका खारिज कर दी। कविता को 15 मार्च को ईडी और बाद में सीबीआई ने न्यायिक हिरासत में रहते हुए गिरफ्तार किया था।



अदालत की ओर से जेल में उससे पूछताछ की अनुमति दिए जाने के बाद सीबीआई की गिरफ्तारी हुई। सीबीआई ने इस मामले में अन्य लोगों के अलावा दक्षिण से सरथ चंद्र रेड्डी को भी गिरफ्तार किया था। रेड्डी ने कथित तौर पर कविता के आश्वासन पर शराब घोटाले में शामिल हुआ था कि उसके दिल्ली सरकार में संपर्क हैं और वह व्यवसाय में भी उसकी मदद करेगी। सीबीआई ने आगे आरोप लगाया कि नवंबर-दिसंबर 2021 में कविता ने रेड्डी को उन्हें आवंटित पांच रिटेल क्षेत्रों के लिए प्रति क्षेत्र पांच करोड़ की दर से 25 करोड़ रुपये का भुगतान करने के लिए कहा था।

### विजयन की बेटी के खिलाफ याचिका खारिज

**तिरुवनंतपुरम।** केरल में तिरुवनंतपुरम की एक अदालत ने एक निजी खनन कंपनी और मुख्यमंत्री पिनरायी विजयन की बेटी टी. वीना की अब बंद हो चुकी आईटी कंपनी के बीच कथित वित्तीय लेनदेन की अदालत की निगरानी में जांच कराने का अनुरोध करने वाली कांग्रेस विधायक मैथ्यू कुझालनदान की याचिका सोमवार को खारिज कर दी। कुझालनदान ने पहले यहां विशेष सतर्कता अदालत का रुख करते हुए कहा था कि सतर्कता विभाग ने कोचीन मिनरल्स एंड रुटाइल लिमिटेड (सीएमआरएल) और वीना की कंपनी एक्सालॉजिक के बीच वित्तीय लेनदेन की जांच करने से इनकार कर दिया। बाद में उन्होंने अपना रुख बदला और कथित वित्तीय लेनदेन की अदालत की निगरानी में जांच कराने का अनुरोध किया। अदालत ने कांग्रेस विधायक द्वारा सौंपे दस्तावेजों पर विस्तृत सुनवाई के बाद याचिका खारिज कर दी। इस बीच, कुझालनदान ने कहा कि उन्हें इस आदेश की उम्मीद नहीं थी और वह फैसले पर गौर करने के बाद आगे की कार्रवाई करेंगे। इससे पहले, मुवाट्टुपुझा की एक विशेष सतर्कता अदालत ने सीएमआरएल, वीना की कंपनी और संदिग्ध नेताओं के बीच कथित गैरकानूनी वित्तीय लेनदेन की जांच के लिए एक सामाजिक कार्यकर्ता की याचिका खारिज कर दी थी।

# पुंछ हमले के आतंकियों का पता देने वाले को मिलेंगे 20 लाख

जम्मू, एजेंसी

- सेना ने जारी किए स्केच, कई लोगों को हिरासत में लेकर की जा रही है पूछताछ



जम्मू-कश्मीर का जिला पुंछ में वायु सेना के वाहन पर घात लगाकर किए गए आतंकी हमले के बाद से ही गहन तलाशी अभियान चल रहा है। सोमवार को सेना ने दो आतंकवादियों के स्केच जारी किए हैं। इन आतंकियों का पता बताने वाले को 20 लाख रुपये दिए जाने की घोषणा भी की गई है। इसके साथ ही कुछ लोगों को हिरासत में लेकर उनसे पूछताछ की जा रही है।

गौरतलब है कि शनिवार शाम को पुंछ जिले की सुरनकोट तहसील के डन्ना शाहसितार क्षेत्र में वायुसेना के वाहनों पर आतंकी हमला किया गया। इस हमले में पांच वायु सैनिक घायल हो गए। घायलों में शामिल विक्की पहाड़े बलिदान हो गए। हमले के बाद से ही सुरनकोट व मेंढर के 20 किलोमीटर तक क्षेत्र में घेराबंदी की गई है।

ड्रोन की भी मदद ली जा रही है। सुरक्षा बलों ने बड़े पैमाने पर तलाशी अभियान चलाया है। इलाके में सेना, जम्मू-कश्मीर पुलिस और एसओजी के एक हजार से अधिक जवानों ने मोर्चा संभाल रखा है। आतंकियों ने वायुसेना के वाहनों पर घात लगाकर हमला किया है।

# अब अहमदाबाद के 10 स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी

**अहमदाबाद।** दिल्ली और देशभर के कई के स्कूलों और हाई आड्डों को बम से उड़ाने की धमकी कुछ दिन बाद अब अहमदाबाद के दस स्कूलों के धमकी भरे ई-मेल मिले हैं। इनमें इन स्कूलों को उड़ा देने की धमकी दी गई है।

लोकसभा चुनावों से पहले स्कूलों को आए इन ई-मेल के बाद पुलिस प्रशासन अलर्ट मोड में आ गया है। शुरुआती जानकारी में स्कूलों को रूसी सर्वर से मेल आने की बात कही जा रही है। गुजरात में लोकसभा चुनावों की वोटिंग से पहले आए धमकी भरे ई-मेल ने पुलिस प्रशासन को सकते में डाल दिया है। कई सारे स्कूल बंद हैं। ईमेल पर अहमदाबाद की आठ स्कूलों ईमेल पर धमकी मिल की है। जिन स्कूलों को धमकी मिली उनमें अहमदाबाद के बड़े स्कूल शामिल हैं।

# भारत की मजबूती से एशिया में अमेरिका का हित सुरक्षित

वाशिंगटन, एजेंसी

- भारतीय-अमेरिकी कम्युनिटी के नेता बोले-चीनी प्रभाव को रोकने के लिए शक्ति बनकर उभरा भारत



भारतीय-अमेरिकी कम्युनिटी के नेता योगी चुघ ने कहा कि एशिया में अमेरिका के हित मजबूत भारत की वजह से सुरक्षित हैं। इस क्षेत्र में बढ़ते चीनी प्रभाव को रोकने के लिए भारत एक महत्वपूर्ण शक्ति बनकर उभरा है।

कैलिफोर्निया के कारोबारी चुघ एक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि विश्व पटल पर भारत के उत्कर्ष को लेकर बड़ा उत्साह है। भारत न केवल अपनी अर्थव्यवस्था के माध्यम से, बल्कि विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की क्षमता की वजह से महत्वपूर्ण भूमिका में है।

चुघ ने कहा कि अमेरिका और भारत के बीच एक मजबूत रिश्ता होगा। कई लोगों ने इसे 21वीं सदी की सबसे महत्वपूर्ण साझेदारी कहा है। वहीं, यूएस-इंडिया स्ट्रेटेजिक एंड पार्टनरशिप फोरम के अध्यक्ष मुकेश अघी ने कहा कि अमेरिका भारत को एक महत्वपूर्ण सहयोगी के रूप में देखता है। अमेरिका का संयुक्त सैन्य अभ्यास भारत के साथ किसी अन्य देश की तुलना में अधिक है।

# कैंसर... अब बीमारी नहीं महामारी का लिया है रूप

*आज के समय में कैंसर कोई बीमारी नहीं रह गई है बल्कि ये महामारी का रूप ले चुकी है। आईए जानें कैंसर के बारे में...शरीर में मौजूद कोशिकाओं यानी सेल्स में दो ऐसे बदलाव आ जाते हैं, जो नहीं आने चाहिए तब शरीर में कैंसर बनता है. पहला है, किसी भी कोशिका का अनियंत्रित रूप से बढ़ना और दूसरा है, किसी एक ऑर्गन की सेल का बहुत अधिक ग्रोथ लेते हुए अपनी जगह से दूसरे ऑर्गन तक फैल जाना। इन दोनों कंडीशन में कैंसर हो जाता है।*

## कीमो और रेडियो के अलावा भी कैंसर का है कोई इलाज

कीमोथेरपी, रेडियोथेरपी, कुछ खास केसेज और स्टेज में सर्जरी के अलावा टारगेटेड थेरपी, अडवांस थेरपी ट्रीटमेंट्स जैसे, इम्युनोथेरपी आदि कई लेटेस्ट ट्रीटमेंट शामिल हैं। लेकिन ये कैंसर के नेचर और पेशेंट की कंडीशन को ध्यान में रखकर ही दिए जाते हैं।




## कितने तरह के होते हैं

- दो या दस नहीं बल्कि इंसान के शरीर में 250 तरह के कैंसर हो सकते हैं। लेकिन वर्ग के आधार पर इन 250 कैंसर को तीन हिस्सों में बांटा जा सकता है।
- स्किन की लाइनिंग से बनने वाले कैंसर कार्सिनोमा कहलाते हैं।
- मसल्स और बोन के कैंसर सारकोमा
- तीसरे हैं ब्लड के कैंसर, जिन्हें लिंफोमा, ल्यूकीमिया और माइलोमा कहा जाता है। इनके अलावा ब्रेन ट्यूमर और मेलेनोमा अलग कैटिगरी में आते हैं।

## क्या लक्षण एक जैसे होते हैं

नहीं, हर कैंसर के लक्षण अलग होते हैं। टीबी, निमोनिया, बदहजमी और पाइल्स जैसी कई बीमारियों के लक्षण भी कैंसर में देखने को मिलते हैं। हालांकि कुछ स्पेसिफिक लक्षण होते हैं, जिनके आधार पर इस बात का फी हद तक अनुमान लगाया जा सकता है कि ये कैंसर है जैसे, व्यक्ति का वजन लगातार कम होता जाना और साथ में रुक-रुककर लगातार बुखार आते रहना।

## एक नजर

### हमास के हमले के बाद इजराइल का पलटवार, 16 लोगों की मौत

**यरुशलम।** हमास और इजराइल बीते सात महीने से जंग लड़ रहे हैं। जहां सभी देश संघर्ष विराम की उम्मीद लगाए हुए थे। वहीं, अब एक बार फिर तनाव बढ़ गया है। हमास ने रविवार को इजराइल के मुख्य क्रॉसिंग पॉइंट पर कई मिसाइलें दागी थीं। इस हमले में तीन इराइली सैनिक मारे गए। आगबबूला हुए इजराइल ने भी पलटवार किया। उसने दक्षिणी शहर राफा में हवाई हमले किए, जिसमें 16 लोग मारे गए। अब इन सबके बीच, इजराइल ने नागरिकों को राफा शहर को तुरंत खाली करने का आदेश दिया है। दरअसल, देश के रक्षा मंत्री द्वारा हमले तेज करने की चेतावनी के बाद राफा के लोगों को नोटिस जारी किया गया है।

### मध्यप्रदेश में ट्रैक्टर-ट्राली पलटने से पांच बच्चों की मौत, दो घायल

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश के जबलपुर जिले के चरगवां थाना क्षेत्र में सोमवार को ट्रैक्टर-ट्राली पलटने से सवार पांच बच्चों की मौत हो गई, जबकि दो अन्य घायल हुए हैं। घायलों को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। जबलपुर जिला प्रशासन के अनुसार मृतकों में देवेंद्र बरकड़े, राजवीर, अनूप, लकी और धर्मेंद्र ठाकुर शामिल हैं। सभी बच्चे पास ही के गांव तिनेटा देवरी के निवासी हैं। प्रारंभिक जानकारी में बताया गया है कि सभी बच्चे एक ट्रेक्टर ट्राली में बैठकर जा रहे थे, तभी तेज गति के कारण वह अनियंत्रित होकर पलट गई जिससे मौत हो गई।

### बीएसएफ ने पंजाब में बरामद किए चीनी निर्मित चार ड्रोन

**जालंधर।** सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने रविवार को पंजाब के गुरदासपुर और अमृतसर जिले से चार ड्रोन बरामद किए हैं। बीएसएफ के प्रवक्ता ने सोमवार को बताया कि रविवार को गुरदासपुर जिले के एक सीमावर्ती गांव में रहने वाले बीएसएफ के पूर्व सैनिक ने खुफिया इकाई सूचना दी थी। सूचना के आधार पर बीएसएफ के जवान मौके पर पहुंचे और तलाशी अभियान चलाया। सीमावर्ती गांव रतनखुर्द, कक्कड़ और रोरनवाला से तीन ड्रोन बरामद किए। ड्रोनों की पहचान चीन निर्मित डीजेआई माविक 3 क्लासिक और डीजेआई मैट्रिस 300 आरटीके के रूप में की गयी है।

### भारतीय उच्चायुक्त- ऑस्ट्रेलिया की विदेश मंत्री के बीच संबंधों पर चर्चा

**कैनबरा।** ऑस्ट्रेलिया में भारतीय उच्चायुक्त गोपाल बागले ने सोमवार को ऑस्ट्रेलिया की विदेश मंत्री पेनी वांग से मुलाकात की और दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय सहयोग के मुद्दों पर चर्चा की। कैनबरा में भारतीय उच्चायोग ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट किया, भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच व्यापक रणनीतिक साझेदारी नई ऊंचाई को छूने के लिए तैयार है। वांग और बागले की बैठक की तस्वीर साझा करते हुए उच्चायोग ने कहा कि उच्चायुक्त और विदेश मंत्री ने भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच द्विपक्षीय सहयोग के व्यापक मुद्दों पर अहम चर्चा की।


# भारतीय मूल की सुनीता तीसरी बार करेंगी अंतरिक्ष की यात्रा

## पहला मानवयुक्त अंतरिक्ष यान आज होगा रवाना, साथ में रहेंगे बुच विल्मोर

वाशिंगटन, एजेंसी

भारतीय मूल की सुनीता विलियम्स एक बार फिर अंतरिक्ष जाने के लिए तैयार हैं। इस बार उनके साथ बुच विल्मोर भी रहेंगे। नासा के दो अनुभवी अंतरिक्ष यात्री बोइंग के स्टारलाइनर अंतरिक्ष यान में सवार होकर अंतरिक्ष जाने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। यह पहला मानवयुक्त अंतरिक्ष यान होगा, जो मंगलवार को उड़ान भरेगा। नासा के अनुसार, यूनाइटेड लॉन्च अलायंस एटलस वी रॉकेट और बोइंग स्टारलाइनर अंतरिक्ष यान 7 मई की सुबह आठ बजकर चार मिनट पर कैनेडी स्पेस सेंटर से लॉन्च किया जाएगा।

मिशन को संचालित करने जा रहीं सुनीता विलियम्स ने मीडिया से बात की। उन्होंने कहा कि वह थोड़ी सी घबराई हुई हैं। लेकिन नए अंतरिक्ष यान में उड़ान भरने को लेकर उत्साहित हैं। उन्होंने आगे कहा, जब मैं अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पहुंचूंगी, तो यह घर वापस जाने जैसा होगा। डॉ. दीपक पांड्या और बोनी पांड्या के घर जन्मीं सुनीता विलियम्स एक बार फिर इतिहास रचेंगी। वह ऐसी पहली महिला होंगी, जो मानवयुक्त अंतरिक्ष यान के पहले मिशन पर उड़ान भरेंगी। वह साल 2006 और 2012 में दो बार अंतरिक्ष जा चुकी हैं। विलियम्स ने दो मिशनों में अंतरिक्ष में कुल 322 दिन बिताए हैं, जो अपने आप में एक रिकॉर्ड है।




अंतरिक्ष में जाने से पहले मीडिया से बात करतीं भारतवंशी सुनीता विलियम्स साथ में हैं बुच विल्मोर।

### भगवान गणेश की मूर्ति साथ लेकर जाएंगी विलियम्स

तीसरी बार उड़ान भरने से पहले विलियम्स ने बताया कि वह भगवान गणेश की एक मूर्ति साथ लेकर जाएंगी। उनका मानना है कि गणेश उनके लिए भाग्यशाली हैं। वह अपने साथ भगवान गणेश की मूर्ति साथ ले जाने को लेकर खुश थीं। इससे पहले सुनीता अपने साथ अंतरिक्ष में भगवदगीता लेकर गईं थीं। उन्होंने यह भी बताया कि उन्हें समासे बहुत पसंद हैं।

### भारतवंशी विलियम्स दो बार जा चुकी हैं अंतरिक्ष

सुनीता विलियम्स के पिता गुजरात के मेहसाणा जिले के झुलासान में पैदा हुए एक न्यूरोएनाटोमिस्ट थे, लेकिन बाद में अमेरिका चले गए और बोनी पांड्या से शादी कर ली। फिलहाल, सुनीता अब बोइंग के स्टारलाइनर अंतरिक्ष यान पर क्रू फ्लाइट टेस्ट मिशन का पायलट बनने की तैयारी कर रही हैं। उनका जून 1998 में अमेरिका की अंतरिक्ष एजेंसी नासा में चयन हुआ था। नौ दिसंबर 2006 में वह पहली बार अंतरिक्ष गई थीं। उन्हें इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन में भेजे गए 14वें शटल डिस्कवरी के साथ रवाना किया गया था। इसके बाद 2012 में उनकी दूसरी अंतरिक्ष यात्रा शुरू हुई थी। तब उन्होंने कजाकिस्तान के बैकोनूर से रूसी रॉकेट सोयूज टीएमए-05एम से उड़ान भरी थी।



स्टारलाइनर अंतरिक्ष यान

# भारतीय छात्र की चाकू से गोदकर हत्या

मेलबर्न/चंडीगढ़

- अस्ट्रेलिया में किराए को लेकर भारतीय छात्रों के बीच हुआ विवाद एक की हालत गंभीर

ऑस्ट्रेलिया में एक भारतीय छात्र की चाकू से गोदकर हत्या की गई है। मृतक छात्र के चाचा ने बताया कि भारतीय छात्रों के बीच हुई लड़ाई के दौरान उनके भतीजे की हत्या की गई। शनिवार सुबह नौ बजे मेलबर्न में हुए इस विवाद में एक और छात्र की हालत गंभीर है। छात्र का नाम नवजीत संधू था, जो कि हरियाणा के करनाल का रहने वाला था। छात्र के चाचा यशवीर के अनुसार कुछ छात्रों के बीच किराए को लेकर विवाद चल रहा था। इस बीच जब नवजीत इस विवाद को सुलझाने गया, तो उस पर बुरी तरह चाकुओं से हमला किया गया। यशवीर ने बताया कि नवजीत अपने दोस्त के साथ उसके घर से कुछ सामान लेने गया था क्योंकि उसके पास कार थी। जब वह घर के बार अपने दोस्त का इंतजार कर रहा था, तो उसे घर के अंदर से शोर की आवाज सुनाई दी। नवजीत ने जब घर के अंदर घुसकर विवाद सुलझाने की कोशिश की, तो उसके सीने पर बुरी तरह से चाकू से हमला किया गया। इसके बाद नवजीत की मौत हो गई।

नवजीत के जिस साथी को अस्पताल में भर्ती कराया गया है, वह भी करनाल का ही रहने वाला था। यशवीर ने बताया कि रविवार की सुबह उनके परिजनों को इस बारे में जानकारी दी गई। नवजीत डेढ़ साल पहले स्टडी वीजा पर ऑस्ट्रेलिया गया था। परिवार ने भारत सरकार से नवजीत का शव भारत लाने में मदद करने का आग्रह किया है। पुलिस ने कहा कि भारतीय मूल के आरोपियों अभिजीत और रॉबिन गार्टन की तलाश की जा रही है।

### पर्यटकों को लुभाने के लिए मालदीव ने दिया जोर

**दुबई।** द्विपक्षीय संबंधों में तनाव आने के बाद मालदीव में भारतीय पर्यटकों की संख्या में आई गिरावट से मालदीव सकते में आ गया है। अब द्वीप राष्ट्र के पर्यटन मंत्री ने भारतीयों से देश में घूमने आने का निवेदन कर देश की अर्थव्यवस्था में सहयोग करने का आह्वान किया। इस दौरान पर्यटन मंत्री ने भारत और अपने देश के ऐतिहासिक संबंधों पर भी जोर दिया। प्रधानमंत्री मोदी द्वारा गत छह जनवरी को अपने एक्स हैंडल पर प्राचीन लक्षद्वीप के फोटो व वीडियो साझा करने पर मालदीव के तीन मंत्रियों ने उनके खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी की थी।

# हाईकोर्ट ने जेट एयरवेज के संस्थापक नरेश गोयल को दी अंतरिम जमानत

**मुंबई।** बंबई हाईकोर्ट ने सोमवार को जेट एयरवेज के संस्थापक नरेश गोयल को चिकित्सकीय आधार पर दो महीने की अंतरिम जमानत दे दी है। गोयल को प्रवर्तन निदेशालय ने धन शोधन से जुड़े मामले में गिरफ्तार किया था।

जस्टिस एनजे जामदार की पीठ ने दो महीने की अंतरिम जमानत की याचिका स्वीकार करते हुए कहा कि गोयल को जमानत के तौर पर एक लाख रुपये का जुर्माना भरना पड़ेगा। इसके साथ ही मुंबई से बाहर जाने के लिए उन्हें ट्रायल कोर्ट की अनुमति लेनी होगी।

75 वर्षीय गोयल ने मेडिकल और मानवता के आधार पर अंतरिम जमानत की मांग की थी। उन्होंने अदालत को बताया था कि वे और उनकी पत्नी अनिता गोयल दोनों ही कैंसर से जूझ रहे हैं। इससे पहले फरवरी में एक विशेष अदालत ने गोयल की जमानत याचिका खारिज कर दी थी।

## बम्पर खेती...



**श्रीनगर:** जम्मू-कश्मीर में इस साल किसानों ने 1.40 लाख हेक्टेयर में सरसों व तिलहन की बम्पर खेती की है। फसल भी अच्छी हुई है। सरसों पर्यटकों को भी लुभा रहा है। 1200 करोड़ रुपये की सरसों होने की उम्मीद है। 2020-21 में 30 हजार हेक्टेयर में हुई थी। ● एजेंसी

# इमरान की पार्टी के अध्यक्ष जेल से घर में होंगे नजरबंद


**इस्लामाबाद।** इस्लामाबाद हाईकोर्ट ने पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री और इमरान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के अध्यक्ष परवेज इलाही को 15 दिनों के अंदर जेल से हटाकर घर में नजरबंद करने का आदेश दिया है।

अदालत ने यह आदेश परवेज इलाही की पत्नी कैसरा इलाही की याचिका पर सुनवाई के बाद दी है। अदालत ने निर्देश दिया है कि उनकी अधिक उम्र और स्वास्थ्य संबंधी चिंताओं को ध्यान में रखते हुए उन्हें घर में नजरबंद रखा जाए। कोर्ट ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया है कि नजरबंदी के दौरान उन्हें चिकित्सीय सुविधा उपलब्ध कराई जाए। पिछले वर्ष जून के बाद से उन्हें कई बार उनकी गिरफ्तारी हो चुकी है।

# प. देशों के खिलाफ परमाणु अभ्यास करेगा रूस

मॉस्को, एजेंसी

- यूक्रेन से युद्ध के बीच राष्ट्रपति पुतिन के सख्त तेवर, सेना को दिया अभ्यास करने का आदेश



रूस और यूक्रेन के बीच 26 महीने से अधिक समय से युद्ध जारी है। फिलहाल यह जंग थमती नजर नहीं आ रही है। इस बीच, रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने एक बार फिर अपने खतरनाक इरादों का संकेत दिया है। उन्होंने रूसी सेना को परमाणु हथियारों के साथ अभ्यास करने को कहा है। यह आदेश यूक्रेन की सीमा पर तैनात थल सेना और नौसेना को दिया गया है। इस कदम से पश्चिमी देश पुतिन के खिलाफ है।

रूसी रक्षा मंत्रालय ने सोमवार को कहा कि अभ्यास के दौरान परमाणु हथियारों को भी शामिल किया जाएगा। यह देखा जाएगा कि कैसे इन हथियारों के साथ तैयारी की जा सकती है और इनका क्या इस्तेमाल हो सकता है। बता दें, जब से यूक्रेन से साथ युद्ध शुरू हुआ है, तब से पुतिन परमाणु हथियारों को लेकर कई बार बयानबाजी दे चुके हैं। फरवरी में भी उन्होंने परमाणु हथियार इस्तेमाल करने की चेतावनी दी थी। अब पुतिन ने यह फैसला ऐसे समय में लिया है, जब रूस की सेना का कहना है कि यूक्रेन के अलावा पश्चिमी देशों से भी उसे खतरा है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, इस अभ्यास में परमाणु हथियारों की तैनाती और उनके इस्तेमाल को शामिल किया जाएगा। सेनाएं अभ्यास करेंगी कि कैसे इन हथियारों का जंग में इस्तेमाल करना है और कैसे मोर्चे पर इन्हें तैनात किया जा सकता है।

### आज से शुरू होगा पुतिन का पांचवां कार्यकाल

**मास्को।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन हाल ही में संपन्न संघीय चुनाव रिकॉर्ड मतों से जीतने के बाद अपने पांचवें कार्यकाल की शुरुआत मंगलवार को करने जा रहे हैं। रूसी सरकार के सूत्रों के अनुसार 87 प्रतिशत वोट के साथ निर्वाचित होने वाले पुतिन सात मई को पांचवीं बार राष्ट्रपति पद ग्रहण करेंगे और इस के साथ ही उनका 2030 तक नया छह साल का राष्ट्रपति कार्यकाल शुरू होगा।

# डिजिटल मीडिया के नियमों पर अर्जियों की सुनवाई एक साथ

नई दिल्ली, एजेंसी

- नियम-2021 को चुनौती देने वालीं सभी याचिकाओं पर 14 अगस्त को सुनवाई करेगा दिल्ली हाईकोर्ट

दिल्ली हाईकोर्ट सूचना प्रौद्योगिकी (मध्यवर्ती दिशानिर्देश और डिजिटल मीडिया आचार संहिता) नियमावली, 2021 को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर 14 अगस्त को सुनवाई करेगा। ये नियम ऑनलाइन मीडिया पोर्टल और प्रकाशकों, ओवर-द-टॉप (ओटीटी) मंचों और सोशल मीडिया मध्यस्थों के कामकाज को विनियमित करने से संबंधित हैं।

इसके तहत, सोशल मीडिया और प्रसारण कंपनियों के लिए विवादास्पद सामग्री को तेजी से हटाना, शिकायत निवारण अधिकारियों की नियुक्ति करना और जांच में सहायता करना शामिल है। सभी याचिकाएं देश भर के विभिन्न उच्च न्यायालयों में लंबित थीं, जिन्हें सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली हाईकोर्ट में स्थानांतरित किया है। दिल्ली हाईकोर्ट के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन और न्यायमूर्ति मनमीत पीएस अरोड़ा की पीठ ने कहा, सभी याचिकाएं 14 अगस्त के लिए सूचीबद्ध की जाएंगी।

सुप्रीम कोर्ट ने सूचना प्रौद्योगिकी (मध्यवर्ती दिशानिर्देश और डिजिटल मीडिया आचार संहिता) नियम, 2021 को चुनौती देने वाली देशभर के विभिन्न उच्च न्यायालयों के समक्ष लंबित याचिकाओं को 22 मार्च को दिल्ली उच्च न्यायालय में स्थानांतरित कर दिया था। पीठ ने कहा था, विरोधाभासी निर्णयों से बचने के लिए, केंद्र सरकार सभी मामलों की सुनवाई एक ही जगह कराना चाहेगी। क्योंकि इनमें से बड़ी संख्या में मामले दिल्ली हाईकोर्ट के समक्ष विचाराधीन हैं।


विज्ञान | जेम्स वेब स्पेस टेलीस्कोप के जरिए इस ग्रह के जलवायु की गहराई का चला पता

# सुदूर अंतरिक्ष में आश्चर्यजनक ग्रह की खोज

नैनीताल कार्यालय

**अमृत विचार :** सुदूर अंतरिक्ष मे बृहस्पति जैसा खोजा गया आश्चर्यजनक एक ग्रह न केवल बेहद गर्म है, बल्कि 800 किमी प्रतिघंटे की रफ्तार से यहां तूफान उफान पर रहता है। रात के समय घने बादलों से ढक जाता है। इस ग्रह (एक्सोप्लैनेट) का नाम डब्लूएएसपी-43 बी है।

जेम्स वेब स्पेस टेलीस्कोप के जरिए इस ग्रह के जलवायु की गहराई का पता चल पाया है। वेब में लगे उपकरण इसके वातावरण का विश्लेषण कर पाने में सक्षम है। रात को बादलों से ढके रहने वाले इस ग्रह का आसमान दिन के समय साफ रहता है। हमसे 283 प्रकाश-वर्ष दूर यह अत्यधिक गर्म होने के साथ यहा भूमध्यरेखीय हवाएं 8,000 किलोमीटर प्रति घंटे से भी अधिक सुपरसोनिक गति से चलती हैं। जर्नल नेचर एस्ट्रोनॉमी ने 30 अप्रैल, 2024 को यह शोध प्रकाशित हुआ है। यह पहला ग्रह है, जिसकी जलवायु बेहद आश्चर्यजनक है। वेब टेलीस्कोप ने इस गर्म एक्सोप्लैनेट के मौसम का नक्शा बनाया है। इसके अत्यधिक गर्म होने की वजह अपने तारे के बेहद करीबी होना है, जो मात्र 2 मिलियन किमी की दूरी पर अपने तारे की परिक्रमा करता है। यह बुध और सूर्य के बीच की दूरी के 1/25 से भी कम है। यह ग्रह ज्वारीय रूप से अपने तारे से बंधा हुआ है। इसका एक हिस्सा हमेशा तारे के सामने होता है, जैसे चंद्रमा का एक ही पक्ष हमेशा पृथ्वी के सामने होता है। इसलिए ग्रह का एक पक्ष लगातार दिन के उजाले में है, जबकि दूसरा पक्ष निरंतर अंधकार में है। पूर्व में हबल स्पेस टेलीस्कोप और स्पिट्जर स्पेस टेलीस्कोप से इस ग्रह के संकेत मिले थे। कैलिफ़ोर्निया के बे एरिया पर्यावरण अनुसंधान संस्थान के वैज्ञानिको ने यह खोज की है।



ग्रह डब्लूएएसपी-43 की तस्वीर।

### 1260 डिग्री सेल्सियस है दिन का तापमान

डब्लूएएसपी-43 बी का दिन का तापमान 1260 डिग्री सेल्सियस रहता है, जबकि रात के समय 600 डिग्री सेल्सियस रह जाता है। अत्यधिक गर्म होने के कारण यह ग्रह रहने योग्य नहीं है। इस खोज से ग्रहों की दुनिया की प्रकृति की अजूबी जानकारी मिलती है। जिस कारण इस खोज को महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

# भारतीय तटरक्षकों ने केरल के निकट जब्त की ईरानी नौका

नई दिल्ली, एजेंसी

- भारतीय चालक दल के छह सदस्यों को हिरासत में लिया ईरान के लिए करते थे काम



भारतीय तटरक्षक बल ने एक बार फिर अरब सागर में कार्रवाई की है। तटरक्षक बल ने अरब सागर में ईरानी मछली पकड़ने वाले जहाज को जब्त किया है। रक्षा मंत्रालय ने सोमवार को बताया है कि, जहाज में सवार छह भारतीय चालक दल के सदस्यों को अनुबंध के आधार पर ईरान ले जाया जा रहा था लेकिन नाव के मालिक द्वारा शोषण और दुर्व्यवहार की रिपोर्ट मिलते ही उन्हें हिरासत में ले लिया गया।

भारतीय तट रक्षक समुद्री सुरक्षा के प्रति अटूट प्रतिबद्धता का प्रदर्शन करते हुए कार्रवाई की। जहाज को कोच्चि लाया गया है। यहां आरोपों सहित अन्य पहलुओं की जांच की जाएगी। भारतीय तटरक्षक दल ने एक्स पर पोस्ट करते हिए कहा कि केरल तट के पश्चिम में अरब सागर में ईरानी मछली पकड़ने वाले जहाज को रोका और हिरासत में लिया। जहाज में छह भारतीय सवार थे, जो ईरान में अनुबंध के आधार पर कार्यरत थे। चालक दल ने नाव के मालिक पर शोषण का आरोप लगाया था। आईसीजी की कार्रवाई नाविकों की भलाई की रक्षा और समुद्री कानूनों के कार्यान्वयन को लेकर समर्पित है। हालांकि, अभी तक अधिकारियों ने शोषण के प्रकृति का खुलासा नहीं किया है।